CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

१०१

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्री अभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतमाम्

श्रीकैलासविद्यालोकस्य द्वाचत्वारिंशः (४२) सोपानः

छान्दोग्योपनिषत्

आनन्दगिरिकृतटीकासंवलितशाङ्करभाष्यसमेता

'गोविन्दप्रसादिनी' टिप्पणी एवं 'कैलासविद्याप्रकाशक' क्रोडपत्र परिष्कर्ता विद्यावाचस्पति

महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज

❀

'विद्यानन्दीमिताक्षरा' व्याख्याकार वेदान्त-सर्वदर्शनाचार्य यतीन्द्रकुलतिलक श्रीकैलासपीठाधीश्वर

आचार्य महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज

❀

'कुमुदतोषिणी' टीकाकार एवं सम्पादक

डॉ० उमेशानन्द शास्त्री

एम. ए., एल-एल. बी., पी. एच. डी., व्याकरणाचार्य

❀

श्री कैलास आश्रम शताब्दी समारोह महासमिति, ऋषिकेश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकाशक
श्री कैलास आश्रम शताब्दी समारोह महासमिति
कैलास गेट, ऋषिकेश (उ० प्र०)

दूरभाष
५९८

भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए रियायती दर के कागज पर मुद्रित

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण
२०००

वि० सम्वत् २०४० सन् १९८३

मूल्य
६०) रुपये

ग्रन्थ प्राप्ति स्थान—

श्री कैलास आश्रम, मुनिकीरेती, ऋषिकेश–२४९२०१
श्री दशनाम संन्यास आश्रम, भूपतवाला, हरिद्वार–२४९४०१
श्री कैलास आश्रम, उजेली, उत्तरकाशी–२४९१९३
श्री राम आश्रम, समानामण्डी, पटियाला–१४७१०१
श्री ५३/१७ राधाकृष्ण मन्दिर, पुराना राजेन्द्रनगर, नई दिल्ली–११००६०
श्री दक्षिणामूर्ति सं० म० विद्यालय, मिश्रपोखरा, वाराणसी–२२१०१०
श्री चौखम्भा विद्याभवन चौक, वाराणसी–२२१००१
श्री चौखम्भा विश्वभारती चौक, वाराणसी–२२१००१
श्री मोतीलाल बनारसीदास चौक, वाराणसी–२२१००१

मुद्रक:—श्री कैलास विद्या प्रेस, ब्रह्मानन्द आश्रम, मुनि-की-रेती ऋषिकेश (उ० प्र०)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ

सम्पादकीय

श्रीकैलास आश्रम ऋषिकेश अपने आध्यात्मिक प्रकाशन की शृंखला में छान्दोग्योपनिषत् को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। तेजी से बदलते हुए सामाजिक मूल्यों में पूर्वमीमांसा प्रोक्त बहुत से कर्म अब मात्र ग्रन्थों की शोभा बढ़ा रहे हैं। ब्राह्मणग्रन्थ, गृह्यसूत्र एवं स्मृतिप्रोक्त भी नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य कर्मों को निर्भय होकर एक ओर रख देने की कोशिश निरन्तर बढ़ती जा रही है। इसमें कारण जो भी रहे हों किन्तु भौतिक विकास के साथ आध्यत्मिक मूल्यों की अक्षुण्णता रखना जरूरी है। इसके लिए अभी भी जनसामान्य एवं मनीषियों की दृष्टि हमारे आध्यात्मिक साहित्य उपनिषदादि पर टिकी हुई है। जीवन की पवित्रता को अवस्थित रखते हुए ब्रह्मज्ञान की पिपासा को जाग्रत् करने एवं शान्त करने का उत्तरदायित्व उपनिषदादिने सदा-सदा लिया है और भविष्य में भी ये स्तम्भदीप काकार्य करते रहेंगे।

उपक्रम-उपसंहारादि षड्विध तात्पर्य निर्णायक लिङ्गों से निश्चय होता है कि उपनिषदादि का चरम प्रतिपाद्य विषय कैवलाद्वैत ब्रह्म है। वेदों के कर्मकाण्ड परक मन्त्रों में ही सायण और यास्काचार्य आध्यात्मिक अर्थ करने का श्रीगणेश यत्र-तत्र करते हैं जिसे श्री कपाली शास्त्री ने भी पूर्ण करने का बीड़ा उठाया था, विधिवशात् वे इस कार्य को पूर्ण करने से पूर्व ही दिवंगत हो गए, फिर भी उन्होंने जितना कार्य किया, उससे वेदों के परम तात्पर्य समझने में एक नवीन दिशा मिलती है। वेद नित्य एवं अपौरुषेय हैं क्योंकि आद्य शंकराचार्य के शब्दों में "वेदा ह्यमृता नित्यत्वात्" वे नित्य हैं। उनकी अपौरुषेयता इसलिए है कि वे किसी से प्रयत्नपूर्वक नहीं हुए हैं भले ही कार्यरूप हैं। अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करतेहुए आनन्दगिरि वेदों को सर्वथा स्वीकार्य मानते हैं—"न हि वैदिकमुदाहरणं प्रमत्तगीतमिव हातुं शक्यम्"।

छान्दोग्य उपनिषत् का प्रयोजन

सामवेदीय इस छान्दोग्य उपनिषत् का मुख्य प्रयोजन अद्वैतात्मतत्त्व प्रतिपादन करना है क्योंकि मनुष्य का आत्यन्तिक कल्याण इसी में है कि कर्मकाण्ड के द्वैतरूप प्रपञ्च से युक्त होकर आवागमन से मुक्ति पाने के लिए अद्वैत आत्मज्ञान का सम्पादन करे। जिन्हें ब्रह्मात्मैक्यज्ञान नहीं है, जो द्वैत-परक बुद्धि से प्रयुक्त कर्मों के अनुष्ठान मात्र में लगे रहते हैं, उन्हें नाशवान् फलों की प्राप्ति होती है।

"अथ येऽन्यथाऽतो विदुरन्यराजानस्ते क्षय्यलोका भवन्ति विपर्यये च स स्वराड्भवति"

अविद्या के प्रभाव में रहने वालों के लिए ही कर्मों का विधान कहते बनता है, अद्वैत ज्ञानसेयुक्त के लिए नहीं। लौकिक और वैदिक कर्मों का अनुष्ठान ब्रह्मचारी, गृहस्थ एवं वानप्रस्थ जीवन में करना चाहिए ऐसा शास्त्र का विधान है; अमृतत्व प्राप्ति के लिए सगुण ब्रह्मविद्या का अनुष्ठान पूर्वक निर्गुण ब्रह्मविद्या का अनुशीलन करना चाहिए।

"सर्वं एते पुण्यलोका भवन्ति । ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति"

भगवान् भाष्यकार की छान्दोग्योपनिषत् प्रतिपादित विविध उपासनाओं के प्रति पूर्ण सद्भावना है। उनके अनुसार उपासना और अद्वैत ज्ञान में मन की वृत्तियों को प्रधान भूमिका निभानी पड़ती है। अन्तःकरण की शुद्धि करने वाली, ज्ञान की उपकारक, वस्तु के पारमार्थिक स्वरूप का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बोध कराने वाली इन उपासनाओं का श्रद्धापूर्वक अनुष्ठान करना चाहिए। "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" के व्यवहित संबन्ध बोधक उद्घोष से श्रुति अव्यवहित संबन्ध की ओर अपनी दृष्टि लगाए रहती है। "एकस्मिन्भुक्ते विदुषि सर्वं जगत्तृप्तं भवति" तभी युक्ति संगत हो सकता है जब सब जीवों में रहने वाले आत्मा की परमात्मा से एकता हो। इसका छठे, सातवें एवं आठवें अध्याय में विशेष रूप से वर्णन है।

कर्म, उपासना और ज्ञान

कर्म, उपासना और ज्ञान की भारतीय दर्शनों में विशेष चर्चा है। उपनिषदों में आनुसंगिक रूप से वैदिक कर्मों के अनुष्ठान की यत्र-तत्र चर्चा है, उपासना का अनुपम वर्णन छान्दोग्य एवं बृहदारण्यक उपनिषत् में है किन्तु इन सब का परम प्रयोजन ब्रह्मविद्या के उत्कर्ष प्रदर्शन में ही है। कर्म के प्रति पूर्ण अनुरक्त जीव उपासना के प्रति आकृष्ट नहीं हो सकता, उपासना के प्रति पूर्ण समर्पित को ब्रह्मात्मैक्य चिन्तन के लिए अवकाश नहीं। हाँ ज्ञान के प्रति पूर्णतः निष्ठावान् साधक तो कर्म और उपासना के आकर्षणों से ऊपर उठकर सर्वकर्मसंन्यासपूर्वक तत्वज्ञान द्वारा जीवन्मुक्ति का अनुभव करता है। गीतोक्त निष्काम कर्म और उपासना में अधिकारी भेद से प्रथम का विशिष्ट स्थान हो सकता है; उपासना और वाचिक ब्रह्मज्ञान में भी दूसरे को उतनी प्रतिष्ठा देना सम्भव नहीं है। जो भी हो, कर्मों का अपना स्वभाव है इनके अनुष्ठान से मृत्यु का भय बना रहता है। छान्दोग्य उपनिषद् में वर्णन है—"देवताओं ने विचार किया कि वैदिक कर्मों का अनुष्ठान करने से मृत्यु से रक्षा हो जाएगी किन्तु ऐसा न हो सका, निराश होकर उन्हें ओंकार की उपासना का आश्रय लेना पड़ा"।

औपनिषद उपासना

छान्दोग्य उपनिषत्प्रोक्त वैदिक उपासना और पौराणिक उपासनाओं में पर्याप्त भेद हो गया है। उपनिषत्प्रोक्त उपासनाएँ अनुष्ठान करने वाले की मनोभूमि के विकास हेतु कर्मों की उपेक्षा करती हैं, अध्यात्म व अधिदैवत भावना को परिपक्व करने की दिशा में इन का महत्त्वपूर्ण स्थान है जबकि पौराणिक उपासनाएँ देवप्रीत्यर्थ कर्मों के प्रति उपराम होने का यत्न नहीं करतीं। भगवान् भाष्यकार ने उपासना को ब्रह्मज्ञान का उपकारक माना है। औपनिषद उपासनाओं के प्रकरण में उनका प्रयोजन समझने के लिए भाष्य अतीव उपादेय है। यथा शौव उद्गीथ के वर्णन में—

"अतीते खण्डेऽन्नाप्राप्तिनिमित्ता कष्टावस्थोक्तोच्छिष्टोच्छिष्टपर्युषितभक्षणलक्षणा सा मा भूदित्यन्नलाभाय शौव उद्गीथ प्रस्तूयते" (छा. उ. १. १२.१)

वामदेव्य उपासना का वर्णन छान्दोग्य उपनिषद् में है। वायु एवं जल के सम्बन्ध से वामदेव्य की उत्पत्ति प्रथम अध्याय के त्रयोदश खण्ड में निरूपित की गई है। आद्यशंकराचार्य के शब्दों में—

"वायुर्हाइकारः। वामदेव्ये सामनि हाइकारः प्रसिद्धः। वाय्वप्सम्बन्धश्च वामदेव्यस्य साम्नो योनिरिति"। (छा. उ. १. १३.१.)

दूसरे अध्याय के त्रयोदश खण्ड में भी 'वामदेव्य साम' का वर्णन आया है। यहाँ पुनः भाष्यकार लिखते हैं—

"वाय्वम्बुमिथुनसंबन्धाद्वामदेव्यं मिथुने प्रोक्तम्" (छा. उ. २. १३. १.)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पञ्चविध साम की भावना नारी में करने का विधान अमोघवीर्य होने के लिए किया गया है, इसमें "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:" यह मनुवचन भी उसका समर्थक है। वैषयिक दृष्टि से आचरण करने पर अमोघवीर्यत्व सम्भव नहीं। अतः उपासक नारी में पञ्चविध साम की भावना करते हुए संयतचित्त होकर उसे आश्रय दे। वामदेव्य उपासना का अधिकारी केवल गृहस्थी है।

पञ्चविध एवं सप्तविध साम में मीमांसा के यज्ञ परक शब्दों को आध्यात्मिक भावना को ओत-प्रोत करने हेतु प्रयुक्त किया गया है। हिंकार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार एवं निधन पञ्चविध साम तथा हिंकार, प्रस्ताव, आदि, उद्गीथ, प्रतिहार, उपद्रव, निधन, ये सप्तविध साम हैं जिनकी उपास्य में भावना करने का विधान है। यज्ञ के अवयवों की सदृशता पुरुष में करने की बात तृतीय अध्याय के सोलहवें खण्ड में कही है। गायत्र, त्रिष्टुब्, जगती छन्दों में क्रमशः चौबीस, चौवालीस एवं अड़तालीस अक्षर हैं जो प्रातःसवन, मध्याह्नसवन एवं तृतीयसवन हैं इनका संचालन वसु, रुद्र और प्राण करते हैं। इस अहंग्रहोपासना को महिदास ऐतरेय ने भी किया था जिसे अपनी उपासना पर कितना दृढ़ विश्वास था। भाष्यकार के शब्दों में—

"हे रोग! कस्मान्मम एतदुपतपसि अहं यज्ञोऽनेन त्वत्कृतेनोपतापेन न मरिष्याम्यतो वृथा तव परिश्रम', स एवंनिश्चयः सन्षोडशं वर्षशतमजीवत्" (छा. उ. ३. १७. ७.)

चित्तवृत्ति को एकाग्र कर दीर्घायु देने वाली पुरुष यज्ञ की उपासना आयु विभाग अथवा योगेश्वरेश्वर श्री कृष्ण की लीलाओं का विभाग करने के लिए नहीं हैं क्योंकि उपनिषदों में उपासनाओं के निरूपण का प्रयोजन ब्रह्मविद्या की आत्यन्तिक प्रतिष्ठा कराने में है। चतुर्थाध्याय के चतुर्थ खण्ड में भी आख्यायिकाओं का प्रयोजन बतलाते हुए भगवान् भाष्यकार लिखते हैं—

"श्रद्धातपसोर्ब्रह्मोपासनाङ्गत्वप्रदर्शनायाऽऽख्यायिका" (छा. उ. ४. ४. १.)

उपनिषत्प्रोक्त उपासनाओं का सही स्वरूप प्रस्तुत करने में भगवान् भाष्यकार आयुर्वेदशास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान, मीमांसाशास्त्र तथा उपनिषन्मन्त्रों के साथ-साथ अनुभव एवं तर्क का भी पर्याप्त प्रयोग करते हैं। संवर्गविद्या में प्राण को संवर्ग कहा था पुनः पञ्चम अध्याय के प्रथम खण्ड में प्राणों की ज्येष्ठता एवं श्रेष्ठता बतलाते हुए इसे आयु में भी बड़ा होने का मार्मिक तर्क प्रस्तुत करते हैं—

"गर्भस्थे हि पुरुषे प्राणस्य वृत्तिर्वागादिभ्यः पूर्वं लब्धात्मिका भवति यया गर्भो विवर्धते। चक्षुरादिस्थानावयवनिष्पत्तौ सत्यां पश्चाद्वागादीनां वृत्तिलाभ इति प्राणो ज्येष्ठो वयसा भवति"। (छा. उ. ५. ८. २.)

पञ्चाग्निविद्या के प्रकरण में भी द्युलोक, पर्जन्य, पृथिवी, पुरुष और स्त्री रूपा अग्नि विद्या का निरूपण करते हुए क्रमशः सोम, वृष्टि, अन्न, वीर्य एवं शरीर की इसमें उत्पत्ति होती है। इसका विश्लेषण करते हुए आद्यशंकराचार्य लिखते हैं—"दृश्यते च द्रवबाहुल्यं सोमवृष्ट्यन्नरेतोदेहेषु। बहुद्रवं च शरीरं यद्यपि पार्थिवम्"। उपासना चाहे साम के अवयव विषयक हो अथवा पाञ्चभक्तिक, साप्तभक्तिक समस्त साम की उपासना हो, भाष्यकार उन्हें स्थल-स्थल पर ब्रह्म की उपासना के रूप में प्रस्तुत करते हैं, कहीं सगुणब्रह्मविद्या तक भी कह देते हैं यथा—

"वायुप्राणयोर्ब्रह्मणः पाददृष्टयध्यासः पुरस्ताद्वर्णितः। अथेदानीं तयोः साक्षाद्ब्रह्मत्वेनोपास्यत्वायोत्तरमारभ्यते"। (छा. उ. ४. १. १.)

"सगुणब्रह्मविद्याया उत्तरा गतिरुक्ता। अथेदानीं पञ्चमेऽध्याये पञ्चाग्निविदो गृहस्थस्योर्ध्वरेतसां च श्रद्धालूनां विद्यान्तरशीलिनां तामेव गतिमनूद्याद्या दक्षिणदिक्संबन्धिनी केवलकर्मिणां धूमादिलक्षणा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुनरावृत्तिरूपा तृतीया च ततः कष्टतरा संसारगतिर्वैराग्यहेतोर्वक्तव्येत्यारम्यते"। (छा. उ. ५. १. १.)

संवर्गविद्या प्रकरण में चतुर्थअध्याय में राजा जानश्रुति और महर्षि रैक्व की आख्यायिका है। राजा जानश्रुति ने महर्षि रैक्व के मन्त्रद्रष्टा के रूप में प्रसिद्धि की चर्चा हंसों के मुख से सुनी थी। राजा को उनमें सहज श्रद्धा उमड़पड़ी, वे कुछ भौतिक साधनों को भेंट के लिए संग में लेकर महर्षि रैक्व के दर्शनों को पहुँचे। महर्षि रैक्व को प्रत्यक्ष और परोक्ष का ज्ञान था। "हंसों द्वारा रैक्व के बारे में सुनकर पवित्र इच्छा से वह उन्हें द्रवित करने की इच्छा से आया है" इससे उन्होंने राजा को शूद्र सम्बोधित किया। किन्तु राजा मन्त्रद्रष्टा ऋषि का भाव नहीं समझ सका। एकदम क्षुब्ध होकर राजा पुनः अपनी नगरी में जाकर राजकन्या सहित अधिक भेंट सामग्री लाकर ऋषि के चरणों में विद्या प्राप्त करने के उद्देश्य से गिर पड़ा। इस प्रकरण में आचार्य शंकर रैक्व को बार-बार 'ऋषि' पद से सम्बोधित करते हैं। वे अन्य आचार्यों की व्यर्थ कल्पना की उपेक्षा कर विद्याप्रदाता सयुग्वा रैक्व को साक्षात् तीर्थ मानते हैं। कहा भी है—"ब्रह्मचारी धनदायी मेधावी श्रोत्रियः प्रियः। विद्यया वा विद्यां प्राह तानि तीर्थानि षण्मम"। जबकि अन्य आचार्य राजा की तरह इसी उलझन में उलझे रहते हैं इसे धन की इच्छा के साथ साथ गृहस्थ आश्रम प्रवृत होने की इच्छा है तभी तो ज्यादा धन एवं राजकन्या लाने पर रैक्व प्रसन्न हो गए। वस्तुत. यह उनकी अद्वितीय निष्ठा ही थी जो उनकी स्मृति में रैक्वपर्ण नामक ग्राम महानगरी में परिवर्तित हो गया।

व्यावहारिक और पारमार्थिक सत्ता

"ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या" वेदान्त के इस डिण्डिमघोष में जगत् मिथ्यात्व परमार्थतः स्वीकार किया है। व्यावहारिक दृष्टि से इसकी सत्यता है, श्रुति-स्मृति से अनुप्राणित आचार-विचार की सत्यता है। अद्वैत वेदान्त के पाठक वाचिक अर्थ में पड़कर अविधा के प्रकरण में "लौकिक और वैदिक सब व्यवहार अविद्यावस्था में होता है" अपने को इससे ऊपर उठा हुआ मान लेते हैं जबकि उनका मानसिक धरातल उस ब्राह्मी स्थिति तक पहुँचा हुआ नहीं होता। ब्रह्मवेत्ता अपने जीवन का चरम लक्ष्य "ब्रह्मात्मैक्य विज्ञान" लाभ करें इसके लिए भगवान्भाष्यकार ने बार-बार सचेत किया है। इन्द्रियों को विषयों से विमुख करने से धर्म होता है एवं उन विषयों में लगाने से अधर्म होता है।

"इन्द्रियाणां विषयवैमुख्ये धर्मः स्यात्तेषां तदाभिमुख्ये पापस्योत्पत्तिः" (छा. उ. भा. १. २. १.) लौकिक आचार-विचार अन्तःकरण को शुद्ध करने में साधक ही हैं, बाधक नहीं भले ही वे 'तत्त्वमसि' महावाक्यों की अनुभूति कराने में साक्षात योगदान नहीं कर पाते। तभी तो शंकराचार्य जी इन्हें अवहेलना की दृष्टि से नहीं देखते। उषस्ति चाक्रायण ने जूठे उड़द लाकर अपनी पत्नी को दिए। पत्नी ने बिना नाक-भौं सिकोड़े उन्हें रख लिया। इस लौकिक आदर्श पर भाष्य में आचार्य लिखते हैं— "स्त्रीस्वाभाव्यादनवज्ञाय तान्कुल्माषान्पत्युर्हस्तात्प्रतिगृह्य निक्षिप्तवती"। आनन्दगिरि भी समर्थन करते हुए कहते हैं—ऐसा होना ही चाहिए क्योंकि अपने पति की आज्ञा पालन करना स्त्री का धर्म है। एक अन्य प्रकरण में पति की अनुपस्थिति में पत्नी को अतिथि की सेवा के लिए उत्कण्ठित दिखाया गया है। उपकोसल को अनशन करने का निश्चय करते देख आचार्यपत्नी ने सहानुभूति प्रदर्शित करते हुए कहा—हे ब्रह्मचारिन्! किस कारण भोजन नहीं कर रहे हो, तुम भोजन अवश्य करो, मानसिक दुःख तो लगा रहता है। शंकराचार्य के अनुसार स्त्री को घर काम काज में निपुण होना ही चाहिए इसी में उसकी शोभा है।

गुरु और शिष्य के मधुर सम्बन्धों को अत्यधिक स्थायी करने के लिए आचार्यशंकर बार-बार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संकेत करते हैं। गुरु में दोष दर्शन तो सर्वथा वर्जित ही है। गुरुदेव जो कुछ साधन बतालाएँ, उसी में शिष्य का कल्याण होता है। अनन्त शास्त्र हैं, असंख्य विद्याएँ है; अनुष्ठान तो गुरूपदिष्ट साधन का करना होगा। तभी तो श्वेतकेतु अपने पिता से पूछे जाने पर गुरुकुलवास एवं गुरुजी में किसी प्रकार की अपूर्णता को नहीं बतलाते। आनन्दगिरि प्रत्यवाय की संभावना प्रस्तुत करते हैं— "श्वेतकेतुर्गुरूणाम-ज्ञानमाचक्षाणो गुरुद्रोही प्रत्यवायी स्यात्" (छा. उ. ६. १. ७.)। गुरु की सन्निधि में रहना, गृहस्थधर्म के प्रति अलगाव रखना; अमृतत्व की प्राप्ति हेतु इन उच्च आदर्शों की भाष्यकार और आनन्दगिरि ने जगह-जगह प्रतिष्ठा की है—

"ये प्रजामीषिरेऽधीरास्ते श्मशानानि भेजिरे।
ये प्रजां नेषिरे धीरास्तेऽमृतत्वं हि भेजिरे" ॥ (भा. ५. १०. १.)
"अष्टाशीतिसहस्राणि यतीनामूर्ध्वरेतसाम्।
स्मृतं स्थानं तु यत्तेषां तदेव गुरुवासिनाम्" ॥ (आ. गि. ५. १०. १.)

यद्यपि ब्रह्मज्ञानी को स्त्री आदि विषयों से अपने आप ही उपरामता हो जाती है फिर उनके प्रति तृष्णा को सहसा नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि जन्म-जन्मान्तरों का अभ्यास जो पड़ा है। उन्हीं के शब्दों में "यद्यपि ब्रह्मविदां स्त्र्यादिविषयेभ्यः स्वयमेवोपरमो भवति तथाऽप्यनेकजन्मविषयसेवाभ्यास-जनिता विषयविषया तृष्णा न सहसा निवर्तयितुं शक्यत इति ब्रह्मचर्यादिसाधनविशेषो विधातव्यः" (छा. उ. ८. १. १.)

आचारशास्त्र के प्रति आदरप्रदर्शित करते हुए एक अन्य प्रकरण में आचार्य शङ्कर अत्यन्त दृढ़ता से यहाँ तक कह देते हैं कि स्त्री आदि विषयों में जिनकी तृष्णा बनी हुई है ऐसे तथाकथित वाणी मात्र से शास्त्रज्ञ को ब्रह्मलोक की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती; इसलिए ब्रह्मचर्य रूप श्रेष्ठ साधन का अनुष्ठान शास्त्रज्ञों को भी करते रहना चाहिए। आद्यशङ्कराचार्य के ही शब्दों में

"यथोक्तं ब्रह्मलोकं स्त्रीविषयतृष्णात्यागेन शास्त्राचार्योपदेशं स्वात्मसंवेद्यतामापादयन्ति ये तेषामेव ब्रह्मचर्यसाधनवतां ब्रह्मविदामेष ब्रह्मलोकः; नान्येषां स्त्रीविषयसंपर्कजाततृष्णानां ब्रह्मविदाम-पीत्यर्थः". (छा. उ. ८.४.३)

स्थिति को अधिक स्पष्ट करते हुए आनन्दगिरिटीकाकार लिखते हैं—"ब्रह्मविदामपीति वाङ्मात्रब्रह्मवित्त्वमुच्यते"। निष्कर्ष में भगवान् भाष्यकार कहते हैं—"तस्मात्परममेतत्साधनं ब्रह्मचर्यं ब्रह्मविदाम्···ब्रह्मचर्यं परमं ज्ञानस्य सहकारिकारणं साधनमित्यतो ब्रह्मविदा यत्नतो रक्षणीयम्"। उनका प्रबल विश्वास है कि चित्त की वृत्तियाँ यदि बाहरी विषयों में फंसी रहीं तो प्रत्यगात्म अपरोक्ष विज्ञान क्या खाक करोगे? "बाह्यविषयतृष्णापहृतचित्तानां प्रत्यगात्मविवेकविज्ञानानुपपत्तेः" (छा. उ. भा. ८.५.४)

व्यर्थ बोलना भी आध्यात्मिक यात्रा में विघ्न उपस्थित करता है अतः वाणी का संयम अनिवार्य है। वैसे तो आत्मज्ञानी को "जडवत्" आचरण करने के लिए श्रुति कहती है। यदि ऐसा न हो सके तो आत्मज्ञान से विमुख करने वाले म्लेच्छ, अपवित्र और अधार्मिक लोगों के साथ भाषण न करे। इस स्मृति का उद्धरण करते हुए भाष्यकार कहते हैं—"न म्लेच्छाशुच्यधार्मिकैः सह संभाषेत" (छा. उ. भा. ८.१२.१)। यद्यपि म्लेच्छ शब्द के बारे में भ्रामक अर्थ किये जाते हैं, तथापि बोधायन-स्मृति ठीक अर्थ करती है—"गोमांसखादको यस्तु विरुद्धं बहुभाषते। सर्वाचारविहीनश्च म्लेच्छ इत्यभिधीयते" ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आत्मदर्शन

"आत्मा वाऽरे द्रष्टव्य: श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य:" बृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य द्वारा मैत्रेयी के प्रति प्रोक्त इस श्रुति वाक्य में आत्मदर्शन श्रवण, मनन और निदिध्यासन को जीवन का प्रधान साधन माना है। आत्म तत्त्व के साक्षात्कार हो जाने पर अन्य किसी वस्तु की अपेक्षा नहीं रह जाती। चित्तवृत्तियों का समाहित हो जाना आत्मदर्शन की प्रथम सीढी है। संभवत: इसी कारण से भाष्यकार उपासना के प्रकरण में बुद्धि का समाधान हो जाना अवश्य समझते हैं। यथा—"अधिदैवतोद्गीथोपासने वक्ष्यमाणे एतद् आत्मविषयमुद्गीथोपासनमित्युक्तोपसंहार: बुद्धिसमाधानार्थ:" (छा. उ. भा. १.२.१४)। आनन्दगिरिटीकाकार भी भाष्यकार की अनुभूतियों का आदर करते हुए छा. उ. १.५.२. की टीका में लिखते हैं—"वक्ष्यमाणेऽध्यात्मे बुद्धिसमाधानार्थमुक्तं देवताविषयं दर्शनम्"। षष्ठ अध्याय द्वादश खण्ड दूसरे मन्त्र में पुन: आद्यशंकराचार्य मन का समाहित होना 'तत्त्वमसि' महावाक्य ज्ञान के लिए अनिवार्य मानते हैं। यथा—

"यद्यपि न्यायागमाभ्यां निर्धारितोऽर्थस्तथैवेत्यवगम्यते तथाऽप्यत्यन्तसूक्ष्मेष्वर्थेषु बाह्यविषयासक्तमानस: स्वभावप्रवृत्तस्यासत्यां गुरुतरायां श्रद्धायां दुरवगमत्वं स्यात्। श्रद्धायां तु सत्यां मनस: समाधानं बुभुत्सितेऽर्थे भवेत्ततश्च तदर्थावगति:"।

मन के समाहित न होने के कारण ही प्रजापति द्वारा अपने पुत्रों को किये हुए उपदेश का अर्थ विरोचन ने ठीक नहीं समझा। बड़ी प्रसन्नता से घर लौटकर अपनी प्रजा को पिता का उपदेश प्रसारित करने लगा—"देहमात्रमेवाऽऽत्मा पित्रोक्त" इति (पिताजी ने देह के आत्मा होने का उपदेश दिया है)। इसलिए इस शरीर की सेवा पूजा करनी चाहिए। शरीर को आत्मा मानने से दो दोष तो तत्काल आ जाते हैं—सत्कार्यों में श्रद्धा का न होना एवं दान न करना। भगवान् शङ्कराचार्य इस भूल को पुन: स्मरण कराते हुए कहते हैं—"तथा विरोचनो, महाप्राज्ञ: प्राजापत्योऽपि देहमात्रात्मदर्शनो बभूव"।

शरीरत्रय में आत्म बुद्धि की निवृत्ति करना ही तो उपनिषद्वाक्यों का प्रयोजन है। अविद्या एवं उसके कार्यों में सत्यत्वाग्रह पूर्वक जीवात्मभाव करना किसी भी अवस्था में श्रेयस्कर नहीं है, इसकी निवृत्ति तत्त्वमसीत्यादि महावाक्यों के अर्थानुसन्धान करने से हो सकती है (छा. उ. भा. ६. १६.३)। यह आत्म तत्त्व दिशा-देश कालादि के भेद से परे है, सत् एक और अद्वितीय एवं सर्वात्मक है। किन्तु द्वैतवादी तो दिशा-देश एवं कालादि भेद से युक्त उस आत्मा की भावना करते हैं, उन मन्दबुद्धि लोगों की सहसा परमार्थ अद्वैत विषयिणी बुद्धि हो जाना अत्यन्त कठिन है। इसलिए वह आत्मा हृदय कमल देश में रहता है, ऐसा श्रुति कहती है। किन्तु अन्तत: तो ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान के सम्पादन करने पर ही पुरुषार्थ सिद्ध होगा (छा. उ. भा. ८.१.१)।

भगवान् शङ्कराचार्य का भाष्य प्रसन्न एवं गम्भीर है। विरोधियों की शङ्का का निराकरण करते हुए उनके मौलिक चिन्तन, शास्त्र पर अधिकार एवं अद्वैत सिद्धान्त के प्रति चरम निष्ठा की मनोहारी छवि उनके शब्दों के माध्यम से सहज ही हृदय को आकर्षित करती है। उन्हीं की अमृतवाणी में—

"सत्यं, रमणीया तावदियं व्याख्या श्रोतम। नत्वर्थोऽस्य ग्रन्थस्यैवं संभवति"(छां. उ.८.१२.१) वे अपने समकालीन एवं पूर्ववर्ती दर्शनों की चर्चा करते हुए उनका सिद्धान्त प्रस्तुत करते हैं फिर भी उनके प्रति द्वेष की भावना जरा भी दृष्टिगोचर नहीं होती।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

"आत्मविनाशभयत्रासागर एव वैनाशिका अमज्जन्। तथा सांख्या द्रष्टारं देहादिव्यतिरिक्तमवगम्यापि त्यक्तागमप्रमाणत्वात्मृत्युविषय एवान्यत्वदर्शने तस्थुः। तथाऽन्ये काणादादिदर्शनाः कषायरक्तमिवक्षारादिभिर्वस्त्रं नवभिरात्मगुणैर्युक्तमात्मद्रव्यं विशोधयितुं प्रवृत्ताः। तथाऽन्ये कर्मिणो बाह्यविषयापहृतचेतसो वेदप्रमाणा अपि परमार्थसत्यमात्मैकत्वं विनाशमिवेन्द्रवन्मन्यमाना घटीयन्त्रवदारोहावरोहप्रकारैरनिशं बम्भ्रमति। किमन्ये क्षुद्रजन्तवो विवेकहीनाः स्वभावत एव बहिर्विषयापहृतचेतसः" (छा. उ. ८. १२. १.)

द्वैतवादी दार्शनिकों को उदार, महाप्राज्ञ एवं विचारक कहना उनकी उदात्त भावनाओं का परिचायक है। परन्तु वे इतना संकेत अवश्य कर देते हैं कि आत्मज्ञान परमहंस, परिव्राजक वेदान्त विज्ञान के प्रति पूर्ण समर्पित, बाह्य एषणाओं को त्याग करने वाले को ही प्राप्त हो सकता है। (छा. उ. भा० ८. १२. १.)

प्रस्तुत संस्करण के सम्बन्ध में

श्री कैलास आश्रम ऋषिकेश का ब्रह्मविद्या के प्रचार-प्रसार करने में विशिष्ट स्थान है। इस संस्था के संस्थापक स्वामी धनराज गिरि जी महाराज ने अद्वैत ब्रह्म विद्या के पठन-पाठन के लिए यहाँ ब्रह्मविद्यापीठ की स्थापना की जिसमें विगत एक सौ तीन वर्षों के इतिहास में शाङ्करी विद्या के असंख्य विचारकों को तैयार किया है। वर्तमान कैलासपीठाधीश्वर अनन्त श्री स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज के सत्संकल्प से श्री कैलास आश्रम के पीठाचार्यों द्वारा सजाई संवारी हुई इस वेदान्त विद्या का लाभ सर्वसाधारण भी ले सकें। इस प्रकाशन में जहाँ कैलास आश्रम के आचार्यों की चिन्तन प्रणाली को पुस्तकाकार में सुरक्षित रखने का प्रयास है, वहाँ वेदान्त रसिकों के लिए इसकी उपयोगिता को अधिकाधिक बढ़ाने का ध्यान रखा गया है। छान्दोग्य उपनिषद् के मन्त्रों का हिन्दी अनुवाद वर्तमान कैलासपीठाधीश्वर जी का ही है जिसे पूर्व प्रकाशित उनकी पुस्तक "द्वादशोपनिषद्" से ले लिया गया है। मूल मन्त्रों, शांकर भाष्य एवं आनन्दगिरि टीका पर विद्यावाचस्पति स्वामी विष्णुदेवानन्द जी महाराज की टिप्पणी भी पूर्व प्रकाशनों की तरह इस प्रकाशन में दी गई है। आद्यशंकराचार्य के भाष्य का हिन्दी अनुवाद महाराज श्री की इच्छा से मुझे ही करना पड़ा। शांकर भाष्य की इस 'कुमुदतोषिणी टीका' करने में श्री सद्गुरुधाम चाँदनी, पूर्णकुम्भ उज्जैन, उपनिषत्कुटीर दिल्ली एवं ब्रह्मानन्द आश्रम ऋषिकेश में ब्रह्मविद्या की ऐकान्तिक साधना हुई। अनुवाद करने में भाष्य के तात्पर्य को स्पष्ट करने के लिए आनन्दगिरि टीका का आश्रय लिया गया है।

प्रभु कृपा से छान्दोग्योपनिषद् का कैलास संस्करण पाठकों के हाथ में है। अद्वैत विद्या को अभिनव दीप्ति प्रदान करने में इस संस्करण का विशेष योगदान होगा। इसमें मन्त्र, भाष्य एवं आनन्दगिरि टीका को मोटे टाइप में रखा गया है। भाष्य से सम्बन्धित आनन्दगिरि टीका एवं 'कुमुदतोषिणी' टीका को उसी पृष्ठ में रखने का प्रयास किया गया है। पूज्य महाराज श्री ने अपनी भूमिका से इसे सनाथीकृत किया है, जिसमें उन्होंने पूरे ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय का सारगर्भित संक्षिप्त विवेचन किया गया है। जिससे ग्रन्थ को हृदयंगम करने की जिज्ञासा उत्तरोत्तर बढ़ती जाएगी।

भगवती भागीरथी की कृपा से इतने दिनों तक अद्वैत मन्दाकिनी में स्नान करने का अलभ्य लाभ मिलता रहा। अन्त में "त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये"।

श्रीकृष्णार्पणमस्तु

श्रीकृष्णजन्माष्टमी
वि० सं० २०४०
ऋषिकेश

भगवदीय
उमेशानन्द

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रस्तावना

दिशन्तु शम्मे गुरुपादपांसवः

अनादि अपौरुषेय वेद का प्रामाण्य आस्तिक समाज में सर्वमान्य है। इसकी प्राचीनता को आधुनिक विद्वानों ने भी स्वीकार किया है। ईसा से कई हजार वर्ष पूर्व की रचना का अन्दाज पाश्चात्य विद्वानों ने लगाया है; साथ ही यह भी कहा है कि विश्व के पुस्तकालय में सर्वप्रथम वेद ही आया है। यद्यपि इनके सभी विचारों से हम सहमत नहीं हैं। फिर भी इन्होंने सर्वाधिक प्राचीनता वेद की मानी है एतदर्थ ये धन्यवाद के पात्र हैं। सायणाचार्य ने वेद के विषय में कहा है कि—

"प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते।
एतं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता॥"

'वेदों की वेदता इसी बात में है कि जो उपाय प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण से नहीं जाना जा सकता उसे लोग वेद से जान लेते हैं।

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ये चार पुरुषार्थ माने गये हैं, जिनके स्वरूप, साधन तथा अधिकारी आदि की सम्यक् प्रकार से चिन्ता वेदों में की गयी है। इन चारों में मोक्ष परम पुरुषार्थ है क्योंकि वह नित्य और निरतिशय है। मोक्ष का साधन ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान है और ब्रह्मात्मैक्यज्ञान वेद के शिरोभाग उपनिषदों के विचार से होता है। वेद में कर्म, उपासना तथा ज्ञान ये तीन काण्ड हैं। कर्म और उपासना से शुद्ध एवं शान्त अन्तःकरण वाले पुरुष के मन में लोक परलोक के समस्त भोगों से वैराग्य उत्पन्न हो जाता है तभी वह नित्य शाश्वत परमात्म स्वरूप मोक्ष की अभिलाषा करता है। इसीलिए कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड उपनिषत् का हेतुहेतुमद्भाव सम्बन्ध माना गया है।

"वेदानां सामवेदोऽस्मि" इस भगवद्गीता वाक्यानुसार सामवेद परमेश्वर की दिव्य विभूतियों में माना गया है। "सहस्रवर्त्मा सामवेदः" इस उक्ति के अनुसार किसी समय सामवेद की सहस्र शाखायें थीं जिनमें कौथुम, जैमिनि, तलवकार तथा राणायण ये चार शाखायें आज भी उपलब्ध हैं। सायणाचार्य जी षड्विंश ब्राह्मण के भाष्य में लिखते हैं कि सामवेद के १–प्रौढ़ब्राह्मण (पंचविंश), २–षड्विंश ब्राह्मण, ३–सामविधान, ४–आर्षेय ब्राह्मण, ५–देवताध्याय ब्राह्मण, ६–उपनिषद् ब्राह्मण, ७–संहितोपनिषद् और ८–वंश ब्राह्मण माने जाते हैं अर्थात् सामवेद के सभी आठ ब्राह्मण हैं। यहाँ पर उपनिषद् ब्राह्मण का दूसरा नाम छान्दोग्य ब्राह्मण है। किन्तु कुमारिलभट्ट आदि ने जहाँ भी प्रमाण दिया है, उससे यह निश्चित होता है कि सामवेद के सभी ब्राह्मण छान्दोग्य नाम से प्रसिद्ध थे। अस्तु सामवेद की उपलब्ध उपर्युक्त चार शाखाओं में से तीसरी तलवकार शाखा का ब्राह्मण छान्दोग्य नामक है। जिसके सभी दश अध्याय हैं। उनमें से प्रारम्भ के दो अध्यायों को छोड़कर शेष आठ अध्यायों को छान्दोग्योपनिषद् कहते हैं। अतः तलवकार शाखीय छान्दोग्य ब्राह्मण के अन्तर्गत छान्दोग्योपनिषद् मानी जाती है। जिस पर आद्य शंकराचार्य भगवत्पादने प्रसन्न एवं गम्भीर भाष्य लिखा है। यद्यपि ब्रह्मसूत्र में छान्दोग्योपनिषद् की श्रुतियों का आलम्बन कर सर्वाधिक अधिकरणों की रचना भगवान् वेदव्यास ने की है जिनका अतिगम्भीर चिन्तन शांकरभाष्य में किया गया है; किन्तु छान्दोग्योपनिषत् के क्रमबद्ध विषयों का चिन्तन ब्रह्मसूत्र में नहीं हो सका। इसलिए छान्दोग्योपनिषत् पर पाठक्रमानुसार भाष्य लिखना आवश्यक समझकर भगवान् शंकराचार्य जी ने भाष्य की रचना की है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यद्यपि द्राविड भाष्य में पाठक्रमानुसार छान्दोग्योपनिषत् का चिन्तन इससे पूर्व हो चुका था फिर भी संक्षेप में पाठक्रमानुसार भाष्य लिखना आवश्यक माना जाता है। इन दोनों बातों का वर्णन छान्दोग्योपनिषत् के सम्बन्ध भाष्य में आचार्य शंकर ने "ऋजुविवरणमल्पग्रन्थमिदमारभ्यते" इस वाक्य से किया है। छान्दोग्योपनिषत् के प्रारम्भिक पाँच अध्यायों में उपासना का विधान है और कहीं-कहीं कर्मों का भी विधान देखा जाता है–यथा लोकद्वार सामका पाठ और ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के उच्चारण में भूल होने पर "भूः स्वाहा" इत्यादि मन्त्रों से प्रायश्चित्य होम का विधान है शेष अन्तिम तीन अध्यायों में केवल दहरविद्या को छोड़कर सर्वत्र निर्गुण ब्रह्मका प्रतिपादन किया गया है।

आदर-सत्कारपूर्वक निरन्तर दीर्घकाल तक चिन्तन को उपासना कहते हैं। कर्माङ्ग अवबद्धोपासना, प्रतीकोपासना तथा अहंग्रहोपासना भेद से तीन प्रकारकी उपासनाएँ कही गयी हैं। भाष्यकारीय वचन के अनुसार कर्म समृद्धि के लिए कर्माङ्ग अवबद्ध उपासना, कैवल्य-संनिकृष्ट फलक उपासना और अभ्युदय साधनरूप उपासना, ऐसी तीन उपासनाएँ मानी गयी हैं। इनमें प्रथम उद्‌गीथावयव प्रणव में परमात्मदृष्टि का विधान किया गया है। उद्‌गीथ एक कर्म है और उद्‌गीथ नामक उपासना भी है। यह उपासना कर्मफल समृद्धि के लिए है। यजमान को प्राप्त होने वाले कर्मफल में ऋत्विजों द्वारा की गयी उद्‌गीथ उपासना कुछ अतिशय उत्पन्न करती है। अतएव यजमान से भी यह उपासना करायी जाती है। उपासना के अभाव में भो उद्‌गीथ कर्म का अनुष्ठान अंग विगुण नहीं है, अपितु सफल है। इसे "यदेव विद्या करोति" इस श्रुति में कहा गया है। उपकोसलविद्या शाण्डिल्यविद्या इत्यादि अहंग्रह उपासानाएँ हैं। इनमें उपास्य ब्रह्म को अहंभाव से ग्रहणकर चिन्तन किया जाता है। "आदित्यं ब्रह्मेत्युपासीत", "लोकेषु पञ्चविधं सामोपासीत", तथा पञ्चाग्निविद्या ये सब प्रतीक उपासनाएँ हैं। इनमें पञ्चाग्निविद्या का फल देवयान से ब्रह्मलोक की प्राप्ति बतलाया गया है। शेष प्रतीकोपासनाओं का फल अभ्युदय है, मोक्ष नहीं। इस प्रकार कर्म में अतिशय आधान करने वाली कर्माङ्गावबद्ध उद्‌गीथादि उपासना, अभ्युदय फलक प्रतीकोपासना तथा कैवल्य सन्निकृष्ट फलप्रद अहंग्रहोपासना का विस्तृत वर्णन इस छान्दोग्योपनिषद् में किया गया है। जिसका संक्षिप्त विचार इस प्रस्तावना में भी किया जाता है और इसका विस्तार मूलग्रन्थ के अध्ययन काल में ही स्वयं पाठक देख सकेंगे।

प्रथमाध्याय

प्रथमखण्डः—प्रथमाध्याय में तेरह खण्ड हैं, जिनमें प्रथमखण्ड के अन्तर्गत उद्‌गीथावयव प्रणव को सर्वलोक वेदसारत्व, सर्वकामावाप्ति गुणवत्त्व तथा समृद्धिगुण ऐसे तीन गुणों से विशिष्ट कहा गया हैं। इस प्रणव में परमात्मदृष्टि से उपासक को उपास्य के अनुरूप फल की प्राप्ति होती है। यों तो सभी वेदों में प्रणव आया है, किन्तु "व्याप्तेश्च समञ्जसम् (ब्र० ३।३।९)" इस सूत्र में भगवान् वेदव्यास ने सामभक्ति उद्‌गीथ के अवयव प्रणव को ही परमात्मदृष्टि से उपासना करने के लिए कहा है।

द्वितीयखण्डः—इसमें देवासुर संग्राम कथा व्याज से चक्षुरादि इन्द्रियों की अपेक्षा प्राण में श्रेष्ठत्व बतलाया गया है। ऐसे श्रेष्ठ प्राणरूपसे उद्‌गीथावयव प्रणवकी उपासनाका विधान किया गया है। अशास्त्रीय स्वाभाविक वृत्ति से प्राण का पराभव कभी भी नहीं होता। इसीलिए यही उपास्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है। प्राण शरीर के अङ्गों में रसरूप से रहता है। अतः वह अङ्गिरा ऋषि है, वाणीका पति और आस्य से निकलने के कारण अयास्यरूप है। ऐसे प्राण के तीनों गुण उपासना के लिए कहे गए हैं।

तृतीयखण्डः—उद्गीथ अवयव प्रणव की उपासना आदित्यदृष्टि से इस तीसरे खण्ड में बतलायी गयी है। जैसे आदित्य, तम और तज्जनित भय को दूरकर डालता है, वैसे ही आदित्यदृष्टि से प्रणव की उपासना करने पर अज्ञान एवं तज्जन्य भय का नाश हो जाता है। अधिदैव तथा अध्यात्मदृष्टि से इस उद्गीथ की उपासना कहे जाने पर भी भेद नहीं माना गया।

चतुर्थखण्डः—अमृत अभय गुणविशिष्ट ब्रह्म है। इस ब्रह्मदृष्टि से कर्मनिरपेक्ष प्रणव की उपासना करने पर उपासक को आपेक्षिक अमृतत्व की प्राप्ति होती है।

पञ्चमखण्डः—ऋग्वेदादि में आये हुए प्रणव में आदित्यदृष्टि की निन्दा की गयी है; साथ ही भेद विशिष्ट आदित्यरश्मिदृष्टि का विधान किया गया है। वैसे ही भेद गुण वाले प्राणदृष्टि से उद्गीथ अवयव प्रणव की अध्यात्मोपासना भी कही गयी है। उद्गीथ और प्रणव में अभेद दर्शन से होतृ-प्रयुक्त शस्त्र से अपने कर्म में उत्पन्न अनिष्ट का परिहार उद्गाता कर लेता है।

षष्ठखण्डः—इसमें उद्गीथ संबन्धी आधिदैविक उपासनाएँ कही गयी है। उपास्य को "कप्यासं पुण्डरीकम्" उपमा देकर विशिष्ट कहा गया है। आदित्यान्तर्गत पुरुष के लिए यह हीन उपमा उचित नहीं ऐसा वैष्णवाचार्यों ने कहा है। वस्तुतः आदित्यान्तर्गत पुरुषनेत्र के लिए 'पुण्डरीकम्' उपमा है और उस 'पुण्डरीकम्' का विशेषण 'कप्यासम्' है। अतः हीन आत्मा की आशंका अविचारित रमणीय है।

सप्तमखण्डः—इसमें उद्गीथ अवयव प्रणव की अध्यात्मोपासना बतलायी गयी है। अध्यात्म एवं अधिदैव पुरुष की एकता का चिन्तन कहा गया है और उसका फल बतलाया गया है कि वह उपासक अपने या यजमान के लिए जिस किसी इष्ट कामना का उद्गान करेगा तो वह फल उसे प्राप्त हो ही जाएगा।

अष्टम तथा नवमखण्डः—अनेकों दृष्टान्तों से उद्गीथ उपासना का उत्कर्ष बतलाया गया है। शिलक, चैकितायन और प्रवाहण की कथा से उद्गीथ उपासना का उत्कर्ष सिद्ध होता है। आकाश सबका आश्रय है। क्योंकि सभी भूत आकाश से उत्पन्न होते हैं, आकाश में स्थित रहते हैं और आकाश में लीन होते हैं। इस प्रकार ब्रह्मलिङ्ग को देखते हुए आकाश का अर्थ ब्रह्म ही मानना चाहिए। इस उपासना का फल है विशिष्ट जीवन अपना तथा पुत्र-पौत्रादि का इस लोक एवं परलोक को प्राप्त करना।

दशम तथा एकादशखण्डः—उषस्ति चाक्रायण के द्वारा जूठी उड़द को खाना तथा जूठे पानी का त्याग कर देना आपद्धर्म का सूचक है। प्राण एक ऐसा पदार्थ है जिसकी रक्षा के लिए आपातकाल में अभक्ष्य भक्षण भी किया जा सकता है। साम की प्रस्ताव भक्ति में जिस प्राण का चिन्तन बतलाया गया है, वह जगत् की उत्पत्ति, स्थिति एवं लय के कारण होने से परमात्मा ही है। इस प्रकार ध्यान करते हुए सामगान से कर्मफल में अतिशय आता है। साम भक्ति में परमात्मा उपास्य है, उद्गीथ भक्ति में आदित्य उपास्य है और प्रतिहार भक्ति में अन्नदेवता उपास्य है ऐसा बतलाया गया है।

द्वादशखण्डः—श्वानों के द्वारा देखे गये सामों को शौव साम कहते हैं। इस शौव साम के गान से अन्न की प्राप्ति होती है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्रयोदशखण्डः—गीतिकाल पूर्ण करने के लिए सामगान में "हाँउ" इत्यादि जिन निरर्थक अक्षरों का उपयोग होता है; उन्हें स्तोभाक्षर कहते हैं। इस खण्ड में स्तोभाक्षर विषयक उपासनाएँ बतलायी गयी हैं, जिनका फल अन्नवान् तथा अन्नादी होना माना गया है। इस प्रकार संक्षेपरूप में प्रथमाध्याय के विषयों का उल्लेख किया गया।

द्वितीयाध्याय

साम के एकदेश के साथ सम्बद्ध सामावयव विषयक उपासना बतलाने के बाद समस्त साम विषयक उपासना द्वितीय अध्याय में बतलायी जाती है हिङ्कार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार तथा निधन ये पांचों भक्तियाँ पाञ्चभक्ति साम के अवयव हैं। वैसे ही आदि और उपद्रव को मिलाकर साप्तभक्तिक साम के सात अवयव माने जाते हैं। ऐसे सर्वावयव विशिष्ट साम की उपासना का विधान इस द्वितीय अध्याय में किया गया है। इसमें चौबीस खण्ड हैं।

प्रथमखण्डमें सर्वावयव विशिष्ट साम की उपासना साधुदृष्टि से करने के लिए कहा गया है। इस समस्त साम की उपासना से उपासक को सभी शास्त्र सम्मत धर्म अतिशीघ्र प्राप्त होते हैं और विनम्रभाव भी आ जाते हैं। द्वितीयखण्ड से लेकर सप्तमखण्ड तक फल सहित क्रमशः लोकदृष्टि से वृष्टि दृष्टिसे, जल, ऋतु, पशु और प्राणदृष्टिसे पाञ्चभक्तिक सामकी उपासना कही गयी है। अष्टम से दशमखण्ड तक क्रमशः वाणी तथा आदित्यदृष्टि से साप्तभक्तिक साम की उपासना विधान के बाद मृत्यु से अतीत सप्तविध सामोपासना कही गयी है। एकादश से बीसवें खण्ड तक क्रमशः गायत्रसाम, रथन्तर, वामदेव्य, बृहत्, वैरूप्य, वैराज, शक्वरी, रेवती यज्ञायज्ञीय तथा राजन साम की उपासना फल सहित विविध प्रकार से बतलायी गयी है।

इक्कीसवें खण्ड में सर्वव्यापक साम की पञ्चविध उपासना से सर्वरूपता, सर्वज्ञता एवं सर्वैश्वर्य की प्राप्ति कही गयी है।

बाईसवें खण्ड में विनर्दि गुण युक्त साम की उपासना, स्तवन के समय में ध्यान विधि, स्वरादि वर्णों की देवरूपता तथा वर्णों के उच्चारण काल में चिन्तनीय वस्तु का वर्णन है।

तेईसवें खण्ड में धर्म के तीन स्कन्धों का वर्णन करते हुये "ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति" वाक्य द्वारा संन्यासी को ब्रह्ममें सम्यक् प्रकार से स्थित हो जाने पर मोक्ष की प्राप्ति कही गयी है। तीनों लोकों के सार तीनों वेद हैं, उनका सार व्याहृति-त्रय और भूरादि व्याहृतियों के सार रूप से ओङ्कार का प्रादुर्भाव कहा गया है। पत्ते की नसों को भाँति ओङ्कार से संपूर्ण वाणी को व्याप्त कहा है। अतः ओङ्कार ही सब कुछ है।

चौबीसवें खण्ड में प्रातः सवन के देवता वसु, मध्याह्न सवन के रुद्र और सायं सवन के अधिष्ठातृदेव आदित्य तथा विश्वेदेवा आदि को जानने वाला ही यज्ञानुष्ठान का अधिकारी कहा गया है। प्रातः काल में पढ़ने योग्य शस्त्र नामक स्तोत्र के पाठ से पूर्व वह यजमान गार्हपत्याग्नि के पीछे उत्तराभिमुख बैठकर वसुदेवता सम्बन्धी साम का गान राज्यप्राप्ति के लिए करता है, जिससे वसुगण उस यजमान को प्रातः सवन प्रदान करादेते हैं। मध्याह्न सवन को प्रारम्भ करने से पूर्व यजमान दक्षिणाग्नि के पृष्ठभाग में उत्तराभिमुख बैठकर वैराज्यपद प्राप्ति के लिए रुद्रदेवता सम्बन्धी साम को गाता है जिसके फल स्वरूप रुद्रगण उस यजमान को मध्याह्न सवन प्रदान करते हैं। वैसे ही तृतीय-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है। प्राण शरीर के अङ्गों में रसरूप से रहता है। अतः वह अङ्गिरा ऋषि है, वाणीका पति और आस्य से निकलने के कारण अयास्यरूप है। ऐसे प्राण के तीनों गुण उपासना के लिए कहे गए हैं।

तृतीयखण्डः—उद्गीथ अवयव प्रणव की उपासना आदित्यदृष्टि से इस तीसरे खण्ड में बतलायी गयी है। जैसे आदित्य, तम और तज्जनित भय को दूरकर डालता है, वैसे ही आदित्यदृष्टि से प्रणव की उपासना करने पर अज्ञान एवं तज्जन्य भय का नाश हो जाता है। अधिदैव तथा अध्यात्मदृष्टि से इस उद्गीथ की उपासना कहे जाने पर भी भेद नहीं माना गया।

चतुर्थखण्डः—अमृत अभय गुणविशिष्ट ब्रह्म है। इस ब्रह्मदृष्टि से कर्मनिरपेक्ष प्रणव की उपासना करने पर उपासक को आपेक्षिक अमृतत्व की प्राप्ति होती है।

पञ्चमखण्डः—ऋग्वेदादि में आये हुए प्रणव में आदित्यदृष्टि की निन्दा की गयी है; साथ ही भेद विशिष्ट आदित्यरश्मिदृष्टि का विधान किया गया है। वैसे ही भेद गुण वाले प्राणदृष्टि से उद्गीथ अवयव प्रणव की अध्यात्मोपासना भी कही गयी है। उद्गीथ और प्रणव में अभेद दर्शन से होतृ-प्रयुक्त शस्त्र से अपने कर्म में उत्पन्न अनिष्ट का परिहार उद्गाता कर लेता है।

षष्ठखण्डः—इसमें उद्गीथ संबन्धी आधिदैविक उपासनाएँ कही गयी है। उपास्य को "कप्यासं पुण्डरीकम्" उपमा देकर विशिष्ट कहा गया है। आदित्यान्तर्गत पुरुष के लिए यह हीन उपमा उचित नहीं ऐसा वैष्णवाचार्यों ने कहा है। वस्तुतः आदित्यान्तर्गत पुरुषनेत्र के लिए 'पुण्डरीकम्' उपमा है और उस 'पुण्डरीकम्' का विशेषण 'कप्यासम्' है। अतः हीन आत्मा की आशंका अविचारित रमणीय है।

सप्तमखण्डः—इसमें उद्गीथ अवयव प्रणव की अध्यात्मोपासना बतलायी गयी है। अध्यात्म एवं अधिदैव पुरुष की एकता का चिन्तन कहा गया है और उसका फल बतलाया गया है कि वह उपासक अपने या यजमान के लिए जिस किसी इष्ट कामना का उद्गान करेगा, तो वह फल उसे प्राप्त हो ही जाएगा।

अष्टम तथा नवमखण्डः—अनेकों दृष्टान्तों से उद्गीथ उपासना का उत्कर्ष बतलाया गया है। शिलक, चैकितायन और प्रवाहण की कथा से उद्गीथ उपासना का उत्कर्ष सिद्ध होता है। आकाश सबका आश्रय है। क्योंकि सभी भूत आकाश से उत्पन्न होते हैं, आकाश में स्थित रहते हैं और आकाश में लीन होते हैं। इस प्रकार ब्रह्मलिङ्ग को देखते हुए आकाश का अर्थ ब्रह्म ही मानना चाहिए। इस उपासना का फल है विशिष्ट जीवन अपना तथा पुत्र-पौत्रादि का इस लोक एवं परलोक को प्राप्त करना।

दशम तथा एकादशखण्डः—उषस्ति चाक्रायण के द्वारा जूठी उड़द को खाना तथा जूठे पानी का त्याग कर देना आपद्धर्म का सूचक है। प्राण एक ऐसा पदार्थ है जिसकी रक्षा के लिए आपातकाल में अभक्ष्य भक्षण भी किया जा सकता है। साम की प्रस्ताव भक्ति में जिस प्राण का चिन्तन बतलाया गया है, वह जगत् की उत्पत्ति, स्थिति एवं लय के कारण होने से परमात्मा ही है। इस प्रकार ध्यान करते हुए सामगान से कर्मफल में अतिशय आता है। साम भक्ति में परमात्मा उपास्य है, उद्गीथ भक्ति में आदित्य उपास्य है और प्रतिहार भक्ति में अन्नदेवता उपास्य है ऐसा बतलाया गया है।

द्वादशखण्डः—श्वानों के द्वारा देखे गये सामों को शौव साम कहते हैं। इस शौव साम के गान से अन्न की प्राप्ति होती है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्रयोदशखण्डः—गीतिकाल पूर्ण करने के लिए सामगान में "हाँउ" इत्यादि जिन निरर्थक अक्षरों का उपयोग होता है; उन्हें स्तोभाक्षर कहते हैं। इस खण्ड में स्तोभाक्षर विषयक उपासनाएँ बतलायी गयी हैं, जिनका फल अन्नवान् तथा अन्नादी होना माना गया है। इस प्रकार संक्षेपरूप में प्रथमाध्याय के विषयों का उल्लेख किया गया।

द्वितीयाध्याय

साम के एकदेश के साथ सम्बद्ध सामावयव विषयक उपासना बतलाने के बाद समस्त साम विषयक उपासना द्वितीय अध्याय में बतलायी जाती है हिङ्कार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार तथा निधन ये पांचों भक्तियाँ पाञ्चभक्ति साम के अवयव हैं। वैसे ही आदि और उपद्रव को मिलाकर साप्तभक्तिक साम के सात अवयव माने जाने हैं। ऐसे सर्वावयव विशिष्ट साम की उपासना का विधान इस द्वितीय अध्याय में किया गया है। इसमें चौबीस खण्ड हैं।

प्रथमखण्डमें सर्वावयव विशिष्ट साम की उपासना साधुदृष्टि से करने के लिए कहा गया है। इस समस्त साम की उपासना से उपासक को सभी शास्त्र सम्मत धर्म अतिशीघ्र प्राप्त होते हैं और विनम्रभाव भी आ जाते हैं। द्वितीयखण्ड से लेकर सप्तमखण्ड तक फल सहित क्रमशः लोकदृष्टि से वृष्टि दृष्टिसे, जल, ऋतु, पशु और प्राणदृष्टिसे पाञ्चभक्तिक सामकी उपासना कही गयी है। अष्टम से दशमखण्ड तक क्रमशः वाणी तथा आदित्यदृष्टि से साप्तभक्तिक साम की उपासना विधान के बाद मृत्यु से अतीत सप्तविध सामोपासना कही गयी है। एकादश से बीसवें खण्ड तक क्रमशः गायत्रसाम, रथन्तर, वामदेव्य, बृहत्, वैरूप्य, वैराज, शक्करी, रेवती यज्ञायज्ञीय तथा राजन साम की उपासना फल सहित विविध प्रकार से बतलायी गयी है।

इक्कीसवें खण्ड में सर्वव्यापक साम की पञ्चविध उपासना से सर्वरूपता, सर्वज्ञता एवं सर्वैश्वर्य की प्राप्ति कही गयी है।

बाईसवें खण्ड में विनर्दि गुण युक्त साम की उपासना, स्तवन के समय में ध्यान विधि, स्वरादि वर्णों की देवरूपता तथा वर्णों के उच्चारण काल में चिन्तनीय वस्तु का वर्णन है।

तेईसवें खण्ड में धर्म के तीन स्कन्धों का वर्णन करते हुये "ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति" वाक्य द्वारा संन्यासी को ब्रह्ममें सम्यक् प्रकार से स्थित हो जाने पर मोक्ष की प्राप्ति कही गयी है। तीनों लोकों के सार तीनों वेद हैं, उनका सार व्याहृति-त्रय और भूरादि व्याहृतियों के सार रूप से ओङ्कार का प्रादुर्भाव कहा गया है। पत्ते की नसों को भाँति ओङ्कार से संपूर्ण वाणी को व्याप्त कहा है। अतः ओङ्कार ही सब कुछ है।

चौबीसवें खण्ड में प्रातः सवन के देवता वसु, मध्याह्न सवन के रुद्र और सायं सवन के अधिष्ठातृदेव आदित्य तथा विश्वेदेवा आदि को जानने वाला ही यज्ञानुष्ठान का अधिकारी कहा गया है। प्रातः काल में पढ़ने योग्य शस्त्र नामक स्तोत्र के पाठ से पूर्व वह यजमान गार्हपत्याग्नि के पीछे उत्तराभिमुख बैठकर वसुदेवता सम्बन्धी साम का गान राज्यप्राप्ति के लिए करता है, जिससे वसुगण उस यजमान को प्रातः सवन प्रदान करादेते हैं। मध्याह्न सवन को प्रारम्भ करने से पूर्व यजमान दक्षिणाग्नि के पृष्ठभाग में उत्तराभिमुख बैठकर वैराज्यपद प्राप्ति के लिए रुद्रदेवता सम्बन्धी साम को गाता है जिसके फल स्वरूप रुद्रगण उस यजमान को मध्याह्न सवन प्रदान करते हैं। वैसे ही तृतीय-

Rajguru Mahant Shivlal, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सवन को प्रारम्भ करने से पूर्व यजमान आहनीय अग्नि के पीछे उत्तराभिमुख बैठकर स्वाराज्य और सामराज्य प्राप्ति के लिए क्रमशः आदित्य और विश्वेदेवा सम्बन्धी साम का गान करता है। जिसके फल स्वरूप आदित्य एवं विश्वेदेवा उस यजमान को तृतीय सवन प्रदान करते हैं। सामगान के अनन्तर उक्त देवताओं के नाम से यजमान हवन भी करता है इस प्रकार इस अध्याय का संक्षिप्त वर्णन समाप्त हो जाता है।

तृतीयाध्याय

इसमें उन्नीस खण्ड हैं। कर्माङ्ग उपासना बतलाकर कर्मफल रूप आदित्य की अब स्वतन्त्र उपासना इस अध्याय में बतलाते हैं। आदित्य सभी प्राणियों के कर्मफल रूप प्रत्यक्ष देवता है और सभी का उपजीव्य है। अतः यज्ञ उपदेश के अनन्तर उसके कार्यरूप आदित्य विषयक उपासना श्रेष्ठतम फलप्रद है। इसीलिए श्रुति आदित्य को देवमधु रूप से उपासना करने को कहती है। देवताओं को प्रसन्न करने वाले होने से आदित्य देवताओं का मधु है, द्युलोक ही उसका तिरछा बाँस है, यह अन्तरिक्ष मधु का छत्ता है और आदित्य किरणें उसके बच्चे हैं। ऐसा बतलाने के बाद आदित्य की पूर्वदिशा सम्बन्धी किरणों में मधु नाड्यादि दृष्टि प्रथमखण्ड में बतलायी गयी है।

द्वितीयखण्ड से पञ्चमखण्ड तक क्रमशः दक्षिण, पश्चिम, उत्तर तथा ऊर्ध्वदिक् सम्बन्धी आदित्य किरणों में मधु नाड्यादि दृष्टि बतलायी गयी है।

षष्ठखण्ड से दशमखण्ड तक क्रमशः वसुओं के जीवन आश्रयभूत प्रथम अमृत की उपासना, रुद्रों के जीवन आश्रयभूत द्वितीय अमृत की उपासना, आदित्यों के जीवन आश्रयभूत तृतीय अमृत की उपासना मरुद्गण के जीवन आश्रयभूत चतुर्थ अमृत की उपासना और साध्यों के जीवन आश्रयभूत पञ्चम अमृत की उपासना बतलायी गयी है। इस प्रकार उदय और अस्त द्वारा प्राणियों के स्वकर्म फल भोग में अनुग्रह कर भोगक्षय के अनन्तर वह ऊर्ध्वगत हो उदय एवं अस्तभाव से रहित ब्राह्मीभाव को उपासक प्राप्त कर लेता है। ऐसा एकादशखण्ड में बतलाने के बाद मधु विद्या का फल और हिरण्यगर्भ से लेकर उद्दालक पर्यन्त इस मधुविद्या की वंश परम्परा का वर्णन किया गया है। ज्येष्ठ पुत्र अथवा सुयोग्य शिष्य को ही इस विद्या का अधिकारी समझकर उपदेश करने को कहा है और साथ ही यह भी कहा है कि मधुविद्या के ऋण से उऋण होने के लिए शिष्य के पास कोई धन नहीं है जिसे आचार्य को देकर वह विद्या के ऋण से मुक्त हो सके।

द्वादशखण्ड में प्रतीकोपासना बतलाते समय गायत्री द्वारा ब्रह्मोपासना कही गयी है। "गायत्री वा इदं सर्वम्" इस प्रकार वर्ण समुदाय गायत्री में सर्वात्मत्व सम्भव नहीं है। अतः गायत्री छन्द वाले ऋचा में उपास्यरूप से अनुगत ब्रह्म को "सोऽहम्" इस प्रकार अभेदभाव से उपासना के लिए कहा है। कार्य और शुद्ध ब्रह्म का स्वरूप बतलाया गया है। गायत्री द्वारा कहा गया त्रिपाद अमृत स्वरूप ब्रह्म यही है, जो यह पुरुष से बाहर प्रसिद्ध आकाश है। जो उपासक इस प्रकार पूर्ण और अविनाशी गुण विशिष्ट की उपासना करता है, वह पूर्ण तथा अविनाशी विभूति को प्राप्त करता है।

त्रयोदश खण्ड में हृदय के अन्तर्गत पूर्वछिद्र रूप प्राण की उपासना कही गयी है। वैसे ही दक्षिण छिद्र में व्यान की, पश्चिमछिद्र में अपान की, उत्तरछिद्र में समान की और ऊर्ध्ववर्ती छिद्र में उदान की उपासना कही गयी है। उपर्युक्त प्राणादि द्वारपालों की उपासना का फल बतलाया गया,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हृदयस्थ मुख्य ब्रह्म की उपासना ज्योतिरूप से कही गयी है और हृदयस्थ पुरुष के दर्शन का उपाय बतलाया गया है।

चौदहवें खण्ड में सगुण ब्रह्म की उपासना शाण्डिल्यविद्या के रूप में कही गयी है। "सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत" इस वाक्य में प्रत्यक्षादि प्रमाणों का विषयभूत सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म में आरोपित है। अतः नामरूपात्मक जगत् का ब्रह्म के साथ बाधरूप सामानाधिकरण्य है। उस ब्रह्म में आरोपित मनोमयत्वादि चिन्तनीय गुणों का वर्णन किया गया है। वह अणु से अणु और महान् से महान् है। हृदयस्थ ब्रह्म तथा परब्रह्म का अभेदरूप से चिन्तन करने पर उपासक को ब्रह्मभाव की प्राप्ति कही गयी है। इस विद्या के उपदेशक आचार्य शाण्डिल्य ऋषि थे। इसीलिए इसे शाण्डिल्य विद्या कहते हैं।

पञ्चदश खण्ड में पुत्र की दीर्घायुष्य के लिए विराट् की उपासना कही गयी है। उस कोश की पूर्व दिशा जुहू नाम वाली है, दक्षिण दिशा सहमाना नाम वाली है, पश्चिम दिशा राज्ञी नाम वाली है और उत्तरदिशा सुभूता नाम वाली है। दिशाओं से उत्पन्न होने के कारण वायु उनका वत्स है। इस वायु की उपासना करने वाले को पुत्र के मरण अथवा वियोग जनित दुःख नहीं होता। पुत्र का नाम लेकर उसके दीर्घायुष्य के लिए प्रार्थना बतलायी गयी है। फलतः उपासक पुत्र की दीर्घायुष्य को प्राप्त होता है।

षोडश खण्ड में कहा गया है कि पुत्र के दीर्घायुष्य होने पर भी स्वयं यदि अल्पायुष्य हो तो फिर उससे क्या लाभ ? अतः अपनी दीर्घायुष्य के लिए आत्मयज्ञ का सम्पादन करना चाहिए। पुरुष की पूर्ण आयु एक सौ सौलह वर्ष की मानी जाती है। पहले चौबीस वर्ष तत्पश्चात् चौवालीस वर्ष और फिर अड़तालीस वर्ष कहे गये हैं। जीवन के इन तीन भागों को परस्पर जोड़ने के लिए आत्मयज्ञ बतलाया गया है। जिसके अनुष्ठान से उपासक दीर्घायुष्य को प्राप्त करता है। सप्तदशखण्ड में पुरुष की समस्त चेष्टाओं को आत्मयज्ञ उपासना के रूप में कहा गया है और जिसके फल अक्षयादि कहे गये हैं।

अष्टादश खण्ड में मनरूप अध्यात्म प्रतीक में और आकाशरूप अधिदैव प्रतीत में ब्रह्मदृष्टि करने को कहा है। वाक्, प्राण, चक्षु और श्रोत्र ऐसे चार पाद अध्यात्म में एवं अग्नि, वायु, आदित्य और दिशा ये चारपाद अधिदैव के कहे गये हैं। अध्यातम तथा अधिदैव पादों को अभिन्नरूप से चिन्तन करने के लिए कहा है और जिसका फल है, अतिशीघ्र आदित्य भाव की प्राप्ति।

उन्नीसवें खण्ड में आदित्य तथा अन्यदृष्टि से आध्यात्मिक एवं आधिदैविक उपासना कही गयी है। इस उपासना से आदित्यभाव की प्राप्ति कही गयी है। इस प्रकार तृतीय अध्याय के संगृहीत विषय बतलाये गये।

चतुर्थाध्याय

इसमें सप्तदश खण्ड हैं। इनके प्रारम्भिक तीन खण्डों में जानश्रुति और रैक्व के उपाख्यान द्वारा संवर्ग विद्या का वर्णन किया गया है। किसी भी साधक में कर्मानुष्ठानमात्र से कृतकृत्यता नहीं आती किन्तु उससे ऋषि और देवता अवश्य प्रसन्न होते हैं जिसके फलस्वरूप ब्रह्मविद्या के आचार्य की प्राप्ति होती है। ऐसी ही घटना जानश्रुति राजा के जीवन में भी घटती है। राजा जानश्रुति संवर्ग-विद्या के आचार्य रैक्व के पास जाता है और विपुल धन एवं कन्यारूप भेंट समर्पित कर उनसे संवर्गविद्या ग्रहण करता है। अधिदैव में वायु को संवर्ग कहा गया है क्योंकि इसी में अग्नि, वायु, सूर्य

Raj Guru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा जलका लय देखा जाता है। अध्यात्म में प्राण को संवर्ग कहा गया है; क्योंकि सुषुप्ति के समय प्राण में ही वाणी, चक्षु, श्रोत्र तथा मन का लय होता देखा जाता है। उपास्य के गुण उपासक में आ जाते हैं। अत: इनकी आत्मभाव से उपासना करने वाले को पूर्वोक्त दश देव स्वरूपत्व की प्राप्ति होती है और प्राण होकर सर्वत्र अन्नवान् तथा अन्नादी हो जाता है।

चतुर्थखण्ड से नवम खण्ड तक सत्यकाम जाबालोपाख्यान है। सत्यकाम [redacted] जाबाल आचार्य गौतम की आज्ञा से उनकी प्रसन्नता के लिए अरण्य में ब्रह्मचर्य तथा गोपालन करते हुए अनेक वर्षों तक रहता है। इसकी इस व्रतचर्या से प्रसन्न हो देवता ऋषभ में प्रविष्ट होकर स्वयं ही उपदेश करते हैं। ऋषभ ने सत्यकाम को प्राची, दक्षिणा, प्रतीची और उदीची ऐसे चार कला वाले ब्रह्म के प्रथम प्रकाशवान् नामक पाद का उपदेश किया, जिसकी उपासना का फल प्रसिद्धिमत्ता है। पृथिवी, अन्त-रिक्ष, द्युलोक और समुद्र ऐसे चार कला वाले ब्रह्म के अनन्तवान् नामक द्वितीय पाद का उपदेश अग्नि ने किया, जिसकी उपासना का फल है अविच्छिन्न सन्तति और अनन्त लोक की प्राप्ति। अग्नि, सूर्य, चन्द्र, और विद्युत् रूप चार कला वाले ब्रह्म के ज्योतिष्मान नामक तृतीय पाद का उपदेश हंसरूप से सूर्य ने किया, जिसकी उपासना से उपासक दीप्तिमान हो जाता है। प्राण, चक्षु, श्रोत्र और मनरूप चारकला वाले ब्रह्म के आयतवान् नामक चतुर्थ पाद का उपदेश जाबाल को मद्गुपक्षीरूप से प्राण ने किया, जिसकी उपासना से उपासक सबका आश्रय बन जाता है लोक और परलोक में उसे विस्तृत आयतन की प्राप्ति होती है। इस प्रकार उपर्युक्त चारों से उपदेश प्राप्तकर सत्यकाम ब्रह्मज्ञानी की भाँति तेजस्वी होकर आचार्य हारिभ्रमत गौतम के पास लौटकर आता है और कहता है कि मुझे आप मेरी इच्छा के अनुसार उपदेश करें। मैंने आप जैसे महानुभावों से सुना है कि आचार्य से जानी गयी विद्या ही साधिष्ठ को प्राप्त कराती है। तत्पश्चात् आचार्य गौतम ने सत्यकाम को देवताओं द्वारा प्राप्त विद्या का फिर से उपदेश किया। उसमें कुछ भी न्यूनता नहीं की। फलत: सत्यकाम की विद्या पूर्ण हुई।

दशमखण्ड से पञ्चदश खण्ड पर्यन्त उपकोसल विद्या का प्रसंग आता है जिसमें सत्यकाम जाबाल ऋषि के प्रिय शिष्य उपकोसल को सर्व प्रथम तीनों अग्नियों ने मिलकर उपदेश किया कि प्राण ब्रह्म है अपरिच्छिन्न सुखरूप ब्रह्म है। तत्पश्चात् गार्हपत्याग्नि ने बतलाया पृथिवी, अन्न, अग्नि, और आदित्य, ऐसे मेरे चार शरीर हैं। अपना तथा आदित्य का अभेद बतलाया—जिसकी उपासना का फल पाप की निवृत्ति अग्नि लोक की प्राप्ति दीर्घायुष्य तथा दोनों लोकों में अग्नि परिपाल्यत्व कहा गया है।

दक्षिणाग्नि ने जल, दिशा, नक्षत्र और चन्द्रमा इन चारों को अपना स्वरूप बतलाया चन्द्रमा तथा दक्षिणाग्नि में रहने वाले एक ही पुरुष उपास्य है। इस उपासना का फल भी पूर्व की भाँति ही कहा गया है। आहवनीयाग्नि ने कहा—प्राण, आकाश, द्युलोक, तथा विद्युत्; ये मेरे शरीर हैं। विद्यु-दभिमानी पुरुष में एवं आहवनीयाग्नि में ज्योति स्वरूप अभेदभाव से उपासना करने को कहा है और इस उपासना का फल पूर्व की भाँति कहा है। तत्पश्चात् तीनों अग्नियों ने संयुक्तरूप से पुन: उपकोसल को—कहा कि हे उपकोसल! हमने तुझे अपनी-अपनी विद्या एवं आत्मविद्या बतला दी है। अब इस विद्या की फल प्राप्ति के लिए मार्ग का उपदेश तुझे आचार्य करेंगे। कालान्तर में इसके आचार्य ने वहाँ आकर उससे कहा—हे उपकोसल! तेरी मुखाकृति ब्रह्मज्ञानी की भाँति प्रतीत हो रही है। बतलाओ तो सही तुझे किसने उपदेश किया। उपकोसल पिछली घटना को छिपाना चाहता था किन्तु भयभीत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अग्नियों की ओर देखकर उसे कहना पड़ा कि मेरी सेवा से प्रसन्न होकर इन अग्नियों ने मुझे उपदेश किया है आचार्य के पूछने पर अग्नियों से प्राप्त समग्र विद्या को उपकोसल ने ज्यों का त्यों सुना दिया आचार्य सत्यकाम ने कहा– अग्नियों ने तुझे केवल लोकों को ही बतलाया है; पर अब मैं तुझे वह बतलाता हूँ जिसे जानने वाला जल में कमल की भाँति पापकर्म से लिप्त नहीं होता। यह जो नेत्र में पुरुष दीखता है, वह आत्मा है। वह अमर, अभय एवं ब्रह्म स्वरूप है। इसीलिए तो नेत्र में जल या घृत डालने पर उसमें प्रविष्ट नहीं होते, प्रत्युत इधर उधर से निकल जाते हैं। जिस नेत्रस्थ पुरुष का स्थान ही इतना निःसंग है, उस पुरुष की निःसंगता के विषय में तो कहना ही क्या है। उसके संयतवामत्व, वामनीत्व एवं भामनीत्व नित्य गुण हैं, उन गुणों से विशिष्ट नेत्रस्थ पुरुष की उपासना से तदनुरूप फल उपासक को प्राप्त होता है। इस विद्या के जानने वालों की अन्त्येष्टि करें या न करें, वे अर्चिरादि मार्ग से ब्रह्मलोक को प्राप्त करते ही हैं और वहाँ से वे उपासक वर्तमान मानव सृष्टि में नहीं लौटते, ऐसा कहा गया है।

षोडशखण्ड में गतिमान् यज्ञ की उपासना बतलायी गयी है। यह प्रत्यक्ष वायु यज्ञ स्वरूप है। वाणी और मन इस वायु रूप यज्ञ पुरुष के मार्ग हैं। इन दोनों मार्गों में से मौन धारण करने वाला एक मार्ग का मन से संस्कार करता है और वाणी द्वारा होता, अध्वर्यु एवं उद्गाता अवशिष्ट दूसरे मार्ग का संस्कार करते हैं। ब्रह्मा के मौन भंग से यज्ञ की हानि होती है और ब्रह्मा के मौन पालन से यज्ञ की प्रतिष्ठा होती है। यज्ञ की प्रतिष्ठा से यजमान प्रतिष्ठित होता है। इस प्रकार मौन विज्ञान युक्त ब्रह्मा से सहकृत यजमान इस यज्ञ का अनुष्ठान कर श्रेष्ठ हो जाता है।

सप्तदशखण्ड में कहा गया है कि यज्ञ में आये हुए दोषों की निवृत्ति के लिए व्याहृतियों की उपासना करनी चाहिए। इसीलिए प्रजापति ने तीनों लोकों को तपाकर उनके सार अग्नि, वायु और आदित्य को ग्रहण किया। पुन इन तीनों देवताओं के सार रूप से तीनों वेदों और उनके सारभूत "भूर्भुव: स्व:" इन व्याहृतियों को निकाला। अत: ऋग्वेद के अपभ्रंश आदि से प्राप्त होने वाले दोष की निवृत्ति के लिए "भू: स्वाहा" इस मन्त्र से गार्हपत्याग्नि में हवन करे, यजुर्वेद सम्बन्धी दोष निवृत्ति के लिए "भुव: स्वाहा" इस मन्त्र से दक्षिणाग्नि में हवन करे और सामवेद सम्बन्धी दोषों की निवृत्ति के लिए प्रायश्चित्त रूप से "स्व: स्वाहा" इस मन्त्र द्वारा आहवनीय अग्नि में हवन करे। फलत: तीनों लोक, तीनों देव और तीनों वेद के सारभूत भूरादि व्याहृतियों द्वारा हवन करने से यज्ञ के समस्त अरिष्ट की निवृत्ति होती है और वह यज्ञ सुसंस्कृत माना जाता है किन्तु यह सब विद्वान् ब्रह्मा के कार्य कौशल एवं वैदुष्य का सुपरिणाम है, जो यज्ञ, यजमान और सभी ऋत्विजों की रक्षा करता है। अत: यज्ञ में ऐसे विद्वान् को ही ब्रह्मा बनाना चाहिए।

पञ्चमाध्याय

पञ्चमाध्याय में चौबीस खण्ड हैं। प्रथम एवं द्वितीय खण्ड में प्राणोपासना का प्रसंग आता है। यद्यपि वाणी में वसिष्ठत्व, चक्षु में प्रतिष्ठात्व, श्रोत्र में सम्पत्त्व और मन में आयतनत्व गुण प्रारम्भ में कहे गये हैं। तथापि प्राण के श्रेष्ठत्व का निश्चय हो जाने के बाद घ्राणादि अमुख्य प्राणों ने अपने-अपने गुणों को प्राणाधीन समझकर उन्हें मुख्य प्राण में ही समर्पित कर दिया। क्योंकि प्रजापति के द्वारा ली गयी परीक्षा में केवल मुख्य प्राण ही उत्तीर्ण हुआ था। अत: ज्येष्ठत्व, श्रेष्ठत्व, वसिष्ठत्व, प्रतिष्ठात्व, सम्पत्त्व तथा आयतनत्व रूप छः गुणों से युक्त मुख्य प्राण ही उपास्य है 'ऐसा षड्गुण विशिष्ट प्राण मैं हूँ' इस भाव से प्राण की उपासना करनी चाहिए। "प्राणियों द्वारा जो कुछ भी खाया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाता है, वह सब प्राण की अन्न है", ऐसा भी चिन्तन प्राणोपासना के अङ्गरूप से प्राणोपासक को करना चाहिए। इससे उपासक अन्न के दोषों से लिप्त नहीं होता। भोजन से पूर्व और पश्चात् भी आचमन करना चाहिए। "अमृतोपस्तरणमसि" "अमृतापिधानमसि" इन मन्त्रों से उस आचमनीय जल में प्राण के वस्त्रोपवस्त्र की दृष्टि करनी चाहिए। इस प्राणोपासना के अङ्ग चिन्तन का फल वस्त्रादि की प्राप्ति है। यदि वह प्राणोपासक लोकों में महत्त्व प्राप्त करना चाहता हो तो उसे मन्थाख्य कर्म का भी अनुष्ठान करना चाहिए। इस मन्थाख्य कर्म का प्रतिपादन छान्दोग्योपनिषत् की अपेक्षा बृहदारण्यकोपनिषत् में विस्पष्ट रूप से उपलब्ध होता है।

तृतीयखण्ड से दशमखण्ड तक पञ्चाग्नि विद्या का प्रसङ्ग आता है। जिसके द्युलोक, पर्जन्य, पृथिवी, पुरुष और योषित् ये पाँचों आध्यात्मिक अग्नि माने गये हैं, जिनमें श्रद्धा, सोम, वृष्टि, औषधि तथा रेत को आहुति के रूप में चिन्तन करने को कहा है। क्रमशः इन पाँचों आहुतियों के पूर्ण होने पर वह श्रद्धा पुरुषसंज्ञा को प्राप्त करती है। प्रथम अग्नि में यजमान के द्वारा डाला गया आहुति रूप जल श्रद्धापद वाच्य है। उससे उत्पन्न अपूर्व सहित यजमान स्वर्गलोक रूप अग्नि में हवन करता है। इस प्रकार देवता यजमान को चन्द्रलोक प्राप्त कराते हैं। स्वर्गलोक प्राप्ति निमित्तक पुण्यकर्म के क्षीण हो जाने पर वह यजमान अपूर्व परिवेष्टित हो पर्जन्य में हवन करता है। क्रमशः वृष्टि द्वारा पृथिवी में, औषधि द्वारा पुरुषाग्नि में और शुक्र द्वारा योषाग्नि में वह हवन करता है। तत्पश्चात् वह जीव पुरुषसंज्ञा को प्राप्त होता है। इस पञ्चाग्निविद्या की उपासना गृहस्थों के लिए बतलायी गयी है और इसका फल है अर्चिरादि मार्ग द्वारा ब्रह्मलोक की प्राप्ति। श्वेतकेतु के पिता आरुणि को प्रवाहण जैवलि राजा ने शेष चार प्रश्नों का उत्तर भी सुना दिया। पञ्चमहापातकों का विनाश भी इस पञ्चाग्निविद्या की उपासना से हो जाता है, यह बात भी वहाँ पर बतलायी गयी है। यद्यपि पञ्चाग्निविद्या भी प्रतीकोपासना ही है, फिर भी इससे ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। ऐसा श्रुति और भाष्य में स्पष्ट कहा गया है।

एकादश खण्ड से चौबीस खण्ड तक वैश्वानरविद्या का प्रसंग आता है, जिसमें अश्वपति कैकेय के पास औपमन्यव, सत्ययज्ञ, इन्द्रद्युम्न, जन, बुडिल और उद्दालक इन छः ऋषियों को वैश्वानरविद्या सीखने के लिए आना कहा गया है। इन छः प्रार्थी ऋषियों की बात सुनकर राजा अश्वपति एकबार खिन्न चित्त हो जाता है। क्योंकि अब तक इस विद्या का अनुशासन क्षत्रिय राजा ही करते आ रहे थे, किन्तु इन श्रद्धालु विद्यार्थियों की प्रार्थना को अस्वीकार करना भी सम्भव नहीं था। अतः दूसरे दिन विधि पूर्वक वैश्वानरविद्या सीखने के लिए उन ऋषियों को अपने समीप आने का आदेश राजा अश्वपति ने दिया। राजा के पूछने पर अपनी-अपनी उपासना का स्वरूप ऋषियों ने बतलाया। उनका एक अवयव को सम्पूर्ण वैश्वानर मानकर उपासना करना अपूर्ण एवं अनुचित था। राजा ने वैश्वानर के समस्त रूप की उपासना उन्हें बतलायी। स्वर्ग शिर, सूर्य नेत्र, वायु प्राण, आकाश मध्यम भाग, जलाशय समुद्रादि मूत्रकोष और पृथिवी उस वैश्वानर आत्मा के पाद हैं। इस प्रकार सर्वलोकात्मक वैश्वानर आत्मा की उपासना अहंभाव से करनी चाहिए, जिसका फल है कि उपासक सम्पूर्ण भूतों में सर्वात्मभाव से अन्न का भक्षण करता है तथा उस भोजन जन्य तृप्ति का भागी भी बन जाता है। वैश्वानर के उपासक को प्राणाग्नि होत्र भी करना चाहिए। इसके लिए भोजनार्थ परोसे गये अन्न को "ॐ प्राणाय स्वाहा, ॐ अपानाय स्वाहा; ॐ उदानाय स्वाहा, ॐ समानाय स्वाहा, ॐ व्यानाय स्वाहा" इन मन्त्रों से मुख में डाले। यही प्राणाग्निहोत्र नाम से प्रसिद्ध है। इसमें अग्निहोत्र की भावना करने पर वह उपासक सम्पूर्ण लोकों में मानो अन्न की आहुति डाल रहा है और उससे सभी प्राणी तृप्त होते हैं। इस उपासना से उपासक के सभी पाप दग्ध हो जाते हैं क्षुधा से पीड़ित बालक जैसे स्तन्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पान के लिए अपनी माता की उपासना करता है, वैसे ही सभी प्राणी उस उपासक के इस अग्निहोत्र रूप भोजन की उपासना करते हैं।

षष्ठाध्याय

इसमें सोलह खण्ड हैं। प्रथम खण्ड में कहा गया है कि पिता की आज्ञा से द्वादशवर्षीय श्वेतकेतु चौवीस वर्ष की आयु तक गुरुकुलवास एवं समस्त वेदों का अध्ययन कर अपने को बहुत बड़ा विद्वान् मानकर पिता के पास लौट आता है। विद्या विनय को देती है किन्तु अपने पुत्र श्वेतकेतु की विपरीत दशा देखकर उद्दालक आरुणि ने उसे उपदेश करना प्रारम्भ कर दिया। एक के विज्ञान से सब विज्ञान कैसे होगा है" इस प्रश्न का उत्तर देना तो दूर रहा किन्तु उस प्रश्न को भी श्वेतकेतु न समझ सका। उद्दालक ऋषि ने मृत्पिण्ड स्वर्णाभूषण एवं नख निकृन्तन के दृष्टान्त से उस प्रश्न को समझाया,तत्पश्चात् प्रश्न के उत्तर न आने के कारण श्वेतकेतु अपने पिता उद्दालक ऋषि का शरणापन्न हो जाता है।

द्वितीय खण्ड में अनेक पक्षों का खण्डन कर जगत् की सद्रूपता का वर्णन किया गया है। तृतीय खण्ड में सृष्टिक्रम का वर्णन आता है। चतुर्थ खण्ड में एक के विज्ञान से सर्व विज्ञान को युक्ति से सिद्ध किया गया हैं। पञ्चम एवं षष्ठखण्ड में अन्नादि के त्रिविध परिणाम बतलाकर उनके सूक्ष्म भाग को मन, प्राण, तथा वाणी का पोषक कहा है। सप्तखण्ड में सोलह कला विशिष्ट पुरुष का उपदेश किया गया है। सुषुप्तिकाल में जीव की स्थिति का वर्णन अष्टम खण्ड में किया गया है। सुषुप्ति में सत्य की प्राप्ति का ज्ञान न होने में मधु-मक्खियों का दृष्टान्त नवम खण्ड में दिया गया है। दशमखण्ड में नदी के दृष्टान्त से ब्रह्म और आत्मा की एकता बतलायी गयी है। एकादश खण्ड में वृक्ष के दृष्टान्त से सत्य आत्मा का उपदेश किया गया है। द्वादश से पञ्चदश खण्ड पर्यन्त क्रमशः वटवृक्ष, लवण, विवेकी पुरुष एवं मरणासन्न पुरुष के दृष्टान्त द्वारा उसी सत्य का उपदेश किया गया है। अन्तिम षोडशखण्ड में चौर के द्वारा तप्तपरशु को ग्रहण कराकर भी सत्य का ही उपदेश किया गया है।

तात्पर्य निर्णायक षड्विधलिंगों के द्वारा चिन्तन करने पर अद्वय ब्रह्म में ही इस छटे अध्याय के तात्पर्य का निर्णय होता है। "सदेव सोम्येदमिदमग्रमासीत" यह उपक्रम है "ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि" यह उपसंहार है। "तत्त्वमसि" इस महावाक्य का नौबार उपदेश अभ्यास है "आचार्यवान् पुरुषो वेद" इससे उसकी अपूर्वता बतलायी गयी है। "तस्य तावदेवचिरं यावन्नविमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये" यह फल है " अत्र वाव किल सत्सोम्य न निभालयसे" यह अर्थवाद और "अन्नेन सोम्य! शुङ्गेनापो मूलमन्विच्छ" यह उपपत्ति है। इस प्रकार निर्गुण निर्विशेष ब्रह्म में ही इस अध्याय का तात्पर्य निश्चित होता है।

सप्तमाध्याय

इस अध्याय में छब्बीस खण्ड हैं। प्रथम खण्ड में कहा है कि ऋगादि चारों वेद; इतिहास, पुराणरूप पंचम वेद, वेदों का वेद व्याकरण, श्राद्धकल्प, गणित; उत्पत्ति ज्ञान, महाकाल निधि शास्त्र, तर्क शास्त्र, नीतिशास्त्र, निरुक्त, शिक्षा, कल्प, छन्द और चितिरूप ब्रह्मविद्या, भूतशास्त्र, धनुर्वेद, ज्योतिषविद्या, गारुडविद्या, तथा नृत्य संगीतादि विद्या के अध्ययन कर लेने पर भी आत्मज्ञान न होने से शोकमग्न हो नारद सनत्कुमार के पास शिष्यभाव से उपसन्न हुए सनत्कुमार जी ने कहा तुम्हारी पढ़ी हुई यह समस्त विद्या नाम ही है। अतः प्रतिमा में विष्णु बुद्धि की भाँति तू ब्रह्म बुद्धि से नाम की उपासना कर सनत्कुमार से उपदिष्ट नारद ने नाम ब्रह्म की उपासना की। तत्पश्चात् नारद ने उससे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रेष्ठ वस्तु को जानने के लिए बार-बार प्रश्न किया। अतः द्वितीयखण्ड से लेकर पन्द्रहवें खण्ड तक क्रमशः एक की अपेक्षा दूसरे को श्रेष्ठ कहकर वाणी, मन, संकल्प, ध्यान, विज्ञान, बल, अन्न, जल, तेज, आकाश, स्मर, आशा और प्राण को श्रेष्ठ बतलाते हुए उनकी उपासना ब्रह्म बुद्धि से करने के लिए सनत्कुमार ने नारद को उपदेश किया। वहाँ पर इन प्रतीकोपासनाओं का पृथक्-पृथक् फल भी बतलाया गया है। तत्पश्चात् प्राण से श्रेष्ठ तत्त्व के विषय में नारद जी के प्रश्न न करने पर भी अपने शिष्य नारद को अकृतार्थ देखकर शिष्य को कृतार्थ करने के लिए सनत्कुमार जो उपदेश का क्रम बनाये रखते हैं। सोलहवें खण्ड से इक्कीसवें खण्ड तक सत्य, विज्ञान, मति, श्रद्धा, निष्ठा और कृति को उपासना के योग्य बतलाते हुए सनत्कुमार जी ने इनकी उपासना के लिए नारद जी को उपदेश किया।

बाईसवें खण्ड से छब्वीसवें खण्ड तक निर्गुण निर्विशेष सुख स्वरूप भूमातत्त्व का उपदेश सनत्कुमार ने किया है। जहाँ द्रष्टा, दर्शन एवं दृश्य भेद समाप्त हो जाता है, वही भूमा है। अपरिच्छिन्न ब्रह्मस्वरूप है, वह आत्मा है, उससे भिन्न परिच्छिन्न वस्तु नश्वर है। वह भूमा सबकी प्रतिष्ठा है, उसकी कोई अन्य प्रतिष्ठा नहीं है। वह तो अपनी ही महिमा में प्रतिष्ठित है। उस भूमा की व्यापकता बतलाते हुए तटस्थ रूप से, अहंकारादेश और आत्मादेश रूप से भी सनत्कुमार ने नारद को बतलाया है। भूमतत्त्व को जानने वाला सब कुछ जान लेता है। वह निर्विशेष ब्रह्मभाव से प्रतिष्ठित हो जाता है। इसीलिए उसे त्रिविध ताप सताते नहीं हैं। यदि उसके मन में संकल्प हो जाए तो अनेक रूपों में अपने को विभक्त देखता हुआ सम्पूर्ण विश्व के ऐश्वर्य का भोक्ता अपने को समझता है। इस भूमतत्त्व तक पहुँचने के लिए प्रथम आहार शुद्धि की आवश्यकता है, उससे अन्तःकरण की शुद्धि हो जाने पर अचल स्मृति होती है और इस स्मृति के बाद सम्पूर्ण ग्रन्थियों का विमोक हो जाता है। आचार्य सनत्कुमार से भूमतत्त्व का उपदेश ग्रहण कर नारद कृतकृत्य हो गए एवं शोक-मोह से अतीत हो गए उस समय विश्व के सभी विद्वान् सनत्कुमार जी को स्कन्द शब्द से सम्बोधित करने लगे।

अष्टमाध्याय

इसमें पन्द्रह खण्ड हैं। प्रथमखण्ड में दहरपुण्डरीक में ब्रह्म की उपासना बतलायी गयी है। और कर्मफल को अनित्य कहा गया है। द्वितीयखण्ड में दहर ब्रह्म की उपासना का फल सत्य संकल्पत्व की प्राप्ति बतलायी गयी है। तृतीयखण्ड में असत् से आवृतसत् की और नामाक्षर की उपासना कही गयी है। चतुर्थखण्ड में सेतु स्वरूप आत्मा की उपासना और उपासना का फल बतलाया गया है। पञ्चमखण्ड में ब्रह्मचर्य दृष्टि से यज्ञादि की उपासना कही गयी है। षष्ठखण्ड में हृदयस्थ नाड़ियाँ तथा आदित्य रश्मियों की उपासना बतलायी गयी है। सप्तमखण्ड में आत्मतत्त्व अनुसन्धानके लिए देवराज इन्द्र और असुरराट् विरोचन की शिष्यभाव से प्रजापति के पास जाने की बात कही गयी है। बत्तीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य पालन करते हुए आचार्य की उपासना के बाद अष्टमखण्ड में प्रजापति जलपूर्ण सकोरे में आत्म प्रतिबिम्ब का दर्शन कराते हैं, जिससे स्थूल शरीर को ही आत्मा मानकर असुरों का राजा विरोचन अपने को कृतकृत्य मानने लगा किन्तु स्थूल शरीर के प्रतिबिम्ब में या बिम्बभूत स्थूलदेह में प्रजापति की घोषणा के अनुसार आत्मा का लक्षण घटता न देखकर इन्द्र पुनः प्रजापति के पास आकर पूछते हैं। यह नवमखण्ड में वर्णित है। दशमखण्ड में बत्तीस वर्ष पुनः ब्रह्मचर्य पालन करते हुए अपने शरणापन्न इन्द्र को प्रजापति ने स्वाप्न पुरुष का उपदेश किया, फिर भी इन्द्र को आत्मा का यथार्थ बोध न हो सका। अतः उन्हें प्रजापति की आज्ञा से पुनः बत्तीस वर्ष तक गुरुकुल वास करना पड़ा। तत्पश्चात् प्रजापति ने इन्द्र को सौषुप्त पुरुष का उपदेश किया। इस सौषुप्त आत्मा में भी आत्मा के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पूर्वोक्त लक्षण को घटता हुआ न देखकर संशय ग्रस्त हो इन्द्र पुनः प्रजापति की शरण होते हैं। इस बार केवल पाँच वर्ष तक ही ब्रह्मचर्य पालन पूर्वक गुरुकुल वास करने के लिए प्रजापति ने इन्द्र को कहा, यह बात एकादशखण्ड में बतलायी गयी है।

द्वादशखण्ड में तीनों देहों को मरणधर्मा बतलाते हुए उनमें आत्मबुद्धि करने वाला शरीराभिमानी जीव इष्टानिष्ट से मुक्त नहीं हो सकता, किन्तु शरीराभिमान से शून्य आत्मनिष्ठ को इष्ट और अनिष्ट का कभी भी स्पर्श नहीं होता। ऐसा कहने के बाद प्रजापति ने यह भी कहा कि इन तीनों देहों में शरीराभिमान का परित्याग कर तत्त्ववित् पुरुष परम ज्योति को प्राप्त करता है। तत्पश्चात् वह ब्रह्म से अभेदभाव को प्राप्त हो जाता है। वह उत्तम पुरुष है, उसकी उपासना देवता लोग ब्रह्मलोक में करते हैं। वह सम्पूर्ण लोकों को तथा सम्पूर्ण भोगों को भी प्राप्त कर लेता है।

तेरहवें खण्ड में "श्यामाच्छबलं प्रपद्ये" इत्यादि मन्त्र का उपदेश जाप के लिए किया गया है चतुर्दशखण्ड में आकाश नामक प्रसिद्ध आत्मा को संसार के समस्त नामरूप का निर्वाहक कहा गया है वह आत्मा ब्रह्मस्वरूप और अमृत है। उस ब्रह्म को प्राप्त करने के बाद शरीर ग्रहण के लिए पुनः मातृगर्भ में न जाऊँ, ऐसी प्रार्थना बतलायी गयी है। पञ्चदश खण्ड में आत्मज्ञान का उपसंहार करते हुए इस विद्या की वंश परम्परा का वर्णन किया गया है। वेदाध्ययन कर आचार्य कुल से गार्हस्थ्य जीवन में आने वाले के लिए कुछ पालनीय कर्तव्यों का उपदेश किया गया है। अन्त में ब्रह्मलोक गये हुये जीव की अपुनरावृत्ति बतलायी गयी है।

इस प्रकार समस्त छान्दोग्योपनिषत् का संक्षेप में वर्णन कर दिया गया है। विस्तार से मूल ग्रन्थ में अध्ययन करते समय शांकरभाष्य, आनन्दगिरि टीका, मूल तथा भाष्य के अनुवाद और टिप्पण में पाठकगण देखेंगे ही।

कैलास आश्रम शताब्दी प्रसंग पर संकल्पित प्रकाशनों में छान्दोग्योपनिषत् का प्रकाशन अपना विशिष्ट महत्त्व रखता है। इसकी टिप्पण की प्रेसकापी तथा भाष्य के अनुवाद करने में हमारे प्रिय श्री डॉ॰ उमेशानन्द जी शास्त्री ने अथक परिश्रम किया है। इसके सम्पादन में उन्होंने अपनी बुद्धि कौशल का अपूर्व परिचय दिया है। जिसके फलस्वरूप इसका सम्पादन तथा प्रकाशन निर्दोष सम्भव हो सका है। एतदर्थ डॉ॰ उमेशानन्द जी शास्त्री तथा इनके सहयोगी ब्रह्मचारी रामानन्द जी शास्त्री भूरिशः धन्यवाद के पात्र हैं। पर कागज की दुर्भलता के कारण पाठकों के पास तक इस प्रकाशन के पहुँचने में कुछ विलम्ब अवश्य हुआ। इससे सम्भवतः इसके प्रति अधिकाधिक रुचि बढ़ेगी ऐसी आशा की जाती है।

इससे पूर्व शांकरभाष्य सहित छान्दोग्योपनिषत् के समस्त प्रकाशनों की अपेक्षा प्रस्तुत प्रकाशन में अपूर्वता है। इसमें यथा सम्भव मन्त्र, उसका हिन्दी अनुवाद, भाष्य, उसकी आनन्दगिरि टीका और भाष्य का अनुवाद यथा सम्भव नियत पृष्ठ में रखे गये हैं, जिससे अध्ययन अध्यापन में प्रभूत सौविध्य प्राप्त होगा। आशा है पाठकगण इससे पूर्ण लाभ उठाकर अपने जीवन को कृतकृत्य बनायेंगे। इत्यों शम्।

श्रीशङ्करः प्रीयताम्

भगवत्पादीय:

श्रावणी पूर्णिमा
वि० सं०२०४०

आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यानन्द गिरि
कैलास आश्रम ऋषिकेश (उ॰प्र॰)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ

विषयानुक्रमणिका

प्रथम अध्याय

प्रथम खण्ड—उपोद्घात १
उद्गीथदृष्टि से ओंकार की उपासना ७
रसों में श्रेष्ठ उद्गीथ है १०
उद्गीथ उपासनान्तर्वर्ती ऋक्, साम एवं उद्गीथ का निर्णय १२
उक्त मिथुन के ओंकार में संसृष्ट होने का फल १५
उक्त उपासना का फल १६
ओंकार में समृद्धि गुण १६
ओंकार की स्तुति १८
अज्ञानी और ज्ञानी के कर्मफल में भेद १६
द्वितीय खण्ड—निम्नाङ्कित आख्यायिका से प्राण उपासना श्रेष्ठ सिद्ध होती है २२
घ्राण आदि का असुरों से पराभव २४
मुख्य प्राण से आसुरों की हार २८
प्राण उपासक की महिमा २६
प्राण का आङ्गिरस नाम क्यों ? ३२
प्राण का बृहस्पति नाम क्यों ? ३३
प्राण का आयास्य नाम क्यों ? ३४
प्राण से ओंकार की उपासना ३५
तृतीय खण्ड—सूर्य दृष्टि से उद्गीथ की उपासना ३६
आदित्य और प्राण में साम्य होने के कारण प्राण दृष्टि से उद्गीथ की उपासना ३७
व्यान रूप से उद्गीथ की उपासना ३८
वाक्, ऋक्, साम और उद्गीथ समानता का हेतु ४०
उद्गीथ के अक्षरों में द्युलोकादि और साम वेदादि दृष्टि ४२
सकाम उपासन का प्रकार ४३
चतुर्थ खण्ड—उद्गीथ नामक ओंकार उपासना के लिए आख्यान ४६
ओम् की महिमा ४८
ओंकार उपासना का फल ४६
पंचम खण्ड—ओंकार, उद्गीथ और आदित्य की उपासना
रश्मि दृष्टि से सविता की व्यस्त उपासना का विधान
मुख्य प्राण रूप से उद्गीथ की उपासना
मुख्य प्राण की उपासना का फल
प्रणव और उद्गीथ का एकत्व
षष्ठ खण्ड—उद्गीथ संबन्धी आधिदैविक उपासनाएँ
सप्तम खण्ड—उद्गीथ संबन्धी अध्यात्म उपासनाएँ
अध्यात्म एवं अधिदैव पुरुष की एकता
अभेद दृष्टि से की गई उपासना का फल
अष्टम खण्ड—अनेकधा दृष्टान्तों से उद्गीथ उपासना का उत्कर्ष प्रदर्शन
नवम खण्ड—शिलक के मत में आकाश सब का आश्रय माना गया है
इस उद्गीथ की उत्कृष्टता और उपासना का परिणाम
दशम खण्ड—उषस्ति चाक्रायण का आख्यान
एकादश खण्ड—राजा और उषस्ति का संवाद
प्रस्ताव देवता के विषय में प्रस्तोता का प्रश्न
प्रस्ताव में अनुगत देवता प्राण है
उद्गाता का प्रश्न
उद्गीथानुगत देवता आदित्य है
प्रतिहर्ता का प्रश्न
प्रतिहारानुगत देवता अन्न है
द्वादश खण्ड—शौव साम का उपाख्यान
श्वानों द्वारा किया गया हिंकार
त्रयोदश खण्ड—साम के अवयव स्तोभाक्षर की उपासना
उक्त उपासनाओं का फल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्वितीय अध्याय

प्रथम खण्ड—सर्वावयव विशिष्ट साम की साधु दृष्टि से उपासना ... ९९

द्वितीय खण्ड—लोक में पंचविध साम की उपासना ... १०२

अधोलोक में पाँच प्रकार की सामोपासना ... १०४

तृतीय खण्ड—वृष्टि में पाँच प्रकार की उपासना ... १०६

चतुर्थ खण्ड—जलों में पाँच प्रकार की सामोपासना ... १०७

पंचम खण्ड—ऋतुओं में पंचविध साम की उपासना ... १०८

षष्ठ खण्ड—पशुओं में पंचविध साम की उपासना ... ११०

सप्तम खण्ड—प्राणों में पञ्चविध साम की उपासना ... १११

अष्टम खण्ड—वाणी में सप्तविध साम की उपासना ... ११३

नवम खण्ड—आदित्य दृष्टि से सप्तविध साम की उपासना ... ११५

दशम खण्ड—मृत्यु से अतीत सप्तविध सामोपासना ... १२१

एकादश खण्ड—गायत्र नामक साम की उपासना ... १२५

द्वादश खण्ड—रथन्तर सामोपासना ... १२६

त्रयोदश खण्ड—वामदेव्य सामोपासना ... १२८

चतुर्दश खण्ड—आदित्य में बृहत्सामोपासना ... १३०

पंचदश खण्ड—मेघ में वैरूप सामोपासना ... १३१

षोडश खण्ड—वैराज सामोपासना ... १३२

सप्तदश खण्ड—शक्वरी सामोपासना ... १३३

अष्टादश खण्ड—पशुओं में रेवती सामोपासना ... १३४

एकोनविंश खण्ड—यज्ञायज्ञीय सामोपासना ... १३५

विंश खण्ड—राजन सामोपासना ... १३६

एकविंश खण्ड—सभी में साम उपासना ... १३८

सर्व विषयक सामोपासना का फल ... १३९

इस सामोपासना का उत्कर्ष ... १३९

द्वाविंश खण्ड—विनर्दि गुण युक्त सामोपासना ... १४०

स्तुति के समय में ध्यान विधि ... १४२

स्वरादि वर्णों की देवरूपता ... १४२

वर्णों के उच्चारण काल में चिन्तनीय वस्तु ... १४४

त्रयोविंश खण्ड—धर्म के तीन स्कन्ध हैं ... १४५

त्रयी विद्या और व्याहृतियों का प्रादुर्भाव ... १५८

ॐकार का प्रादुर्भाव ... १५९

चतुर्विंश खण्ड—सवनों के अधिष्ठाता देवता ... १६०

साम आदि का ज्ञाता ही यज्ञ का अधिकारी है ... १६१

प्रातःसवन में वसुदेव संबन्धी सामगान ... १६२

मध्याह्न सवन में रौद्रसामगान ... १६४

तृतीय सवन संबन्धी देवता के सामगान ... १६५

तृतीय अध्याय

प्रथम खण्ड—आदित्यादि में मधु आदि की दृष्टि ... १६९

आदित्य की पूर्व दिग्वर्ती किरणों में मधुनाड्यादि दृष्टि ... १७०

द्वितीय खण्ड—आदित्य के दक्षिणावर्ती किरणों में मधुनाड्यादि दृष्टि ... १७३

तृतीय खण्ड—आदित्य के पश्चिम दिग्वर्ती किरणों में मधुनाड्यादि दृष्टि ... १७५

चतुर्थ खण्ड—आदित्य की उत्तर दिग्वर्ती किरणों में मधुनाड्यादि दृष्टि ... १७६

पंचम खण्ड—आदित्य की ऊर्ध्व दिग्वर्ती किरणों में मधुनाड्यादि दृष्टि ... १७७

षष्ठ खण्ड—वसुओं के उपजीवन रूप प्रथम अमृत की उपासना ... १७९

सप्तम खण्ड—रुद्रों के उपजीवन रूप द्वितीय अमृतकी उपासना ... १८२

अष्टम खण्ड—आदित्यों के उपजोवन रूप तृतीय अमृत की उपासना ... १८३

नवम खण्ड—मरुतों के उपजीवन रूप चतुर्थ अमृत की उपासना ... १८६

दशम खण्ड—साध्यों के उपजीवन रूप पंचम अमृत की उपासना ... १८८

एकादश खण्ड—भोग क्षय के बाद आदित्य रूप ब्रह्म में प्रतिष्ठा ... १९०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मलोक विषयक विद्वान् की अनुभव १६२
मधु विद्या का फल १६२
सम्प्रदाय परम्परा का वर्णन १६३
द्वादश खण्ड—गायत्री द्वारा ब्रह्मोपासना १६६
कार्य और शुद्ध ब्रह्म का स्वरूप २००
भूत देह और हृदय में एक ही आकाश परिपूर्ण है २०१
त्रयोदश खण्ड—हृदयस्थ पूर्व छिद्र रूप प्राण की उपासना २०३
हृदयस्थ दक्षिण छिद्र रूपी व्यान की उपासना २०५
हृदयस्थ पश्चिम छिद्र रूप अपान की उपासना २०६
हृदयस्थ उत्तरदिग्वर्ती छिद्र रूप समान की उपासना २०७
हृदयस्थ ऊर्ध्व दिग्वर्ती छिद्र रूप उदान की उपासना २०८
उक्त प्राणादि द्वारपालकों की उपासना का फल २०९
हृदयस्थ मुख्य ब्रह्म की उपासना २१०
हृदयस्थ परम ज्योति का ज्ञापक लिङ्ग २११
चतुर्दश खण्ड—शाण्डिल्य विद्यान्तर्गत सर्व दृष्टि से ब्रह्मोपासना २१५
समग्र ब्रह्म में आरोपित चिन्तनीय गुण २१८
ब्रह्म अणु से अणु है और महान् से महान् है २२१
हृदयस्थ ब्रह्म और परब्रह्म का अभेद २२२
पञ्चदश खण्ड—विराट् कोश की उपासना २२५
षोडश खण्ड—आत्मयज्ञ का संपादन २२९
सप्तदश खण्ड—अक्षयादि फलप्रद आत्म यज्ञोपासना २३५
अष्टादश खण्ड—मन आदि में अध्यात्म और अधिदैव दृष्टि से ब्रह्म की उपासना २४२
एकोनविंश खण्ड—आदित्य और अण्ड दृष्टि से अध्यात्म तथा आधिदैविक उपासना २४६

चतुर्थ अध्याय

प्रथम खण्ड—राजा जानश्रुति और रैक्व की कथा २५२
द्वितीय खण्ड—रैक्व के पास विधिपूर्वक जानश्रुति की उपसत्ति २५
तृतीय खण्ड—संवर्ग विद्या का उपदेश २६
संवर्ग विद्या की स्तुति के लिए आख्यान २६
चतुर्थ खण्ड—ब्रह्मचर्य पूर्वक सत्यकाम की गोसेवा २७
पञ्चम खण्ड—सत्यकाम को ब्रह्म के प्रथम पाद का उपदेश साँड ने किया २७
षष्ठ खण्ड—अग्नि द्वारा ब्रह्म के द्वितीय पाद का उपदेश २७
सप्तम खण्ड—हंस ने ब्रह्म के तृतीय पाद का उपदेश किया २८
अष्टम खण्ड—मद्गु ने ब्रह्म के चतुर्थ पाद का उपदेश किया २८
नवम खण्ड—आचार्य मुख से सत्यकाम का उपदेश ग्रहण २८
दशम खण्ड—अग्नि ने उपकोसल को ब्रह्म-विद्या का उपदेश किया २८
एकादश खण्ड—गार्हपत्याग्नि २९
द्वादश खण्ड—अन्वाहार्यपचनाग्नि विद्या २९
त्रयोदश खण्ड—आहवनीयाग्नि विद्या २९
चतुर्दश खण्ड—आचार्य का शुभागमन २९
गुरु-शिष्य संवाद ३०
पञ्चदश खण्ड—नेत्रस्थ पुरुष की उपासना का उपदेश ३०
ब्रह्मज्ञानी की गति ३०
षोडश खण्ड—यज्ञ की उपासना ३०
ब्रह्मा के मौन भंग होने पर यज्ञ की हानि ३१
ब्रह्मा के मौन धारण से यज्ञ की सिद्धि ३१
सप्तदश खण्ड—यज्ञ दोष के निवारणार्थ व्याहृति की उपासना ३१
विद्वान् ब्रह्मा की विशेषता ३१

पंचम अध्याय

प्रथम खण्ड—ज्येष्ठादि गुण विशिष्ट प्राण की उपासना ३
इन्द्रियों का परस्पर विवाद ३
श्रेष्ठता के लिए प्रजापति का निर्णय ३

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वाणी की परीक्षा ३२४
नेत्र की परीक्षा ३२५
श्रोत्र की परीक्षा ३२६
मन की परीक्षा ३२६
परीक्षा में प्राण की विजय ३२७
इन्द्रियों ने प्राण की स्तुति की ३२७
द्वितीय खण्ड—प्राण के अन्न का वर्णन ३३२
प्राण का वस्त्र ३३४
प्राणविज्ञान की स्तुति ३३६
मन्थ कर्म ३३७
तृतीय खण्ड—पाञ्चालों की परिषद् में श्वेतकेतु ३४२
श्वेतकेतु के प्रति प्रवाहण के प्रश्न ३४३
पिता-पुत्र का प्रवाहण के पास जाना ३४६
चतुर्थ खण्ड—द्युलोक रूप अग्नि विज्ञान ३५१
पंचम खण्ड—पर्जन्य रूपा अग्नि विद्या ३५४
षष्ठ खण्ड—पृथिवी रूपा अग्नि विद्या ३५५
सप्तम खण्ड—पुरुष रूपा अग्नि विद्या ३५७
अष्टम खण्ड—स्त्री रूपा अग्नि विद्या ३५८
नवम खण्ड—पंचम आहुति में पुरुषसंज्ञा को प्राप्त हुए 'आप' की गति ३६०
दशम खण्ड—प्रथम प्रश्न का उत्तर ३६२
द्वितीय प्रश्न का उत्तर ३७०
तृतीय प्रश्न का उत्तर ३७३
संस्कार युक्त जीवों की कर्मानुसार गति ३८६
चतुर्थ प्रश्न का उत्तर ३८८
पंचाग्नि विद्या की महिमा ३९१
एकादश खण्ड—आत्ममीमांसा का प्रस्ताव ३९२
औपमन्यवादि का उद्दालक के पास जाना ३९३
आए हुए ऋषियों के सहित उद्दालक अश्वपति के पास गया ३९४
अश्वपति द्वारा अभ्यागतों का स्वागत ३९५
अश्वपति के प्रति मुनियों की विधिपूर्वक उपसत्ति ३९७
द्वादश खण्ड—अश्वपति तथा औपमन्यव का संवाद ३९८
त्रयोदश खण्ड—अश्वपति और सत्ययज्ञ का संवाद ४००
चतुर्दश खण्ड—अश्वपति तथा इन्द्रद्युम्न का संवाद ४०२
पंचदश खण्ड—अश्वपति और जन का संवाद ४०४
षोडश खण्ड—अश्वपति और बुडिल का संवाद ४०५
सप्तदश खण्ड—अश्वपति और उद्दालक का संवाद ४०७
अष्टादश खण्ड—समस्त वैश्वानर उपासना का फल ४०८
समस्त वैश्वानर का वर्णन ४१०
एकोनविंश खण्ड—भोजन में अग्निहोत्रत्व के लिए प्रथम प्राणाहुति का वर्णन ४११
विंश खण्ड—द्वितीय प्राणाहुति ४१३
एकविंश खण्ड—तृतीय आहुति का वर्णन ४१४
द्वाविंश खण्ड—चतुर्थ आहुति का वर्णन ४१४
त्रयोविंश खण्ड—पंचम आहुति का वर्णन ४१५
चतुर्विंश खण्ड—अविद्वानों का अग्निहोत्र ४१६
विद्वानों का अग्निहोत्र ४६१

षष्ठ अध्याय

प्रथम खण्ड—आरुणि का श्वेतकेतु के प्रति उपदेश ४२०
द्वितीय खण्ड—पक्षान्तर खण्डनपूर्वक जगत् की सद्रूपता का वर्णन ४२६
तृतीय खण्ड—सृष्टि का क्रम वर्णन ४४३
चतुर्थ खण्ड—एक विज्ञान से सर्वविज्ञान की उत्पत्ति ४५१
पंचम खण्ड—
षष्ठ खण्ड—अन्नादि का सूक्ष्म भाग ही मन आदि वर्णन ४६३
सप्तम खण्ड—षोडश कला विशिष्ट पुरुष का वर्णन ४६५
अष्टम खण्ड—सुषुप्ति-कालीन जीव की स्थिति का वर्णन ४७०
नवम खण्ड—मधुमक्खियों के दृष्टान्त से सौषुप्त पुरुष का ज्ञान ४८७
दशम खण्ड—नदी के दृष्टान्त से ब्रह्म आत्मा की एकता का वर्णन ४९०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एकादश खण्ड—वृक्ष के दृष्टान्त से सत्य आत्मा का उपदेश ४९२
द्वादश खण्ड—वटवृक्ष के दृष्टान्त से सत्य आत्मा का उपदेश ४९६
त्रयोदश खण्ड—लवण दृष्टान्त से सत्य आत्मा का उपदेश ४९९
चतुर्दश खण्ड—विवेकी पुरुष के दृष्टान्त से सत्य का उपदेश ५०३
पंचदश खण्ड—मरणासन्न पुरुष के दृष्टान्त से सत्य का उपदेश ५०९
षोडश खण्ड—चोर के द्वारा तप्तपरशु को ग्रहण कराकर सत्य का उपदेश ५१२

सप्तम अध्याय

प्रथम खण्ड—सनत्कुमार के पास जाकर नारद का उपदेश ग्रहण ५२१
द्वितीय खण्ड—नाम की अपेक्षा वाणी की श्रेष्ठता ५२९
तृतीय खण्ड—वाणी से मन की श्रेष्ठता का वर्णन ५३१
चतुर्थ खण्ड—मन की अपेक्षा संकल्प की श्रेष्ठता का वर्णन ५३३
पंचम खण्ड—संकल्प की अपेक्षा चित्त की श्रेष्ठता ५३८
षष्ठ खण्ड—चित्त से ध्यान की श्रेष्ठता ५४१
सप्तम खण्ड—ध्यान से विज्ञान की श्रेष्ठता ५४४
अष्टम खण्ड—विज्ञान से बल की महत्ता ५४५
नवम खण्ड—बल से अन्न श्रेष्ठ है ५४८
दशम खण्ड—अन्न की अपेक्षा जल की श्रेष्ठता ५५०
एकादश खण्ड—जल की अपेक्षा तेज की श्रेष्ठता ५५२
द्वादश खण्ड—तेज की अपेक्षा आकाश की श्रेष्ठता ५५४
त्रयोदश खण्ड—आकाश की अपेक्षा स्मरण की श्रेष्ठता ५५६
चतुर्दश खण्ड—स्मरण से आशा की श्रेष्ठता ५५८
पंचदश खण्ड—आशा की अपेक्षा प्राण की श्रेष्ठता ५६०
षोडश खण्ड—सत्य ही ज्ञातव्य है ५६६
सप्तदश खण्ड—विज्ञान ही ज्ञातव्य है ५६७
अष्टादश खण्ड—मति ही जानने योग्य है ५७०
एकोनविंश खण्ड—श्रद्धा ही जानने योग्य है ५७०
विंश खण्ड—निष्ठा ही ज्ञातव्य है ५७१
एकविंश खण्ड—कृति ही ज्ञातव्य है ५७२
द्वाविंश खण्ड—सुख ही ज्ञातव्य है ५७२
त्रयोविंश खण्ड—भूमा ही ज्ञातव्य है ५७४
एतुविंश खण्ड—भूमा के स्वरूप का वर्णन ५७४
पंचविंश खण्ड—भूमा की सर्वव्यापकता ५७९
षड्विंश खण्ड—विद्वान् को सर्वत्र आत्मरूप हो जाता है ५८३

अष्टम अध्याय

प्रथम खण्ड—दहर कमल में ब्रह्म की उपासना ५८८
कर्मफल की अनित्यता ५९८
द्वितीय खण्ड—दहर ब्रह्म की उपासना का फल ६००
तृतीय खण्ड—असत् से ढके हुए सत् को और नामाक्षर की उपासना ६०३
चतुर्थ खण्ड—सेतु स्वरूप आत्मोपासना का फल ६११
पंचम खण्ड—यज्ञादि में ब्रह्मचर्य दृष्टि ६१५
षष्ठ खण्ड—हृदयस्थ नाड़ी तथा आदित्य रश्मि की उपासना ६२४
सप्तम खण्ड—आत्मतत्त्व की जिज्ञासा से इन्द्र और विरोचन का प्रजापति के पास आना ६३४
अष्टम खण्ड—जलपूर्ण सकोरे में आत्म प्रतिबिम्ब का दर्शन ६४२
नवम खण्ड—प्रजापति के पास फिर से इन्द्र का आना ६५०
दशम खण्ड—इन्द्र को स्वप्न पुरुष का उपदेश ६५५
एकादश खण्ड—इन्द्र के प्रति सुषुप्त पुरुष का उपदेश ६६०
द्वादश खण्ड—मरणधर्मा देहादि का उपदेश ६६३
त्रयोदश खण्ड—'श्यामाच्छबलम्' इत्यादि मन्त्र का जप के लिए उपदेश ६९०
चतुर्दश खण्ड—आकाश नामक ब्रह्म का उपदेश ६९१
पंचदश खण्ड—आत्मज्ञान का उपसंहार ६४६

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ तत्सद्ब्रह्मणे नमः ।

सामवेदीया

छान्दोग्योपनिषत्

सटिप्पणव्याख्यात्रयोपेतशांकरभाष्यसमेता ।

(अथ श्रीमच्छंकरभगवत्पादविरचितं भाष्यम्)

(तत्र भाष्यकारोपोद्घातः ।)

ओमित्येतदक्षरमित्याद्यष्टाध्यायी छान्दोग्योपनिषत् । तस्याः संक्षेपतोऽर्थजिज्ञासुभ्य ऋजुविवरणमल्पग्रन्थमिदमारभ्यते ।

(अथाऽऽनन्दगिरिकृता टीका)

नमो जन्मादिसंबन्धबन्धविध्वंसहेतवे । हरये परमानन्दवपुषे परमात्मने ॥१॥
नमस्त्रय्यन्तसंदोहसरसीरुहभानवे । गुरवे परपक्षौघध्वान्तध्वंसपटीयसे ॥२॥

छन्दोगानामुपनिषद्भेदं व्याचिख्यासुर्भगवान्भाष्यकारश्चिकीर्षितग्रन्थपरिसमाप्तिप्रचयपरिपन्थिदुरितनिबर्हणसिद्ध्यर्थमोंकारोच्चारणलक्षणं मङ्गलाचरणं संपादयन्व्याख्येयस्वरूपं दर्शयति—ओमित्येतदिति । व्याख्यातं सप्रयोजनं प्रतिजानीते—तस्या इति । ननु शारीरके भूयःसु प्रदेशेषु विस्तरेण व्याख्यातत्वादमुष्या भाष्यं किमिति संप्रत्यारभ्यते तत्राऽऽह—संक्षेपत इति । विस्तरेण व्याख्यातत्वेऽपि संग्रहतो व्याख्यानमस्याः संप्रधीयते विस्तृतस्य संक्षिप्य [1]ग्रहणे सुग्रहत्वादित्यर्थः । किं च न चेयं यथापाठक्रमं व्याख्याता । प्रकृते तु पाठक्रममनतिक्रम्य व्याख्यायते तद्युक्तमिदं भाष्यमित्याह—ऋजुविवरणमिति । ऋजु पाठक्रमानुसारि विवरणमर्थस्फुटीकरणं प्रकृतोपनिषदो यस्मिन्भाष्ये तत्तथेति यावत् । अथ पाठक्रममाश्रित्यापि द्राविडं भाष्यं प्रणीतं तत्किमनेनेत्याशङ्क्याऽऽह—अल्पग्रन्थमिति । तथाऽपि विशिष्टाधिकार्यभावे कथमिदमारभ्यते तत्राऽऽह—अर्थजिज्ञासुभ्य इति । ये हि मुमुक्षवोऽस्या विवक्षितमर्थं जिज्ञासन्ते तेभ्यो भाष्यमिदं प्रस्तूयते । तथा च विशिष्टाधिकारिसंभवे तदारम्भः संभवति तस्य च प्रकृतोपनिषदर्थपरिज्ञानमवान्तरफलं तद्द्वारा कैवल्यं परमं फलमिति भावः ।

(अथ डॉ० उमेशानन्द शास्त्री कृत 'कुमुदतोषिणी' टीका)

ब्रह्मविद्यात्मिकां राधामकामेनाऽपि संस्तुताम् ।
कृष्णं तद्भावनायुक्तां नमामि भवमोचिनीम् ॥

"ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत" इत्यादि मन्त्र से प्रारम्भ होने वाली आठ अध्यायों से विभूषित छान्दोग्य उपनिषत् है । विवक्षित अर्थ के जिज्ञासु मुमुक्षुओं के लिए इसके पाठक्रमानुसारी विवरणात्मक अल्पग्रन्थ का समारम्भ किया जाता है ।

(अथ विद्यावाचस्पतिस्वामिविष्णुदेवानन्दगिरिविरचितं टिप्पणम्)

१. ग्रहणे व्याख्यान इति यावत् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तत्र। संबन्धः समस्तं कर्माधिगतं प्राणाग्न्यादिदेवताविज्ञानसहितमर्चिरादि-मार्गेण। ब्रह्मप्रतिपत्तिकारणम्। केवलं च धूमादिमार्गेण चन्द्रलोकप्रतिपत्तिकारणम्। स्वभावप्रवृत्तानां च मार्गद्वयपरिभ्रष्टानां कष्टाऽधोगतिरुक्ता।

न चोभयोर्मार्गयोरन्यतरस्मिन्नपि मार्गे आत्यन्तिकी पुरुषार्थसिद्धिरित्यतः

ननु कर्मविधिशेषत्वादुपनिषदस्तद्व्याख्यानेनैव कृतव्याख्यानत्वात्पिष्टपिष्टिप्रसङ्गात्कृतं तद्भाष्येणेत्याशङ्क्य शेषशेषित्वे प्रमाणाभावान्मैवमित्यभिप्रेत्य पूर्वोत्तरकाण्डयोर्नियतपूर्वापरभावप्रयुक्तं संबन्धं प्रतिजानीते—तत्रेति। तस्या व्याख्येयत्वेन प्रस्तुताया उपनिषदः कर्मकाण्डेन सह संबन्धोऽभिधीयत इत्यर्थः। कोऽसावित्यपेक्षायां तदभिधित्सया कर्मकाण्डार्थमनुवदति—समस्तमिति। विहितं प्रतिषिद्धं च कर्म पूर्वस्मिन्काण्डे प्रतिपन्नमित्यर्थः। तत्र हि विहितं समुच्चितमसमुच्चितं चेति द्विविधमित्यङ्गीकृत्य समुच्चितस्य फलमनुवदति—प्राणाग्न्यादीति। प्राणश्चाग्निश्चेत्याद्या देवता तद्विज्ञानं तदुपासनं तेन समुच्चितमग्निहोत्रादि कर्मार्चिराद्युपलक्षितेन देवयानेन पथा कार्यब्रह्मप्राप्तौ कारणं न तु ब्रह्मप्राप्तौ तस्य गन्तव्यत्वाभावात्कार्यस्यैव गन्तव्यताया 'बादर्यधिकरणे[1] राद्धान्तितत्वात्। तस्मान्न समुच्चितं विहितं कर्म परमपुरुषार्थहेतुरित्यर्थः। तस्यैवासमुच्चितस्य फलमाह—केवलं चेति। विहितस्य गतिमुक्त्वा प्रतिषिद्धस्य गतिमाह—स्वभावेति। स्वभावेन शास्त्रापेक्षामन्तरेण प्रकृतिवशादेव प्रवृत्ता यथेष्टचेष्टारसिकास्तेषां कर्मज्ञानाभावाद्देवयाने पितृयाणे च पथ्यनधिकृतानामधोगतिस्तिर्यगवस्था क्षुद्रजन्तुलक्षणाऽपुनरावृत्तिदुर्लभा वाक्येन।

अन्यतरस्मिन्नेवाधिकृतानां परमः पुरुषार्थः सेत्स्यति। "शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते" इति स्मृत्या तयोर्नित्यफलत्वप्रतिपत्तेरत आह—न चोभयोरित्यादि। ननु मार्गद्वयभ्रष्टानां पुरुषार्थाभावेऽपि द्वयोः पथोरन्यतरस्मिन्वा भविष्यतीति चेत्तत्र न तावद्देवयाने पथि निमित्ते निरतिशयपुरुषार्थसिद्धिः। "इमं मानवमावर्तं नाऽऽवर्तन्ते" "तेषामिह न पुनरावृत्तिः" इत्यत्रेममिहेति विशेषणादेकृया यात्यनावृत्तिमिति स्मृतावनावृत्तेरेतत्कल्पविषयत्वात्कल्पान्तरेऽप्यनावृत्तावपि विशेषणानर्थक्यात्। नापि पितृयाणे पथि निरतिशयपुरुषार्थसिद्धिः। "एतमेवाध्वानं पुनर्निवर्तन्ते"। "अन्ययाऽऽवर्तते पुनः" इति चन्द्रस्थलस्खलनावगमात्। तस्मान्न कर्मवशादात्यन्तिकपुरुषार्थप्राप्तिरित्यर्थः। एवमनूद्य कर्मफलं फलितं संबन्धमाह—इत्यत इति। उक्तरीत्या कर्म यतो न

प्रस्तुत उपनिषत् का कर्मकाण्ड के साथ संबन्ध प्रदर्शित किया जाता है विधि-निषेध रूप कर्म का पूर्वकाण्ड में व्याख्यान हो चुका। उनमें समुच्चित विहित कर्म प्राण और अग्नि देवता की उपासना से समुच्चित अग्निहोत्रादि कर्म के विनियोग से अर्चिरादि देवयान मार्ग द्वारा कार्य ब्रह्मप्राप्ति में कारण है। असमुच्चित विहित कर्म तो धूमादि मार्ग द्वारा चन्द्रलोक प्राप्ति में हेतु है। वेद एवं शास्त्र की मर्यादा की उपेक्षा करने वाले मनमुखी आचरण में प्रवृत्त, देवयान एवं पितृयाण रूप दोनों मार्गों से भ्रष्ट हुए लोगों को कष्टमयी अधोगति प्राप्त होती है—यह भी निरूपण कर दिया गया।

दोनों मार्गों में से कोई मार्ग भी अपुनरावृत्ति रूप परम पुरुषार्थ की सिद्धि में पर्याप्त नहीं है। इसलिए (कर्म से आत्यन्तिक पुरुषार्थ लाभ न होने से) पूर्वोक्त तीनों सांसारिक गतियों में हेतुक कर्म

---

१. बादर्यधिकरणे इति—"कार्यं बादरिरस्य इत्युपपत्तेः" (ब्र. सू. ४-३-७) इत्यत्राधिकरण इत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर्मनिरपेक्षमद्वैतात्मविज्ञानं संसारगतित्रयहेतूपमर्दन वक्तव्यमित्युपनिषदारभ्यते।

न चाद्वैतात्मविज्ञानादन्यत्राऽऽत्यन्तिकी निःश्रेयसप्राप्तिः । वक्ष्यति हि—"अथ येऽन्यथाऽतो विदुरन्यराजानस्ते क्षय्यलोका भवन्ति । विपर्यये च स स्वराड्भवति" इति।

निरतिशयपुरुषार्थहेतुरतः ससाधनात्कर्मणस्तत्फलाच्च विरक्तस्य निरतिशयपुरुषार्थं काङ्क्षतस्तत्साधनं केवलमात्मज्ञानं संसारान्तर्भूतपूर्वोक्तगतित्रयहेतुकर्मतद्धेतुनिराकरणेन वक्तव्यमित्यभिप्रायेणोपनिषदेषाऽऽरभ्यते। न हि कर्मानुष्ठानात्पुमर्थो निरतिशयो लभ्यते। तस्य तद्यथेहेत्यादौ क्षयिष्णुफलत्वश्रुतेः । तथा चेश्वरार्पणबुद्ध्याऽनुष्ठितशुभकर्मवशादुपजातशुद्धबुद्धेर्विरक्तस्य मुमुक्षोर्मोक्षसाधनज्ञानार्थोऽयमुपनिषदारम्भ इति हेतुहेतुमद्भावः संबन्ध इत्यर्थः।

ननु—

"मोक्षार्थी न प्रवर्तेत तत्र काम्यनिषिद्धयोः।
नित्यनैमित्तिके कुर्यात्प्रत्यवायजिहासया" ॥

इति वृद्धैरुक्तत्वात्काम्यनिषिद्धे वर्जनीये। नित्यनैमित्तिके च कृत्वा व्यवस्थितस्य मुमुक्षोर्वर्तमानदेहपाते पुनर्देहान्तरग्रहे हेत्वभावादनायाससिद्धा ज्ञानादृतेऽपि मुक्तिरिति कथं तादर्थ्येनोपनिषदारभ्यते तत्राऽऽह—न चेति। न हि त्वदुत्प्रेक्षितो मोक्षोपायो विना प्रमाणं प्रकल्प्यते। न च पौरुषेयं वाक्यं मूलप्रमाणमन्तरेण प्रमाणम्। न चात्र श्रुतिस्मृती प्रत्यक्षादि वा मूलमालोच्यते। संभवति च यथावर्णितचरितस्यापि कर्मशेषवशाद्देहान्तरं न चैकभविकः कर्माशयः। तद्य इह रमणीयचरणास्ततः शेषेणेत्यादिश्रुतिस्मृतिविरोधात्तस्मादात्मज्ञानादेव मुक्तिरिति भावः । अद्वैतात्मज्ञानविधुराणां भेदज्ञानभाजां कर्मानुष्ठायिनां क्षय्यफलशालित्वे वाक्यशेषं प्रमाणयति—वक्ष्यति हीति। अद्वैतात्मोपदेशानन्तर्यमथशब्दार्थः। ये पुनरनुपासितगुरवस्तदुपदेशशून्या यथामति यथोक्तादद्वैतादन्यथा द्वैतमेव तत्त्वं विदन्ति ते परतन्त्राः सन्तो रागादिना कर्मानुतिष्ठन्तो विनाशिफलशालिनः स्युरिति श्रुत्यर्थः। अद्वैतात्मज्ञानादात्यन्तिकपुरुषार्थसिद्धिरित्यत्रापि वाक्यशेषमनुकूलयति—विपर्यये चेति। चकारात्[1]क्रियापदमनुकृष्यते स हि विद्वान्विद्यया निरस्ताविद्यादिमलः स्वपरिज्ञानात्स्वयमेव परमात्मा भवति । भेदप्रतिपत्तिहेतोरुच्छिन्नत्वादित्यर्थः

का निराकरणपूर्वक कर्म निरपेक्ष केवलाद्वैतात्म-विज्ञान का व्याख्यान होना चाहिए; इस अभिप्राय से इस छान्दोग्य उपनिषत् का प्रारम्भ किया जाता है।

(यद्यपि स्मृतिकार मुमुक्षु के लिए काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का वर्जन कर नित्य नैमित्तिक कर्मों का विधान कर ज्ञान के बिना भी मोक्ष की सुलभता दिखाते हैं—) किन्तु अद्वैतात्म विज्ञान को छोड़कर निरतिशय पुरुषार्थ सिद्धि किसी अन्य मार्ग से संभव नहीं है। इसमें श्रुति प्रमाण है—"अद्वैत आत्मतत्त्व के उपदेश के अनन्तर भी जो (गुरुकृपा से वञ्चित) अद्वैततत्त्व से भिन्न द्वैत को ही तत्त्व जानते हैं, वे रागादि से युक्त कर्मों का अनुष्ठान करते हुए नश्वर लोकों को प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत विद्या से अविद्या मलों का निराकरण कर विद्वान् तो स्वयमेव परमात्मा हो जाता है"।

---

१. क्रियापदं वक्ष्यतीत्येतत्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा द्वैतविषयानृताभिसंधस्य बन्धनं तस्करस्येव तप्तपरशुग्रहणे बन्धदाहभावः संसारदुःखप्राप्तिश्चेत्युक्त्वाऽद्वैतात्मसत्याभिसंधस्यातस्करस्येव तप्तपरशुग्रहणे बन्धदाहाभावः संसारदुःखनिवृत्तिर्मोक्षश्चेति । अत एव न कर्मसहभाव्यद्वैतात्मदर्शनम् ।

क्रियाकारकफलभेदोपमर्देन सदेकमेवाद्वितीयमात्मैवेदं सर्वमित्येवमादिवाक्यजनितस्य बाधकप्रत्ययानुपपत्तेः । कर्मविधिप्रत्यय इति चेत् । न । कर्तृभोक्तृस्वभाव-

---

भेदनिष्ठानां कर्मिणां पुरुषार्थो निरतिशयो न सिध्यति । अद्वैतनिष्ठानां तु कर्म त्यजतां पुमर्थः सेत्स्यतीत्यत्र वाक्यशेषस्थं लिङ्गं दर्शयति—तथेत्यादिना । द्वैतमेव विषयस्तस्मिन्वाचारम्भणश्रुतेरनृतेऽभिसंधा यस्याभिसंधा सत्यत्वाभिमानस्तस्य बन्धनं परमानन्दस्याऽऽविर्भावराहित्यं संसारात्मकस्य दुःखस्य प्राप्तिश्च । यथा वस्तुतस्तस्करस्य नाहं तस्करोऽस्मीति मिथ्यैवाभिमन्यमानस्य परिशोधनार्थं तप्तपरशोर्ग्रहणे दाहो बन्धनं दुःखप्राप्तिश्च प्रतीयते, तथैव द्वैताभिनिवेशवतोऽपीति प्रथममुक्त्वा वस्तुतोऽतस्करस्य परैरारोपिततस्करत्वस्य परिशुशुत्सया तप्तपरशुग्रहणे दाहाद्यभाववदद्वैताभावोपलक्षिते प्रत्यगात्मनि परमार्थसत्येऽभिमानवतो द्वैताच्च व्यावृत्तचित्तस्यानर्थध्वंसो निरतिशयानन्दाविर्भावश्चेति यथोक्तार्थानुरोधेनाग्रे श्रुतिर्वक्ष्यतीति योजना । केवलमात्मज्ञानं कैवल्यहेतुस्तत्सिद्ध्यर्थमुपनिषदारम्भ इति स्वपक्षो दर्शितः । स्वयूथ्यास्तु कर्मसमुच्चितमात्मज्ञानं मोक्षसाधनं तादर्थ्येनोपनिषदारम्भ इत्याहुस्तान्प्रत्याह—अत एवेति । यत्कृतकं तदनित्यमितिव्याप्त्यनुगृहीतया तद्यथेहेत्यादिश्रुत्या कर्मफलस्यानित्यत्वावगमाद्ब्रह्मविदाप्नोति परमित्यादिश्रुत्या च ज्ञानफलस्य नित्यत्वसिद्धेर्ज्ञानकर्मणोर्विरुद्धफलत्वाध्यवसायादद्वैतस्याऽऽत्मनो दर्शनं नैव कर्मणा सह भवितुमुत्सहते । न हि विरुद्धयोस्तमःप्रकाशयोः समुच्चयः संगच्छते । तन्न समुच्चितज्ञानार्थत्वेनोपनिषदारम्भ इत्यर्थः ।

किं चाद्वैतात्मज्ञानं स्वसाध्यसिद्ध्यर्थं वा कर्मापेक्षते स्वबाधकविधूननार्थं वा । नाऽऽद्यः । तस्यासाध्यफलत्वादिति मन्वानो द्वितीयं प्रत्याह—क्रियेति । वाक्यजनितस्याद्वैतात्मज्ञानस्येति शेषः । तस्य बाधकाभावेन तत्परिहारार्थं सहकार्यपेक्षा नास्तीत्यर्थः । बाधकप्रत्ययाभावस्यासिद्धिमाशङ्कते—कर्मेति । तद्विषयो विधिप्रत्ययो यजेतेत्यादिविधिजनितः कर्तव्यताबोधः । स चाऽऽत्मनि कर्तृत्वादिकमाकाङ्क्षन्नकर्त्राद्यात्मज्ञानस्य बाधको भवतीत्यर्थः । कस्यायं कर्मविधिरज्ञस्य विदुषो वेति विकल्प्याऽऽद्यं प्रत्याह—नेत्यादिना । कर्त्राद्याकारं प्रमाणनिरपेक्षप्रकृतिप्रसूतं मिथ्याज्ञानं तद्वतस्तेन

(छान्दोग्योपनिषत् षष्ठ अध्याय के षोडश खण्ड में) द्वैतविषयक वाचारम्भण श्रुति मिथ्याभिनिवेश चोर के बन्धन के समान तपे हुए परशु को ग्रहण करने में बन्धदाहभाव एवं संसारात्मक दुःख की प्राप्ति बतलाकर अद्वैतात्म सत्याग्रही (लोगों द्वारा आरोपित तस्कर होने पर भी वस्तुतः) अतस्कर को तपे हुए परशु ग्रहण करने में बन्धदाह का अभाव एवं संसारात्मक दुःख की निवृत्ति व विदेहकैवल्य की प्राप्ति बतलाई गयी है। इसलिए (कर्मफल के अनित्य व ज्ञानफल के नित्यत्व सिद्ध होने पर) अद्वैतात्मा का दर्शन कर्म से होना संभव नहीं है।

(अद्वैतात्मज्ञान में कर्म की अपेक्षा स्वसाध्य की सिद्धि के लिए की जाती है अथवा स्वबाधक का परिहार करने के लिए; प्रथम संभव न होने पर कहते हैं—) 'सृष्टि से पूर्व वह अद्वितीय तत्त्व ही सत् था' 'यह सब कुछ चराचर जगत् आत्मा ही है' इत्यादि श्रुतिवाक्यजनित अद्वैतात्मज्ञान की क्रिया, कारक एवं फल भेद के नाश द्वारा बाधकभाव परिहार के लिए कर्म की अपेक्षा नहीं है। यदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विज्ञानवतस्तज्जनितकर्मफलरागद्वेषादिदोषवतश्च कर्मविधानात् । अधिगतसकल-वेदार्थस्य कर्मविधानादद्वैतज्ञानवतोऽपि कर्मेति चेत् । न । कर्माधिकृतविषयस्य कर्तृ-भोक्त्रादिज्ञानस्य स्वाभाविकस्य सदेकमेवाद्वितीयमात्मैवेदं सर्वमित्यनेनोपमर्दितत्वात् । तस्मादविद्यादिदोषवत एव कर्माणि विधीयन्ते नाद्वैतज्ञानवतः । अत एव हि वक्ष्यति —"सर्वं एते पुण्यलोका भवन्ति । ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति" इति ।

मिथ्याज्ञानेन जनितकर्मफलविषयो रागादिदोषस्तद्वतश्च कर्म विधीयते । न हि कर्ताऽहमित्यादि-मिथ्याधियो रागादेश्चाभावे कर्म विधातुं शक्यम् । "यद्यद्धि कुरुते जन्तुस्तत्तत्कामस्य चेष्टितम्" इति स्मृतेः । अतोऽज्ञस्य कर्मविधिपक्षे न तत्प्रत्ययो बाधकः 'प्राप्त्यभावादित्यर्थः । द्वितीयं शङ्कते—अधिगतेति । अधीतस्वाध्यायो हि वैदिके कर्मण्यधिक्रियते । अध्ययनं चार्थावबोधफलमिति मीमांसक-मर्यादा । तथा चाध्ययनवतो ज्ञातसर्ववेदार्थस्य यजेतेत्यादिना कर्मविधानादात्मज्ञानस्यापि कर्माङ्गत्वं गम्यते । ²न चाऽऽत्मज्ञानमपबाध्यते । अविरोधादित्यर्थः । न तावदर्थावबोधफलमध्ययनमिति प्रामाणिक-मक्षरावाप्तिफलं तदिति चाध्येतृप्रसिद्धं तत्राध्ययनविधिवशेन नाऽऽत्मज्ञानस्य कर्मविधिसंबन्धः सभवतीति परिहरति—नेति । किंच ममेदं कर्मेति कर्मण्यैश्वर्यं प्रतिपद्य व्यवस्थितं विषयीकृत्य प्रवृत्तस्य कर्त्राद्याकारविज्ञानस्य प्रमाणापेक्षामन्तरेण स्वभावप्राप्तस्य वाक्योत्थेन सम्यग्ज्ञानेनापहृतत्वात्कर्म-फलविषयरागाद्ययोगात्तन्निबन्धनस्य कर्मणोऽपि दुरनुष्ठानत्वान्नाऽऽत्मज्ञस्य कर्मोपपत्तिरित्याह—कर्माधिकृतेति । अद्वैतात्मज्ञानस्य कर्मप्रवृत्तिविरोधित्वे फलितमुपसंहरति—तस्मादिति । अज्ञस्य कर्मविधिर्न त्वात्मज्ञस्येत्यत्र श्रुतिं संवादयति—अत एवेति । एते त्रयोऽप्य श्रमिणः कर्माधिकृता इति यावत् । यथा ब्रह्मचारी गृहस्थो वानप्रस्थश्चेत्येते कर्मिणस्तथा ब्रह्मविदपि कर्मी चेन्न पृथक्क्रियेत । पृथक्करणाच्च न तस्य कर्मविधिरिति मत्वोक्तम्—ब्रह्मसंस्थ इति ।

कहो, दर्शपौर्णमास याग करे—इत्यादि विधिप्रत्यय से आत्मा में कर्तृत्व की आकांक्षा होने से वह आत्म-ज्ञान में बाधक है तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि कर्म का विधान तो उसी के लिए किया जाता है जिसे कर्तृत्व-भोक्तृत्व स्वभाव का ज्ञान हो एवं जो उससे होने वाले कर्मफल के विषय राग-द्वेषादि दोषों से युक्त हो । यदि कहो, समस्त वेदों के तात्पर्य को जानने वाले के लिए कर्म के विधान के समान अद्वैतात्मज्ञानी के लिए भी कर्म का विधान है तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि कर्म से अधिकृत विषय, स्वाभाविक कर्तृत्व-भोक्तृत्वादि ज्ञान का, 'सृष्टि से पूर्व वह अद्वितीय तत्त्व ही मत था' 'यह सब चराचर जगत् आत्मा ही है' इत्यादि श्रुतियों से बाध हो जाता है । । इसलिए (अद्वैता-त्मज्ञान का कर्म प्रवृत्ति विरोधी स्वभाव होने के कारण) अविद्यादि दोषवान् यज्ञ के लिए कर्म का विधान किया जाता है; अद्वैतात्मदर्शी के लिए नहीं । इसी को श्रुति भी कहेगी—(ब्रह्मचारी, गृहस्थ एवं वानप्रस्थी ये सभी कर्म से अधिकृत है, अतः पुण्यलोकों को प्राप्त करते हैं; ब्रह्मज्ञानी अमृतत्व लाभ करता है' ।)

---

१. प्राप्त्यभावादिति—बाध्यस्याकर्त्राद्यात्मज्ञानस्य तत्र प्राप्तेरभावात् । २. न चेत्यादि—तथा च कर्मप्रत्ययस्य पूर्वं बाधकत्वोक्तिः सिद्धान्त्यभिप्रायानुसारिण्येव न तु वस्तुत इति भावः । ज्ञानकर्मणोरङ्गाङ्गित्वे न सहभावित्वमात्रं त्वभिप्रेयते पूर्वपक्षिणेत्यवधेयम् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तत्रैतस्मिन्नद्वैतविद्याप्रकरणेऽभ्युदयसाधनान्युपासनान्युच्यन्ते । कैवल्यसंनिकृष्टफलानि चाद्वैतादीषद्विकृतब्रह्मविषयाणि "मनोमयः प्राणशरीरः" इत्यादीनि कर्मसमृद्धिफलानि च कर्माङ्गसंबन्धीनि । रहस्यसामान्यान्मनोवृत्तिसामान्याच्च यथाऽद्वैतज्ञानं मनोवृत्तिमात्रं तथाऽन्यान्यप्युपासनानि मनोवृत्तिरूपाणीत्यस्ति हि सामान्यम् । कस्तर्ह्यद्वैतज्ञानस्योपासनानां च विशेषः । उच्यते । स्वाभाविकस्याऽऽत्मन्यक्रियेऽध्यारोपितस्य कर्त्रादिकारकक्रियाफलभेदविज्ञानस्य निवर्तकमद्वैतविज्ञानम् । रज्ज्वादाविव सर्पाद्यध्यारोपलक्षणज्ञानस्य रज्ज्वादिस्वरूपनिश्चयः प्रकाशनिमित्तः । उपासनं तु यथाशास्त्रसमर्पितं किंचिदालम्बनमुपादाय तस्मिन्समानचित्तवृत्तिसंतानकरणं तद्विलक्षणप्रत्ययानन्तरित-

---

यदि समुच्चयासंभवात्केवलमेवाऽऽत्मज्ञानं कैवल्यसाधनमिति तादर्थ्येनोपनिषदारभ्यते । हन्त किमित्यस्यामुपनिषदि त्रिविधान्युपासनान्युपन्यस्यन्ते तत्राऽऽह—तत्रेति । उक्तया रीत्योपनिषदारम्भे सतीति यावत् । स यो वायुं दिशां वत्सं वेद न पुत्ररोदं रोदितीत्यादीन्यभ्युदयफलान्युपासनानि । कैवल्येन संनिकृष्टफलत्वं नाम क्रममुक्तिफलत्वम् । अद्वैतान्निष्प्रपञ्चादीषद्विकृतं सगुणं ब्रह्म । कर्मसमृद्धिफलानि कर्मफलगतातिशयफलान्युद्गीथाद्युपासनानीत्यर्थः । आत्मविद्याप्रकरणे त्रिविधोपासनोपन्यासे हेतुमाह—रहस्येति । उपनिषत्पदवेदनीयत्वस्याऽऽत्मविद्यायामुपासनेषु चाविशेषादित्यर्थः । तत्रैव हेत्वन्तरमुद्भाव्य विभजते—मनोवृत्तीत्यादिना । आत्मज्ञानस्योपासनानां च यथोक्तं सामान्यमिष्यते चेत्तर्हि फलतोऽपि विशेषो न स्यादिति मन्वानः शङ्कते—कस्तर्हीति । फलतो विशेषं दर्शयन्नुत्तरमाह—उच्यत इति । तत्र प्रथममात्मज्ञानस्योपासनाभ्यो विशेषमादर्शयति—स्वाभाविकस्येति । प्रत्यगात्मनि क्रियाकारकफलविभागविकले कूटस्थे स्वभावशब्दिताविद्याकृतमध्यारोपितं कर्त्राद्याकारविज्ञानम् । तस्याद्वितीयत्वादिलक्षणाधिष्ठानयाथात्म्यज्ञानं निवर्तकम् । यथा रज्ज्वादावधिष्ठाने सर्पादिसमारोपरूपस्य मिथ्याज्ञानस्य प्रकाशादिकारणप्रसूतो रज्ज्वाद्यधिष्ठानस्वरूपनिश्चयो निवर्तकस्तथेत्यर्थः । संप्रत्युपासनानामद्वैतज्ञानाद्विशेषं दर्शयति—उपासनं त्विति । शास्त्रं मनो ब्रह्मेत्युपासीतेत्यादि, किंचिदालम्बनं मनःप्रभृति विवक्षितम् । समानजातीयप्रत्ययसंतानकरणं विच्छिद्य विच्छिद्य ध्यायिनोऽपि सिध्यतीति विशिनष्टि—तद्विलक्षणेति । आत्मज्ञानस्योपासनानां चावान्तर-

---

(विदेह कैवल्यप्राप्ति तो आत्मज्ञान से ही होती है, इसे मन में निश्चय करके भी) यहाँ अद्वैतविद्या प्रकरण में त्रिविध उपासनाओं का वर्णन किया जाता है क्योंकि वे लौकिक समृद्धि में साधन हैं । 'मनोमय और प्राणशरीर वाला है" इत्यादि श्रुतिवाक्य क्रममुक्ति फल वाले तथा निष्प्रपञ्च ब्रह्म से थोड़ा परे सगुण ब्रह्म का प्रतिपादन करते हैं, (उद्गीथादि उपासनाएँ) कर्माङ्गसंबन्धी एवं कर्मफलगत अतिशय फलदायक हैं । उपनिषत् सामान्य एवं मनोवृत्ति सामान्य होने के कारण जिस प्रकार अद्वैतज्ञान मनोवृत्ति मात्र है, उसी प्रकार अन्य उपासनाएँ भी मनोवृत्ति रूप हैं, बस यही दोनों में समानता है । यदि ऐसा है तो अद्वैतज्ञान और त्रिविध उपासनों में भेद ही क्या है ? इस पर कहा जाता है । अद्वैतज्ञान नित्य कूटस्थ आत्मा में अविद्या से आरोपित कर्तादि कारक, क्रिया फलभेद विज्ञान का बाध करता है । जैसे प्रकाश रज्जु अधिष्ठान में सर्पादि बुद्धि के आरोप को नाशकर रज्जु का स्वरूप निश्चय कराता है; उसी प्रकार 'मन की ब्रह्म रूप से उपासना करनी चाहिए' इत्यादि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथोपनिषत्)

ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत । ओमिति ह्युद्-गायति तस्योपव्याख्यानम् ॥ १ ॥

उद्गीथ दृष्टि से ओंकार की उपासना

उद्गीथ शब्दवाच्य "ओम्" इस अक्षर की उपासना करे, (क्योंकि) "ओम्" ऐसा (उच्चारण करके यज्ञादि में उद्गाता) उच्च स्वर से साम गान करता है। उस अक्षर का ही उपव्याख्यान प्रारम्भ किया जाता है, अर्थात् किस प्रकार उसकी उपासना होती है, उसकी विभूति क्या है और फल क्या है, इत्यादि कथन को उपव्याख्यान कहते हैं ॥ १ ॥

मिति विशेषः ।

तान्येतान्युपासनानि सत्त्वशुद्धिकरत्वेन वस्तुतत्त्वावभासकत्वादद्वैतज्ञानोपकारकाण्यालम्बनविषयत्वात्सुसाध्यानि चेति पूर्वमुपन्यस्यन्ते । तत्र कर्माभ्यासस्य दृढीकृतत्वात्कर्मपरित्यागेनोपासन एव दुःखं चेतःसमर्पणं कर्तुमिति कर्माङ्गविषयमेव तावदादावुपासनमुपन्यस्यते ।

(इति भाष्यकारोपोद्घातः)

ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत ओमित्येतदक्षरं परमात्मनोऽभिधानं नेदिष्ठम् ।

विशेषमुपसंहरति—इति विशेष इति ।

ननु विद्याप्रकरणे यथोक्तोपासनानामुपदेशसंभवेऽपि विद्यैव प्राधान्यात्प्राथम्येनोच्यतामुपासनानि पुनरप्रधानत्वात्पाश्चात्येन वाच्यानीत्याशङ्क्याऽऽह—तानीति । उपासनानामीश्वरार्पणबुद्ध्याऽनुष्ठितनित्यादिकर्मवच्चित्तशुद्धिद्वारा ज्ञानकारणत्वात्कार्याच्च कारणस्य प्राथम्यप्रसिद्धेः साकारवस्तुविषयत्वेन सुसाध्यत्वाच्च मन्दानां सहसा तेषु प्रवृत्त्युपपत्तेरादावुपदेशः संभवतीत्यर्थः । तथाऽपि बहुविधेषूपासनेषु किमित्यङ्गावबद्धमेवोपासनं प्रथममुच्यते तत्राऽऽह—तत्रेति । प्राकृते पुरुषे कर्माभ्यासस्यानादिवासनया दृढीकृतत्वादभ्यस्ततत्तत्कर्मत्यागेऽतत्संबन्धिनि केवलोपासने चेतसः समर्पणं दुःखं कर्तुमित्यङ्गावबद्धमेव तावदुपासनमुच्यते । एवमादावुक्त्वा पुनरुपासनान्तराणि क्रमेण वक्तव्यानीत्यर्थः ।

काण्डद्वयस्य नियतपौर्वापर्यप्रयुक्तसंबन्धमुपनिषत्तात्पर्यं चोक्त्वा प्रत्यक्षरं व्याख्यातुकामः प्रतीकमादत्ते—ओमित्येतदक्षरमिति । तत्र प्रथममोंकारस्याभिधायकत्वपक्षमेवावलम्बते परमात्मन इति । अभिधानान्तरेभ्यो विशेषं दर्शयति—नेदिष्ठमिति । निकटतममतिशयेन प्रियमिति यावत् । ॐकारस्य

श्रुति समर्पित उपासना कुछ आलम्बन को प्रदान कर उसमें समानजातीय प्रत्यय का विस्तार कर उससे विलक्षण प्रत्यय का सम्पादन करती है, यही इसमें वैशिष्ट्य है।

वे ये उद्गीथादि विद्याएँ जहाँ अन्तकरण की शुद्धि में सहायक हैं, वहाँ वस्तु तत्त्व की प्रतिपादक होने से अद्वैतज्ञान में कारण हैं तथा साकार वस्तु विषय होने से अल्पज्ञों द्वारा भी सरलतया अनुष्ठान करने योग्य हैं, इसलिए (कार्य से कारण प्रथम होने से) उनका विवेचन पहले किया जाता है। सांसारिक मनुष्य को अनादि वासना के द्वारा कर्म करने का अभ्यास नहीं छूट पाता, उसका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तस्मिन्हि प्रयुज्यमाने स प्रसीदति प्रियनामग्रहण इव लोकः। तदिहेतिपरं प्रयुक्तमभिधायकत्वाद्व्यावर्तितं शब्दस्वरूपमात्रं प्रतीयते। तथा चार्चादिवत्परस्याऽऽत्मनः प्रतीकं संपद्यते। एवं नामत्वेन प्रतीकत्वेन च परमात्मोपासनसाधनं श्रेष्ठमिति सर्ववेदान्तेष्ववगतम्। जपकर्मस्वाध्यायाद्यन्तेषु च बहुशः प्रयोगात्प्रसिद्धमस्य श्रेष्ठयम्। अतस्तदेतदक्षरं वर्णात्मकमुद्गीथभक्त्यवयवत्वादुद्गीथशब्दवाच्यमुपासीत। कर्माङ्गा-

---

नेदिष्ठत्वं समर्थयते—तस्मिन्निति। ॐकारस्यान्यत्र परमात्मनामत्वेऽपि प्रकृते किं विवक्षितमित्याशङ्क्याऽऽह—तदिहेति। प्रकृते हि वाक्ये तदोमिति पदमितिशब्दशिरस्कं प्रयुक्तमितिशब्दसामर्थ्यादिव वाचकत्वाद्व्यावर्तितं शब्दस्वरूपमात्रमुपास्यं गम्यते। यत्र हीतिपरः प्रयोगो न तत्राभिधेयविवक्षाऽस्ति यथा गौरित्ययमाहेति। तथा चात्रेतिपरत्वादोंकारस्य स्वरूपमात्रमुपास्यं विवक्षितमित्यर्थः। तस्योपास्यत्वार्थं श्रैष्ठ्यं साधयति—तथा चेति। इतिपरप्रयोगवशादभिधायकत्वाभावे सत्यर्चाशब्दितप्रतिमाया भगवत्प्रतीकत्ववदोंकारस्यापि परमात्मप्रतीकत्वेन श्रेष्ठत्वादुपास्यत्वसिद्धिरित्यर्थः। तदीयं श्रैष्ठ्यं सप्रमाणकं निगमयति—एवमिति। सर्ववेदान्तेष्वेतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परमित्यादिषु। किंच नास्य श्रैष्ठ्यं समर्थनीयं प्रसिद्धत्वादित्याह—जपेति। गायत्र्यादिजपे यज्ञादौ कर्मणि स्वाध्यायस्याऽऽदावन्ते चोंकारस्य प्रयोगो दृश्यते।

"तस्मादोमित्युदाहृत्य यज्ञदानतपःक्रियाः।
प्रवर्तन्ते विधानोक्ताः सततं ब्रह्मवादिनाम्॥"
"ब्राह्मणः प्रणवं कुर्यादादावन्ते च सर्वदा।
स्रवत्यनोंकृतं पूर्वं परस्ताच्च विशीर्यते" इति स्मृतेः॥

ओमिति ब्राह्मणः प्रवक्ष्यन्नाहेत्यादिश्रुतेश्चेत्यर्थः। ओमितीत्ययं भागो व्याख्यातः। संप्रत्येतदक्षरमित्यस्यार्थमाह—अत इति। श्रेष्ठत्वमुपास्यत्वार्थमनुकृष्यते। "व्याप्तेश्च समञ्जसमि"ति न्यायेन विशेषणस्यार्थवत्त्वमभिप्रेत्य रूढिर्योगमपहरतीति न्यायेनाक्षरशब्दस्य प्रकरणमनुसृत्य प्रसिद्धमर्थमाह—वर्णात्मकमिति। ग्रामो दग्धः पटो दग्ध इतिवदेकदेशे समुदायविषयं पदं प्रवृत्तमित्याह—उद्गीथेति। उपासिं विभजते—कर्मेति। उद्गीथावयवत्वादोंकारे तच्छब्दप्रवृत्तिरित्युक्तत्वादनन्तरवाक्यम-

---

उन-उन कर्मों से भिन्न केवल उपासना में मन लगाना अत्यन्त कठिन है। इसलिए (उन बहुविध उपासनाओं में) पहले कर्माङ्ग विषयक उपासना का आरम्भ किया जाता है।

उद्गीथशब्दवाच्य ओंकार की उपासना करे। 'ॐ' यह अक्षर परमात्मा का परम प्रिय नाम है। जिस प्रकार लोकव्यवहार में अपने प्रिय नाम द्वारा पुकारे जाने पर मनुष्य प्रसन्न होता है; उसी

---

१. "व्याप्तेश्च समञ्जसम्" ब्र. सू. ३-३-९। "ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमि"त्योङ्कारोद्गीथशब्दयोः सामानाधिकरण्यं श्रूयते तत्किं नाम ब्रह्मे'तिवदध्यासार्थमुत यद्रजतं सा शुक्तिरितिवदपवादार्थमाहोस्वित् सिंधुरः करीतिवदैक्यप्रमित्यर्थमुताहो नीलोत्पलमितिवद्विशेषणविशेष्यभावनिबन्धनमिति संशये निर्धारणे कारणाभावादनिर्धारितार्थकमिति पूर्वपक्षः। सिद्धान्तस्तु ओङ्कारस्य ऋग्यजुःसामसु त्रिषु व्याप्तेर्व्याप्तत्वात् क ओङ्कार उपास्य इत्यपेक्षायामुद्गीथावयवत्वेनोङ्कारो विशेष्यते "ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीतेति"। एवं चोद्गीथमित्योङ्कारस्य विशेषणमित्येव समञ्जसं निरवद्यम्। सौत्रचशब्देन तु शब्दस्थाननिवेशिनाऽध्यासापवादैक्यपक्षाणां निरासः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वयवभूत ॐकारे परमात्मप्रतीके दृढामैकाग्रचलक्षणां मतिं संतनुयात् । स्वयमेव श्रुतिरोंकारस्योद्गीथशब्दवाच्यत्वे हेतुमाह—ओमिति ह्यु द्गायति । ओमित्यारभ्य हि यस्मादुद्गायत्यत उद्गीथ ओंकार इत्यर्थः । तस्योपव्याख्यानं तस्याक्षरस्योपव्याख्यानमेवमुपासनमेवं विभूत्येवंफलमित्यादिकथनमुपव्याख्यानम् । प्रवर्तत इति

१. वाक्यैकदेशान्वितमवशिष्टत्वम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ ह मन उद्गीथमुपासांचक्रिरे तद्धासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्तेनोभयꣳ संकल्पयते संकल्पनीयं चासंकल्पनीयं च पाप्मना ह्येतद्विद्धम् ॥ ६ ॥

अथ ह य एवायं मुख्यः प्राणस्तमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तꣳ हासुरा ऋत्वा विदध्वंसुर्यथाऽश्मानमाखणमृत्वा विध्वꣳसेत ॥ ७ ॥

तत्पश्चात् देवताओं ने उद्गीथ दृष्टि में मन की उपासना की, बेचारे मन को भी असुरों ने पाप से ही वेध डाला। अतएव संकल्प के योग्य और अयोग्य दोनों ही प्रकार के पदार्थों का संकल्प मन से लोग करते हैं क्योंकि वह भी तो पाप से बिंधा हुआ है ॥६॥

मुख्य प्राण से असुरों की हार

तदनन्तर जो यह प्रसिद्ध मुख के भीतर प्राणवायु है, देवताओं ने उद्गीथ दृष्टि से उसकी उपासना की। किन्तु उस प्राण के निकट जाकर असुर ऐसे ही विध्वस्त हो गये, मानो अभेद्य पाषाण-खण्ड के पास जाकर मिट्टी का ढेला नष्ट हो गया हो ॥७॥

अथ ह वाचं चक्षुः श्रोत्रं मन इत्यादि। अनुक्ता अप्यन्यास्त्वग्रसनादिदेवता द्रष्टव्याः। "एवमु खल्वेता देवताः पाप्मभिः" इति श्रुत्यन्तरात् ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ ॥ ६ ॥

आसुरेण विद्धत्वाद्घ्राणादिदेवता अपोह्याथानन्तरं य एवायं प्रसिद्धो मुखे भवो मुख्यः प्राणस्तमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तं हासुराः पूर्ववद्दत्वा प्राप्य विदध्वंसुर्विनष्टा

ननु घ्राणादीनां पाप्मविद्धत्वादनुपास्यत्वेऽपि त्वगादीनां तद्विद्धत्वेनानुपास्यत्वावचनात्मुख्यस्यैव प्राणस्योपास्यत्वं नावसीयते तत्राऽऽह—अनुक्ता इति। उक्तानामनुक्तोपलक्षणत्वे बृहदारण्यकश्रुतिं संवादयति—एवमु खल्विति ॥३॥४॥५॥६॥

अथ हेत्यादि मुख्यप्राणविषयं वाक्यमुत्थाप्य व्याकरोति—आसुरेणेत्यादिना। पूर्ववद्वागादि-

---

यथाक्रम विचार कर 'वे भी आसुरी पाप से संसृष्ट हो गये'—कहकर उनके उपास्यत्व होने का खण्डन किया जाता है। वाक्, चक्षु, श्रोत्र एवं मनादि की भी यही स्थिति हुई, इत्यादि व्याख्या पूर्वमन्त्र के समान है। छान्दोग्य उपनिषत् में अनुक्त अन्य भी त्वक्-रसनादि देवताओं की यही स्थिति समझ लेनी चाहिए। "यह जो निषिद्ध संकल्प करता है, वही यह पाप है इस प्रकार इन देवताओं को निःसन्देह पाप का संसर्ग हुआ और ऐसे ही असुरों ने इन्हें पाप से बेध डाला" इत्यादि बृहदारण्यक श्रुति भी है ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ ॥ ६ ॥

घ्राणादि देवताओं का आसुरी वृत्ति से लिपायमान होने से उनका उपास्यत्व सिद्ध न होने से इसके पश्चात् जो यह प्रसिद्ध मुख के भीतर प्राणवायु है, उसकी उद्गीथ रूप से उपासना की। पहले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवं यथाऽश्मानमाखणमृत्वा विध्वꣳसत एवꣳ हैव स विध्वꣳसते य एवंविदि पापं कामयते यश्चैनमभिदासति स एषोऽश्माखणः ॥ ८ ॥

प्राण उपासक की महिमा

जैसे (टँकों से भी न टूटने वाले) दुर्भेद्य पाषाण को प्राप्त कर मिट्टी का ढेला नष्ट हो जाता है वैसे ही वह व्यक्ति विध्वस्त हो जाता है, जो इस प्रकार जानने वाले उपासक पुरुष के प्रति पापाचरण करना चाहता है, या जो इसे ताड़नादि करता है क्योंकि वह प्राण उपासक के समान दुर्धर्ष है ।८।।

अभिप्रायमात्रेण । अकृत्वा किंचिदपि प्राणस्य कथं विनष्टा इत्यत्र दृष्टान्तमाह—यथा लोकेऽश्मानमाखणं न शक्यते खनितुं कुद्दालादिभिरपि भेत्तुं न शक्योऽखण एवाऽऽखणस्तमृत्वा सामर्थ्याल्लोष्टः पांसुपिण्डः वा श्रुत्यन्तराच्चाश्मनि क्षिप्तोऽश्मभेदनाभिप्रायेण तस्याश्मनः किंचिदप्यकृत्वा स्वयं विध्वंसेत विदीर्येतैवं विदध्वंसुरित्यर्थः ॥ ७ ॥

एवं विशुद्धोऽसुरैरधर्षितत्वात्प्राण इति । एवंविदः प्राणात्मभूतस्येदं फलमाह—यथाऽश्मानमिति । एष एव दृष्टान्तः । एवं हैव स विध्वंसते विनश्यति । कोऽसावित्याह—य एवंविदि यथोक्तप्राणविदि पापं तदनर्हं कर्तुं कामयत इच्छति यश्चाप्येन-

---

च्छिवेति यावत् । टङ्कैश्च विदारकैर्लोहविशेषैरित्यर्थः । अश्रुतस्य लोष्टस्यात्रोपादाने हेतुमाह—सामर्थ्यादिति । तस्य ध्वंसनयोग्यत्वाद्ध्वंसतेश्च कर्त्रपेक्षत्वादित्यर्थः । तर्हि यस्य कस्यचिदेवंविधस्य संभवादलं लोष्टग्रहणेनेत्याशङ्क्य "यथाऽश्मानमृत्वा लोष्टो विध्वंसेत" इति बृहदारण्यकश्रुतेस्तस्यैवात्र ग्रहणमित्याह—श्रुत्यन्तराच्चेति ॥७॥

दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकाभ्यां सिद्धमर्थं निगमयति—एवमिति । प्राणस्य विशुद्धत्वात्तदुपासनं कर्तव्यमिति शेषः । फलवचनमवतार्य व्याकरोति—एवंविद इत्यादिना । प्राणवित्प्रतिस्पर्धिनो विनाशे

की तरह इस बार असुर उसको दबाने गये किन्तु बिना कुछ किए विनष्ट हो गए । मुख्य प्राण का कुछ भी बिगाड़े बिना कैसे विनष्ट हो गए, इस पर दृष्टान्त प्रस्तुत किया जाता है—जिस प्रकार कुदालादि द्वारा भी अभेद्य पाषाणखण्ड के पास जाकर मिट्टी का ढेला नष्ट हो जाता है । बृहदारण्यक श्रुति में प्रतिपादित किया है—जैसे पत्थर के टकराने पर मिट्टी का ढेला चूर-चूर हो जाता है; वैसे ही वे असुर लोग भी प्राण से टकराने पर बिना कुछ उसका बिगाड़े स्वयं 'विध्वस्त होकर अनेक प्रकार से नष्ट हो गए ॥ ७ ॥

असुरों द्वारा अपराजित होने से विशुद्ध मुख्य प्राण की उपासना करनी चाहिए । इस प्रकार जानने वाले प्राणात्मभूत का फल 'यथाऽश्मानम्...' मन्त्र से कहा जाता है । जो इस प्रकार जानने वाले यथोक्तप्राणवेत्ता उपासक पुरुष के प्रति उसके अयोग्य पापाचरण करना चाहता है अथवा इसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नैवैतेन सुरभि न दुर्गन्धि विजानात्यपहतपाप्मा ह्येष तेन यदश्नाति यत्पिबति तेनेतरान्प्राणानवति ।

लोग इस मुख्य प्राण के द्वारा न सुगन्ध को और न दुर्गन्ध को ही जानते हैं, क्योंकि वह प्राण आसक्तिरूप पाप से पराभूत नहीं है। अतः यह प्राण जो कुछ खाता है या पीता है, उससे अन्य

मभिदासति हिनस्ति प्राणविदं प्रत्याक्रोशताडनादि प्रयुङ्क्ते सोऽप्येवमेव विध्वंसत इत्यर्थः। यस्मात्स एष प्राणवित्प्राणभूतत्वादश्माखण इवाश्माखणोऽधर्षणीय इत्यर्थः। ननु नासिक्योऽपि प्राणो वाय्वात्मा यथा मुख्यस्तत्र नासिक्यः प्राणः पाप्मना विद्धः प्राण एव सन्न मुख्यः कथम्। नैष दोषः। नासिक्यस्तु स्थानकरणवैगुण्याद्विद्धो वाय्वात्माऽपि सन्मुख्यः स्थानदेवताबलीयस्त्वा न्न[1] विद्ध इति युक्तम्। यथा वास्यादयः शिक्षावत्पुरुषाश्रयाः कार्यविशेषं कुर्वन्ति नान्यहस्तगतास्तद्वद्दोषवद्घ्राणसचिवत्वाद्विद्धा प्राणदेवता न मुख्यः ॥८॥

यस्मान्न विद्धोऽसुरैर्मुख्यस्तस्मान्नैवैतेन सुरभि दुर्गन्धि वा विजानाति घ्राणेनैव

हेतुमाह—यस्मादिति। नासिक्यप्राणस्य मुख्यप्राणस्य च वायुविकारत्वेन प्राणत्वाविशेषात्पाप्मना वेधावेधौ तुल्यावेव स्यातामिति शङ्कते—नन्विति। स्थानविशेषसंबन्धासंबन्धाभ्यां द्वयोरपि पाप्मवेधावेधव्यवस्था युक्तेति परिहरति—नैष दोष इति। स्थानावस्थावच्छिन्ने करणे वैगुण्यं विषयविशेषासक्तत्वं तस्मात्तद्रूपस्य नासिक्यप्राणस्यापि विद्धता स्यादिति यावत्। तदसंभवाद्विशेषसंबन्धप्रयुक्तवैगुण्यायोगादित्येतत्। युक्तमुपपन्नम्। स्थानसंबन्धविशेषाद्घ्राणप्राणस्य पाप्मविद्धत्वं तदभावाच्च मुख्यप्राणस्य तदविद्धत्वमित्येतद्दृष्टान्तेन स्पष्टयति—यथेत्यादिना। न मुख्यो दोषवद्घ्राणसचिवत्वाभावादिति शेषः ॥८॥

घ्राणदेवता विद्धा प्राणदेवता तु न विद्धेत्यत्र गमकत्वेनानन्तरवाक्यं व्याचष्टे—यस्मादिति।

डाँटता, फटकारता व मारता है, वह व्यक्ति भी उसी प्रकार नष्ट हो जाता है, जैसे दुर्भेद्य पाषाण को प्राप्त कर मिट्टी का ढेला नष्ट हो जाता है। भावाशय यह है कि वह प्राणवेत्ता प्राणरूप होने के कारण प्रस्तर खण्ड के समान दुर्जेय है। यहाँ शङ्का होती है—नासिक्य प्राण और मुखान्तर्गत प्राण दोनों ही वायु के विकार हैं तो फिर नासिक्य प्राण ही क्यों पाप से बेध दिया जाता है; मुख्य प्राण क्यों नहीं ? ऐसा कहने में कोई दोष नहीं है। नासिक्य प्राण वायु का विकार होते हुए भी अवस्थाविशिष्ट इन्द्रिय के विषय से आसक्ति के कारण बिधा गया, स्थान देवता के बलवान् होने के कारण मुख्य प्राण नहीं बिधा गया—यह सिद्ध हुआ। जिस प्रकार पुरुषाश्रित मुखादि शिक्षा के अनुरूप कार्य विशेष करते हैं; अन्य हस्त के अधीन नहीं, इसी प्रकार घ्राण सहकारी के अभाव होने से घ्राणदेवता बिध जाता है; मुख्य प्राण नहीं ॥ ८ ॥

---

१. न विद्ध इत्यनन्तरं तदसंभवादिति पाठः पतित इति टीकातोऽवगम्यते।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एतमु एवान्ततोऽवित्त्वोत्क्रामति व्याददात्येवान्तत इति ॥ ९ ॥

घ्राणादि इन्द्रियों का ही पोषण करता है। अन्त (मरणकाल) में इस मुख्य प्राण को न प्राप्त कर घ्राणादि प्राण समुदाय शरीर से निकल जाता है। अतएव मरण के समय में पुरुष मुख फाड़ देता है ॥९॥

तदुभयं विजानाति लोकः। अतश्च पाप्मकार्यादर्शनादपहतपाप्माऽपहतो विनाशितोऽपनीतः पाप्मा यस्मात्सोऽयमपहतपाप्मा ह्येष विशुद्ध इत्यर्थः। यस्माच्चाऽऽत्मंभरयः कल्याणाद्यासङ्गवत्त्वाद्घ्राणादयो न तथाऽऽत्मंभरिर्मुख्यः किं तर्हि सर्वार्थः। कथमिति, उच्यते—तेन मुख्येन यदश्नाति यत्पिबति लोकस्तेनाशितेन पीतेन चेतरान्घ्राणादीनवति पालयति। तेन हि तेषां स्थितिर्भवतीत्यर्थः। अतः सर्वंभर[1] प्राणोऽतो विशुद्धः। कथं पुनर्मुख्याशितपीताभ्यां स्थितिरेषां गम्यत इति, उच्यते—एतं (तमु एव) मुख्यं प्राणं मुख्यप्राणस्य वृत्तिमन्नपाने इत्यर्थः। अन्ततोऽन्ते मरणकालेऽवित्त्वाऽलब्ध्वो-

---

मुख्यप्राणस्य पाप्मवेधाभावमुपसंहरति—अतश्चेति। पाप्मकार्यमासङ्गस्तस्य प्राणेऽनुपलम्भादित्यतः-शब्दस्यैवार्थः। हिशब्देनोक्तं पाप्मावेधं विशुद्धत्वे हेतूकृत्य मुख्यप्राणविशुद्धिमुपसंहरति—ह्येष इति। तस्य विशुद्धत्वे हेत्वन्तरमाह—यस्माच्चेति। अतो विशुद्ध इत्युत्तरत्र संबन्धः। सर्वार्थत्वं प्राणस्य प्रश्नपूर्वकं प्रतिपादयति—कथमित्यादिना। प्राणादीत्यादिशब्देन कार्यमप्युच्यते। तेनैतास्तृप्यन्तीति श्रुत्यन्तरमाश्रित्याऽऽह—तेन हीति। प्राणवृत्तिहेतुभ्यामन्नपानाभ्यां संघातस्थितिरतःशब्दार्थः। सर्वार्थत्वं द्वितीयस्यातःशब्दस्यार्थः। मुख्यप्राणोपयुक्तत्वादन्नपानानां संघातस्थितिहेतुत्वमित्यत्र प्रश्नपूर्वकं लिङ्गं दर्शयति—कथमित्यादिना। वृत्तिमेव विशिनष्टि—अन्नपाने इति। अन्वहमुपयुज्यमाने अन्नपाने प्राणस्थितिहेतु इति यावत्। प्राणस्योच्चिक्रमिषायामपि संघातः स्वयमशनपाने कृत्वा स्थास्यतीत्या-

---

आसुरीवृत्ति मुख्य प्राण का अवरोधक न हो सकने के कारण मुख्य प्राण से सुगन्ध और दुर्गन्ध का ग्रहण नहीं होता; घ्राण से ही मनुष्य उक्त दोनों को जानता है। इसलिए पाप कार्य लुप्त होने से वह प्राण आसक्ति रूप पाप से पराभूत नहीं है अर्थात् विशुद्ध है। जिस प्रकार कल्याणादि आसक्ति से युक्त घ्राणादि अपना भरण करने वाले हैं; उस प्रकार मुख्य प्राण नहीं है। तो क्या है? सर्वार्थक है क्योंकि यह मुख्य प्राण जो कुछ खाता है या पीता है, उससे अन्य घ्राणादि इन्द्रियों की ही रक्षा करता है। उसी के कारण उनकी स्थिति होती है, सब का भरण करने से मुख्य प्राण विशुद्ध है। मुख्य प्राण द्वारा सेवित अन्न-पानादि से घ्राणादि संघात की स्थिति किस प्रकार होती है, इस पर कहा जाता है—प्रतिदिन अन्न-पान सेवन करने पर मुख्य प्राण का यही कार्य है कि वह इन्द्रियों का पोषण कर प्राणों की सुरक्षा करे। मरणकाल प्राप्त होने पर इस मुख्य प्राण को न प्राप्त होकर घ्राणादि

---

१. सर्वंभर इति प्राणसञ्ज्ञा। "सञ्ज्ञायां भृतृवृजिधारिसहितपिदम" इति खच्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तꣳ हाङ्गिरा उद्गीथमुपासांचक्र एतमु एवा-ऽऽङ्गिरसं मन्यन्तेऽङ्गानां यद्रसः ॥ १० ॥

प्राण का आंगिरस नाम क्यों ?

अंगिरा नाम के ऋषि ने इस मुख्य प्राण की उद्गीथ रूप से उपासना की थी। अतः इस प्राण को आंगिरस मानते हैं, क्योंकि यह प्राण सम्पूर्ण अङ्गों का रसरूप है ॥१०॥

त्क्रामति। घ्राणादिप्राणसमुदाय इत्यर्थः। अप्राणो हि न शक्नोत्यशितुं पातुं वा। तेन तदोत्क्रान्तिः प्रसिद्धा घ्राणादिकलापस्य। दृश्यते ह्युत्क्रान्तौ प्राणस्याशिशिषा। अतो व्याददात्येवाऽऽस्यविदारणं करोतीत्यर्थः। तद्धचन्नालाभ उत्क्रान्तस्य लिङ्गम् ॥९॥

तं हाङ्गिरास्तं मुख्यं प्राणं हाङ्गिरा इत्येवं गुणमुद्गीथमुपासांचक्र उपासनं कृतवान्बको दाल्भ्य इति वक्ष्यमाणेन संबध्यते। तथा बृहस्पतिरित्यायास्य इति चोपासांचक्रे बक इत्येवं संबन्धं कृतवन्तः केचित्। एतमु एवाऽऽङ्गिरसं बृहस्पतिमायास्यं प्राणं मन्यन्त इति वचनात्। भवत्येवं यथाश्रुतासंभवे, संभवति तु यथाश्रुतमृषिचोदनायामपि

शङ्कयाऽऽह—अप्राणो हीति। तदा प्राणोच्चिक्रमिषावस्थायामिति यावत्। ननूत्क्रान्त्यवस्थायामशिशिषाद्यभावादेव संघातस्योत्क्रान्तिर्न त्वशनाद्यभावात्तत्र प्रमाणाभावादत आह—दृश्यते हीति। तदिति मुखव्यादानमुच्यते। अन्नग्रहणं पानोपलक्षणार्थम् ॥९॥

विशुद्धिगुणकमुख्यप्राणात्मोद्गातृदृष्टचोद्गीथावयवभूतमोंकाराख्यमक्षरमुपास्यमित्युक्तमिदानीं तत्रैवाऽऽङ्गिरसबृहस्पत्यायास्यगुणत्रयविधानार्थमुत्तरग्रन्थमुत्थापयति—तं हेति। तत्र वृत्तिकाराभिप्रेतं संबन्धं दर्शयति—तं मुख्यमिति। पराभिप्रेतसंबन्धे गमकमाह—एतमिति। अव्यवहितसंबन्धसंभवे व्यवहितसंबन्धकल्पना न युक्तेति परिहरति—भवत्येवमिति। ऋषीणामङ्गिरोबृहस्पत्यादिशब्दैरुपदेशेऽपि गुणत्रयविशिष्टप्राणोपासनं न विरुध्यते ततश्च प्रधानानामबाधे प्राणोपासकानामृषीणामुपदेशो न त्यागमर्हत्यङ्गिरोबृहस्पत्यादिशब्देभ्योऽपि प्रथमप्रतिपन्नानृषीन्विहाय यौगिकवृत्तिप्रति-

---

प्राण समुदाय शरीर से निकल जाता है क्योंकि प्राण के बिना कुछ भी खा-पी नहीं सकता। उस समय घ्राणादि समुदाय की उत्क्रान्ति प्रसिद्ध ही है। लोकव्यवहार में देखा जाता है कि प्राणोत्क्रमण काल में प्राणों को भूख-प्यास नहीं लगती। उस समय मुख खुला रह जाता है। मुख विदारण अन्न-पान के अलाभ होने पर उत्क्रमण में ज्ञापक है ॥ ९ ॥

विशुद्धिगुणसम्पन्न उस मुख्य प्राण की अङ्गिरा ऋषि ने उद्गीथ रूप से उपासना की। आगे तेरहवें मन्त्र में कहे जाने वाले दल्भ के पुत्र बक से इसी विद्या का संबन्ध है। इसी प्रकार बृहस्पति, आयास एवं बक ऋषि ने उपासना की, ऐसा कुछ लोग अव्यवहित संबन्ध की कल्पना करते हैं। इसी आयास्य आङ्गिरस प्राण को ही बृहस्पति मानते हैं—ऐसा छान्दोग्य एवं बृहदारण्यक श्रुति भी कहती है। अव्यवहित संबन्ध संभव होने पर व्यवहित संबन्ध कल्पना करना उचित नहीं है—इसका निरास यथा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तेन तꣳ ह बृहस्पतिरुद्गीथमुपासांचक्र एतमु एव

प्राण का बृहस्पति नाम क्यों ?

इसी कारण से बृहस्पति ने भी प्राण को उद्गीथ समझ कर उपासना की थी । अतः लोग इस

श्रुत्यन्तरवत् । तस्माच्छतर्चिन इत्याचक्षत एतमेव सन्तमृषिमपि । तथा माध्यमा गृत्समदो विश्वामित्रो वामदेवोऽत्रिरित्यादिऋषीनेव प्राणमापादयति श्रुतिः । तथैतानप्यृषीन्प्राणोपासकानङ्गिरोबृहस्पत्यायास्यान्प्राणं करोत्यभेदविज्ञानाय । "प्राणो ह पिता प्राणो माता" इत्यादिवचंच । तस्मादृषिरङ्गिरा नाम प्राण एव सन्नात्मानमङ्गिरसं प्राणमुदीथमुपासांचक्र इत्येतत् । यद्यस्मात्सोऽङ्गानां प्राणः सन्रसस्तेनासावाङ्गिरसः ॥१०॥

पत्तव्यगुणमात्रप्रतिपत्त्यनुपपत्तेरित्यर्थः । प्राणोपासकानामृषीणामभिधानमैतरेयकश्रुत्या द्रढयति—श्रुत्यन्तरवदिति । तदेव स्पष्टयति—तस्मादिति । शतर्चिनो नाम प्रथममण्डलदृश ऋषयः । एष च प्राणो यस्मात्पुरुषं संघाताख्यं शतवर्षाण्यभिगतवांस्तस्मादेतमेव प्राणं सन्तमृषिशरीरस्थितमपि शतर्चिशब्दवाच्यं वदन्तीति योजना । शतर्चिशब्दवदुभयविषयाणि शब्दान्तराण्यपि सन्तीत्याह—तथेति । आद्यन्ते मण्डले मुक्त्वा मध्यमानां मण्डलानां द्रष्टारो माध्यमा ऋषयस्तेऽपि प्राणस्तस्य स्वात्मनि मध्ये सर्वजगद्विधारकत्वात् । गृत्समदस्तु द्वितीयमण्डलदर्शी स्वापकाले वागादीनां गिरणात्प्राणो गृत्सो रेतोविसर्गकारणं मदहेतुत्वादपानो मदः प्राणापानात्मकत्वात्प्राणोऽपि तथोच्यते । तृतीयमण्डलदर्शी विश्वामित्रः प्राणोऽपि तथा व्यपदिश्यते । तस्य हि विश्वं भोज्यजातं स्थितिहेतुतया स्निग्धमासीत् । वामदेवस्तु चतुर्थमण्डलद्रष्टा प्राणोऽपि तच्छब्दवाच्यस्तस्य वागादिदेवतासंभजनीयत्वात् । पञ्चममण्डलद्रष्टाऽत्रिरित्युच्यते प्राणोऽपि तथैव कथ्यते । तस्य पाप्मनोऽनर्थरूपान्प्रति सर्वत्रात्तृत्वात् । आदिपदेन भरद्वाजादिपदानि गृहीतानि । दृष्टान्तमेवं व्याख्याय दार्ष्टान्तिकमाह—तथेति । किमित्यङ्गिरःप्रभृतीन्प्राणं करोति श्रुतिरत आह—अभेदेति । तथा च सप्तमे प्राणस्य सार्वात्म्यं वक्ष्यते तथाऽत्रापि तस्य तत्तदृषिरूपत्वं विवक्षितमित्याह—प्राणो हेति । अव्यवहितसंबन्धसंभवे फलितं वाक्यार्थं कथयति—तस्मादिति । प्राणस्याङ्गिरस्त्वं व्युत्पादयति—यस्मादिति ॥१०॥

श्रुत असंभावना में हो जाता है । ऐतरेय श्रुति के सदृश प्राणोपासक ऋषियों का नाम यथाश्रुत संभव है (इसलिए गुणत्रयविशिष्ट प्राणोपासना में ऋषियों के नाम की यौगिक वृत्ति भी ग्रहण कर लेनी चाहिए) । जिस प्रकार प्रथम मण्डल के मन्त्रद्रष्टा शतर्चि ऋषि ऐसा कहते हैं, इसी प्रकार यहां ऋषि का ग्रहण है । एवं गृत्समद, विश्वामित्र, वामदेव, अत्रि आदि माध्यम ऋषियों को भी श्रुति प्राण संज्ञा देती है । ऐसे ही प्राणों से अभेद प्रतिपादन के लिए आङ्गिरस; बृहस्पति एवं आयास्यादि ऋषियों को भी श्रुति प्राण संज्ञा प्रतिपादित करती है । छान्दोग्य उपनिषद् (७.१५.१) में प्राण का सार्वात्म्य बतलाते हुए कहा जाता है—"प्राण ही पिता है, प्राण ही माता है" । इसलिए आङ्गिरस् ऋषि ने प्राणस्वरूप होकर अपने स्वरूपभूत आङ्गिरस प्राण की उद्गीथ रूप से उपासना की । सम्पूर्ण अङ्गों का रसरूप यह प्राण है, इसलिए इसका आङ्गिरस नाम पड़ा ॥ १० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बृहस्पतिं मन्यन्ते वाग्घि बृहती तस्या एष पतिः ॥ ११ ॥

तेन तँ हाऽऽयास्य उद्गीथमुपासांचक्र एतमु एवाऽऽयास्यं मन्यन्त आस्याद्यदयते ॥ १२ ॥

तेन तँ ह बको दाल्भ्यो विदांचकार । स ह नैमिशीयानामुद्गाता बभूव स ह स्मैभ्यः कामानागायति ॥ १३ ॥

प्राण को ही बृहस्पति मानते हैं, क्योंकि वाक् ही बृहती है और प्राण उस बृहती का पति है ॥११॥

प्राण का आयास्य नाम क्यों ?

इसी से आयास नामक ऋषि ने प्राण की उद्गीथ दृष्टि से उपासना की थी । अतः लोग इस प्राण को ही आयास्य मानते हैं, क्योंकि यह प्राण आस्य (मुख) से निकलता है ॥१२॥

अतएव दल्भ के पुत्र बक ने भी पूर्वोक्त प्रकार से प्राण को जाना । इसी से वह नैमिषारण्य में यज्ञ करने वालों का उद्गाता हुआ और उन यजमानों की कामना के लिये दाल्भ्य ने प्राणविज्ञान सामर्थ्य से ही आगान किया ॥१३॥

तथा वाचो बृहत्याः पतिस्तेनासौ बृहस्पतिः । तथा यद्यस्मादास्यादयते निर्गच्छति तेनाऽऽयास्य ऋषिः प्राण एव सन्नित्यर्थः । तथाऽन्योऽप्युपासक आत्मानमेवाऽऽङ्गिरसादिगुणं प्राणमुद्गीथमुपासीतेत्यर्थः ॥११॥ १२॥

न केवलमङ्गिरःप्रभृतय उपासांचक्रिरे । तं ह बको नाम दल्भ्यस्यापत्यं दाल्भ्यो

अङ्गिरःशब्दवद्बृहस्पतिशब्दोऽप्युभयत्र नेतव्य इत्याह—तथेति । प्राणस्य बृहस्पतित्वं साधयति—वाच इति । अङ्गिरोबृहस्पतिशब्दवदायास्यशब्दोऽप्युभयत्र द्रष्टव्य इत्याह—तथेति । तस्योभयत्र वृत्तिं विशदयति—यद्यस्मादिति । यस्मादास्यादयते तेनाऽऽयास्यः प्राणः एवात्रोपासकत्वादृषिरपि तथेति योजना । यथोक्तानामृषीणामेवोक्तगुणकमुपासनं नान्येषां विशेषवचनादित्याशङ्क्याऽऽह—तथेति । विशिष्टस्य न शेषनिवर्तकत्वं प्रदर्शनार्थत्वादित्यर्थः ॥११॥१२॥

यथोक्तोपासनस्य त्रिषु नियमाभावे गमकं दर्शयति—न केवलमिति । संप्रति विहितोपासनस्य

अङ्गिरा की तरह बृहस्पति शब्द का भी द्विविध अर्थ है । बृहती वाक् का पति होने से बृहस्पति नाम पड़ा । ऐसे ही निर्गमन करने के कारण आयास्य नाम पड़ा, वही प्राण ही है । इससे अन्य उपासक को भी आङ्गिरसादि गुणों से युक्त अपने प्राण की उपासना करनी चाहिए—यह इसका भावार्थ है ॥ ११ ॥ १२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आगाता ह वै कामानां भवति य एतदेवं विद्वा-नक्षरमुद्गीथमुपास्त इत्यध्यात्मम् ॥ १४ ॥

इति प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः खण्डः ॥ २ ॥

प्राण से ओंकार की उपासना

ऐसा जानने वाला जो विद्वान् इस उद्गीथ नामक ओंकार की पूर्वोक्त रीति से उपासना करता है, वह (अन्य उद्गाता भी) कामनाओं का आगान करने वाला हो जाता है। ऐसी यह अध्यात्म उपासना है ॥१४॥

॥ इति द्वितीयः खण्डः ॥

विदांचकार यथादर्शितं प्राणं विज्ञातवान्। विदित्वा च स ह नैमिशीयानां सत्रिणामुद्गाता बभूव। स च प्राणविज्ञानसामर्थ्यादेभ्यो नैमिशीयेभ्यः कामानागायति स्म हाऽऽगीतवान्किलेत्यर्थः ॥१३॥

तथाऽन्योऽप्युद्गाताऽऽगाता ह वै कामानां भवति य एवं विद्वान्यथोक्तगुणं प्राणमक्षरमुद्गीथमुपास्ते तस्यैतद्दृष्टं फलमुक्तम्। प्राणात्मभावस्त्वदृष्टम्। "देवो भूत्वा देवानप्येति" इति श्रुत्यन्तरात्सिद्धमेवेत्यभिप्रायः। इत्यध्यात्ममेतदात्मविषयमुद्गीथोपासनमित्युक्तोपसंहारोऽधिदैवतोद्गीथोपासने वक्ष्यमाणे बुद्धिसमाधानार्थः ॥१४॥

इति प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः खण्डः ॥२॥

दृष्टफलमादेष्टुं पातनिकां करोति—विदित्वेति ॥१३॥

भूमिकां कृत्वा विवक्षितमुपास्तिफलं कथयति—तथेति। दृष्टमिति विशेषणादभीष्टं फलान्तरमाष्टे—प्राणेति। आत्मविषयं शरीरवर्तिप्राणगोचरमिति यावत्। उपसंहारस्य प्रयोजनमाह—अधिदैवतेति ॥१४॥

इति प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः खण्डः ॥२॥

विशुद्धसंज्ञकमुख्यप्राण की उपासना अङ्गिरादि तीन ऋषियों ने ही नहीं की। दल्भ के पुत्र बक ने भी पूर्वोक्त प्रकार से प्रदर्शित उस प्राण को जाना। इसे जानने से ही वह नैमिषारण्य में यज्ञ करने वालों का उद्गाता हुआ। मुख्यप्राणविज्ञान के सामर्थ्य से ही बक ने उन नैमिशीय यजमानों की कामनाओं के लिए औद्गात्र कर्म किया ॥ १३ ॥

जो कोई विद्वान् इस पूर्वोक्त गुणों से विशिष्ट उद्गीथसंज्ञक ओंकार अक्षर प्राण की उपासना करता है, उसका यह साक्षात् फल है कि वह अन्य उद्गाता भी कामनाओं का आगान करने वाला होता है। अभीष्ट प्राणात्मभाव की प्राप्ति ही इस उपासना का अलौकिक फल है। अन्यत्र श्रुति से भी परिलक्षित होता है—"सार्वात्म्य उपासना में देव होकर देवभाव की प्राप्ति कर लेता है"। शरीरवर्ती प्राण दर्शन की यह उद्गीथ उपासना है, जिसका अध्यात्म में उपसंहार किया गया है। यह छान्दोग्य उपनिषद् में तृतीय खण्ड में कही जाने वाली अधिदैवत उद्गीथ उपासना में बुद्धि प्रवेश कराने के लिए है ॥ १४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ प्रथमाध्यायस्य तृतीयः खण्डः)

अथाधिदैवतं य एवासौ तपति तमुद्गीथमुपासीतो- द्यन्वा एष प्रजाभ्य उद्गायति । उद्य\ँस्तमो भयमप- हन्त्यपहन्ता ह वै भयस्य तमसो भवति य एवं वेद ॥ १ ॥

सूर्य दृष्टि से उद्गीथ की उपासना

अब अधिदैवत उपासना बतलाई जाती है। जो यह सूर्य तपता है (वह उद्गीथ है) उस उद्गीथ की उपासना करे। क्योंकि यह आदित्य उदित होता हुआ प्रजाओं के अन्न उत्पत्ति के लिये उद्गान करता है। इतना ही नहीं, वह उदित होकर अन्धकार और तज्जन्य भय का भी नाश करता है। जो इस प्रकार इसे जानता है, वह आत्मा के जन्म मरणादि भय और उसके कारण अज्ञान को नष्ट कर डालता है ॥१॥

अथानन्तरमधिदैवतं देवताविषयमुद्गीथोपासनं प्रस्तुतमित्यर्थोऽनेकधोपास्यत्वा- दुद्गीथस्य य एवासावादित्यस्तपति तमुद्गीथमुपासीताऽऽदित्यदृष्ट्योद्गीथमुपासी- तेत्यर्थः । तमुद्गीथमित्युद्गीथशब्दोऽक्षरवाची सन्कथमादित्ये वर्तत इति, उच्यते—उद्यन्नु- द्गच्छन्वा एष प्रजाभ्यः प्रजार्थमुद्गायति प्रजानामन्नोत्पत्त्यर्थम् । न ह्यनुद्यति तस्मिन्व्री-

---

अनन्तरमाध्यात्मिकप्राणदृष्ट्योद्गीथोपासनवचनादिति शेषः । किमिति देवताविषयमुद्गीथो- पासनं प्रस्तूयते तत्राऽऽह—अनेकधेति । प्राणरूपेणाऽऽदित्यादिरूपेण चोद्गीथस्योपास्यत्वाद्देवता- विषयतदुपास्तिप्रस्तावो युक्त एवेत्यर्थः । [1]आदित्यादिमतयश्चेत्यादिन्यायेन वाक्यार्थं कथयति— आदित्यदृष्ट्येति । तमादित्यमुद्गीथमुपासीतेत्यादित्यशब्दस्योद्गीथशब्दस्य च सामानाधिकरण्यमयुक्तमु- द्गीथशब्दस्य प्रकरणादक्षरवाचित्वादादित्यशब्दस्य च ज्योतिर्विषयत्वाद्भिन्नार्थयोश्च शब्दयोः सामाना- धिकरण्यायोगादिति शङ्कते—तमुद्गीथमितीति । आदित्ये यद्यपि नोद्गीथशब्दो रूढ्या वर्तितुमर्हति तथाऽपि गौण्या च तत्र तत्र वृत्तेः सामानाधिकरण्यसिद्धिरित्युत्तरमाह—उच्यत इति । प्रजार्थमुद्गा- यतीत्येतदेव स्पष्टयति—प्रजानामिति । अन्नोत्पत्त्यर्थमुद्गायतीति पूर्वेण संबन्धः । तदेव व्यतिरेकद्वारा साधयति—न हीति । आदित्यस्यान्नार्थमागानमतःशब्दार्थः । न तस्योद्गातुरिव प्रत्यक्षमुद्गान-

---

आध्यात्मिक प्राण दृष्टि से उद्गीथ उपासना का निरूपण होने के अनन्तर आधिदैविक उपा- सना बतलाई जाती है। अनेक प्रकार से उद्गीथोपासना होने के कारण जो यह आदित्य तपता है, आदित्य दृष्टि से उद्गीथ की उपासना करे। उस उद्गीथ की उपासना करे—यहाँ उद्गीथ शब्द ओंकार अक्षर वाची होने के कारण आदित्य का ज्ञापक कैसे है; इस पर कहा जाता है क्योंकि यह सूर्य

---

१. "आदित्यादिमतयश्चाङ्ग उपपत्तेः" (ब्र. सू. ४-१-६) । उद्गीथादिषु कर्माङ्गेष्वादित्यादिमतय एव कर्तव्याः । कुतः ? कर्मसमृद्धिरूपफलोपपत्तेरित्यर्थः ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यद्यपि स्थानभेदात्प्राणादित्यौ भिन्नाविव लक्ष्येते तथाऽपि न स तत्त्वभेदस्तयोः। कथम्——

समान उ एवायं चासौ चोष्णोऽयमुष्णोऽसौ स्वर इतीममाचक्षते स्वर इति प्रत्यास्वर इत्यमुं तस्माद्वा एतमिमममुं चोद्गीथमुपासीत ॥ २ ॥

आदित्य और प्राण में साम्य होने के कारण प्राण दृष्टि से उद्गीथ की उपासना

गुण दृष्टि से यह प्राण और यह आदित्य समान ही है, क्योंकि यह प्राण और वह सूर्य भी उष्ण है। इस प्राण को "स्वर" इस नाम से कहते हैं और उस आदित्य को भी "स्वर" एवं "प्रत्यास्वर" ऐसा पुकारते हैं। (अतः तत्त्वतः अभिन्न होने के कारण) इस प्राण और सूर्यरूप से उद्गीथ के अवयवरूप ओंकार को उपासना करे ॥२॥

ह्यादेः पङ्क्तिः स्यादत उद्गायतीवोद्गायति, यथैवोद्गाताऽन्नार्थमत उद्गीथः सवितेत्यर्थः। किंचोद्यन्नैशं तमस्तज्जं च भयं प्राणिनामपहन्ति तमेवंगुणं सवितारं यो वेद सोऽपहन्ता नाशयिता ह वै भयस्य जन्ममरणादिलक्षणस्याऽऽत्मनस्तमसश्च तत्कारणस्याज्ञानलक्षणस्य भवति ॥१॥

समान उ एव तुल्य एव प्राणः सवित्रा गुणतः सविता च प्राणेन। यस्मादु-

---

मुपलब्धमित्याशङ्क्याऽऽह—उद्गायतीवेति। उपमामेवोपपादयति—यथेति। अथाऽऽत्मनेऽन्नाद्यमागायेदितिश्रुत्यन्तरे यथाऽन्नार्थमुद्गाताऽऽगायतीत्यवगतं तथाऽऽदित्योऽपि प्रजानामन्नार्थमागायतीत्यर्थः। उद्गीथशब्दस्याऽऽदित्ये संभवं परामृश्य फलितमाह—अत इति। आदित्यदृष्ट्योद्गीथोपासनमुपपाद्य फलोक्तिं व्याचष्टे—किंचेत्यादिना। एवंगुणं तमस्तज्जभयनिवर्तकत्वगुणसहितमिति यावत् ॥१॥

नन्वध्यात्ममधिदैवतमिति स्थानभेदात्प्राणादित्ययोर्भिन्नत्वाद्भिन्नमेव तयोरुपासनमुपादेयमत आह—यद्यपीति। प्राणादित्ययोः स्वरूपभेदाभावं प्रश्नपूर्वकं प्रतिपादयति—कथमित्यादिना। उशब्दोऽप्यर्थः स्थानभेदतो भेदमनुजानाति। गुणतः साम्यं साधयति—यस्मादिति। नामतः साम्यं

उदित होता हुआ प्राणियों के अन्न की उत्पत्ति के लिए उद्गान करता है। उसके उदय न होने पर व्रीहि-यवादि अन्न पकने असंभव हो जाएँगे, इसलिए वह (प्रत्यक्ष उद्गान न करता हुआ) उद्गाता के समान उद्गान करता है। जैसे (श्रुति में) उद्गाता अपनी आत्मा के लिए अन्न का आगान करता है; अतः उद्गीथ आदित्य ही है। इसके साथ-साथ रात्रि के अन्धकार एवं उससे होने वाले भय का भी नाश करता है। जो पूर्वोक्त गुणों से युक्त आदित्य को जानता है, वह आत्मा के जन्म-मरणादि भय एवं उस भय में हेतु अज्ञान को नाश कर देता है ॥ १ ॥

यद्यपि स्थानभेद के कारण प्राण और आदित्य भिन्न से लगते हैं तथापि वह भेद वास्तविक नहीं है क्योंकि गुणदृष्टि से प्राण सविता के एवं सविता प्राण के समान है। यह प्राण भी उष्ण है;

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ खलु व्यानमेवोद्गीथमुपासीत यद्वै प्राणिति स प्राणो यदपानिति सोऽपानः । अथ यः प्राणा-

व्यानरूप से उद्गीथ की उपासना

अब (प्रकारान्तर से अध्यात्म उपासना) कही जाती है। व्यान दृष्टि से ही उद्गीथ उपासना करनी चाहिये। पुरुष जो प्राणन (मुख और नासिका द्वारा वायु का बहिर्गमन) करता है, वह प्राण है

ष्णोऽयं प्राण उष्णश्चासौ सविता। किंच स्वर इतीमं प्राणमाचक्षते कथयन्ति तथा स्वर इति प्रत्यास्वर इति चामुं सवितारम्। यस्मात्प्राणः स्वरत्येव न पुनर्मृतः प्रत्यागच्छति। सविता त्वस्तमित्वा पुनरप्यहन्यहनि प्रत्यागच्छति। अतः प्रत्यास्वरोऽस्माद्गुणतो नामतश्च समानावितरेतरं प्राणादित्यौ। अतः सतत्त्वाभेदादेतं प्राणमिमममुं चाऽऽदित्यमुद्गीथमुपासीत ॥ २ ॥

अथ खल्विति प्रकारान्तरेणोपासनमुद्गीथस्योच्यते व्यानमेव वक्ष्यमाणलक्षणं प्राणस्यैव वृत्तिविशेषमुद्गीथमुपासीत। अधुना तत्सतत्त्वं निरूप्यते—यद्वै पुरुषः प्राणिति

संगिरते—किंचेति। सवितृवत्प्राणेऽपि प्रत्यास्वरशब्दप्रवृत्तिमाशङ्क्याऽऽह—यस्मादिति। स्वरत्येव गच्छत्येवेति यावत्। तस्मिन्नेव स्थूलदेहे न प्रत्यागच्छति तस्मात्प्राणे स्वरशब्दप्रवृत्तिरेवेत्यर्थः। सवितर्यपि तर्हि तच्छब्दप्रवृत्तिरेवेत्याशङ्क्याऽऽह—सविता त्विति। आदित्यस्यास्तं गतस्य प्रत्यहमेकत्रैवाऽऽगतिदर्शनात्तस्मिन्प्रत्यास्वरशब्दस्यापि प्रवृत्तिरस्तीत्यर्थः। अतः प्राणादित्ययोरुक्तं साम्यं निगमयति—अस्मादिति। अन्योन्यसाम्यकृतं फलमाह—अत इति। प्राणादित्यावेकीकृत्य तद्दृष्ट्योद्गीथावयवभूतमोंकाराख्यमक्षरमुपास्यमित्यर्थः ॥२॥

अथाऽऽध्यात्मिकमाधिदैविकं चोद्गीथोपासनं प्रस्तुत्य तदेव समस्यैकीकृत्योक्तं तथा च वक्तव्याभावात्किमुत्तरेण ग्रन्थेनेत्याशङ्क्याऽऽध्यात्मिकमेवोद्गीथोपासनमनुसृत्याऽऽह—अथेति। कोऽसौ व्यानो यद्दृष्ट्योद्गीथोपासनमुपदिदिक्षितमत आह—वक्ष्यमाणलक्षणमिति। पक्षान्तरं व्यावर्तयति—प्राणस्यैवेति। वक्ष्यमाणलक्षणमित्युक्तं व्यक्ती करोति—अधुनेति। तन्निरूपणार्थमादौ प्राणापानौ निरूपयति—यद्वा इत्यादिना। ताभ्यामेव मुखनासिकाभ्यामित्येतत्। स्यातामेवं प्राणापानौ व्यानस्य

वह आदित्य भी उष्ण है। इतना ही नहीं, प्राण को "स्वर" नाम से पुकारते हैं और उस आदित्य को भी "स्वर" और "प्रत्यास्वर" नामों से पुकारते हैं, इस प्रकार नाम में भी साम्य है। प्राण भी जाता है, जाकर उसी स्थूल देह में पुनः नहीं आता। सूर्य भी अस्त होकर प्रतिदिन वापिस आता है। इसलिए प्रत्यास्वर होने से प्राण और आदित्य का नाम और गुण से परस्पर साम्य है। अतः वस्तुतः अभिन्न होने के कारण इस प्राण और सूर्य का एकीभाव दृष्टि से उद्गीथ के अवयवभूत ओंकार की उपासना करे ॥ २ ॥

"अथ खलु—" इत्यादि मन्त्र में प्रकारान्तर से आध्यात्मिक उद्गीथ उपासना का निरूपण किया जाता है। वक्ष्यमाण व्यान प्राण की वृत्ति-विशेष है, उसकी ही उद्गीथ रूप से उपासना करनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पानयोः संधिः स व्यानो यो व्यानः सा वाक्।
तस्मादप्राणन्ननपानन्वाचमभिव्याहरति ॥ ३ ॥

(और जो मुख एवं नासिका द्वारा ही) वायु को भीतर खींचता है वह अपान है, तथा प्राणायाम की जो संधि है वह व्यान है। जो व्यान है वही वाक् है। अतएव पुरुष प्राण और अपान की क्रियायें न करता हुआ ही बोलता है ॥३॥

मुखनासिकाभ्यां वायुं बहिर्निःसारयति स प्राणाख्यो वायोर्वृत्तिविशेषो यदपानित्यपश्वसिति ताभ्यामेवान्तराकर्षति वायुं सोऽपानोऽपानाख्या वृत्तिः। ततः किमिति, उच्यते—अथ य उक्तलक्षणयोः प्राणापानयोः संधिस्तयोरन्तरा वृत्तिविशेषः स व्यानः, यः सांख्यादिशास्त्रप्रसिद्धः श्रुत्या विशेषनिरूपणान्नासौ व्यान इत्यभिप्रायः। कस्मात्पुनः प्राणापानौ हित्वा महताऽऽयासेन व्यानस्यैवोपासनमुच्यते। वीर्यवत्कर्महेतुत्वात्। कथं वीर्यवत्कर्महेतुत्वमित्याह—यो व्यानः सा वाक्। व्यानकार्यत्वाद्वाचः यस्माद्व्याननिर्वर्त्या वाक्तस्मादप्राणन्ननपानन्प्राणापानव्यापारावकुर्वन्वाचमभिव्याहरत्युच्चारयति लोकः ॥ ३ ॥

तु किमायातमिति शङ्कित्वा तत्स्वरूपं दर्शयति—तत इत्यादिना। संधिमेव स्फुटयति—तयोरिति। प्राणापानयोर्वृत्त्योरभावावस्थायां मध्ये च वायोर्वृत्तिविशेषो योऽस्ति स व्यानशब्दार्थः इत्यर्थः। संधिस्कन्धमर्मदेशवृत्तिर्व्यान इति सांख्या योगाश्चाऽऽहुस्तान्प्रत्याह—यः सांख्यादीति। सांख्यानां योगानां च शास्त्रे प्रसिद्धो यो वायोर्वृत्तिविशेषः स्कन्धादिदेशगो नासौ व्यानः श्रुत्या विशेषनिरूपणादिति योजना। व्यानस्य प्राणापानसापेक्षत्वात्तयोरन्यतरस्योपासनमेवोचितं न व्यानोपासनमिति मन्वानश्चोदयति—कस्मादिति। महताऽऽयासेन व्यानसतत्त्वनिरूपणेनेति यावत्। ताभ्यां तस्य वैशिष्ट्यमुपेत्य परिहरति—वीर्यवदिति। व्यानस्यैवोपासनमिति शेषः। तदेव प्रश्नद्वारा प्रपञ्चयति—कथमित्यादिना। कथं व्यानस्य वीर्यवत्कर्म प्रसिद्धं प्रतिज्ञायते कार्यकरणभावादित्याह—व्यानेति। वाचो व्याननिर्वर्त्यत्वे लिङ्गं दर्शयति—यस्मादिति ॥ ३ ॥

चाहिए। अब उसका तत्त्वतः निरूपण किया जाता है। पुरुष जो मुख और नासिका द्वारा वायु को बाहर निःसरण करता है, वह प्राणाख्य वायु की वृत्ति-विशेष है तथा जो मुख और नासिका के द्वारा ही वायु को भीतर खींचता है; वह अपानाख्य वृत्ति है। तथा उक्त लक्षणों से विशिष्ट प्राण और अपान की जो संधि है; वह व्यानाख्य वृत्ति-विशेष है। सांख्यादि दार्शनिक संधि, स्कन्ध और मर्म देश में रहने वाले वायु विशेष को व्यान कहते हैं, श्रुति में विशेष व्याख्यान होने से वह व्यान नहीं है। प्राण और अपान को छोड़कर व्यान की महत्ता निरूपण करते हुए व्यान की उपासना क्यों कही जाती है, उनके विशिष्ट वीर्य सम्पन्न होने से कर्म में हेतुक है। ऐसा इसलिए है कि जो व्यान है, वही वाक् है क्योंकि वाक् व्यान में कार्यकारणभाव है। वाक् व्यान से निष्पादित होती है, इसलिए प्राण और अपान का व्यापार न करते हुए ही मनुष्य बोलता है ॥ ३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

 CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

या वाक्सर्क्तस्मादप्राणन्ननपानन्नृचमभिव्याहरति यर्क्तत्साम तस्मादप्राणन्ननपानन्साम गायति यत्साम स उद्गीथस्तस्मादप्राणन्ननपानन्नुद्गायति ।।४।।

अतो यान्यन्यानि वीर्यवन्ति कर्माणि यथाऽग्नेर्मन्थनमाजेः सरणं दृढस्य धनुष आयमनमप्राणन्ननपानꣳस्तानि करोत्येतस्य हेतोर्व्यानमेवोद्गीथमुपासीत ।। ५ ।।

वाक् ऋक् साम, और उद्गीथ समानता का हेतु

जो वाणी है वही ऋक् है, इससे ही पुरुष प्राण और अपान क्रिया न करता हुआ वाक् विशेष ऋक् का उच्चारण करता है। जो ऋक् है, वही साम है, इसीलिये पुरुष प्राणायाम क्रिया न करता हुआ सामगान करता है। जो साम है, वही साम के अवयवरूप ओंकार उद्गीथ भी है। अतः उसका उद्गान भी प्राणायाम क्रिया न करता हुआ करता है ।।४।।

इसके सिवा जो अन्य भी अधिक प्रयत्न साध्य-सामर्थ्ययुक्त कर्म हैं, जैसे अग्नि का मन्थन एक सीमा तक दौड़ना और सुदृढ़ धनुष को खींचना इन सभी कर्मों को पुरुष प्राण और अपान क्रिया को न करता हुआ ही करता है। अतएव व्यानदृष्टि से ही उद्गीथ की उपासना करनी चाहिये (प्राण की अन्य वृत्तिरूप से नहीं) ।।५।।

तथा वाग्विशेषामृचमृक्संस्थं च साम सामावयवं चोद्गीथमप्राणन्ननपानन्व्यानेनैव निर्वर्तयतीत्यभिप्रायः ।। ४ ।।

न केवलं वागाद्यभिव्याहरणमेवातोऽस्मादन्यान्यपि यानि वीर्यवन्ति कर्माणि प्रयत्नाधिक्यनिर्वर्त्यानि यथाऽग्नेर्मन्थनमाजेर्मर्यादायाः सरणं धावनं दृढस्य धनुष आयमनमाकर्षणमप्राणन्ननपानंस्तानि करोति । अतो विशिष्टो व्यानः प्राणादिवृत्तिभ्यः ।

या वागित्यादिवाक्यानामर्थं संक्षिपति—तथेत्यादिना ।। ४ ।।

अतो यानीत्यादि व्याचष्टे—न केवलमिति । व्यानेन निर्वर्तयतीति पूर्वेण संबन्धः । यान्यन्यान्यपि यथोक्तानि कर्माणि तानि लोको व्यानेनैव करोतीत्युत्तरत्र संबन्धः । प्रयत्नाधिक्यनिर्वर्त्यानि कर्माण्येवोदाहरति—यथेति । यथा तानि कर्माणि तथाऽन्यान्यप्येवंप्रकाराणीति योजना । व्यानस्य वीर्यवत्कर्महेतुत्वे फलितमाह—अत इति । वैशिष्ट्येऽपि किं स्यादिति चेत्तदाह—विशिष्टस्येति ।

भावाशय यह है कि वाक्विशेष ऋक्संयुक्त एवं साम के अवयव प्राणन एवं अपानन क्रिया न कर व्यान से ही उद्गीथ का आगान सम्पन्न होता है ।। ४ ।।

व्यान वायु से वागादि का अभिव्याहार मात्र ही नहीं होता; बल्कि इससे भी अधिक प्रयत्नसाध्य कर्म हैं जो व्यान से निष्पन्न होते हैं। जैसे अग्निमन्थन, पूर्वनिर्धारित मर्यादा तक दौड़ना, दृढ धनुष की प्रत्यञ्चा चढ़ाना आदि कर्म मनुष्य प्राणन, अपानन क्रियाओं को न करता हुआ ही व्यान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ खलूद्गीथाक्षराण्युपासीतोद्गीथ इति प्राण एवोत्प्राणेन ह्युत्तिष्ठति वाग्गीर्वाचो ह गिर इत्याचक्षतेऽन्नं थमन्ने हीदꣳ सर्वꣳ स्थितम् ॥ ६ ॥

अब उद्गीथ के अक्षरों की उपासना निश्चयपूर्वक करनी चाहिये। "उद्गीथ" इस शब्द में प्राण ही उत् है अर्थात् "उत्" अक्षर में प्राणदृष्टि करनी चाहिये क्योंकि सब लोग प्राण से ही उठते हैं। वाक् ही "गी" है क्योंकि श्रेष्ठ पुरुष वाक् को "गिरः" ऐसा कहते हैं तथा अन्न ही "थ" है क्योंकि अन्न में ही यह सब स्थित है ॥६॥

विशिष्टस्योपासनं ज्यायः फलवत्त्वाद्राजोपासनवत्। एतस्य हेतोरेतस्मात्कारणाद्व्यानमेवोद्गीथमुपासीत नान्यद्वृत्त्यन्तरम्। कर्मवीर्यवत्तरत्वं फलम् ॥ ५ ॥

अथाधुना खलूद्गीथाक्षराण्युपासीत भक्त्यक्षराणि मा भूवन्नित्यतो विशिनष्टि—उद्गीथ इति। उद्गीथनामाक्षराणीत्यर्थो नामाक्षरोपासनेऽपि नामवत एवोपासनं कृतं भवेदमुकमिश्रा इति यद्वत्। प्राण एवोत्, उदित्यस्मिन्नक्षरे प्राणदृष्टिः। कथं प्राणस्योत्त्वमित्याह—प्राणेन ह्युत्तिष्ठति सर्वोऽप्राणस्यावसाददर्शनादतोऽस्त्युदः प्राणस्य

वैशिष्ट्यफलमुपसंहरति—एतस्येति। फलवत्त्वादित्युक्तमुपास्तिफलं स्पष्टयति—कर्मेति। व्यानदृष्ट्योद्गीथोपासनस्याङ्गावबद्धत्वादिति शेषः ॥ ५ ॥

उद्गीथोपासनप्रसङ्गेनोद्गीथाक्षरोपासनां प्रस्तौति—अथेति। विशेषणतात्पर्यं दर्शयति—भक्तीति। उद्गीथाक्षराण्युपासीतेत्युक्ते भक्त्यक्षराण्युपास्यानि प्राप्तानि तानि मा भूवन्निति यतो मन्यते श्रुतिस्ततो विशेषणं करोतीत्यर्थः। विशेषणश्रुतिं व्याकरोति—उद्गीथेति। नामाक्षरोपासनमुद्गीथोपासनस्याकिंचित्करमित्याशङ्क्याऽऽह—नामेति। यथा लोके कृष्णमिश्रादिवाचकैशब्दप्रयोगे वाच्यस्य पुरुषविशेषस्योपासनं गम्यते तथेहापीत्यर्थः। नामाक्षरोपासने नामवदुपासनेऽपि तदुपासनमेव कथमित्याशङ्क्य विभजते—प्राण एवेति। प्राणस्योदः सादृश्यं प्रश्नपूर्वकमाह—कथमित्यादिना।

से सम्पादित करता है। इसलिए प्राणादि-वृत्तियों की अपेक्षा व्यान का विशेष स्थान है। जैसे राजा की सेवा करने का विशेष फल है क्योंकि विशिष्ट की उपासना महान् फलदायक हुआ करती है। इसलिए व्यान दृष्टि से ही उद्गीथ की उपासना करनी चाहिए; प्राण-अपान वृत्ति से नहीं। विशिष्ट सामर्थ्ययुक्त कर्म होना ही इसका फल है ॥ ५ ॥

अब उद्गीथ के अक्षरों की उपासना करनी चाहिए। भक्तियुक्त अक्षरों में उपास्यत्व न आए, इसलिए मन्त्र में उद्गीथ विशेषण दिया गया। उद्गीथ नाम के अक्षरों की उपासना करे, नाम के अक्षरों की उपासना में भी नामी की उपासना विहित है। जैसे कृष्णमिश्रादि वाचक शब्द प्रयोग में वाच्य पुरुष की उपासना का बोध होता है। "उद्गीथ" इस शब्द में प्राण ही उत् है, "उत्" इस अक्षर में प्राणदृष्टि करनी चाहिए। प्राण के 'उत्' होने में कारण यह है कि प्राण से सब उठते हैं, निष्प्राण के चेतनशून्य होने से उत् और प्राण की साम्यता है। "उद्गीथ" में आया हुआ 'गी' अक्षर वाक् है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्यौरेवोदन्तरिक्षं गीः पृथिवी थमादित्य एवोद्वायुर्गीरग्निस्थꣳसामवेद एवोद्यजुर्वेदो गीर्ऋग्वेदस्थं दुग्धेऽस्मै वाग्दोहं यो वाचो दोहोऽन्नवानन्नादो भवति य एतान्येवं विद्वानुद्गीथाक्षराण्युपास्त उद्गीथ इति ।७।

उद्गीथ के अक्षरों में द्युलोकादि और साम वेदादि दृष्टि

ऊंचे स्थान होने से द्यौ लोक ही "उत्" है। लोकों का ग्रासक होने से अन्तरिक्ष "गी" है और सबकी प्रतिष्ठा होने से पृथिवी "थ" है। उक्त न्याय से ही आदित्य उत् है, वायु "गी" है और अग्नि "थ" है। एवं सामवेद ही "उत्" है, यजुर्वेद "गी" है, ऋग्वेद "थ" है। क्योंकि ऋक् में ही साम अधिष्ठित है। इन अक्षरों को ऐसा जानकर जो इन उद्गीथ अक्षरों की उपासना करता है, उसके लिये जो ऋग्वेदादि वाक् का दोह है, उसे वाणी स्वयं ही दुहती है तथा वह अन्नवान् और अन्न का भोक्ता हो जाता है ॥७॥

च सामान्यम्। वाग्गीः। वाचो ह गिर इत्याचक्षते शिष्टाः। तथाऽन्नं थमन्ने हीदं सर्वं स्थितमतोऽस्त्यन्नस्य थाक्षरस्य च सामान्यम् ॥ ६ ॥

त्रयाणां श्रुत्युक्तानि सामान्यानि तानि तेनानुरूपेण शेषेष्वपि द्रष्टव्यानि। द्यौरेवोदुच्चैः स्थानात्। अन्तरिक्षं गीर्गिरणाल्लोकानाम्। पृथिवी थं प्राणिस्थानात्। आदित्य एवोदूर्ध्वत्वात्। वायुर्गीरग्न्यादीनां गिरणात्। अग्निस्थं यज्ञकर्मावस्थानात्। सामवेद एवोत्स्वर्गसंस्तुतत्वात्। यजुर्वेदो गीर्यजुषा प्रत्तस्य हविषो देवतानां गिरणात्।

गीरित्यस्मिन्नक्षरे वाग्दृष्टिः कर्तव्येत्याह—वाग्गीरिति। वाचो गिरश्च साहश्यं दर्शयति—वाचो हेति। उद्गीरक्षरयोः प्राणवाग्दृष्टिरिव थमित्यस्मिन्नक्षरेऽन्नदृष्टिः कार्येत्याह—तथेति। थकारान्नयोरपेक्षितं साहश्यं दर्शयति—अन्ने हीति ॥ ६ ॥

प्राण एवोदित्यादौ साहश्यं श्रुत्यैवोक्तं द्यौरेवोदित्यादौ तु नोक्तं तथा च तत्र साहश्याभावे कथं दृष्टिकरणमित्याशङ्क्याऽऽह—त्रयाणामिति। अन्तरिक्षमाकाशस्तदन्तःप्रतिष्ठा लोकास्तेन गीर्णा इवेति मत्वाऽऽह—गिरणादिति। अग्न्यादीनां गिरणादिति संवर्गविद्यायां द्रष्टव्यम्। सामवेदो वै स्वर्गो लोक इति स्वर्गलोकत्वेन सामवेदस्य संस्तुतत्वादिति हेतुमाह—स्वर्गेति। यजुषा स्वाहास्वधादिनेति यावत्। अध्यात्ममधिलोकमधिदैवमधिवेदं च नामाक्षरोपासनमुक्त्वा तत्फलोक्तिमवतार्य व्याकरोति—

शिष्ट लोग वाणी को 'गिरः' शब्द से भी पुकारते हैं। "उद्गीथ" के अन्तिम थकार अक्षर में अन्नदृष्टि करनी चाहिए क्योंकि अन्न में यह सब कुछ स्थित है। इसलिए अन्न और थकार अक्षर का साम्य है ॥ ६ ॥

तीनों का साम्य श्रुति द्वारा प्रतिपादित किया गया, उसके अनुरूप शेष में भी घटा लेना चाहिए। द्युलोक ऊँचे स्थान से युक्त होने से "उत्" है; लोकों का ग्रासक होने से अन्तरिक्ष "गी"

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ खल्वाशीःसमृद्धिरुपसरणानीत्युपासीत येन साम्ना स्तोष्यन्स्यात्तत्सामोपधावेत् ॥ ८ ॥

सकाम उपासना का प्रकार

इसके अनन्तर निश्चय ही कामनाओं की समृद्धि बतलाई जाती है। अपने ध्येयों की इस प्रकार उपासना करे। जिस साम-विशेष से उद्गाता की स्तुति करनी हो, उस साम का (उसकी उत्पत्ति आदि क्रम से) चिन्तन करे ॥८॥

ऋग्वेदस्थमृच्यध्यूढत्वात्साम्नः। उद्गीथाक्षरोपासनफलमधुनोच्यते—दुग्धे दोग्ध्यस्मै साधकाय। का सा वाक्, कं दोहम्। कोऽसौ दोह इत्याह—यो वाचो दोहः। ऋग्वेदादिशब्दसाध्यं फलमित्यभिप्रायस्तद्वाचो दोहस्तं स्वयमेव वाग्दोग्ध्यात्मानमेव दोग्धि। किंचान्नवान्प्रभूतान्नोऽन्नादश्च दीप्ताग्निर्भवति। य एतानि यथोक्तान्येवं यथोक्तगुणान्युद्गीथाक्षराणि विद्वान्सन्नुपास्त उद्गीथ इति ॥ ७ ॥

अथ खल्विदानीमाशीः समृद्धिराशिषः कामस्य समृद्धिर्यथा भवेत्तदुच्यत इति

उद्गीथेति। यो वाचो दोह इत्यत्र षष्ठी कर्मणि द्रष्टव्या। तमेव वाग्दोहं प्रकटयति—ऋग्वेदादीति। तत्साध्यं फलं स्वाधीनोच्चारणक्षमत्वं तदनायासेनास्य संभवतीत्यर्थः। तदिति प्रकृतफलपरामर्शः। षष्ठी पूर्ववत्। तमिति दोहोक्तिः। वाच एव दोहे कर्मत्वं कर्तृत्वं चेत्याह—आत्मानमेवेति। या दोग्धि सा वागेव सा चाऽऽत्मानमेव तं दोग्धीति योजना। यथोक्तानि प्राणवागन्नादिरूपत्वेनोक्तानीति यावत्। यथोक्तगुणान्युत्थानगिरणस्थित्यादिधर्मकाणीत्यर्थः। उद्गीथाक्षराणीत्युक्तं विशेषणानुवादेन स्फुटयति—उद्गीथ इति। उद्गीथ इत्येवंरूपस्य नाम्नोऽक्षराणीति यावत् ॥७॥

वागादिसमृद्धिफलकमुपासनमुपदिश्य फलसमृद्धिर्येन प्रकारेण भवति तत्प्रकारं ज्ञानं सर्वकाम्योपासनशेषभूतं प्रासङ्गिकं विधीयत इत्याह—अथ खल्विति। वागादिसमृद्धिफलकोपासनानन्तर्यमथशब्दार्थः। वक्ष्यमाणोपासनानां सर्वकाम्योपासनाशेषत्वद्योतनार्थं खल्वित्युक्तम्। प्रासङ्गिकत्वं दर्शयति—इदानीमिति। कामशब्दः फलविषयः। तच्छब्दः प्रकारज्ञानपरामर्शी। उच्यते विधीयत

है; प्राणियों को स्थान देने से पृथिवी "थ" है। इसी प्रकार ऊर्ध्व होने से आदित्य "उत्" है; (संवर्ग विद्या में) अग्नि आदि को ग्रस लेने से वायु "गी" है, यज्ञकर्मों की व्यवस्था करने से अग्नि "थ" है। इसी सादृश्य से स्वर्गलोकरूप से संस्तुत होने के कारण सामवेद "उत्" है; यजुष् (मन्त्रों) द्वारा स्वाहा-स्वधादि के द्वारा डाली गयी आहुति देवताओं द्वारा ग्रहण कर लेने के कारण यजुर्वेद 'गी' है; साम के ऋक् आश्रित रहने के कारण ऋग्वेद "थ" है। अब उद्गीथ अक्षर की उपासना का फल कहा जाता है—उस उपासक के लिए ऋग्वेदादि शब्द साध्यरूप फल को वाक् स्वयं ही दुहती है। इतना ही नहीं; वह प्रभूत अन्न से युक्त एवं प्रदीप्ताग्नि होकर अन्न का भोक्ता होता है, जो विद्वान् उत्थान-ग्रसन-स्थिति धर्म वाले उद्गीथ नाम के अक्षरों की उपासना करता है ॥ ७ ॥

वागादि समृद्धिफलक उपासना के अनन्तर जिस उपाय करने से कामनाओं की समृद्धि हो—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यस्यामृचि तामृचं यदार्षेयं तमृषिं यां देवतामभिष्टोष्यन्स्यात्तां देवतामुपधावेत् ॥ ९ ॥

येन च्छन्दसा स्तोष्यन्स्यात्तच्छन्द उपधावेद्येन स्तोमेन स्तोष्यमाणः स्यात्तँ स्तोममुपधावेत् ॥ १० ॥

जिस ऋचा में (वह साम अधिष्ठित हो) उस ऋचा का, जिस ऋषि वाला हो, उस ऋषि का तथा जिस देवता की स्तुति करनी हो, उस देवता का भी चिन्तन करे ॥९॥

वह जिस गायत्री आदि छन्द से स्तुति करने वाला हो, उस छन्द का चिन्तन करे। एवं जिस स्तोम से स्तुति करने वाला हो, उस त्रिवृत्पञ्चदशादिरूप स्तोम का भी चिन्तन करे ॥१०॥

वाक्यशेषः। उपसरणान्युपसर्तव्यान्युपगन्तव्यानि ध्येयानीत्यर्थः। कथम्, इत्युपासीत, एवमुपासीत। तद्यथा—येन साम्ना येन सामविशेषेण स्तोष्यन्स्तुतिं करिष्यन्स्याद्भवेदुद्गाता तत्सामोपधावेदुपसरेच्चिन्तयेदुत्पत्त्यादिभिः ॥ ८ ॥

यस्यामृचि तत्साम तां चर्चमुपधावेद्देवतादिभिः। यदार्षेयं साम तं चर्षिम्। यां देवतामभिष्टोष्यन्स्यात्तां देवतामुपधावेत् ॥ ९ ॥

येन च्छन्दसा गायत्र्यादिना स्तोष्यन्स्यात्तच्छन्द उपधावेत्। येन स्तोमेन स्तोष्यमाणः स्यात्। स्तोमाङ्गफलस्य कर्तृगामित्वादात्मनेपदं स्तोष्यमाण इति। तं स्तोममुपधावेत् ॥ १० ॥

इत्यर्थः। ध्यानप्रकारं प्रश्नपूर्वकं विशदयति—कथमित्यादिना। इतिशब्दार्थमभिनयति—एवमिति। एवंशब्दार्थमुदाहरणनिष्ठतया स्पष्टयति—तद्यथेति। उत्पत्त्यादिभिरित्यादिशब्देन च्छन्दोदेवतादि गृह्यते ॥८॥

देवतादिभिरित्यादिपदेनाऽऽर्षेयादिग्रहः ॥९॥

गायत्र्यादिनेत्यादिपदमुष्णिगनुष्टुब्बृहत्यादिसंग्रहार्थम्। त्रिवृत्पञ्चदशः सप्तदश एकविंश इति प्रसिद्धः सोमयागे स्तोमः। आत्मनेपदप्रयोगप्रतिपन्नमर्थमाह—स्तोमाङ्गेति। यत्र कर्तृगामि फलं तत्राऽऽत्मनेपदं प्रयुज्यते, प्रकृते च स्तोष्यमाण इत्यात्मनेपदं दृश्यते, तस्मादेतत्फलस्य कर्तृगामित्वं गम्यते। अन्यथा पूर्वोत्तरयोरिव परस्मैपदप्रयोगप्रसङ्गादित्यर्थः ॥१०॥

उसे बतलाया जाता है। अपने ध्येय फलों की इस प्रकार उपासना करे। किस प्रकार करे—जिस साम विशेष के द्वारा उद्गाता को स्तुति करनी हो, उस साम देवता का उत्पत्ति-छन्द-देवतादि के द्वारा ध्यान करे ॥ ८ ॥

जिस ऋचा में वह साम प्रतिष्ठित हो, उस ऋचा का देवता एवं ऋषि आदि के सहित ध्यान करे। जिस ऋषि वाला हो, उस ऋषि का चिन्तन करे तथा जिस देवता की स्तुति करनी हो, उस देवता का ध्यान करे ॥ ९ ॥

जिस भी गायत्र्यादि छन्द से स्तुति करनी अभीष्ट हो, उस छन्द का भी ध्यान करे। जिस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यां दिशमभिष्टोष्यन्स्यात्तां दिशमुपधावेत् ॥ ११ ॥
आत्मानमन्तत उपसृत्य स्तुवीत कामं ध्यायन्नप्रमत्तो-ऽभ्याशो ह यदस्मै स कामः समृध्येत यत्कामः स्तुवीतेति यत्कामः स्तुवीतेति ॥ १२ ॥

इति प्रथमध्यायस्य तृतीयः खण्डः ॥ ३ ॥

जिस दिशा की स्तुति करने वाला हो, देवतादि के सहित उस दिशा का चिन्तन करे ।।११।।

(उदगान करने के लिए समुद्यत) उद्गाता गोत्रोच्चारणपूर्वक अपने स्वरूप का चिन्तन करते हुए स्वरादि के उच्चारण में प्रमाद न करता हुआ स्तुति करे। जिस फलाभिलाषा वाला होकर वह उद्गाता स्तुति करता है, ऐसे उपासक के लिये वही फल तत्काल समृद्धि को प्राप्त होता है ।।१२।।

॥ इति तृतीयः खण्डः ॥

यां दिशमभिष्टोष्यन्स्यात्तां दिशमुपधावेदधिष्ठात्रादिभिः ॥ ११ ॥

आत्मानमुद्गाता स्वरूपं गोत्रनामादिभिः सामादीन्क्रमेण स्वं चाऽऽत्मान-मन्ततोऽन्त उपसृत्य स्तुवीत । कामं ध्यायन्नप्रमत्तः स्वरोष्मव्यञ्जनादिभ्यः प्रमादम-कुर्वंस्ततोऽभ्याशः क्षिप्रमेव ह यद्यत्रास्मा एवंविदे स कामः समृध्येत समृद्धिं गच्छेत् । कोऽसौ, यत्कामो यः कामोऽस्य सोऽयं यत्कामः संस्तुवीतेति । द्विरुक्तिरादरार्था ॥१२॥

इति प्रथमाध्यायस्य तृतीयः खण्डः ॥ ३ ॥

यां दिशमभीत्यभिव्याप्येत्यर्थः । स्तोष्यन्देवताविशेषमिति शेषः । अधिष्ठातृशब्देनेन्द्रादयो गृह्यन्ते । आदिपदं तत्तद्दिगवस्थितासाधारणधर्मसंग्रहार्थम् ॥११॥

आत्मानं स्वरूपं गोत्रादिभिरपसृत्योद्गाता स्तुवीतेति संबन्धः । नामादिभिरित्यादिशब्देन वर्णाश्रमादिग्रहणम् । अन्तत इत्यस्यार्थमाह—सामादीनिति । पूर्वोक्तान्सामादीन्सर्वानुक्तेन क्रमेण ध्यात्वा तदवसाने स्वात्मानमपि संचिन्त्यापेक्षितफलमनुसंदधानः स्वरादिभ्यः प्रमादमकुर्वन्नुद्गाता स्तुवीतेति योजना । यत्र कर्मण्ययमुद्गाता यथोक्तरीत्या स्तोता भवति तत्र क्षिप्रमेवास्मै स स कामः समृद्धिं गच्छेद्यत्कामः सन्यः स्तुवीतेत्यन्वयः । इतिशब्दः प्रासङ्गिकोपासनसमाप्त्यर्थः ॥१२॥

इति प्रथमाध्यायस्य तृतीयः खण्डः ॥३॥

स्तोम से स्तुति करने वाला हो, उस स्तोम का भी ध्यान करे। मन्त्र में "स्तोष्यमाणः" आत्मनेपद प्रयोग होने से फल भी कर्तृगामी सिद्ध हुआ ॥१०॥

जिस दिशा की स्तुति करने वाला हो, उस दिशा की इन्द्रादि अधिष्ठातृ देवताओं के सहित ध्यान करे ॥११॥

उद्गाता अपना नाम वर्णाश्रमादि का ग्रहण करते हुए सामादि क्रम से ध्यान करता हुआ अन्त में अपने स्वरूप का चिन्तन करता हुआ स्वर, ऊष्म, व्यञ्जनादि के उच्चारण में प्रमाद न करता हुआ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ प्रथमाध्यायस्य चतुर्थः खण्डः)

ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीतोमिति ह्युद्गायति तस्योपव्याख्यानम् ॥ १ ॥

देवा वै मृत्योर्बिभ्यतस्त्रयीं विद्यां प्राविशꣳस्ते छन्दो-

उद्गीथ नामक ओंकार उपासना के लिये आख्यान

"ओम्" यह अक्षर ही उद्गीथ है, इस रूप में ही उद्गीथ की उपासना करे क्योंकि ओम् ऐसा उच्चारण कर उद्गाता यज्ञ में उद्गान करता है। उसी की व्याख्या की जाती है। (पूर्वप्रस्तावित ओंकार का ही इस वाक्य द्वारा ग्रहण करना चाहिये। 'उद्गीथ' शब्द के अक्षरों की उपासना से व्यवहित होने के कारण ही पुनः उस मन्त्र की आवृत्ति की गयी है) ॥१॥

एक बार मृत्यु से भयभीत हुए देवताओं ने वेदत्रयी (द्वारा प्रतिपादित कर्म) में प्रवेश किया

ओमित्येतदित्यादिप्रकृतस्याक्षरस्य पुनरुपादानमुद्गीथाक्षराद्युपासनान्तरितत्वादन्यत्र प्रसङ्गो मा भूदित्येवमर्थम् । प्रकृतस्यैवाक्षरस्यामृताभयगुणविशिष्टस्योपासनं विधातव्यमित्यारम्भः । ओमित्यादि व्याख्यातम् ॥ १ ॥

देवा वै मृत्योर्मारकाद्बिभ्यतः किं कृतवन्त इत्युच्यते । त्रयीं विद्यां त्रयीविहितं कर्म प्राविशन्प्रविष्टवन्तो वैदिकं कर्म प्रारब्धवन्त इत्यर्थः । तन्मृत्योस्त्राणं मन्यमानाः

प्रासङ्गिकं हित्वा प्रकृतमनुसंधत्ते—ओमित्येतदित्यादीति । पुनरुपादानस्य तात्पर्यमाह—उद्गीथेति । आदिशब्देन पूर्वोक्तान्युपसरणानि गृह्यन्ते। उद्गीथस्य तैर्व्यवहितत्वात्प्रकरणविच्छेदशङ्कायां ततोऽन्यस्मिन्नर्थे प्रसङ्गः स्यात्स मा भूदित्येवमर्थं पुनरुपादानमित्यर्थः। देवा वै मृत्योरित्यादेस्तात्पर्यमाह—प्रकृतस्येति । अक्षरव्याख्यानप्राप्तावनुवादभागं प्रत्याह—ओमित्यादीति ॥१॥

देवासुरा ह वै यत्रेत्यत्र व्याख्याता देवा मारकादासुरात्पाप्मनः सकाशादिति यावत् । कोऽयं कर्मणि प्रवेशो नाम तत्राऽऽह—वैदिकमिति । तदिति वैदिकं कर्मोच्यते । ते छन्दोभिरित्यादि

स्तुति करे। जिस फल की इच्छा मन में रखते हुए वह उद्गाता स्तुति करता है उसे वह फल मिलता है कि वह तत्क्षण समृद्धि को प्राप्त होता है। मन्त्र में "यत्कामः स्तुवीतेति" यह द्विरुक्ति श्रुतिवचनों में आदर प्रदर्शन के लिए है ॥१२॥

"ओम्" यह अक्षर उद्गीथ है—इस प्रकार मन्त्र में पुनः ओंकारात्मक उद्गीथ की उपासना की आवृत्ति इसलिए की गई है ताकि उद्गीथ शब्द के अक्षरों की उपासना से व्यवहित होने के कारण दूसरे अर्थ में प्रसङ्ग न हो जाए। "मृत्यु से भयभीत हुए देवताओं ने वेदत्रयी में प्रवेश किया" इत्यादि मन्त्र का आरम्भ इसलिए किया जाता है क्योंकि अमृत, अभयादि गुणविशिष्ट ओंकारात्मक उद्गीथ अक्षर की उपासना का विधान करना है। 'ओम्' का व्याख्यान किया जा चुका है ॥१॥

आसुरी पाप रूप मृत्यु से भयभीत होकर देवताओं ने क्या किया? वेदत्रयी प्रतिपादित वैदिक कर्म करना प्रारम्भ किया। उनका निश्चय था कि वैदिक कर्म ही मृत्यु से रक्षा कर सकते हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भिरच्छादयन्यदेभिरच्छादयꣲस्तच्छन्दसां छन्दस्त्वम् ॥ २ ॥

तानु तत्र मृत्युर्यथा मत्स्यमुदके परिपश्येदेवं पर्यपश्यदृचि साम्नि यजुषि । ते नु विदित्वोर्ध्वा ऋचः साम्नो यजुषः स्वरमेव प्राविशन् ॥ ३ ॥

तथा कर्मों में न विनियोग किये गये मन्त्रों से जप-होमादि करते हुए देवताओं ने अपने को इन मन्त्रों से आच्छादित कर दिया। उन्होंने जो छन्दों द्वारा अपने को आच्छादित किया, वही छन्दों (मन्त्रों) का छन्दस्त्व है ॥२॥

जैसे (मछुवा गहरे) जल में मछलियों को देख लेता है, वैसे ही मृत्यु ने ऋक् साम और यजुः संबन्धी कर्मों से संलग्न देवताओं को देखा। (वैदिक कर्मानुष्ठान के कारण विशुद्धान्तःकरण वाले) देवताओं ने मृत्यु की बात को जानकर ऋक्, साम और यजुः संबन्धी (कर्मों से निवृत्त हो) स्वर में ही प्रवेश किया ॥ ३ ॥

किंच ते कर्मण्यविनियुक्तैश्छन्दोभिर्मन्त्रैर्जपहोमादि कुर्वन्त आत्मानं कर्मान्तरेष्वच्छादयंश्छादितवन्तः । यद्यस्मादेभिर्मन्त्रैरच्छादयंस्तत्तस्माच्छन्दसां मन्त्राणां छादनाच्छन्दस्त्वं प्रसिद्धमेव ॥ २ ॥

तांस्तत्र देवान्कर्मपरान्मृत्युर्यथा लोके मत्स्यघातको मत्स्यमुदके नातिगम्भीरे परिपश्येद्बडिशोदकस्त्रावोपायसाध्यं मन्यमान एवं पर्यपश्यद्दृष्टवान्मृत्युः कर्मक्षयोपायेन साध्यान्देवान्मेन इत्यर्थः । क्वासौ देवान्ददर्शेत्युच्यते—ऋचि साम्नि यजुषि । ऋग्यजुः-

---

व्याचष्टे—किंचेति । न हि सर्वे मन्त्राः सर्वत्र विनियुज्यन्ते । तथा चैकस्मिन्कर्मण्यनुष्ठीयमाने विनियुक्तान्मन्त्रान्हित्वा कर्मान्तरेष्ववशिष्टैर्जपादि कुर्वन्तः स्वात्मानं देवाश्छादितवन्तः । तस्मान्न मृत्युवश्यता तेषामित्यर्थः । तेषां छन्दोभिश्छादितत्वे छन्दसां छन्दस्त्वप्रसिद्धिप्रकारमभिनयति—तत्तस्मादिति ॥२॥

कर्मानुतिष्ठतां देवानां मृत्युवश्यता न व्यावृत्तेत्याह—तानिति । तत्रेति वैदिककर्मप्रारम्भोक्तिः । उशब्दोऽप्यर्थः । यथोक्तकर्मपरानपि तान्मृत्युः पर्यपश्यदिति संबन्धः । कर्मणां मृत्युपदगोचरत्वं दृष्टान्तेनाऽऽह—यथेति । दार्ष्टान्तिकभागस्य विवक्षितमर्थं संगृह्णाति—मृत्युरिति । दार्ष्टान्तिके क्षुद्रोदकस्थानीयं किं स्यादिति प्रश्नपूर्वकं दर्शयति—क्वासावित्यादिना । ऋगादीनां नित्यत्वेन क्षयाभावान्न

इतना ही नहीं; उन्होंने कर्मों में विनियोग न किए गये मन्त्रों से जप-होमादि करते हुए अपने को अन्य कर्मों में आच्छादित कर दिया। क्योंकि इन मन्त्रों द्वारा अपने को आच्छादित किया; इसलिए आच्छादन करने के कारण मन्त्र 'छन्दस्' नाम से प्रसिद्ध हैं ॥२॥

मृत्यु ने कर्मानुष्ठान में तत्पर देवताओं को कर्म क्षय उपाय साध्य माना। जैसे लोकव्यवहार में गहरे जल में प्रविष्ट मछलियों को मछुआ बडिश जल स्राव उपाय साध्य देखता है। देवताओं को

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कथं पुनः स्वरशब्दवाच्यत्वमक्षरस्येत्युच्यते—

यदा वा ऋचमाप्नोत्योमित्येवातिस्वरत्येव॑ सामैवं यजुरेष उ स्वरो यदेतदक्षरमेतदमृतमभयं तत्प्रविश्य देवा अमृता अभया अभवन् ॥ ४ ॥

ओम् की महिमा

जब (अध्ययन द्वारा उपासक) ऋक् को प्राप्त करता है, तब वह "ओम्" ऐसा कहकर बड़े आदर से उच्चारण करता है। ऐसे ही वह साम और यजुः को भी प्राप्त करता है। यह जो अक्षर है, यही स्वर है, यह अमृत और अभय रूप है; इसमें प्रविष्ट हो देवता अमर और अभय हो गये हैं ॥ ४ ॥

सामसंबन्धिकर्मणेत्यर्थः। ते नु देवा वैदिकेन कर्मणा संस्कृताः शुद्धात्मानः सन्तो मृत्योश्चिकीर्षितं विदितवन्तः। विदित्वा च त ऊर्ध्वा व्यावृत्ताः कर्मभ्य ऋचः साम्नो यजुष ऋग्यजुःसामसंबद्धात्कर्मणोऽभ्युत्थायेत्यर्थः। तेन कर्मणा मृत्युभयापगमं प्रति निराशास्तदपास्यामृताभयगुणमक्षरं स्वरं स्वरशब्दितं प्राविशन्नेव प्रविष्टवन्तः। ओंकारोपासनपराः संवृत्ताः। एवशब्दोऽवधारणार्थः सन्समुच्चयप्रतिषेधार्थः॥ ३॥

यदा वा ऋचमाप्नोत्योमित्येवातिस्वरत्येवं सामैवं यजुः। एष उ स्वरः।

क्षुद्रोदकस्थानीयतेत्याशङ्क्य विवक्षितमर्थमाह—ऋगिति। कर्मणश्च कृतकत्वेन फलतः स्वरूपतश्च क्षयिता प्रसिद्धेति भावः। मृत्युपरिहारोपायमुपदिशति—ते नु देवा इत्यादिना। कर्मभ्यः सकाशादूर्ध्वा व्यावृत्ता इत्यर्थः। सर्वकर्मसंग्रहार्थं कर्मभ्य इति बहुवचनम्। अवैदिककर्मत्यागस्य कर्मिष्वपि सिद्धत्वाद्वैदिककर्मत्यागार्थं विशिनष्टि—ऋच इति। कर्मत्यागमात्रात्कृतकृत्यताशङ्कां वारयति—तेनेति। किं तदक्षरं तदाह—ॐकारेति ॥३॥

उदात्तादिरूपत्वाभावादक्षरस्य न स्वरशब्दत्वमित्याशङ्क्य परिहरति—कथमित्यादिना। ऋचमाप्नोत्यध्ययनेन स्वाधीनां करोतीत्यर्थः। अतिस्वरत्यतिशयेनाऽऽदरधियोच्चारयतीति यावत्। ऋग्यजुःसाम्नां प्रत्येकमोंकारोच्चारणद्वारेणैवाऽऽप्तिदर्शनादित्यतिशब्दार्थः। उशब्दोऽपिपर्यायः।

किस के परायण देखा—ऋक्, साम और यजुष् कर्मों के आश्रित देखा। वैदिक कर्म करने से सुसंस्कृत एवं विशुद्धान्तःकरण वाले देवताओं ने मृत्यु की इच्छा को जान लिया। इसे जानकर ऋक्, यजुष् एवं साम-संबन्धी कर्मों से विरति धारण कर मृत्यु भय के नाश के प्रति निराश हुए, उन कर्मों के अनुष्ठान छोड़ कर अमृत एवं अभय गुणयुक्त स्वर शब्द में प्रवेश किया अर्थात् ॐकार की उपासना के आश्रित हुए। मन्त्र में "एव" शब्द अवधारणार्थक होकर समुच्चय प्रतिषेध के लिए है ॥३॥

ओंकारात्मक उद्गीथ अक्षर स्वर शब्द वाच्य किस प्रकार है। इसे कहा जाता है—

जब उपासक अध्ययन के द्वारा ऋक् को अपने अधीन करता है, तब वह 'ओम्' का अत्यन्त

कथमपामसौ लोको गतिस्तत्राऽऽह—अमुष्मादिति । इति पृष्टो दाल्भ्य उवाच हेति संबन्धः । तत्र च्छन्दसि कालनियमाभावमभिप्रेत्य क्रियापदं व्याकरोति—आहेति । यद्यपि परो नास्याऽऽश्रयान्तरं

आगे बतलाएगी । ऐसा पूछे जाने पर दाल्भ्य बोले—स्वरात्मक होने से स्वर ही साम का आश्रय है। जो जिससे निष्पादित होता है, वही उसकी गति एवं आश्रय होता है, जैसे मिट्टी के आश्रित घटादि रहते है । स्वर का गतिविषयक प्रश्न पूछने पर दाल्भ्य ने उत्तर दिया—प्राण स्वर की गति है क्योंकि स्वर प्राण से निष्पादित होता है । 'प्राण का क्या आशय है' ऐसा पूछने पर दाल्भ्य बोले—अन्न के आश्रित प्राण होने से प्राण की गति अन्न है । श्रुति में भी कहा है—"अन्न के विना प्राण सूख जाता है", "अन्न ही बन्धन है जो प्राणरूपी बछड़े को बाँधे रहता है" । यह पूछने पर कि अन्न की गति क्या है दाल्भ्य बोले—जल से अन्न की उत्पत्ति होना संभव है, इसलिए जल ही अन्न का आश्रय है ।। ४ ।।

पुनः शिलक-शालावत्य ने दाल्भ्य से पूछा—जल का आश्रय क्या है ? दाल्भ्य बोले—इसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होवाच स्वर्गं वयं लोकꣳ सामाभिसꣳस्थापयामः स्वर्गसꣳस्तावꣳ हि सामेति ॥ ५ ॥

तꣳ ह शिलकः शालावत्यश्चैकितायनं दाल्भ्यमुवाचा-प्रतिष्ठितं वै किल ते दाल्भ्य साम यस्त्वेर्तांह ब्रूयान्मूर्धा ते विपतिष्यतीति मूर्धा ते विपते-दिति ॥ ६ ॥

करना चाहिये । हम साम को स्वर्गलोक में प्रतिष्ठित करते हैं, क्योंकि साम की स्वर्गरूप से संस्तुति की गयी है । अतः स्वर्ग ही साम है ॥५॥

उस चैकितायन-दाल्भ्य से शालावत्य-शिलक ने कहा—हे दाल्भ्य ! निश्चय ही तेरा साम परोवरीय रूप से असमाप्त गति वाला है । यदि इस समय कोई असहिष्णु सामवेत्ता अप्रतिष्ठित साम को प्रतिष्ठित कह दे कि "तेरा मस्तक पृथिवी पर गिर जाय" तो निस्सन्देह तेरा शिर गिर जायगा ॥६॥

नयेत्कश्चिदिति होवाचाऽऽह । अतो वयमपि स्वर्गं लोकं सामाभिसंस्थापयामः । स्वर्ग-लोकप्रतिष्ठं साम जानीम इत्यर्थः । स्वर्गसंस्तावं स्वर्गत्वेन संस्तवनं संस्तावो यस्य तत्साम स्वर्गसंस्तावं हि यस्मात्स्वर्गो वै लोकः साम वेद इति श्रुतेः ॥ ५ ॥

तमितरः शिलकः शालावत्यश्चैकितायनं दाल्भ्यमुवाच—अप्रतिष्ठितमसंस्थितं परोवरीयस्त्वेनासमाप्तगति सामेत्यर्थः । वा इत्यागमं स्मारयति किलेति च, दाल्भ्य

प्रतिपद्यते तथाऽपि त्वया तद्वाच्यमेवेत्याशङ्क्याऽऽह—अत इति । अतःशब्दार्थमेव स्फोरयति—स्वर्गेति । तस्मात्स्वर्गलोकप्रतिष्ठं सामेति पूर्वेण संबन्धः । स्वर्गसंस्तावं सामेत्यत्र प्रमाणमाह—स्वर्ग इति ॥५॥

उपदेशपारम्पर्यमागमः । यत्कृतकं तदनित्यमिति स्वर्गस्यान्तवत्त्वान्न परायणत्वं संभवतीत्या-शयेनाऽऽह—किलेति चेति । यथोक्तं न्यायं सूचयतीति शेषः । न्यायागमाभ्यामप्रतिष्ठितं ते सामेत्युप-

---

लोक से वृष्टि होने से लोक ही जल की गति है । यह पूछे जाने पर कि इस लोक का क्या आश्रय है, दाल्भ्य बोले—इस लोक का आश्रय स्वर्गलोक है । इस लोक का अतिक्रमण कर साम का अन्यत्र स्थान में आश्रय नहीं करना चाहिए । इसलिए हम स्वर्गलोक में साम की प्रतिष्ठा करते हैं क्योंकि कहीं-कहीं स्वर्ग का सादृश्य मानकर साम की स्तुति की गई है । श्रुति में भी आया है—"स्वर्गलोक में साम की भावना करनी चाहिए" ॥ ५ ॥

शिलक-शालावत्य ने चैकितायन-दाल्भ्य से कहा—इसमें कोई सन्देह नहीं, तुम्हारा साम परो-वरीय रूप से प्रतिष्ठालाभ नहीं करता, उसकी गति समाप्त होने वाली नहीं है । मन्त्र में "वै" एवं "किल" उपदेशपरम्परा का स्मरण दिलाते हैं । यदि इस समय मिथ्यावचन को न सहन करने वाला

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हन्ताहमेतद्भगवतो वेदानीति विद्धीति होवाचामुष्य लोकस्य का गतिरित्ययं लोक इति होवाचास्य

साम की इस प्रतिष्ठा को मैं आप से ही जानना चाहता हूँ। इस पर शालावत्य ने कहा—जान लो। तब उस लोक की गति क्या है, इसके उत्तर में शिलक ने कहा—"यह लोक", (क्योंकि यह

ते तव साम। यस्त्वसहिष्णुः सामविदेतर्ह्येतस्मिन्काले ब्रूयात्कश्चिद्विपरीतविज्ञानमप्रतिष्ठितं साम प्रतिष्ठितमित्येवंवादापराधिनं मूर्धा शिरस्ते विपतिष्यति विस्पष्टं पतिष्यतीति। एवमुक्तस्यापराधिनस्तथैव तद्विपतेन्न संशयो न त्वहं ब्रवीमीत्यभिप्रायः। ननु मूर्धपातार्हं चेदपराधं कृतवानतः परेणानुक्तस्यापि पतेन्मूर्धा न चेदपराध्युक्तस्यापि नैव पतति। अन्यथाऽकृताभ्यागमः कृतनाशश्च स्याताम्। नैष दोषः। कृतस्य कर्मणः शुभाशुभस्य फलप्राप्तेर्देशकालनिमित्तापेक्षत्वात्। तत्रैवं सति मूर्धपातनिमित्तस्याप्यज्ञानस्य पराभिव्याहारनिमित्तापेक्षत्वमिति ॥ ६ ॥

संहरति—दाल्भ्येति। स्वर्गप्रतिष्ठितं सामेति ज्ञाने दोषं दर्शयति—यस्त्विति। असहिष्णुर्मिथ्यावचनमसहमानः सन्निति यावत्। एतस्मिन्काले मिथ्यावचनावस्थायामित्यर्थः। विपरीतं विज्ञानं यस्य स तथोक्तस्तं प्रतीति विग्रहः। तदेव विपरीतज्ञानमभिनयति—अप्रतिष्ठितमिति। सामाप्रतिष्ठितं प्रतिष्ठितमिति विपरीतज्ञानं प्रति कश्चिद्ब्रूयादिति संबन्धः। तदीयवचनमेव दर्शयति—एवमिति। स तथा कथयतु मम तु किं स्यादित्याशङ्क्याऽऽह—एवमुक्तस्येति। तथैव विदुषः शापवाक्यानुसारेणेति यावत्। तदिति शिरोनिरुक्तिः। शापदानाय प्रवृत्तस्त्वयमिति शङ्कां वारयति—न त्विति। मूर्धपातोपन्यासानर्थक्यमाशङ्कते—नन्विति। अपराधाभावेऽपि परोक्तिवशान्मूर्धपाते दोषमाह—अन्यथेति। सति चापराधे परोक्तिवैधुर्यान्मूर्धपाताभावे दोषं कथयति—कृतेति। अपराधस्य मूर्धपातहेतोरपि सहकार्यपेक्षत्वादभिव्याहरणं नानर्थकमित्युत्तरमाह—नैष दोष इति। कर्मणः शुभादेराचरितस्य निमित्तापेक्षया फलहेतुत्वेऽपि प्रकृतेऽपराधिनि कुतो व्याहरणापेक्षेत्याशङ्क्याऽऽह—तत्रेति। तत्र शुभादौ कर्मण्येवं निमित्तापेक्षया फलप्रदे सतीत्यर्थः। इति पराभिव्याहरणमर्थवदिति शेषः ॥६॥

कोई सामवेत्ता विपरीत विज्ञान वाले अप्रतिष्ठित साम को प्रतिष्ठित कह दे कि "तेरा शिर धड़ से अलग होकर पृथिवी पर गिर जाए" तो उसका शिर धड़ से अलग हो जाएगा—इसमें कोई संशय नहीं है। यदि शिरःपात के योग्य अपराध किया है तो दूसरे के द्वारा अनुक्त होने पर शिरःपात होगा, अपराधी द्वारा कहे जाने पर भी शिरःपात नहीं होगा; अन्यथा अपराध न होने पर भी मूर्धपात हो जाएगा और अपराध होने पर भी मूर्धपाताभावरूप दोष की प्रसक्ति हो जाएगी। ऐसा कहने में कोई दोष नहीं है क्योंकि किए हुए कर्म की शुभाशुभ फलप्राप्ति देश, काल और निमित्त के अनुरूप होती है। ऐसा श्रुति-स्मृति सिद्ध होने पर मूर्धपातनिमित्तक अज्ञान दूसरे से अर्थपूर्वक कथन की अपेक्षा से ही होता है ॥ ६ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लोकस्य का गतिरिति न प्रतिष्ठां लोकमतिनयेदिति होवाच प्रतिष्ठां वयं लोकँ सामाभिसँस्थापयामः प्रतिष्ठासँस्तावँ हि सामेति ॥ ७ ॥

लोक ही यागादि के द्वारा उस लोक का पोषक है) फिर इस लोक का आश्रय क्या है—ऐसा पूछने पर "सम्पूर्ण प्राणियों की प्रतिष्ठा", प्रत्यक्षसिद्ध पृथिवी लोक का अतिक्रमण साम को नहीं करना चाहिये। अतः हम प्रतिष्ठाभूत इस लोक में ही साम को भली प्रकार स्थित कराते हैं, क्योंकि साम की प्रतिष्ठारूप से ही संस्तुति की गयी है ॥७॥

एवमुक्तो दाल्भ्य आह—हन्ताहमेतद्भगवतो वेदानि यत्प्रतिष्ठं सामेत्युक्तः प्रत्युवाच शालावत्यो विद्धीति होवाच। अमुष्य लोकस्य का गतिरिति पृष्टो दाल्भ्येन शालावत्योऽयं लोक इति होवाच। अयं हि लोको यागदानहोमादिभिरमुं लोकं पुष्यतीति। "अतःप्रदानं देवा उपजीवन्ति" इति हि श्रुतयः। प्रत्यक्षं हि सर्वभूतानां धरणी प्रतिष्ठेति। अतः साम्नोऽप्ययं लोकः प्रतिष्ठैवेति युक्तम्। अस्य लोकस्य का गतिरित्युक्त आह शालावत्यः। न प्रतिष्ठामिमं लोकमतीत्य नयेत्साम कश्चित्। अतो वयं प्रतिष्ठां लोकं सामाभिसंस्थापयामः। यस्मात्प्रतिष्ठासंस्तावं हि प्रतिष्ठात्वेन संस्तुतं

हन्तेत्यादि व्याकरोति—एवमिति। कथममुष्य लोकस्यैतल्लोकप्रतिष्ठत्वं तदाह—अयं लोक इति। आदिशब्दः श्राद्धादिसंग्रहार्थः। तत्रैव श्रुतिं प्रमाणयति—अत इति। अस्माल्लोकात्प्रदीयमानं चरुपुरोडाशाद्यग्निद्वारोपजीवन्ति देवा इति श्रौती प्रसिद्धिरित्यर्थः। भवतु परं लोकं प्रति प्रतिष्ठात्वमस्य लोकस्य तथाऽपि कथमयं लोकः साम्नः प्रतिष्ठेत्याशङ्क्याऽऽह—प्रत्यक्षं हीति। पृथिव्याः सर्वाणि भूतानि प्रति प्रतिष्ठात्वे फलितमाह—अत इति। साम्नोऽपि सर्वान्तर्भावादित्यर्थः। तथाऽपि प्रतिष्ठान्तरं त्वया वाच्यमित्याशङ्क्याऽऽह—अतो वयमिति। यस्मादेतल्लोकप्रतिष्ठात्वेन संस्तुतं साम तस्मादिदं साम प्रत्येतमेव लोकं प्रतिष्ठां जानीम इति योजना। कथं प्रतिष्ठात्वेन पृथिव्यात्मना साम संस्तुतमित्या-

---

इस पर दाल्भ्य बोले—हे भगवन्! सामप्रतिष्ठा को मैं आपसे जानना चाहता हूँ। इस प्रकार पूछने पर शिलक-शालावत्य ने कहा—जान लो, उस लोक का आश्रय क्या है? दाल्भ्य! यह लोक ही साम का आश्रय है क्योंकि यह लोक यागदान-होमादि के द्वारा उस लोक का पोषण करता है। श्रुतियाँ भी इसी का समर्थन करते हुए कहती हैं—"पृथिवी लोक से प्रत्यर्पित की गई चरु आदि से अग्नि के माध्यम से देवता जीवन लाभ करते हैं।" प्रत्यक्षतः सिद्ध है कि समस्त चराचर भूतों की प्रतिष्ठा पृथिवी ही है। इसलिए साम की प्रतिष्ठा पृथिवी ही है। दाल्भ्य ने फिर पूछा—इस पृथिवी लोक का आश्रय क्या है। शालावत्य बोले—इस पृथिवी लोक का अतिक्रमण साम को नहीं करना चाहिए। इसलिए हम सम्पूर्ण भूतों की प्रतिष्ठा साम में स्थापित कराते हैं क्योंकि प्रतिष्ठा का सादृश्य मानकर साम की स्तुति की गई है। श्रुति भी कहती है—"यह प्रत्यक्षसिद्ध पृथिवी रथन्तरशब्दवाच्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तꣳ ह प्रवाहणो जैवलिरुवाचान्तवद्वै किल ते शालावत्य साम यस्त्वेतर्हि ब्रूयान्मूर्धा ते विपतिष्यतीति मूर्धा ते विपतेदिति हन्ताहमेतद्भगवतो वेदानीति विद्धीति होवाच ॥ ८ ॥

इति प्रथमाध्यायस्याष्टमः खण्डः ॥ ८ ॥

(अथ प्रथमाध्यायस्य नवमः खण्डः)

इतरोऽनुज्ञात आह—

अस्य लोकस्य का गतिरित्याकाश इति होवाच

तब शालावत्य से जैवलि-प्रवाहण ने कहा—हे शिलक ! तुम्हारा साम निस्सन्देह नाशवान् है । अतः यदि कोई ऐसा कह दे, कि "तुम्हारा मस्तक गिर जायगा" तो निश्चय ही तुम्हारा मस्तक गिर गया होता । शालावत्य ने कहा—मैं इसे आपसे जानना चाहता हूँ । तब प्रवाहण ने 'जान लो' ऐसा उत्तर दिया ॥८॥

॥ इत्यष्टमः खण्डः ॥

शिलक के मत में आकाश सबका आश्रय माना गया है

इस लोक का आश्रय क्या है, इस पर प्रवाहण ने कहा कि सर्वाभिन्न आकाशरूप परमात्मा है

सामेत्यर्थः । "इयं वै रथंतरम्" इति च श्रुतिः ॥ ७ ॥

तमेवमुक्तवन्तं ह प्रवाहणो जैवलिरुवाचान्तवद्वै किल ते शालावत्य सामेत्यादि पूर्ववत् । ततः शालावत्य आह—हन्ताहमेतद्भगवतो वेदानीति विद्धीति होवाच ॥ ८ ॥

इति प्रथमाध्यायस्याष्टमः खण्डः ॥ ८ ॥

शङ्कचाऽऽह—इयमिति । इयं वै 'रथंतरशब्दवाच्यस्य सामविशेषस्य पृथिवीत्वेन स्तुतत्वादुद्गीथस्यापि सामत्वाविशेषात्पृथिव्यात्मत्वं संभाव्यत इत्यर्थः ॥७॥

हन्ताहमेतदित्यत्रानन्तं सामैतदित्युच्यते ॥८॥

इति प्रथमाध्यायस्याष्टमः खण्डः ॥८॥

साम ही है" ॥ ७ ॥

पूर्वमन्त्र प्रतिपादित पदार्थ के श्रवण करने पर प्रवाहण-जैवलि बोले—'हे शालावत्य ! निश्चय ही तुम्हारा साम अनित्य है' इत्यादि व्याख्यान पूर्ववत् है । तब शालावत्य ने कहा—हे भगवन् इसका रहस्य मैं जानना चाहता हूँ, आप ही बताइये । तब जैवलि बोले—जान लो कि इस लोक की गति क्या है ॥ ८ ॥

---

१. प्रसिद्धा पृथिवीत्यर्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्त आकाशं प्रत्यस्तं यन्त्याकाशो ह्येवैभ्यो ज्यायानाकाशः परायणम् ॥ १ ॥

आश्रय है, क्योंकि यह समस्त भूत आकाशरूप परमात्मा से उत्पन्न होते हैं। आकाश में ही लीन होते हैं और आकाश ही इनसे बड़ा है। अतएव आकाश ही इनका आश्रय है ॥१॥

अस्य लोकस्य का गतिरिति। आकाश इति होवाच प्रवाहणः। आकाश इति च पर आत्माऽऽकाशो वै नामेति श्रुतेः। तस्य हि कर्म सर्वभूतोत्पादकत्वम्। तस्मिन्नेव हि भूतप्रलयः। तत्तेजोऽसृजत। तेजः परस्यां देवतायामिति हि वक्ष्यति। सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि स्थावरजङ्गमान्याकाशादेव समुत्पद्यन्ते तेजोबन्नादिक्रमेण सामर्थ्यात्। आकाशं प्रत्यस्तं यन्ति प्रलयकाले तेनैव विपरीतक्रमेण हि यस्मादाकाश एवैभ्यः सर्वेभ्यो भूतेभ्यो ज्यायान्महत्तरोऽतः स सर्वेषां भूतानां परमयनं परायणं प्रतिष्ठा त्रिष्वपि कालेष्वित्यर्थः ॥[1] १ ॥

आकाशशब्दस्य भूताकाशविषयत्वं व्यावर्त्य परमात्मविषयत्वं वाक्यशेषवशाद्दर्शयति—आकाश इति चेति। किंच परस्याऽऽत्मनः सर्वभूतोत्पादकत्वं कर्मेति वेदान्तमर्यादा तदिहाऽऽकाशे श्रुतं तथा च परमात्मैवाऽऽकाशशब्द इत्याह—तस्य हीति। किंच परस्मिन्नेव भूतानां प्रलयः स चात्राऽऽकाशे श्रुतस्तस्मात्पर एवाऽऽत्माऽऽकाश इत्याह—तस्मिन्नेवेति। सर्वोत्पादकत्वं परस्य कर्मेत्यत्र मानमाह—तत्तेजोऽसृजतेति। परस्मिन्नेव लयो भूतानामित्यत्रापि मानमाह—तेज इति। भवतु परस्याऽऽत्मनः सर्वोत्पादकत्वं कर्म तथाऽपि किमायातमाकाशस्येति चेत्तत्राऽऽह—सर्वाणीति। कथमयं क्रमो लभ्यते। अविशेषेण हि ततः सर्वोत्पत्तिः श्रुतेत्याशङ्क्याऽऽह—सामर्थ्यादिति। आत्मन आकाशः संभूतस्तत्तेजोऽसृजतेत्यादिश्रुतिबलादित्यर्थः। तथाऽपि कथमाकाशे सर्वभूतलयस्तत्राऽऽह—आकाशं प्रतीति। विपर्ययेण तु क्रमोऽत' इति न्यायेनाऽऽह—विपरीतेति। आकाशस्य परमात्मत्वे हेत्वन्तरमाह—यस्मादिति। परायणत्वमपि तत्रैव लिङ्गमित्याह—अत इति ॥१॥

इस पृथिवी लोक की प्रतिष्ठा के विषय में पूछे जाने पर प्रवाहण-जैवलि बोले—आकाश ही इस पृथिवी लोक का आश्रय है। यहाँ आकाश से परमात्मा का ग्रहण है। श्रुति कहती है—"आकाश ही समस्त भूतों का उत्पादक है"। समस्त भूतों की उत्पत्ति करना परमात्मा का ही कार्य है, आकाश के विषय में भी ऐसा श्रवण होने से वह परमात्मा ही है क्योंकि उसी में समस्त सृष्टि का प्रलय होता है। सर्वोत्पादकत्व परमात्मा का कार्य है, इसमें श्रुति प्रमाण है—"उसने तेज की सृष्टि की"। तेज का भी परमात्मा में लय हो जाता है—इसे भी श्रुति बतलाएगी। श्रुतिप्रमाण बल से तेज, जल एवं अन्नादि क्रम से स्थावर-जङ्गम सभी भूत प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं, प्रलयावस्था में आकाश में ही लय हो जाते हैं। क्योंकि क्रमविपर्यय से भी आकाश ही सम्पूर्ण भूतों में महान् है, इसलिए वह भूत, भविष्यत् और वर्तमान तीनों कालों में सभी भूतों का आश्रय है ॥ १ ॥

---

१. अत उपपद्यते चेति शेषः (ब्र. सू. २-३-१४)।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स एष परोवरीयानुद्गीथः स एषोऽनन्तः परोवरीयो हास्य भवति परोवरीयसो ह लोकाञ्जयति य एतदेवं विद्वान्परोवरीया᳚ समुद्गीथमुपास्ते ॥ २ ॥

त᳚ हैतमतिधन्वा शौनक उदरशाण्डिल्यायोक्त्वोवाच यावत्त एनं प्रजायामुद्गीथं वेदिष्यन्ते परोवरीयो

इस उद्गीथ की उत्कृष्टता और उपासना का परिणाम

वह यह उद्गीथ ही श्रेष्ठ से श्रेष्ठ है। अतः यह अनन्त भी है, जो इस प्रकार इसे जानकर इस परमात्मरूप अनन्त उद्गीथ की उपासना करता है, उस विद्वान् का (जीवन उत्तरोत्तर) उत्कृष्टतर हो जाता है और वह विद्वान् उत्तरोत्तर ब्रह्माकाश तक विशिष्ट लोकों को जीत लेता है ॥२॥

(इस उद्गीथ को जानने वाले) अतिधन्वा-शौनक ने इस उद्गीथ का उदर-शाण्डिल्य के प्रति

यस्मात्परं परं वरीयो वरीयसोऽप्येष वरः परश्च वरीयांश्च परोवरीयानुद्गीथः परमात्मसंपन्न इत्यर्थः। अत एव स एषोऽनन्तोऽविद्यमानान्तस्तमेतं परोवरीयांसं परमात्मभूतमनन्तमेवं विद्वान्परोवरीयांसमुद्गीथमुपास्ते। तस्यैतत्फलमाह—परोवरीयः परं परं वरीयो विशिष्टतरं जीवनं हास्य विदुषो भवति दृष्टं फलमदृष्टं च परोवरीयस उत्तरोत्तरविशिष्टतरानेव ब्रह्माकाशान्ताँल्लोकाञ्जयति य एतदेवं विद्वानुद्गीथमुपास्ते ॥ २ ॥

---

[1]आकाशस्तल्लिङ्गादिति न्यायेनाऽऽकाशस्य परमात्मत्वमुक्तमिदानीं तस्योद्गीथे संपादितस्य परोवरीयस्त्वं गुणमुपदिशति—यस्मादिति। उत्तरमुत्तरं श्रेष्ठादपि श्रेष्ठोऽयमित्येतत्। साममात्रस्य कथमयं गुणः स्यादित्याशङ्क्याऽऽह—परमात्मेति। आकाशस्य परमात्मत्वे लिङ्गान्तरमाह—अत एवेति। परमात्मसंपन्नत्वादिति यावत्। आकाशो हि प्रकृतोद्गीथे संपादितोऽनन्तः श्रुतः। न चाऽऽनन्त्यं ब्रह्मणोऽन्यत्र युक्तम्। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेति श्रुतेः। तस्मादाकाशो ब्रह्मेत्यर्थः। संप्रत्याकाशशब्दितस्य परस्योद्गीथे संपादितस्य परोवरीयस्त्वगुणविशिष्टस्योपास्तिं विदधाति—तमेतमिति। परं परमुपर्युपरीति यावत्। तस्मादेवमुपासीतेति भावः ॥२॥

(क्योंकि आकाश का परमात्मा होना सिद्ध है इसलिए अब उद्गीथविद्या में संपादित परोवरीय गुण का उपदेश किया जाता है—) श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ यह उद्गीथ परमात्मास्वरूप है। आकाश के परमात्मा होने में यह भी हेतु ज्ञापक है कि वह आकाश आनन्त्यगुण-सम्पन्न है। जो विद्वान् उपासक श्रेष्ठ से श्रेष्ठ तथा अनन्त इस परमात्मभूत उद्गीथ की उपासना करता है; उसका जीवन उत्तरोत्तर श्रेष्ठतर हो जाता है—वह दृष्ट फल है। तथा उत्तरोत्तर श्रेष्ठतर ब्रह्माकाशपर्यंन्त विशिष्ट लोकों को जीत लेता है, यह इसकी उपासना का अदृष्ट फल है ॥ २ ॥

---

१. ब्र. सू. १-१-२२।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैभ्यस्तावदस्मिँल्लोके जीवनं भविष्यति ॥ ३ ॥

तथाऽमुष्मिल्ँलोके लोक इति स य एतदेवं विद्वानु-पास्ते परोवरीय एव हास्यास्मिल्ँलोके जीवनं भवति तथाऽमुष्मिल्ँलोके लोक इति लोके लोक इति ॥४॥

इति प्रथमाध्यायस्य नवमः खण्डः ॥ ९ ॥

निरूपण कर उससे कहा, जब तक तेरी प्रजा में से इस उद्गीथ को जानेंगे, तब तक इस लोक में उनका जीवन उत्तरोत्तर इन प्रसिद्ध लौकिक जीवनों की अपेक्षा उत्कृष्टतर होता जायेगा ॥३॥

तथा उस (अदृष्ट) परलोक में भी उसे उत्कृष्टतर लोक की प्राप्ति होगी। जो इस प्रकार जानने वाला पुरुष इसकी उपासना करता है, उसका जीवन निश्चय ही इस लोक में उत्कृष्टतर होता है तथा परलोक में भी उसे विशिष्टतर लोक मिलता है। उसे (उत्तरोत्तर उत्कृष्ट) लोक प्राप्त होता है ॥४॥

॥ इति नवमः खण्डः ॥

किं च तमेतमुद्गीथं विद्वानतिधन्वा नामतः शुनकस्यापत्यं शौनक उदरशाण्डिल्याय शिष्यायैतदुद्गीथदर्शनमुक्त्वोवाच । यावत्ते तव प्रजायां प्रजासंततावित्यर्थः । एनमुद्गीथं त्वत्संततिजा वेदिष्यन्ते ज्ञास्यन्ति तावन्तं कालं परोवरीयो हैभ्यः प्रसिद्धेभ्यो लौकिकजीवनेभ्य उत्तरोत्तरविशिष्टतरं जीवनं तेभ्यो भविष्यति ॥ ३ ॥

तथाऽदृष्टेऽपि परलोकेऽमुष्मिन्परोवरीयाल्ँलोको भविष्यतीत्युक्तवाञ्शाण्डिल्यायातिधन्वा शौनकः । स्यादेतत्फलं पूर्वेषां महाभाग्यानां नैदंयुगीनामित्याशङ्कानिवृत्तय

विधिशेषमर्थवादं दर्शयति—किंचेति। इतश्चात्र विधिरस्तीत्येतत्तेभ्यस्त्वसंततिजा ये यथोक्तोद्गीथे वेदितारस्तदर्थमित्यर्थः ॥३॥

तथा दृष्टविशिष्टतरजीवनवदित्यर्थः । अदृष्टेऽपीति च्छेदः । स य एतमित्याद्युत्तरं वाक्यं शङ्कोत्तरत्वेनोत्थाप्य व्याचष्टे—स्यादित्यादिना । अस्मिन्युगे भवन्तीत्यैदंयुगीनास्तेषामैदंयुगीनानां

इतना ही नहीं; उद्गीथविद्या के विद्वान् शुनक के पुत्र अतिधन्वा-शौनक ने अपने शिष्य उदर-शाण्डिल्य के प्रति इस उद्गीथ उपासना का उपदेश देकर कहा—जब तक तुम्हारी प्रजासन्तति इस उद्गीथ की उपासना करती रहेगी, तब तक उन्हें प्रत्यक्षसिद्ध लौकिक जीवन की अपेक्षा उत्तरोत्तर श्रेष्ठ जीवन की अनुभूति होती रहेगी ॥ ३ ॥

तथा अतिधन्वा-शौनक ने उदर-शाण्डिल्य को यह भी कहा कि उद्गीथविद्या के उपासक विद्वान् को अदृष्ट परलोक में भी उसे उत्तरोत्तर श्रेष्ठतर लोक की प्राप्ति होगी। यदि कहो कि यह फल तो पहले जमाने में साधनापरायण अत्यन्त भाग्यशाली व्यक्तियों को प्राप्त होता था; आजकल ऐसा फल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ प्रथमाध्यायस्य दशमः खण्डः)

मटचीहतेषु कुरुष्वाटिक्या सह जाययोषस्तिर्ह चाक्रायण इभ्यग्रामे प्रद्राणक उवास ॥ १ ॥

उषस्ति चाक्रायण का आख्यान

वज्रपात से आहत कुरुदेश के महावत के ग्राम में (सर्वथा स्तनादि स्त्रीजनोचित चिह्नादि से रहित अल्पवयस्क) पत्नी के साथ चक्र का पुत्र उषस्ति (दुर्भिक्ष हो जाने के कारण) दुरवस्था में रहता था ॥१॥

आह—स यः कश्चिदेतदेवं विद्वानुद्गीथमेतद्ध्युपास्ते तस्याप्येवमेव परोवरीय एव हास्यास्मिँल्लोके जीवनं भवति तथाऽमुष्मिँल्लोके लोक इति लोके लोक इति ॥ ४ ॥

इति प्रथमाध्यायस्य नवमः खण्डः ॥ ९ ॥

उद्गीथोपासनप्रसङ्गेन प्रस्तावप्रतिहारविषयमप्युपासनं कर्त(वक्त)व्यमितीदमारभ्यते । आख्यायिका तु सुखावबोधार्था । मटचीहतेषु मटच्योऽशनयस्ताभिर्हतेषु नाशितेषु कुरुषु कुरुदेशसस्येष्वित्यर्थः । ततो दुर्भिक्षे जात आटिक्याऽनुपजातपयोधरादिस्त्रीव्यञ्जनया सह जाययोषस्तिर्ह नामतश्चक्रस्यापत्यं चाक्रायणः । इभो हस्ती तमर्हतीतीभ्य ईश्वरो हस्त्यारोहो वा तस्य ग्राम इभ्यग्रामस्तस्मिन्प्रद्राणकोऽन्नालाभात् । द्रा कुत्सायां

लोकः परोवरीयानिति शेषः । पुनरुक्तिरुद्गीथोपास्तिसमाप्त्यर्था ॥४॥

इति प्रथमाध्यायस्य नवमः खण्डः ॥९॥

अथोद्गीथाक्षरोपासनस्यानेकधोक्तत्वाद्वक्तव्यानवशेषात्प्रपाठकपरिसमाप्तिरेव युक्तेत्याशङ्क्याऽऽह—उद्गीथेति । इदमा खण्डान्तरं परामृश्यते । प्रस्तावाद्युपासनं विवक्षितं चेत्तदेवोच्यतां किमनया कथयेत्याशङ्क्याऽऽह—आख्यायिका त्विति । मटच्यो मर्दनहेतवोऽशनयः पाषाणवृष्टयो वा । ततः सस्यनाशादित्येतत् । सर्वतः स्वैरसंचारेऽपि न व्यभिचारशङ्केति दर्शयितुमाटिक्येति विशेषणम् । प्रद्राणकपदस्य क्रियापदेन संबन्धः । कुत्सितगतिप्राप्तौ हेतुरन्नालाभादिति । प्रद्राणकशब्दार्थ

संभव नहीं है, इस शङ्का की निवृत्ति करने के लिए शौनक ने कहा—जो भी विद्वान् इस उद्गीथविद्या की इस प्रकार उपासना करता है, उसका जीवन इस लोक में निःसन्देह श्रेष्ठतर होता है तथा परलोक में भी उसे श्रेष्ठ जीवन की उपलब्धि होती है । मन्त्र में "लोके" शब्द की द्विरुक्ति उद्गीथ उपासना की परिसमाप्ति के लिए है ॥ ४ ॥

उद्गीथ उपासना के प्रसङ्ग में प्रस्ताव प्रतिहार-विषयक उपासना भी कहनी चाहिए, अतः दशम खण्ड का प्रारम्भ किया जाता है । प्रतिपाद्य तत्त्व का सुगमता से बोध हो, इसलिए आख्यायिका द्वारा कहा गया है । ओला वृष्टि से कुरुदेश के धान्य नष्ट होने जाने पर दुर्भिक्ष की स्थिति में चक्र का पुत्र उषस्ति-चाक्रायण अपनी बाला पत्नी, जिसके स्तनादि स्त्रीजनोचित अङ्ग अभी विकसित नहीं हुए थे, के साथ महावत के गाँव में अन्न के बिना किसी के घर में बड़ी शोचनीय स्थिति में रहा करता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स हेभ्यं कुल्माषान्खादन्तं बिभिक्षे तꣳ होवाच ।
नेतोऽन्ये विद्यन्ते यच्चयेम इम उपनिहिता इति ॥२॥
एतेषां मे देहीति होवाच तानस्मै प्रददौ हन्तानुपान-
मित्युच्छिष्टं वै मे पीतꣳस्यादिति होवाच ॥ ३ ॥

उसने कुत्सित उड़द खाते हुए एक महावत से माँगा। तब महावत ने उषस्ति से कहा—इन जूठे उड़दों के सिवा मेरे पास और उड़द नहीं हैं। जो एकत्रित थे, वे सभी मेरे इन पात्रों में रखे हुए हैं। (अतः अब मैं क्या करूँ और आपकी माँग को कैसे पूरा करूँ) ॥२॥

उषस्ति ने कहा— तुम मुझे इन उड़दों को ही दे दो। तब महावत ने उषस्ति को उड़द दे दिये (और पास के जल को देखकर कहा कि भाई) 'यह अनुपान भी ले लो'। इस उषस्ति ने कहा, यदि मैं इस जल को पीऊँगा तो निश्चय ही मुझसे उच्छिष्ट जल पीना माना जायगा ॥३॥

गतौ। कुत्सितां गतिं गतोऽन्त्यावस्थां प्राप्त इत्यर्थः। उवासोषितवान्कस्यचिद्गृहमाश्रित्य ॥ १ ॥

सोऽन्नार्थमटन्निभ्यं कुल्माषान्कुत्सितान्माषान्खादन्तं भक्षयन्तं यदृच्छयोपलभ्य बिभिक्षे याचितवान्। तमुषस्तिं होवाचेभ्यः। नेतोऽस्मान्मया भक्ष्यमाणादुच्छिष्टराशेः कुल्माषा अन्ये न विद्यन्ते। यच्चये राशौ मे ममोपनिहिताः प्रक्षिप्ता इमे भाजने किं करोमीत्युक्तः प्रत्युवाचोषस्तिः ॥ २ ॥

एतेषामेतानित्यर्थः। मे मह्यं देहीति होवाच। तान्स इभ्योऽस्मा उषस्तये प्रददौ प्रदत्तवान्। अनुपानीयं समीपस्थमुदकं हन्त गृहाणानुपानमित्युक्तः प्रत्युवाच। उच्छिष्टं वै मे ममेदमुदकं पीतं स्याद्यदि पास्यामीत्युक्तवन्तं प्रत्युवाचेतरः ॥ ३ ॥

धातूपन्यासद्वारा कथयति—द्रा कुत्सायामिति ॥१॥
यदृच्छया सहसेत्यर्थः। नेत इति वाक्योपादानं तद्व्याकरोति—अस्मादिति। यदित्यव्ययं बहुवचनान्तम्। उपनिहिताः कुल्माषा इति शेषः। [2]तेषां खल्विमे भाजने प्रक्षिप्ता इति योजना ॥२॥
हन्त कुल्माषा भक्षिताश्चेदित्यर्थः ॥३॥

था। 'द्रा' धातु कुत्सित स्थिति के अर्थ में है ॥ १ ॥
एक बार अन्न के लिए भटकते हुए उसने अचानक एक महावत को खराब उड़द खाते हुए पाकर उससे याचना करने लगा। महावत ने उषस्ति से कहा—यही तो जूठे उड़द मेरे पास हैं, जिन्हें मैं खा रहा हूँ इसके अतिरिक्त नहीं हैं। जितने भी उड़द इकट्ठे किए थे, वे सभी मैंने इसी पात्र में रखे हुए हैं। 'अब मैं क्या करूँ' इस प्रकार महावत द्वारा कहे जाने पर उषस्ति ने प्रत्युत्तर दिया ॥२॥
उषस्ति बोला—ये जो तुम खा रहे हो, इन्हीं को मुझे दे दो। उस महावत ने उन उड़दों को

---

१. चयपदार्थमाह—राशाविति। २. अर्थयोजनाऽभिप्रायेणाह—तेषामिति। तेषां कुल्माषाणां ममे भाजने प्रक्षिप्तास्त इत्यन्वय इत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

**न स्विदेतेऽप्युच्छिष्टा इति न वा अजीविष्यमिमा-
नखादन्निति होवाच कामो म उदपानमिति ॥ ४ ॥**

महावत ने कहा, क्या ये उड़द जूठे नहीं हैं ? यह सुनकर उषस्ति ने कहा कि भाई ! इन उड़दों को खाये बिना जीवित नहीं रह सकता था, पर जलपान तो मुझे इच्छानुसार मिल ही जाता है। (अतः जीवनरक्षणार्थं उच्छिष्ट अन्न का भोजन दोषावह नहीं है)॥४॥

किं न स्विदेते कुल्माषा अप्युच्छिष्टा इत्युक्त आहोषस्तिर्न वा अजीविष्यं न जीविष्यामीमान्कुल्माषानखादन्नभक्षयन्निति होवाच । काम इच्छातो मे ममोदकपानं लभ्यत इत्यर्थः । अतश्चैतामवस्थां प्राप्तस्य विद्याधर्मयशोवतः स्वात्मपरोपकारसमर्थस्यैतदपि कर्म कुर्वतो नाऽऽगःस्पर्श इत्यभिप्रायः । तस्यापि जीवितं प्रत्युपायान्तरेऽजुगुप्सिते सति जुगुप्सितमेतत्कर्म दोषाय । ज्ञानावलेपेन कुर्वतो नरकपातः स्यादेवेत्यभिप्रायः । प्रद्राणकशब्दश्रवणात् ॥ ४ ॥

किं प्रत्युवाचेत्याकाङ्क्षापूर्वकमाह—किमित्यादिना । अनुपानाभावेऽपि तुल्यं जीवनराहित्यमित्याशङ्क्याऽऽह—काम इति । अन्योच्छिष्टकुल्माषभक्षणमृषेर्वदन्त्याः श्रुतेस्तात्पर्यमाह—अतश्चेति। चाक्रायणस्य विदुषोऽभक्ष्यभक्षणदर्शनादिति यावत् । एतामवस्थां प्राप्तस्य जीवितसंदेहमापन्नस्येत्यर्थः। विद्याधर्मयशोवतो ज्ञानादिप्रयुक्तख्यातिं प्रपन्नस्येत्येतत् । स्वात्मोपकारे परोपकारे च सामर्थ्यं निग्रहानुग्रहशक्तिमत्त्वम् । एतत्कर्म जीवनमात्रकारणं कुत्सितं चेष्टितमित्यर्थः । उच्छिष्टोदकपानप्रतिषेधश्रुतेरभिप्रायमाह—तस्यापीति । एतत्कर्मेत्यभक्ष्यभक्षणोक्तिः । ननु ज्ञानिनो यथेष्टचेष्टाऽत्रानुज्ञायते । मैवम्। 'सर्वान्नानुमतिश्चेत्यादिन्यायविरोधादित्याह— ज्ञानेति । तस्मिन्नभिप्राये लिङ्गं दर्शयति—प्रद्राणकेति। चाक्रायणे प्रद्राणकशब्दप्रयोगात्परमापदमापन्नः सन्कुल्माषानुच्छिष्टान्भक्षितवानिति प्रतिभाति । तथा च ज्ञानिनो यथेष्टाचारे प्रमाणाभावादनेकप्रमाणविरोधाच्च नासावत्र विवक्षित इत्यर्थः ॥४॥

उषस्ति को दे दिया । समीपस्थ जल को देखकर कहा कि उड़द तो आपने खा लिए, अब जल भी ग्रहण कीजिए । यह सुनकर उषस्ति ने कहा—यदि मैंने जल को पी लिया तो यह उच्छिष्ट जल का लेना माना जाएगा । ऐसा उषस्ति से सुनकर महावत बोला ॥३॥

'क्या आप द्वारा खाये गए ये उड़द जूठे नहीं थे' ऐसा महावत द्वारा कहे जाने पर उषस्ति बोला—(क्षुधातुर होने के कारण) इन उड़दों को खाये बिना मैं जीवित नहीं रह सकता था । जलपान तो मुझे इच्छानुसार कहीं भी मिल सकता है । इसलिए चाहे कोई विद्या, धर्म और यश से युक्त क्यों न हो तथा भले ही स्वात्मोपकार व परोपकार करने की सामर्थ्य हो किन्तु जहाँ प्राणों का ही संकट आ जाए, वहाँ प्राणधारण के लिए कुत्सित कर्म में भी कोई पाप नहीं लगता । श्रुति जो उच्छिन्न उदक-पान का निषेध करती है, उसका अन्य अनिन्दनीय उपाय से प्राणरक्षा कर लिए जाने पर अभक्ष्यभक्षण कर्म निन्दनीय होने से दोषमय है । ज्ञानाभिमान से यथेष्टाचार करने में नरकगमन

१. ब्र. सू. ३-४-२८ ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स ह खादित्वाऽतिशेषाञ्जायाया आजहार साऽग्र एव सुभिक्षा बभूव तान्प्रतिगृह्य निदधौ ॥ ५ ॥

स ह प्रातः संजिहान उवाच यद्बतान्नस्य लभेमहि लभेमहि धनमात्राꣳ राजाऽसौ यक्ष्यते स मा सर्वैरार्त्विज्यैर्वृणीतेति ॥ ६ ॥

उषस्ति ने उन उड़दों को खाकर शेष अपनी आटिकी पत्नी के लिये ले आया पर वह तो उनके आने से पूर्व ही पर्याप्त अन्न प्राप्त कर चुकी थी (फिर भी पति के आदर के लिये) उन जूठे उड़दों को उनके हाथ से लेकर रख लिया ॥५॥

उषस्ति ने प्रातःकाल निद्रा त्यागने के अनन्तर (अपनी पत्नी को सुनाते हुए कहा) भूख से पीड़ित हमें थोड़ा अन्न मिल जाय, तो उसे खाकर समर्थ हो हम थोड़ा धन प्राप्त कर लेते, क्योंकि वह राजा यज्ञ करेगा और समस्त ऋत्विक् कर्मों के लिये मुझ विद्वान् का अवश्य वरण करेगा ॥६॥

तांश्च स खादित्वाऽतिशेषानतिशिष्टाञ्जायायै कारुण्यादाजहार । साऽऽटिक्यग्र एव कुल्माषप्राप्तेः सुभिक्षा शोभनभिक्षा लब्धान्नेत्येतद्बभूव संवृत्ता । तथाऽपि स्त्रीस्वाभाव्यादनवज्ञाय तान्कुल्माषान्पत्युर्हस्तात्प्रतिगृह्य निदधौ निक्षिप्तवती ॥ ५ ॥

स तस्याः कर्म जानन्प्रातरुषःकाले संजिहानः शयनं निद्रां वा परित्यजन्नुवाच पत्न्याः शृण्वत्या यद्यदि बतेति खिद्यमानोऽन्नस्य स्तोकं लभेमहि तद्भुक्त्वाऽन्नं समर्थो गत्वा लभेमहि धनमात्रां धनस्याल्पम् । ततोऽस्माकं जीवनं भविष्यतीति । धनलाभे च कारणमाह—राजाऽसौ नातिदूरे स्थाने यक्ष्यते । यजमानत्वात्तस्याऽऽत्मनेपदम् । स च

स्त्रीस्वाभाव्यं पत्युराज्ञाकरणम् ॥५॥

तस्याः कर्म कुल्माषाणां परिरक्षणम् । यक्ष्यतीति कस्मान्नोक्तं तत्राऽऽह—यजमानत्वादिति । राज्ञो यजमानत्वाद्यागफलस्याऽऽत्मगामित्वाद्यक्ष्यत इत्यात्मनेपदं प्रयुक्तमित्यर्थः । अन्येषामुपद्रष्टृत्वसंभवे कुतस्त्वामेव राजा मानयिष्यतीत्याशङ्क्याऽऽह—स चेति ॥६॥

होता है। मन्त्र में उषस्ति-चाक्रायण के लिए प्रद्राणक विशेषण दिया है, इससे लगता है कि अतिशय विपत्ति में पड़कर उसने जूठे उड़द खा लिए (अतः श्रुतिस्मृति का प्रमाण न मिलने से तथा लौकिक-वैदिक आचारविरुद्ध होने से ज्ञानी के लिए भी स्वेच्छाचार का विधान नहीं है) ॥ ४ ॥

पत्नी के प्रति करुणावश होकर उषस्ति उनमें से बचे हुए उड़दों को पत्नी के लिए लाया। अज्ञातयौवना वह पत्नी पहले ही उड़द के प्राप्त हो जाने से सुन्दर भिक्षा कर चुकी थी। तथापि स्वामी की आज्ञा शिरोधार्य कर उन उड़दों को पति से लेकर सुरक्षित रख दिया ॥ ५ ॥

"इसने उड़द सुरक्षित रखे हैं" ऐसा जानकर अगले दिन प्रातःकाल उठकर अपनी पत्नी को

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तं जायोवाच हन्त पत इम एव कुल्माषा इति तान्खा-
दित्वाऽमुं यज्ञं विततमेयाय ॥ ७ ॥
तत्रोद्गातॄनास्तावे स्तोष्यमाणानुपोपविवेश स ह
प्रस्तोतारमुवाच ॥ ८ ॥

उषस्ति से उसकी पत्नी ने कहा—हे स्वामिन्! आपके दिये ये उड़द विद्यमान हैं, उन्हें ही लीजिये। उषस्ति उन्हें खाकर राजा के उस विस्तृत यज्ञ में गया ॥७॥

वहाँ जाकर आस्ताव (प्रस्तोतागण के स्तुति करने योग्य) स्थान में स्तुति करने वाले उद्गाताओं के समीप बैठ गया और प्रस्तोता से कहा ॥८॥

राजा मा मां पात्रमुपलभ्य सर्वैरार्त्विज्यैर्ऋत्विक्कर्मभिर्ऋत्विक्कर्मप्रयोजनायेत्यर्थो वृणीतेति ॥ ६ ॥

एवमुक्तवन्तं जायोवाच—हन्त गृहाण हे पत इम एव ये मद्धस्ते विनिक्षिप्तास्त्वया कुल्माषा इति। तान्खादित्वाऽमुं यज्ञं राज्ञो विततं विस्तारितमृत्विग्भिरेयाय ॥७॥

तत्र च गत्वोद्गातॄनु'द्गातृपुरुषानागत्य स्तुवन्त्यस्मिन्नित्यास्तावस्तस्मिन्नास्तावे स्तोष्यमाणानुपोपविवेश समीप उपविष्टस्तेषामित्यर्थः। उपविश्य स ह प्रस्तोतारमुवाच ॥ ८ ॥

हन्तेत्यन्नलेशलाभश्चेदेवं धनलब्धिद्वारा जीवनहेतुरित्यर्थः ॥७॥

राज्ञो यज्ञस्तत्रेत्युच्यते। उद्गातुरेकत्वे कुतो बहूक्तिरित्याशङ्क्याऽऽह—उद्गातृपुरुषानिति स्तुवन्त्यस्मिन्निति सप्तम्या संवाददेशो निर्दिश्यते ॥८॥

सुनाते हुए बोला—यदि मुझ क्षुधातुर को थोड़ा सा भी अन्न मिल जाता तो उससे क्षुधा निवृत्ति कर चलने की सामर्थ्य पाकर राजा के पास जाकर थोड़ा धन प्राप्त कर लेते, जिससे हमारा यापन हो जाता। धनलाभ में हेतु श्रुति कहती है—यहाँ से थोड़ी ही दूर वह यज्ञ करेगा। यजमान होने से आत्मार्थक यागफल होने से "यक्ष्यते" में आत्मनेपद प्रयोग है। वह राजा समस्त ऋत्विक् कर्मों के लिए मुझे योग्य अधिकारी समझकर अवश्य ही वरण करेगा॥ ६ ॥

अपने पति द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर पत्नी बोली—मैंने आपके द्वारा दिए गए उड़द सुरक्षित रख लिए थे, उन्हें आप ग्रहण कीजिए। उन्हें खाकर उषस्ति ऋत्विजों द्वारा सम्पादित विस्तृत यज्ञ में गया ॥ ७ ॥

राजा के यज्ञ में जाकर प्रस्तोता, प्रतिहर्ता और सुब्रह्मण्य इन तीनों स्तुति करने वाले उद्गाताओं के समीप स्तुति करने योग्य स्थान में बैठ गया। वहाँ बैठकर वह प्रस्तोता से बोला ॥८॥

१. उद्गातृपुरुषास्त्रयः प्रस्तोता प्रतिहर्ता सुब्रह्मण्यश्चेति।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

**प्रस्तोतर्या देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्र-
स्तोष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति ॥ ९ ॥**

हे प्रस्तोत: ! जो देवता प्रस्तावभक्ति में अनुगत है, यदि तुम उसे जाने बिना उसका प्रस्तवन करोगे तो मस्तक गिर जायगा। (भाव यह कि देवताज्ञानियों के समक्ष देव-अज्ञानी कर्म न करावे, उसके परोक्ष में कर्म कराने का देवता के न जानने वालों का भी अधिकार है) ॥९॥

हे प्रस्तोतरित्यामन्त्र्याभिमुखीकरणाय । या देवता प्रस्तावं प्रस्तावभक्तिमनुगताऽन्वायत्ता तां चेद्देवतां प्रस्तावभक्तेरविद्वान्सन्प्रस्तोष्यसि विदुषो मम समीपे। तत्परोक्षेऽपि चेद्विपतेत्तस्य मूर्धा कर्ममात्रविदामनधिकार एव कर्मणि स्यात् । तच्चानिष्टमविदुषामपि कर्मदर्शनात् । दक्षिणमार्गश्रुतेश्च । अनधिकारे चाविदुषामुत्तर एवैको मार्गः श्रूयेत । न च स्मार्तकर्मनिमित्त एव दक्षिणः पन्थाः। यज्ञेन दानेनेत्यादिश्रुतेः । तथोक्तस्य मयेति च विशेषणाद्विद्वत्समक्षमेव कर्मण्यनधिकारो न सर्वत्राग्निहोत्रस्मार्त-

---

किमर्थमामन्त्रणं तदाह—अभिमुखीकरणायेति । विदुषः समीपे देवतामविद्वान्प्रस्तोष्यसि चेन्मूर्धा ते विपतिष्यतीत्यग्रे संबन्धः । नन्वविद्वन्निन्दाया विवक्षितत्वाद्विद्वत्समीपवचनमकिंचित्करमिति चेन्नेत्याह—तत्परोक्षेऽपीति । तस्येत्यविद्वान्प्रस्तोतोच्यते । मा भूत्कर्ममात्रविदां कर्मण्यधिकार इति चेन्नेत्याह—तच्चेति । तेनोभौ कुरुत इत्यादिश्रुताविति शेषः । अविदुषामपि कर्माधिकारे हेत्वन्तरमाह—दक्षिणेति । तदेव व्यतिरेकद्वारा स्फोरयति—अनधिकारे चेति । तस्यैव समुच्चयफलत्वादित्यर्थः । ननु दक्षिणमार्गस्य वापीकूपतटाकादिस्मार्तकर्मप्रयुक्तत्वाद्वैदिके कर्मणि विद्वानेवाधिक्रियते नेत्याह—न चेति । यज्ञेन दानेन लोकाञ्जयन्तीति वैदिकर्मनिष्ठानामज्ञानामेव दक्षिणमार्गश्रवणादिति हेतुमाह—यज्ञेनेति । इतश्चाविदुषां विद्वत्समीपे कर्माधिकारो नास्तीत्याह—तथोक्तस्येति । देवताविज्ञानशून्यस्य ते मूर्धा विपतिष्यतीत्यनेन प्रकारेण मयोक्तस्य मूर्धा व्यपतिष्यदिति विशेषश्रवणाद्विद्वत्समीपे तदनुज्ञामन्तरेण कर्म कुर्वतोऽपराधित्वात्तस्य कर्मण्यनधिकार एवेत्यर्थः । विद्वदसमीपे पुनरविदुषोऽपि कर्मण्यधिकारो-

---

मन्त्र में "प्रस्तोता" सम्बोधन अपनी ओर समाहित चित्त से श्रवण कराने के लिए है। यदि बिना जाने ही प्रस्तावभक्ति में अनुगत देवता का मुझ विद्वान् के समक्ष स्तवन करोगे तो तुम्हारा मस्तक गिर जायगा। यदि अविद्वान् का मस्तक विद्वान् के परोक्ष में भी गिर जाए तो कर्म मात्र का ज्ञान रखने वालों का कर्म में अधिकार नहीं रह जाएगा, ऐसा अभीष्ट नहीं है क्योंकि अविद्वान् की भी कर्म में प्रवृत्ति देखी जाती है। उनके लिए दक्षिणमार्ग गमनविषयक श्रुति की भी सार्थकता हो जाएगी। यदि अविद्वानों का कर्म में अधिकार नहीं होता है, तो श्रुति में एक ही उत्तरायण मार्ग का निर्देश हुआ होता। वापी, कूप-तडागादि निर्माणरूप स्मार्तकर्म से दक्षिणायन की प्राप्ति हो. ऐसी बात नहीं है क्योंकि श्रुति कहती है—"उस परमतत्त्व को ज्ञानी लोग यज्ञ, दान एवं सतत साधना से जानने की इच्छा करते हैं"। (छान्दोग्य उपनिषद १.११.५ में) "तथोक्तस्य मया" यह विशेषण कहने से विद्वान् के समीप अज्ञानी का कर्म में अधिकार नहीं है; वैसे अग्निहोत्र स्मार्तकर्म अध्ययनादि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवमेवोद्गातारमुवाचोद्गातर्या देवतोद्गीथमन्वायत्ता तां चेदविद्वानुद्गास्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति । १०॥

एवमेव प्रतिहर्तारमुवाच प्रतिहर्तर्या देवता प्रतिहारमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रतिहरिष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति ते ह समारतास्तूष्णीमासांचक्रिरे ॥११॥

इति प्रथमाध्यायस्य दशमः खण्डः ॥ १० ॥

ऐसे ही उषस्ति ने उद्गाता से भी कहा—हे उद्गातः ! जो देवता उद्गीथ में अनुगत है, यदि तुम उसे जाने बिना उद्गान करोगे, तो तेरा मस्तक गिर जायगा ॥१०॥

ऐसे ही प्रतिहर्ता से कहा, हे प्रतिहर्तः ! जो देवता प्रतिहार में अनुगत है, यदि तुम उसे जाने बिना प्रतिहरण करोगे, तो तेरा मस्तक गिर जायगा। तब वे प्रस्तोतादि (मस्तक गिर जाने के भय से) अपने-अपने कर्मों से उपरत हो चुपचाप बैठ गये ॥११॥

॥ इति दशमः खण्डः ॥

कर्माध्ययनादिषु च । अनुज्ञायास्तत्र तत्र दर्शनात् । कर्ममात्रविदामप्यधिकारः सिद्धः कर्मणीति मूर्धा ते विपतिष्यतीति ॥ ९ ॥

एवमेवोद्गातारं प्रतिहर्तारमुवाचेत्यादि समानमन्यत् । ते प्रस्तोत्रादयः कर्मभ्यः समारता उपरताः सन्तो मूर्धपातभयात्तूष्णीमासांचक्रिरेऽन्यच्चाकुर्वन्तः । अर्थित्वात् ॥ १० ॥ ११ ॥

इति प्रथमाध्यायस्य दशमः खण्डः ॥ १० ॥

ऽस्तीत्याह—न सर्वत्रेति । अग्निहोत्रादौ श्रौते कर्मणि स्मार्तेषु च वापीकूपतटाकादिकर्मस्वध्ययनजपादिषु च विद्वत्संनिधिमन्तरेणापि सर्वस्मिन्काले कर्ममात्रविदो नाधिकारोऽस्तीत्यशक्यं वक्तुमित्यर्थः । तत्र हेतुमाह—अनुज्ञेति । भगवन्तं वा अहं विविदिषाणीत्यादिना राज्ञा स्वकीयकर्मनिर्वर्तने प्रार्थनादेत एव मया समतिसृष्टाः स्तुवतामिति चानुज्ञोपलम्भादस्त्येवाविदुषामपि कर्मण्यधिकार इत्यर्थः । उक्तमर्थमुपसंहरति—कर्ममात्रेति । विद्वत्समीपे तदनुज्ञामलब्ध्वा नास्ति कर्मानुष्ठानमित्येतन्निगमयितुमितिशब्दः । मूर्धा ते विपतिष्यतीत्येतदन्तं प्रस्तोतृविषयं वाक्यं व्याख्यातमित्यनुवदति—मूर्धेति ॥९॥

तूष्णीमित्यस्यार्थमाह—अन्यच्चेति । तत्र हेतुमाह—अर्थित्वादिति । तत्तद्देवताविषयविज्ञानार्थित्वेन कर्मान्तरमकुर्वन्तश्चाक्रायणाभिमुखाः स्थिता इत्यर्थः ॥१०॥११॥

इति प्रथमाध्यायस्य दशमः खण्डः ॥१०॥

में तो उसका भी अधिकार है क्योंकि उन-उन स्थलों में अज्ञानी प्रार्थना करते हुए देखा जाता है। इससे सिद्ध हुआ कि कर्म मात्र का ज्ञान रखने वालों का भी कर्म में अधिकार है ॥ ९ ॥

उषस्ति ने 'उद्गाता और प्रतिहर्ता से भी इसी प्रकार कहा'—इत्यादि व्याख्यान पूर्वमन्त्र के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ प्रथमाध्यायस्यैकादशः खण्डः)

अथ हैनं यजमान उवाच भगवन्तं वा अहं विविदिषाणीत्युषस्तिरस्मि चाक्रायण इति होवाच ॥ १ ॥

स होवाच भगवन्तं वा अहमेभिः सर्वैरार्त्विज्यैः पर्यैषिषं भगवतो वा अहमवित्त्याऽन्यानवृषि ॥ २ ॥

राजा और उषस्ति का संवाद

उसके बाद उस उषस्ति से यजमान राजा ने कहा—मैं भगवन् (आप) को जानना चाहता हूँ इस पर उषस्ति ने कहा—मैं चक्र का पुत्र उषस्ति हूँ ॥१॥

उस पर यजमान ने कहा—मैंने सम्पूर्ण ऋत्विक् कर्मों के लिये आपकी खोज की थी। पर आपको न प्राप्त कर ही मैंने दूसरे ऋत्विगों का वरण किया था ॥२॥

अथानन्तरं हैनमुषस्ति यजमानो राजोवाच। भगवन्तं वै पूजावन्तमहं विविदिषाणि वेदितुमिच्छामीत्युक्त उषस्तिरस्मि चाक्रायणस्तवापि श्रोत्रपथमागतो यदीति होवाचोक्तवान् ॥ १ ॥

स ह यजमान उवाच सत्यमेवमहं भगवन्तं बहुगुणमश्रौषं सर्वैश्च ऋत्विक्कर्मभिरार्त्विज्यैः पर्यैषिषं पर्येषणं कृतवानस्मि। अन्विष्य भगवतो वा अहमवित्त्याऽलाभेनान्यानिमानवृषि वृतवानस्मि ॥२॥

अथ हैनमित्यादि व्याकरोति—अथेति। प्रस्तोतृप्रभृतीनां तूष्णींभावादिति शेषः ॥१॥ चाक्रायणस्य वचनमङ्गी करोति—सत्यमिति। अङ्गीकारमेव स्फोरयति—एवमिति। आर्त्विज्यैरित्यस्य व्याख्यानमृत्विक्कर्मभिरिति तदर्थमिति यावत्। यदि मामार्त्विज्यार्थमनुसंहितवानसि किमितीमानन्यान्वृतवानित्याशङ्क्याऽऽह—अन्विष्येति ॥२॥

समान समझ लेना चाहिए। वे प्रस्तोतादि कर्म से उपरत होकर मस्तक गिर जाने के भय से मौनभाव से स्थित हो गए। देवताविषयकविज्ञान को सुनने के लिए अन्य कर्मों से निवृत्त होकर उषस्ति के समक्ष बैठ गए ॥ १० ॥

प्रस्तोतादि के चुप रहने के पश्चात् यजमान राजा ने इस उषस्ति से कहा—आदरणीय! आपका मैं परिचय प्राप्त करना चाहता हूँ। उषस्ति ने कहा—हो सकता है मेरे बारे में आपने भी सुना हो, मैं चक्र का पुत्र उषस्ति हूँ ॥ १ ॥

उषस्ति की उक्ति को सत्य मानकर राजा यजमान बोला—मैंने आदरणीय आपके गुणातिशय के विषय में सुना था तथा सम्पूर्ण ऋत्विक् कर्मों को करने के लिए आपकी खोज भी की थी। खोज पर आपका पता न चल पाया तो मैंने आपको न पाने से इन दूसरे ऋत्विजों का वरण कर लिया ॥२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवाꣳस्त्वेव मे सर्वैरार्त्विज्यैरिति तथेत्यथ तर्ह्येत एव समतिसृष्टाः स्तुवतां यावत्त्वेभ्यो धनं दद्यास्तावन्मम दद्या इति तथेति ह यजमान उवाच ॥ ३ ॥

अथ हैनं प्रस्तोतोपससाद प्रस्तोतर्या देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रस्तोष्यसि मूर्धा ते

अब भी सम्पूर्ण ऋत्विक् कर्मों के लिये श्रीमान् ही रहें। राजा की बात सुनकर उषस्ति ने कहा—'ठीक है,' और फिर यह भी कहा कि वे ऋत्विक्गण मेरे द्वारा प्रसन्नता से आज्ञा प्राप्त कर स्तुति करें। याद रखो! इन सम्पूर्ण प्रस्तोता आदि को जितना धन दोगे, उतना ही धन मुझे देना। तब यजमान ने कहा—ऐसा ही होगा ॥३॥

प्रस्ताव देवता के विषय में प्रस्तोता का प्रश्न

उसके बाद उषस्ति के पास विनम्र भाव से प्रस्तोता गया, (और बोला) आपने जो मुझे

अद्यापि भगवांस्त्वेव मे मम सर्वैरार्त्विज्यैरृत्विक्कर्मार्थमस्त्वित्युक्तस्तथेत्याहोषस्तिः। किंत्वथैवं तर्ह्येत एव त्वया पूर्वं वृता मया समतिसृष्टा मया सम्यक्प्रसन्नेनानुज्ञाताः सन्तः स्तुवताम्। त्वया त्वेतत्कार्यम्। यावत्त्वेभ्यः प्रस्तोत्रादिभ्यः सर्वेभ्यो धनं दद्याः प्रयच्छसि तावन्मम दद्या इत्युक्तस्तथेति ह यजमान उवाच ॥३॥

अथ हैनमौषस्त्यं वचः श्रुत्वा प्रस्तोतोपससादोषस्तिं विनयेनोपजगाम। प्रस्तो-

---

एवं गते किमधुना कर्तव्यमित्याशङ्क्याऽऽह—अद्यापीति। चाक्रायणानुमतिं श्रुत्वा किमिदमिति व्याकुलितेषु प्रस्तोतृप्रभृतिषु ब्रूते—किंत्विति। उभयानुमत्यपेक्षयाऽऽनन्तर्यम्[1]। ममालाभेनामीषां वृतत्वस्य निवृत्त्यवस्थायामित्याह—तर्हीति। अनुज्ञाताः सन्तः प्रस्तोत्रादयः स्तुतिं कुर्वतामित्याह—स्तुवतामिति। अस्त्वेवं त्वदर्थं पुनर्मया किं विधेयमित्याशङ्क्याऽऽह—त्वया त्विति ॥३॥

यजमानं प्रत्युषस्तिप्रोक्तं वचः श्रुत्वाऽनन्तरमेनमुषस्तिं प्रस्तोता त्यक्तव्याकुलत्वः शिष्यत्वेनोपसन्नवानित्याह—अथेति। उपगतिप्रकारमभिनयति—प्रस्तोतरिति ॥४॥

यजमान राजा के इस प्रकार कहने पर कि अब भी मैं समस्त ऋत्विक् कर्मों के लिए आपको वरण करता हूँ, उषस्ति ने 'ठीक है' कहते हुए इसे स्वीकार कर लिया। चाक्रायण की अनुमति सुनकर पूर्ववरण किए गए प्रस्तोतादि व्याकुल हो गए। किन्तु उषस्ति बोले—क्योंकि आपने इन्हें पहले वरण किया था; अतः वे भी अनुमति दें तथा प्रसन्नता से मेरे द्वारा आज्ञा पाकर स्तवन करें। आपको यह भी करना है कि इन प्रस्तोतादि को जितना धन दोगे, बस उतना ही धन मुझे देना। ऐसा सुनकर यजमान राजा ने अपनी स्वीकृति दे दी ॥ ३ ॥

---

१. आनन्तर्यमथशब्दार्थ इति शेषः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विपतिष्यतीति । मा भगवानवोचत्कतमा सा देवतेति ॥ ४ ॥

प्राण इति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति प्राणमभ्युज्जिहते सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रास्तोष्यो मूर्धा ते व्यपतिष्यत्तथोक्तस्य मयेति ॥ ५ ॥

कहा था कि हे प्रस्तोतः ! जो देवता प्रस्ताव में अनुगत है यदि तू उसे जाने विना ही प्रस्तवन करेगा, तो तेरा मस्तक गिर जायगा । अतः वह देवता कौन है ? (जो प्रस्तावभक्ति में अनुगत है) ॥४॥

प्रस्ताव में अनुगत देवता प्राण है

"वह देवता प्राण है" ऐसा उषस्ति ने कहा, क्योंकि ये सभी चराचर भूत प्रलय काल में प्राण में ही प्रवेश कर जाते हैं और फिर प्राण से ही उत्पन्न होते हैं। अतः वह यह प्राण देवता ही प्रस्ताव में अनुगत है । यदि तू बिंना जाने ही प्रस्ताव भक्ति करता तो मेरे इस प्रकार कहे पर तेरा मस्तक अवश्य गिर जाता ॥५॥

तर्या देवतेत्यादि मा मां भगवानवोचत्पूर्वम् । कतमा सा देवता या प्रस्तावभक्तिमन्वायत्तेति ॥४॥

पृष्टः प्राण इति होवाच । युक्तं प्रस्तावस्य प्राणो देवतेति । कथं, सर्वाणि स्थावरजङ्गमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति प्रलयकाले प्राणमभि लक्षयित्वा प्राणात्मनैवोज्जिहते प्राणादेवोद्गच्छन्तीत्यर्थ उत्पत्तिकाले । अतः सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वांस्त्वं प्रास्तोष्यः प्रस्तवनं प्रस्तावभक्ति कृतवानसि यदि मूर्धा

प्रतिवचनमादाय प्रशब्दसामान्यं गृहीत्वा तात्पर्यमाह—पृष्ट इति । कथमिह प्राणशब्दार्थो निश्चीयतामित्याशङ्क्या'त एव प्राण इति न्यायेनाऽऽह—कथमिति । प्राणात्मनैव संविशन्तीति पूर्वेण संबन्धः । प्राणशब्दार्थस्य परमात्मत्वेन निर्णीतत्वमतःशब्दार्थः । चेच्छब्दार्थो यदीत्युक्तः । मया तथोक्तस्य

उषस्ति-चाक्रायण की बात सुनकर व्याकुलता त्याग कर प्रस्तोता बड़े विनम्र भाव से शिष्य भाव से उनकी शरण में गए और बोले—आपने कहा था प्रस्ताव में अनुगत देवता को जाने विना जो स्तवन करेगा तो शिरःपात हो जाएगा । इसलिए आदरणीय आप मुझे इसका उपदेश कीजिए कि प्रस्ताव उपासना में अनुगत देवता कौन है ॥ ४ ॥

प्रस्तोता द्वारा इस प्रकार पूछे जाने पर उषस्ति ने कहा—वह देवता प्राण है। प्रस्ताव में अनुगत देवता प्राण ही हो सकता है क्योंकि सभी जड़ चेतन भूतप्राणी प्रलयावस्था में प्राण में ही प्रवेश कर जाते हैं, सृष्टि-उत्पत्ति वेला में प्राणात्मा से ही उत्पन्न होते हैं। प्राण शब्द परमात्मा का अभि-

---

१. ब्र. सू. १-१-२३।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ हैनमुद्गातोपससादोद्गातर्या देवतोद्गीथमन्वा-यत्ता तां चेदविद्वानुद्गास्यसि मूर्धा ते विपतिष्य-तीति मा भगवानवोचत्कतमा सा देवतेति ॥ ६ ॥

आदित्य इति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूता-न्यादित्यमुच्चैः सन्तं गायन्ति सैषा देवतोद्गीथ-मन्वायत्ता तां चेदविद्वानुदगास्यो मूर्धा ते व्यपतिष्य-त्तथोक्तस्य मयेति ॥ ७ ॥

उद्गाता का प्रश्न

तदनन्तर उषस्ति के समीप उद्गाता गया और कहा, मुझसे जो आपने कहा था कि हे उद्गातः! जो देवता उद्गीथ में अनुगत है यदि उसे जाने बिना ही उसका उद्गान करेगा, तो तेरा मस्तक गिर जायगा। (इस पर उद्गाता ने भी पूछा कि) वह देवता कौन है? ॥६॥

उद्गीथानुगत देवता आदित्य है

इस प्रकार पूछे जाने पर "वह देवता आदित्य है" ऐसा उषस्ति ने कहा, क्योंकि ये सभी चराचर प्राणी ऊपर विद्यमान् आदित्य का ही गान करते हैं। वह यह आदित्य देवता ही उद्गीथ में अनुगत है। यदि तू उसे बिना जाने ही उद्गान करता, तो मेरे द्वारा उस प्रकार कहे जाने पर तेरा मस्तक गिर जाता ॥ ७ ॥

शिरस्ते व्यपतिष्यद्विपतितमभविष्यत्तथोक्तस्य मया तत्काले मूर्धा ते विपतिष्यतीति। अतस्त्वया साधु कृतम्। मया निषिद्धः कर्मणो यद्वुपरममकार्षीरित्यभिप्रायः ॥५॥

तथोद्गाता पप्रच्छ कतमा सोद्गीथभक्तिमनुगताऽन्वायत्ता देवतेति ॥६॥

पृष्ट आदित्य इति होवाच। सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्यादित्यमुच्चैरूर्ध्वं सन्तं गायन्ति शब्दयन्ति स्तुवन्तीत्यभिप्रायः। उच्छब्दसामान्यात्प्रशब्दसामान्यादिव प्राणोऽतः

मूर्धा ते विपतिष्यतीत्येवमुक्तस्य तव तत्काले स्वापराधावस्थायां मूर्धा व्यपतिष्यदेवेति योजना। प्रमादस्य महतस्त्वया परिहृतत्वादित्यतःशब्दार्थः ॥५॥

यथा प्रशब्दसामान्यात्प्राणः प्रस्तावदेवतेत्युक्तं तथाऽऽदित्योद्गीथयोरुच्छब्दसामान्यादुद्गीथ-देवताऽऽदित्य इत्याह—उच्छब्देति। उक्तसामान्यपरामर्शार्थोऽतःशब्दः ॥७॥

धायक होने से प्राण देवता ही प्रस्ताव में अनुगत है। यदि तुम उसे जाने बिना प्रस्ताव-उपासना करते तो अपने द्वारा किए अपराध करने के समय ही तुम्हारा शिरःपात हो जाता। इसलिए मेरे द्वारा रोक दिए जाने पर तुमने उस कर्म से विरति कर दी, यह अच्छा ही किया ॥ ५ ॥

उसी प्रकार उद्गाता ने भी पूछा—वह उद्गीथ उपासना किस देवता के अधीन है ॥ ६ ॥

उद्गाता द्वारा पूछे जाने पर उषस्ति ने कहा—उद्गीथभक्ति आदित्य देवता के अधीन है क्योंकि ये समस्त चराचर भूतप्राणी सबसे ऊपर विद्यमान आदित्य की ही स्तुति करते हैं। जैसे प्राण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ हैनं प्रतिहर्तोपससाद प्रतिहर्तर्या देवता प्रतिहारमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रतिहरिष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति मा भगवानवोचत्कतमा सा देवतेति ॥ ८ ॥

अन्नमिति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्यन्नमेव प्रतिहरमाणानि जीवन्ति सैषा देवता प्रतिहार-

प्रतिहर्ता का प्रश्न

पुनः प्रतिहर्ता उषस्ति के पास गया (और कहा) आपने मुझसे जो कहा था, हे प्रतिहर्तः ! जो प्रतिहार में अनुगत देवता है, यदि उसे जाने बिना ही तू प्रतिहरण करेगा, तो तेरा मस्तक गिर जायगा। अतः वह प्रतिहार में अनुगत देवता कौन है ? ॥८॥

प्रतिहारानुगत देवता अन्न है

इस प्रकार पूछे जाने पर उषस्ति ने कहा—वह देवता अन्न है क्योंकि सम्पूर्ण चराचर प्राणी अपने लिये अन्न का ही हरण करते हुए जीवित रहते हैं। वह यह अन्न देवता प्रतिहार में अनुगत है।

सैषा देवतेत्यादि पूर्ववत् ॥७॥

एवमेवाथ हैनं प्रतिहर्तोपससाद कतमा सा देवता प्रतिहारमन्वायत्तेति ॥८॥

पृष्टोऽन्नमिति होवाच। सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्यन्नमेवाऽऽत्मानं प्रति सर्वतः प्रतिहरमाणानि जीवन्ति। सैषा देवता प्रतिशब्दसामान्यात्प्रतिहारभक्तिमनुगता। समानमन्यत्तथोक्तस्य मयेति। प्रस्तावोद्गीथप्रतिहारभक्तीः प्राणादित्यान्नदृष्ट्योपासीतेति

एवमेव प्रस्तोतृवदुद्गातृवच्चेत्यर्थः। ऋत्विग्भ्यां प्रस्तावोद्गीथदेवतयोर्विज्ञानानन्तर्यमथशब्दार्थः ॥८॥

कथमन्नस्य प्रतिहारत्वं तदाह—सर्वाणीति। तां चेदविद्वानित्याद्यन्यदित्युच्यते। तथोक्तस्य मयेत्येतदन्तमिति शेषः। कीदृगुपासनमस्मिन्प्रकरणे विवक्षितमित्याशङ्क्याऽऽह—प्रस्तावेति। उपास्ति-

---

में 'प्र' शब्द का सादृश्य है, उसी प्रकार यहाँ 'उत्' शब्द की समानता है अतः वही आदित्य देवता है इत्यादि व्याख्यान पूर्ववत् समझ लेना चाहिए ॥ ७ ॥

प्रस्तोता एवं उद्गाता की ही तरह प्रतिहर्ता ने भी उषस्ति से पूछा—वह देवता कौन सा है जो प्रतिहार के अधीन है ॥ ८ ॥

ऐसा पूछे जाने पर उषस्ति बोला—वह देवता अन्न है क्योंकि सभी जड़-चेतन प्राणी अपने लिए अन्न को ही सब ओर से हरण करते हुए जीवित रहते हैं। "प्रति" शब्द की समानता से यही देवता प्रतिहार-उपासना के अधीन है। मन्त्र में "तथोक्तस्य मया" पर्यन्त का व्याख्यान पूर्व मन्त्र के समान है। प्रस्ताव-उद्गीथ-प्रतिहार उपासना प्राण-आदित्य एवं अन्न दृष्टि से करनी चाहिए—यही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रत्यहरिष्यो मूर्धा ते व्यपतिष्यत्तथोक्तस्य मयेति तथोक्तस्य मयेति ॥ ९ ॥

इति प्रथमाध्यायस्यैकादशः खण्डः ॥ ११ ॥

(अथ प्रथमाध्यायस्य द्वादशः खण्डः)

अथातः शौव उद्गीथस्तद्ध बको दाल्भ्यो ग्लावो वा मैत्रेयः स्वाध्यायमुद्वव्राज ॥ १ ॥

यदि तू उसे जाने बिना ही प्रतिहरण करता, तो मेरे द्वारा उक्त प्रकार से कहे जाने पर निश्चय ही तेरा मस्तक गिर जाता ॥९॥

॥ इत्येकादशः खण्डः ॥

शौवसाम का उपाख्यान

उसके बाद अब अन्न प्राप्ति के लिये श्वानों द्वारा देखे गये उद्गीथ का आरम्भ किया जाता है। वहाँ प्रसिद्ध है, कि (पुराकाल में) दलभ का पुत्र बक, या मित्रा का पुत्र ग्लाव स्वाध्याय करने के लिये (एकान्त देश में स्थित) जलाशय के समीप गया ॥१॥

समुदायार्थः । प्राणाद्यापत्तिः कर्मसमृद्धिर्वा फलमिति ॥ ९ ॥

इति प्रथमाध्यायस्यैकादशः खण्डः ॥ ११॥

अतीते खण्डेऽन्नाप्राप्तिनिमित्ता कष्टावस्थोक्तोच्छिष्टोच्छिष्टपर्युषितभक्षणलक्षणा सा मा भूदित्यन्नलाभायाथानन्तरं शौवः श्वभिर्दृष्ट[1] उद्गीथ उद्गानं सामातः प्रस्तूयते । तत्त्र

त्रयस्य फलं दर्शयति—प्राणादीति ॥९॥

इति प्रथमाध्यायस्यैकादशः खण्डः ॥११॥

पूर्वोत्तरखण्डयोः संगतिं दर्शयन्नुपासनान्तरं प्रस्तौति—अतीत इति । अन्नलाभस्यापेक्षिततत्वमतःशब्दार्थः । प्रकारान्तरेणोद्गीथोपासनमन्नकामस्य प्रस्तुत्य प्रतिपत्तिसौकर्यार्थमाख्यायिकामादत्ते—तत्तत्रेति । न केवलं दलभस्यापत्यं किंतु मित्रायाश्चेति चार्थः । न च सा दलभस्य पत्नीति युक्तम् । तथा

संगृहीत अर्थ है। उपासनात्रय का फल यह है कि इससे प्राणादि की प्राप्ति होती है अथवा कर्म में समृद्धि लाभ होता है ॥ ९ ॥

(एकादश एवं द्वादश खण्ड में संबन्ध बताते हुए कहते हैं) एकादश खण्ड में अन्न प्राप्ति के अभाव में शोचनीय अवस्था बतलाई गयी, उच्छिष्ट एवं उच्छिष्ट वासी भक्षण की नौबत न आए उसके लिए प्रतिहार में अन्न दृष्टि की भावना प्रतिपादित की गयी। इस द्वादश खण्ड में श्वानों से साक्षात्कृत अन्न लाभ के लिए सामोद्गान उद्गीथ का प्रारम्भ किया जाता है। किसी समय दलभ का

---

१. श्वभिर्दृष्ट इति—"दृष्टं सामे'त्यण् । तस्य च "अस्मिन्नर्थेऽण् डिद्वा वक्तव्य" इति डित्वाट्टिलोप इति भावः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ह किल बको नामतो दल्भस्यापत्यं दाल्भ्यो ग्लावो वा नामतो मित्रायाश्चापत्यं मैत्रेयः। वाशब्दश्चार्थे। द्व्यामुष्यायणो ह्यसौ। वस्तुविषये क्रियास्विव विकल्पानुपपत्तेः। द्विनामा द्विगोत्र इत्यादि हि स्मृतिः। दृश्यते चोभयतः पिण्डभाक्त्वम्। उद्गीथे बद्धचित्तत्वादृषावनादराद्वा वाशब्दः स्वाध्यायार्थः। स्वाध्यायं कर्तुं ग्रामाद्बहिरुद्वव्राजोद्गतवान्विविक्तदेशस्थोदकाभ्याशम्। उद्वव्राज प्रतिपालयांचकारेति चैकवचनाल्लिङ्गादेकोऽसावृषिः। श्वोद्गीथकालप्रतिपालनादृषेः स्वाध्यायकरणमन्नकामनयेति लक्ष्यतेऽभिप्रायतः॥ १॥

सति मैत्रेयपदस्य वैयर्थ्यात्। पत्न्यन्तरापत्यत्वव्यावृत्त्यर्थमिति चेन्न। प्रयोजनाभावात्। नन्वत्र वाशब्दाद्द्वावृषी विवक्षिताविति चेन्नेत्याह—वाशब्द इति। कथं पुनर्दल्भस्यापत्यं बकस्तदभार्याया मित्रायाश्चापत्यं भवितुमुत्सहते तत्राऽऽह—द्व्यामुष्यायणो हीति। चैकितायनो दाल्भ्य इत्यत्रोक्तमेतदिति सूचयितुं हिशब्दः। उदितानुदितहोमवत्केषांचिद्दृष्ट्या बकोऽसावन्येषां ग्लाव इत्येकस्मिन्नपि विकल्पो भविष्यति नेत्याह—वस्तुविषय इति। कथं पुनर्विना मानमेकस्यैव द्विनामत्वाद्यङ्गी क्रियते तत्राऽऽह—द्विनामेति। इत्यादिवाक्यं स्मृतिरूपं धर्मशास्त्रे प्रसिद्धमित्यर्थः। द्विगोत्रत्वमेकस्य लोकेऽपि प्रसिद्धमित्याह—दृश्यते चेति। यतः सुतो जायते येन चायं धर्मतो गृह्यते तयोरुभयोरित्याह—उभयत इति। 'उभयोरप्यसावृक्थी[1] पिण्डदाता च धर्मतः' इति स्मरन्तीत्यर्थः। दाल्भ्यादन्यो मैत्रेय इत्यङ्गीकृत्याऽऽह—उद्गीथ इति। तदुपास्तौ तात्पर्यमृषावनादरे हेतुः। तस्मादृषित्रयमृषिद्वयं वा विवक्षितमित्यर्थः। पक्षान्तरद्योतनार्थो वाशब्दः। श्रौतो वाशब्दस्तर्हि किमर्थमित्याशङ्क्य पाठादन्यत्र तस्य फलमित्याह—वाशब्द इति। मैत्रेयान्तं वाक्यं व्याख्याय स्वाध्यायमित्यादि व्याचष्टे—स्वाध्यायमिति। यदुक्तमृषिरेको बकादिशब्दैरुच्यत इति तत्र लिङ्गमाह—उद्वव्राजेति। शुनामुद्गीथः श्वोद्गीथस्तत्कालस्य प्रतिपालनं प्रतीक्षणमृषेर्दृश्यते तेषां चोद्गानमन्नार्थं तदृषेरपि स्वाध्यायकरणं तदर्थमित्याह—श्वोद्गीथेति। यथोक्तार्थवाचिशब्दाभावेऽपि सामर्थ्यादयमर्थो भातीत्याह—अभिप्रायत इति॥१॥

पुत्र बक दाल्भ्य उपनाम मित्रा का पुत्र ग्लाव-मैत्रेय स्वाध्याय के लिए गाँव से बाहर निर्जन स्थान में स्थित जलाशय के पास गया। दल्भ का पुत्र बक है किन्तु मित्रा जो उसकी पत्नी नहीं है, उसका पुत्र कैसे हो सकता है क्योंकि वह द्व्यामुष्यायण है अर्थात् बक और मित्रा दोनों प्रसिद्ध हैं. अतः उनके नाम से जाना जाता है। किन्हीं की दृष्टि में बक हो, दूसरों के लिए ग्लाव हो; ऐसा विकल्प क्रियाओं के के समान वस्तु के विषय में होना संभव नहीं है। नामद्वय एवं गोत्रद्वय धर्मशास्त्र की दृष्टि से भी उचित है। क्योंकि जिसका पुत्र होता है एवं जो उसे धर्मपुत्र बनाता है, वह दोनों कुलों का पिण्डदाता होता है। ऐसा लोक व्यवहार में भी देखा जाता है। दाल्भ्य से मैत्रेय भिन्न होने के कारण उद्गीथ की उपासना में दत्तचित्त होने अथवा ऋषियों में अनादर हेतुक 'वा' शब्द है। मन्त्र में 'उद्वव्राज' शब्द में एकवचन इसका ज्ञापक है कि एक ही ऋषि स्वाध्याय प्रतिपालन हेतु गये। भावाशय यह है कि कुत्तों के उद्गीथ काल की प्रतीक्षा ऋषि को है, अन्न के लिए कुत्ते उद्गान करते हैं एवं ऋषि का स्वाध्याय में प्रवृत्त होना भी अन्नलाभ के लिए है॥ १॥

---

१. ऋक्थीति—"द्रव्यं वित्तं स्वापतेयं रिक्थमृक्थं धनं वसु" इत्यमरः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तस्मै श्वा श्वेतः प्रादुर्बभूव तमन्ये श्वान उपसमेत्योचुरन्नं नो भगवानागायत्वशनायाम वा इति ॥ २ ॥

तान्होवाचेहैव मा प्रातरुपसमीयातेति तद्ध बको दाल्भ्यो ग्लावो वा मैत्रेयः प्रतिपालयांचकार ॥ ३ ॥

उस ऋषि के समीप (स्वाध्याय से संतुष्ट हो देवता या ऋषि) श्वेत कुत्ता बनकर प्रकट हुआ। उसके पास दूसरे कुत्तों ने आकर कहा—भगवन्! आप हमारे लिये अन्न का आगान करें, क्योंकि हम निश्चय भूखे हैं ॥२॥

उन छोटे-छोटे कुत्तों से श्वेत कुत्ते ने कहा—तुम प्रातःकाल इसी स्थान पर मेरे पास आना। तब दाल्भ्य बक या मैत्रेय-ग्लाव नामक ऋषि उसी स्थान पर प्रतीक्षा करता रहा ॥३॥

स्वाध्यायेन तोषिता देवतर्षिर्वा श्वरूपं गृहीत्वा श्वा श्वेतः संस्तस्मा ऋषये तदनुग्रहार्थं प्रादुर्बभूव प्रादुश्चकार। तमन्ये शुक्लं श्वानं क्षुल्लकाः श्वान उपसमेत्योचुरुक्तवन्तोऽन्नं नोऽस्मभ्यं भगवानागायत्वागानेन निष्पादयत्वित्यर्थः। मुख्यप्राणं वागादयो वा प्राणमन्वन्नभुजः स्वाध्यायपरितोषिताः सन्तोऽनुगृह्णीयुरेनं स्वरूपमादायेति युक्तमेवं प्रतिपत्तुम्। अशनायाम वै बुभुक्षिताः स्मो वा इति ॥ २ ॥

जिसे 'अनाशकायन' (उपवास परायणता) कहते हैं, वह भी ब्रह्मचर्य ही है। ब्रह्मचर्य रूप साधन से जिस आत्मा की उपलब्धि होती है, उस ब्रह्मचर्य साधन सम्पन्न की जीवात्मा का नाश नहीं होता, अतः न खाने से अनाशकायन का भी ब्रह्मचर्य में अन्तर्भाव है। (वन में रहना रूप) जिस अरण्यायन कहा जाता है, वह भी ब्रह्मचर्य ही है। अरण्य शब्दों का (समुद्रों) का ब्रह्मचर्य से सम्पन्न प्रमाता के अधीन रहने के कारण अरण्यायन ब्रह्मचर्य है। परम पुरुषार्थ के साधन इस ब्रह्मचर्य की ही विभिन्न रूपों में मान्यता दी गई है। ज्ञान से यज्ञ, आत्मविषयिणी एषणा से इष्ट, सत्तत्त्व की रक्षा से सत्त्रायण, आत्मा के मनन से मौन, उपवास के अभ्यास से अनाशकायन, वन गमन के कारण अरण्यायन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ण्यश्चार्णवौ ब्रह्मलोके तृतीयस्यामितो दिवि तदैरं-मदीयꣳ सरस्तदश्वत्थः सोमसवनस्तदपराजिता पूर्ब्रह्मणः प्रभुविमितꣳ हिरण्मयम् ॥ ३ ॥

को प्राप्त करता है। यहाँ से तीसरे द्युलोक में ऐरंमदीय (हर्षोत्पादक) सरोवर है वहाँ पर सोम सवन नामवाला अश्वत्थ वृक्ष है, वहाँ हिरण्यगर्भ की अपराजित नामवाली पुरी है तथा ब्रह्मारूप प्रभु के द्वारा विशेषरूप से निर्मित स्वर्णमय मण्डप है ॥ ३ ॥

मननान्मौनमनशनादनाशकायनमरण्ययोर्गमनादरण्यायनमित्यादिभिर्महद्भिः पुरुषार्थ-साधनैः स्तुतत्वाद्ब्रह्मचर्यं परमं ज्ञानस्य सहकारिकारणं साधनमित्यतो ब्रह्मविदा यत्नतो [1]रक्षणीयमित्यर्थः। तत्तत्र हि ब्रह्मलोकेऽरश्चह वै प्रसिद्धौ ण्यश्चार्णवौ समुद्रौ समुद्रोपमे वा सरसी तृतीयस्यां भुवमन्तरिक्षं चापेक्ष्य तृतीया द्यौस्तस्यां तृतीयस्यामितोऽस्माल्लोका-दारभ्य गण्यमानायां दिवि। तत्तत्रैव चैरमिराऽन्नं तन्मय ऐरो मण्डस्तेन पूर्णमैरंमदीयं तदुपयोगिनां मदकरं हर्षोत्पादकं सरः। तत्रैव चाश्वत्थो वृक्षः सोमसवनो नामतः सोमोऽमृतं तन्निःस्रवोऽमृतस्रव इति वा। तत्रैव च ब्रह्मलोके ब्रह्मचर्यसाधनरहितैर्ब्रह्म-चर्यसाधनवद्भ्योऽन्यैर्न जीयत इत्यपराजिता नाम पूः पुरी ब्रह्मणो हिरण्यगर्भस्य। ब्रह्मणा च प्रभुणा विशेषेण मितं निर्मितं तच्च हिरण्मयं सौवर्णं प्रभु विमितं मण्डपमिति वाक्यशेषः ॥ ३ ॥

लभते तस्माद्यज्ञो ब्रह्मचर्यमिति योजना। आदिशब्देन [2]स्वस्य परमपुरुषार्थसाधनत्वं गृह्यते ॥३॥

ब्रह्मचर्य ही है, ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ सहकारी साधन ब्रह्मचर्य है। इसलिए ब्रह्मज्ञानी को सर्वविध यत्न कर इसकी रक्षा करनी चाहिए। उस ब्रह्मलोक में 'अर' और 'ण्य' सञ्ज्ञक दो समुद्र हैं अथवा समुद्र की तरह विशाल दो सरोवर हैं। भुव और अन्तरिक्ष की अपेक्षा तीसरे द्युलोक में अर्थात् यहाँ से लेकर द्युलोक में 'ऐरम्मदीय' नामक सरोवर है। 'इरमिरा' अन्न से जो युक्त है, 'ऐर' मण्ड कहता है 'ऐर' मण्ड से पूर्ण ऐरम्मदीय कहलाता है क्योंकि इस सरोवर में स्नान करने से मस्ती आ जाती है तथा खुशी ही खुशी अङ्ग-अङ्ग में व्याप्त हो जाती है। वहीं पर सोमसवन नाम का 'अश्वत्थ' वृक्ष है इसमें से हर समय अमृत टपकता रहता है। वहीं पर ब्रह्मलोक में हिरण्यगर्भ ब्रह्म की अपराजिता नाम की पुरी है जो कि ब्रह्मचर्य में निष्ठावान् के अतिरिक्त ब्रह्मचर्य साधन शून्य द्वारा जीता नहीं जा सकता। सर्वसमर्थ ब्रह्म ने वहाँ सुवर्णजटित मंडप विशेष रूप से बनाया हुआ है ॥ ३ ॥

---

१. स्तुत्या कल्प्यमानं विधिं दर्शयति—रक्षणीयमिति। २. स्वस्य ब्रह्मचर्यस्येत्यर्थः। तथा च परम-पुरुषार्थसाधनत्वेनापि स्तुतत्वादिति विभज्य योज्यम्। पुरुषार्थसाधनैरित्यनेनादिशब्दार्थस्य यथोक्तस्य सामाना-धिकरण्यासंभवादित्यवधेयम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust, Funding IKS-MoE-Grant-2

तद्य एवैतावरं च ण्यं चार्णवौ ब्रह्मलोके ब्रह्मचर्येणानुविन्दन्ति तेषामेवैष ब्रह्मलोकस्तेषाँ सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति ॥ ४ ॥

इत्यष्टमाध्यायस्य पञ्चमः खण्डः ॥ ५ ॥

उस ब्रह्मलोक में जो ये 'अर' और 'ण्य' नामवाले दो समुद्र कहे गए हैं, ब्रह्मचर्य द्वारा 'अर' और 'ण्य' नामवाले उन दोनों समुद्रों को प्राप्त करते हैं, उन्हीं को वह ब्रह्मलोक मिलता है। उनकी सम्पूर्ण लोकों में स्वेच्छा गति हो जाती है ॥ ४ ॥

॥ इति पञ्चमः खण्डः ॥

तत्त्रैव ब्रह्मलोक एतावर्णवौ यावरण्याख्यावुक्तौ ब्रह्मचर्येण साधनेनानुविन्दन्ति ये तेषामेवैष यो व्याख्यातो ब्रह्मलोकस्तेषां च ब्रह्मचर्यसाधनवतां ब्रह्मविदां सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति। नान्येषामब्रह्मचर्यपराणां बाह्यविषयासक्तबुद्धीनां कदाचिदपीत्यर्थः। नन्वत्र त्वमिन्द्रस्त्वं वरुण इत्यादिभिर्यथा कश्चित्स्तूयते महार्हं एवमिष्टादिभिः शब्दैर्न स्त्र्यादिविषयतृष्णानिवृत्तिमात्रं स्तुत्यर्हं किं तर्हि ज्ञानस्य मोक्षसाधनत्वात्तदेवेष्टादिभिः स्तूयत इति केचित्। न। स्त्र्यादिबाह्यविषयतृष्णापहृतचित्तानां प्रत्यगात्मविवेकविज्ञानानुपपत्तेः। "पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ्पश्यति नान्तरात्मन्"

ब्रह्मचर्यस्य स्तुतत्वात्तद्विषयं विधिमुक्त्वा तत्सहकृतविद्यासाध्यफलं कथयति—तत्त्रैवेति। ब्रह्मचर्यस्यात्यल्पसाधनत्वान्महती स्तुतिरयुक्ता तद्ब्रह्मचर्येण ज्ञानमुपलक्ष्य तदेव स्तूयत इति मतमुत्थापयति—नन्वत्रेति। तस्य क्षुद्रसाधनत्वमसिद्धं दुरनुष्ठेयत्वात्तद्व्यतिरेकेण ज्ञानासंभवाच्चेन्युत्तरमाह—नेत्यादिना। विषयापहृतचित्तानां नराणां विवेकासंभवे प्रमाणमाह—पराञ्चीति। ध्यायतो

ब्रह्मलोक में 'अर' और 'ण्य' नाम वाले दो समुद्र हैं उसे जो ब्रह्मचर्य साधन से प्राप्त करते हैं, उनके लिए ब्रह्मलोक के स्वरूप का निरूपण कर दिया गया। ब्रह्मचर्य साधन सम्पन्न ब्रह्मतत्त्ववेत्ता सभी लोकों में स्वेच्छा से विचरण करते हैं। दूसरे बाह्य विषयों में आसक्त चित्तवाले व ब्रह्मचर्य की उपेक्षा करने वालों को वह स्थिति कदापि नहीं होती। (इस पर शंका होती है–) इस छोटेसे ब्रह्मचर्य साधन की इतनी बड़ी स्तुति करना ठीक नहीं जैसे किसी महा पूजनीय की स्तुति की जाती है– 'तुम इन्द्र हो, तुम यम हो, तुम वरुण हो' इत्यादि। इस प्रकार यहाँ ब्रह्मचर्य की इष्टादि शब्द से स्तुति की गई है वह स्त्री आदि विषयों की तृष्णा निवृत्ति के लिए ही है ऐसा नहीं तो किस लिए? ज्ञान ही मोक्ष का साधन होने से इष्टादि के द्वारा ज्ञान की ही स्तुति है–ऐसा किन्हीं-किन्हीं का मत है। ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि (ब्रह्मचर्य कोई क्षुद्रसाधन नहीं है, इसका अनुष्ठान उतना सरल नहीं है, इसके बिना ज्ञान होना संभव नहीं) स्त्री आदि बहिर्मुख करने वाले विषयों की तृष्णा से जिनका चित्त विक्षुब्ध रहता है, वह ब्रह्मात्मविज्ञान की उपलब्धि कैसे करेगा? "स्वयंभू परमेश्वर ने शब्दादि विषयों को प्रकाशित करने के

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इत्यादिश्रुतिस्मृतिशतेभ्यः। ज्ञानसहकारिकारणं स्त्र्यादिविषयतृष्णानिवृत्ति[1]साधनं विधातव्यमेवेति युक्तैव तत्स्तुतिः। ननु च यज्ञादिभिः स्तुतं ब्रह्मचर्यमिति यज्ञादीनां पुरुषार्थसाधनत्वं गम्यते सत्यं गम्यते। न त्विह ब्रह्मलोकं प्रति यज्ञादीनां साधनत्वमभिप्रेत्य यज्ञादिभिर्ब्रह्मचर्यं स्तूयते किं तर्हि तेषां प्रसिद्धं पुरुषार्थसाधनत्वमपेक्ष्य। यथेन्द्रादिभी राजा न तु यत्रेन्द्रादीनां व्यापारस्तत्रैव राज्ञ इति तद्वत्।

य इमेऽर्णवादयो ब्राह्मलौकिकाः संकल्पजाश्च पित्रादयो भोगास्ते किं पार्थिवा आप्याश्च यथेह लोके दृश्यन्ते तद्वदर्णववृक्षपूःस्वर्णमण्डपान्याहोस्विन्मानसप्रत्यय-

---

विषयानित्याद्या स्मृतिरत्र विवक्षिता। ब्रह्मचर्यस्योत्तमसाधनत्वे सिद्धे फलितमाह—ज्ञानेति। ब्रह्मलोकप्राप्तिसाधनस्य ब्रह्मचर्यस्य यज्ञादिभिः स्तुतत्वात्तेषामपि तत्प्राप्तिसाधनत्वं श्रुत्याऽभिप्रेतमिति शङ्कते—नन्विति। किं तेषां पुरुषार्थसाधनत्वं प्रस्तुतश्रुत्या प्रतीतं किं वा ब्रह्मलोकसाधनत्वमिति विकल्प्याऽऽद्यमङ्गी करोति—सत्यमिति। न द्वितीयो वाक्यभेदप्रसङ्गादित्याह—न त्विति। कथं तर्हि यज्ञादिभिर्ब्रह्मचर्यस्तुतिस्तत्राऽऽह—किं तर्हीति। उक्तमर्थं दृष्टान्तेन स्पष्टयति—यथेति। त्वमिन्द्रस्त्वं विष्णुरित्यादिना विप्रादिभी राजा स्तूयते तथाऽपि न तस्येन्द्रादिव्यापारे निरङ्कुशं कर्तृत्वमस्तीति यथेष्यते तथा यज्ञादिभिर्ब्रह्मचर्यस्य स्तुतस्यापि नास्ति तुल्यफलत्वमित्यर्थः।

ब्रह्मलोकस्थान्पदार्थान्निर्णेतुं विचारमवतारयन्नादौ तद्विषयमाह—य इम इति। तत्रैकं पक्षमुत्थाप्य दृष्टान्तेन तदुत्थितिप्रकारमाह—ते किमिति। पक्षान्तरं स्वप्नदृष्टान्तवशाद्दर्शयति—आहोस्वि-

---

लिए प्रवृत्त होने वाली इन्द्रियों को बहिर्मुख करके उनका हनन कर दिया है, अतः जीव सर्वदा अनात्मभूत बाह्य विषयों को ही देखता है, अन्तरात्मा को नहीं" इत्यादि सैंकड़ों श्रुति-स्मृतियाँ इसमें प्रमाण हैं। ज्ञान के सहकारी कारण ब्रह्मचर्य जो स्त्री आदि विषयों से तृष्णा का निवृत्त्यात्मक साधन है, (उत्तम साधन होने से) उसका अनुष्ठान करना चाहिए, इसलिए उसकी स्तुति करना उचित ही है। इस पर शंका होती है–श्रुति में यज्ञादि के द्वारा ब्रह्मचर्य की स्तुति की गई है, इससे तो यज्ञादिकों का परम पुरुषार्थ का साधन होना जाना जाता है। उत्तर देते हुए कहते हैं–ठीक है किन्तु यहाँ यज्ञादि के द्वारा ब्रह्मचर्य की स्तुति, ब्रह्मलोक के प्रति यज्ञादि साधन है, इस कारण से नहीं की जाती बल्कि उनका केवल पुरुषार्थ का साधन मात्र दृष्टिपथ में रखते हुए की जाती है। जिस प्रकार ब्राह्मणों द्वारा राजा की स्तुति करते हुए कहा जाता है, 'तुम इन्द्र हो, तुम विष्णु हो'। इससे वह इन्द्र एवं विष्णु आदि की तरह स्वतन्त्र व्यापार वाला नहीं हो जाता, इसी प्रकार यहाँ भी यज्ञादि के द्वारा ब्रह्मचर्य की स्तुति करने पर दोनों का समान फल नहीं।

ब्रह्मलोक में स्थित ये समुद्रादि पदार्थ, संकल्प से होने वाले पित्रादि भोग क्या उसी तरह पार्थिव और प्राप्त हो सकने वाले पदार्थ हैं जिस प्रकार संसार में दीखने वाले, सागर, वृक्ष, पुरी एवं स्वर्णमण्डप होते हैं अथवा स्वप्न दृष्टान्त के समान, मन की कल्पना मात्र है। किस पक्ष को मानने से क्या

---

१. निवृत्त्यात्मकं साधनमित्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मात्राणीति । किंचातः, यदि पार्थिवा आप्याश्च स्थूलाः स्युर्हृद्याकाशे समाधानानुपपत्तिः । पुराणे च मनोमयानि ब्रह्मलोके शरीरादीनीति वाक्यं विरुध्येत । "अशोकमहिमम्" इत्याद्याश्च श्रुतयः । ननु समुद्राः सरितः सरांसि वाप्यः कूपा यज्ञा वेदा मन्त्रादयश्च मूर्तिमन्तो ब्रह्माणमुपतिष्ठन्त इति मानसत्वे विरुध्येत पुराणस्मृतिः । न । मूर्तिमत्त्वे प्रसिद्धरूपाणामेव तत्र गमनानुपपत्तेः । तस्मात्प्रसिद्धमूर्तिव्यतिरेकेण सागरादीनां मूर्त्यन्तरं सागरादिभिरुपात्तं ब्रह्मलोकगन्तृ कल्पनीयम् । तुल्यायां च कल्पनायां यथाप्रसिद्धा एव मानस्य आकारवत्यः पुंस्त्र्याद्या मूर्तयो युक्ताः कल्पयितुं मानसदेहानुरूप्यसंबन्धोपपत्तेः । दृष्टा हि मानस्य एवाऽऽकारवत्यः पुंस्त्र्याद्या मूर्तयः स्वप्ने ।

दिति । कस्मिन्पक्षे को लाभः को वा दोष इति पृच्छति—किंचेति । आद्यपक्षे दोषदर्शनान्मानसत्वेन सौक्ष्म्ये च पुराणानुग्रहसंभवात्ते मानसा एवेत्याह—यदीति । न केवलं तेषां स्थौल्ये सत्युभे अस्मिन्नित्यादिश्रुत्या पुराणस्मृत्या च विरोधः किं त्वशोकं संतापवर्जितमहिमं शीतस्पर्शशून्यं ब्रह्मलोकमुपयन्तीत्याद्याश्च श्रुतयो ब्रह्मलोकं निरूपयन्त्यस्तत्रत्यानामर्थानां स्थौल्ये विरुध्येरन् । स्थूलानां पदार्थानां तत्र सत्त्वे शीतस्पर्शादेरवर्जनीयत्वादित्याह—अशोकमिति । ब्राह्मलौकिकपदार्थानां मानसत्त्वे पुराणस्मृत्यन्तरविरोधं शङ्कते—नन्विति । किं दृश्यमानरूपेण समुद्रादीनां ब्रह्मलोकगमनस्मृत्यर्थः किं वा स्वरूपान्तरेणेति विकल्प्याऽऽद्यं दूषयति—न मूर्तिमत्त्व इति । [1]उभयत्रानुपलम्भप्रसङ्गादित्यर्थः । प्रथमपक्षायोगे द्वितीयं पक्षं परिशिष्टमाचष्टे—तस्मादिति । अस्तु द्वितीयो विकल्पः का नो हानिरित्याशङ्क्य [2]ब्रह्मलोके मानसेन देहेन मानसानामेव सागरादीनां मानसरूपेण सह संबन्धोपपत्तेर्मानस्य एव मूर्तयस्तेषां ब्रह्मलोकस्थाः कल्पयितुं युक्ता इत्याह—तुल्यायां चेति । तर्हि मनोरथकल्पितवदतिचञ्चलत्वाद्भोगयोग्याकारत्वं [3]सागरादीनां न स्यादित्याशङ्क्याऽऽह—दृष्टा हीति ।

लाभ और क्या हानि है ? यदि ब्रह्मलोकस्थ पदार्थ पार्थिव एवं प्राप्य हैं तो स्थूल होंगे इससे हृद्याकाश में समाधान होना संभव नहीं होगा । पुराण में ब्रह्मलोक मानसी सूक्ष्म सृष्टि है इससे शरीरादि को वहाँ मानने से श्रुति-स्मृति वाक्यों में विरोध आने लगेगा । श्रुतियाँ कहती हैं ब्रह्मलोक संताप वर्जित है, शीत स्पर्श से शून्य है" । इस पर पुनः शंका होती है—"समुद्र, नदियाँ, तालाब, वापी, कूप, यज्ञ, वेद एवं मन्त्रादि मूर्तिमान् विग्रह धारण कर ब्रह्म के पास आते हैं" इस प्रकार पुराण और स्मृति में अन्तर्द्वन्द्व चलने लगेगा क्योंकि मानसत्व का विरोध करने वाले वाक्य उपलब्ध होते हैं । ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि मूर्तिमान् रूप अपने लोकप्रसिद्ध व्यापक स्थूल रूप को लेकर वहाँ नहीं जाता । इस-लिए जब सागरादि की ब्रह्म के पास ब्रह्मलोक में जाने की इच्छा होती है तो वह सागरादि से भिन्न मूर्ति को धारण कर ब्रह्मलोक में जाता है, ऐसी कल्पना करनी चाहिए । समान कल्पना होने पर लोक प्रसिद्ध परिमाण और आकार वाली पुरुष-स्त्री आदि को मूर्तियों की कल्पना करना युक्तिसंगत है क्योंकि मानसी देह के द्वारा मानसिक सागरादि का मानस रूप से एकसाथ सम्बन्ध सिद्ध होने से देहानु-

---

१. इह ब्रह्मलोके च । २. ब्रह्मलोकें मानसेन देहेन वर्तमानानामत एव मानसानामेव तत्रत्यानां सागरादीनामित्यन्वयः । ३. तत्रत्यानाम् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ननु ता अनृता एव । त इमे [1]सत्याः कामा इति श्रुतिस्तथा सति विरुध्येत । न । मानसप्रत्ययस्य सत्त्वोपपत्तेः । मानसा हि प्रत्ययाः स्त्रीपुरुषाद्याकाराः स्वप्ने दृश्यन्ते । ननु जाग्रद्वासनारूपाः स्वप्नदृश्या न तु तत्र स्त्र्यादयः स्वप्ने विद्यन्ते । अत्यल्प[2]मिदमुच्यते । जाग्रद्विषया अपि मानसप्रत्ययाभिनिर्वृत्ता एव सदीक्षाभिनिर्वृत्ततेजोबन्नमयत्वाज्जाग्रद्विषयाणाम् । संकल्पमूला हि लोका इति चोक्तम् "[3]समक्लृपतां द्यावापृथिवी" इत्यत्र । सर्वश्रुतिषु च प्रत्यगात्मन उत्पत्तिः प्रलयश्च तत्रैव स्थितिश्च "[4]यथा वा अरा नाभौ" इत्यादिनोच्यते । तस्मान्मानसानां बाह्यानां च विषयाणामितरेतरकार्यकारणत्वमिष्यत

स्वप्नतुल्यत्वे मिथ्यात्वप्रसक्तिरिति शङ्कते—नन्विति । प्रसङ्गस्येष्टत्वमाशङ्क्य श्रुतिविरोधमाह—त इम इति । ये स्वप्ने दृष्टास्ते न सन्ति न तु दृष्टा इति दर्शनं बाध्यते तथा च स्वाप्नसंवेदनस्य सत्यत्वमिष्टं तथैव ब्राह्मलौकिकानां पदार्थानाम् । मानस्य इति दृष्टान्तं विवृणोति—मानसा हीति । जागरिते संविदतिरिक्ताः सन्ति पदार्थास्तद्वासनारूपास्ते स्वप्ने भान्ति न तु संविदात्मकत्वं तेषामिति शङ्कते—नन्विति । जागरितस्यापि संविद्विवर्तत्वान्न पृथगस्ति सत्त्वमित्युत्तरमाह—अत्यल्पमिति । भूमविद्यालोचनायामपि जाग्रद्विषयाणां संविद्विवर्तत्वं सेत्स्यतीत्याह—संकल्पमूला हीति । इतश्च जाग्रद्विषयाणां संविद्विवर्तत्वमित्याह—सर्वश्रुतिषु चेति । ननु कुलालो घटं चिकीर्षुर्मनसि संकल्पितमाकारं बहिर्निर्मिमीते तत्र संकल्पो बाह्याकारस्य निमित्तं संकल्पश्च पूर्वानुभूतसजातीयगोचरः पूर्वानुभूतोऽपि पूर्वतरसंकल्पनिमित्त इति निमित्तनैमित्तिकभावः सर्वस्य संविद्विवर्तत्वे [5]कथमुपपद्यते तत्राऽऽह—तस्मादिति । यस्मात्सतः सर्वस्येक्षणं पूर्वकल्पीयसदृशगोचरं पूर्वकल्पीयास्ततः पूर्वतरेक्षणनिमित्ता

रूपी नाप की मूर्तियां ब्रह्मलोक में मान लो । ऐसा तो स्वप्न में स्पष्ट देखा जाता है भोगयोग्य मान की आकार वाली पुरुष-स्त्री आदि की मूर्तियाँ ही आँखों के सामने चलती फिरती दीखती हैं ।

इस पर शंका होती है—स्वप्न की तो सारी सृष्टि ही मिथ्या है । श्रुति कहती है—"वे ये सत्यकाम (स्त्री, अन्न, भोजन और बाह्य विषयों की कामना रूप) मिथ्या आच्छादन वाले हैं" ऐसा होने पर विरोध का प्रसङ्ग आ जाएगा । समाधान देते हुए कहते हैं—ऐसा कहना ठीक नहीं है । मानसी सृष्टि की सत्ता सिद्ध ही है स्त्री पुरुषादि आकार वाले मानसिक पदार्थ स्वप्न में देखे जाते हैं । इस पर कहते हैं—जागरित अवस्था में संविद् से अतिरिक्त पदार्थ होते हैं, वही वासना रूप से स्वप्न में दीखने वाले स्त्री-पुरुषादि वहाँ विद्यमान नहीं रहते । स्वप्नदृश्यों का वासनात्मक होना तो बहुत छोटी सी बात है । जाग्रद् अवस्था के विषय भी मानसी कल्पना से निष्पादित होते हैं, जैसे सद् के विचार मात्र से तेज, जल और पृथिवीमय जाग्रद् विषयों का उत्पन्न होना श्रुति स्वीकृत करती है । जाग्रद्विषय संवित् के विवर्ती होने से ये सब दृश्यमान लोक संकल्पमूलक हैं "द्युलोक और पृथिवी ने मानो संकल्प किया क्योंकि ये निश्चल दिखाई देते हैं" इस श्रुति में यह निष्कर्ष निकाला है । समस्त श्रुतियों का यह डिण्डिम घोष है कि प्रत्यगात्म से ही दृश्यमान जगत् की उत्पत्ति और प्रलय होते हैं, उसी में इसकी

१. छा० उं० ८।३।१ । २. इदम्—स्वप्नदृश्यानामेवं वासनात्मकत्वम् । ३. छा० उ० ७।४।२ । ४. छा० उ० ७।१५।१ । ५. कथमुपपद्यत इति—चिद्विवर्तरूपस्वाप्नार्थानां निमित्तनैमित्तिकभावादृष्टेरिति भावः ।

RajGuru-Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एव बीजाङ्कुरवत् । यद्यपि बाह्या एव मानसा मानसा एव च बाह्या नानृतत्वं तेषां कदाचिदपि स्वात्मनि भवति ।

ननु स्वप्ने दृष्टाः प्रतिबुद्धस्यानृता भवन्ति विषयाः । सत्यमेव । जाग्रद्बोधापेक्षं तु तदनृतत्वं न स्वतः । तथा स्वप्नबोधापेक्षं च जाग्रद्दृष्टविषयानृतत्वं न स्वतः । विशेषाकारमात्रं तु सर्वेषां मिथ्याप्रत्ययनिमित्तमिति वाचाऽऽरम्भणं विकारो नामधेयमनृतं

इति संविदेवेत्थं [1]स्वाविद्यया विवर्तते निरवयवस्य सन्मात्रस्य [2]स्वारस्येनेक्षणाद्यनुपपत्तेस्तस्मात्सर्वस्य संविद्विवर्तत्वेऽपि निमित्तनैमित्तिकभावोऽयमनिर्वाच्यो न विरुध्यत इत्यर्थः । अथ सच्छब्दवाच्यायाः संविदोऽनिर्वाच्यस्पन्दनकाले ये विषया बाह्यतया भासन्ते तेषां कदाचिदपि संविदतिरेकेण सत्त्वानङ्गीकारादत्यन्तादसत्त्वलक्षणमनृतत्वमापद्येत तथा च व्यवहारभङ्गप्रसङ्गस्तत्राऽऽह—यद्यपीति । तथाऽपि नानृतत्वमित्यध्याहारः । अध्यस्तस्याधिष्ठानमेव स्वात्मा तस्मिन्न कदाचिदप्यत्यन्तासत्त्वं तादात्म्येनैव स्फुरणादतो न व्यवहारभङ्गप्रसङ्ग इति भावः ।

कदाचिदपि नानृतत्वमिति वदता प्रतीतिकालात्कालान्तरेऽपि विषयाणां नासत्त्वमित्युक्तं तत्रानुभवविरोधं शङ्कते—नन्विति । स्वप्नदृष्टानां समीहितमेव कालान्तरे मिथ्यात्वमित्यङ्गी करोति—सत्यमिति । तर्हि तेषामसत्त्वमेव स्वीकृतमित्याशङ्क्याऽऽह—जाग्रदिति । तथाऽपि जाग्रद्बोधेनाविषयीकरणादसत्त्वं स्वप्नदृष्टानामेष्टव्यमित्याशङ्क्याऽऽह—तथेति । यदि जाग्रद्बोधेनाविषयीकरणमात्रेणासत्त्वं स्वप्नदृष्टानां पदार्थानामिष्टं तर्हि जाग्रद्विषयाणामपि स्वप्नबोधेनाविषयीकरणादसत्त्वप्रसङ्गस्तन्न कदाचिदपि संविदि विषयाणामत्यन्तासत्त्वमित्यर्थः । कथं तर्हि वाचारम्भणश्रुतिरित्याशङ्क्याऽऽह—विशेषेति । त्रयाणां रूपाणां सत्यत्वे विशेषाकारमात्रं मिथ्येत्युक्तमयुक्तं तेष्वपि विशेषाकारस्य सत्त्वा-

स्थिति भी है । "जैसे रथ के चक्के की नाभि में अरे लगे होते हैं वैसे ही इस प्राण में सारा जगत् ओत प्रोत हो रहा है" इस श्रुति से भी कहा जाता है । इस प्रकार मनः संकल्पित आकार एवं बाहर निर्मित पदार्थों में निमित्त-नैमित्तिक भाव बीज-अंकुर दृष्टान्त के समान है, अनिर्वाच्य होने के कारण इसमें कोई विरोध नहीं है । यद्यपि बाह्य रूप में भासने वाले मानस पदार्थ ही हैं एवं मानस पदार्थ ही वाह्य हैं तथापि उनमें अनृतत्व प्रसक्ति संभव नहीं क्योंकि अध्यस्त पदार्थ का अधिष्ठान ही आत्मा है, तादात्म्य स्फुरण से उसमें कदापि अत्यन्ताभाव नहीं है । इससे व्यवहार की सिद्धि हो जाएगी ।

इस पर शंका होती है स्वप्न में देखे हुए विषय जागने पर मिथ्या हो जाते हैं । यह ठीक ही है किन्तु उनका अनृतत्व जागने पर ज्ञान होने की अपेक्षा को लेकर है. प्रतीति काल में उन्हें अनृत नहीं कहा जा सकता । इसी प्रकार जाग्रत् कालीन देखे हुए पदार्थ स्वप्न काल में ज्ञान की अपेक्षा से मिथ्या हैं. प्रतीतिकाल में उनकी सत्ता स्पष्ट विषयीकृत होती है । किन्तु सभी पदार्थों का केवल आकार विशेष ही मिथ्या कल्पना के कारण होता है, इसी से श्रुति स्पष्ट उद्घोष करती है, "नाम रूपादि तो वाणी का विकार मात्र है, तीन रूप ही हैं, इतना ही सत्य है" वे तीनों रूप आकाश विशेष से मिथ्या

१. स्वाविद्यया विवर्तत इत्यत्र हेतुमाह—निरवयवस्येत्यादिना । २. स्वारस्येन स्वरूपेणाविद्यामन्तरेणेति यावत् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथाष्टमाध्यायस्य षष्ठः खण्डः ।)

अथ या एता हृदयस्य नाड्यस्ताः पिङ्गलस्याणिम्नस्तिष्ठन्ति शुक्लस्य नीलस्य पीतस्य लोहितस्येत्यसौ

हृदयस्थ नाड़ी तथा आदित्य रश्मि की उपासना

इसके बाद (व्यष्टि-समष्टि की अभिन्नता बतलाते हुए ब्रह्म उपासना कहते हैं—) ये जो हृदय की नाड़ियाँ हैं, वे पिंगलवर्ग तथा सूक्ष्म रस की हैं। इसी प्रकार वे नाड़ियाँ शुक्ल, नील, पीत और

त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम्। तान्यप्याकारविशेषतोऽनृतं स्वतः सन्मात्ररूपतया सत्यम्। प्राक्सदात्मप्रतिबोधात्स्वविषयेऽपि सर्वं सत्यमेव स्वप्नदृश्या इवेति न कश्चिद्विरोधः। तस्मान्मानसा एव ब्राह्मलौकिका अरण्यादयः संकल्पजाश्च पित्रादयः कामाः। बाह्यविषयभोगवदशुद्धिरहित्वाच्छुद्धसत्त्वसंकल्पजन्या इति निरतिशयसुखाः सत्याश्चेश्वराणां भवन्तीत्यर्थः। सतसत्यात्मप्रतिबोधेऽपि रज्ज्वामिव कल्पिताः सर्पादयः सदात्मस्वरूपतामेव प्रतिपद्यन्त इति सदात्मना सत्या एव भवन्ति ॥ ४ ॥

इत्यष्टमाध्यायस्य पञ्चमः खण्डः ॥ ५ ॥

द्वित्याशङ्क्याऽऽह—तान्यपीति। कथं तर्हि तेषु सत्यपदं प्रयुक्तमित्याशङ्क्याऽऽह—स्वत इति। तर्हि तत्सत्यमित्येतावत्प्रयोक्तव्यं किमिति त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यमित्युक्तं तत्राऽऽह—प्रागिति। प्रकृतमुपसंहरति—तस्मादिति। प्रथमपक्षवद्द्वितीयपक्षे दोषाभावादिति यावत्। यद्यैहिकविषयवद्ब्राह्मलौकिका अपि विषया विचार्यमाणाः सत्यास्तर्हि कस्तत्र विशेषो येनैतत्परित्यागेन तत्कामिनां विद्याविधानं तत्राऽऽह—बाह्येति। जन्या ब्रह्मलोके विषया इति शेषः। [1]प्रकृतायाः फलश्रुतेरित्यध्याहारः। ननु तेषामविद्यादशायामर्थक्रियाकारित्वरूपसत्यत्वसंभवेऽपि कुतो विद्यावस्थायां सत्यत्वमित्याशङ्क्याऽऽह—सत्सत्येति। यथा रज्ज्वां कल्पितसर्पादयो रज्जुतत्त्वबोधे तदात्मतामेवाऽऽपद्यन्ते विवेचनात्तथा सर्वेऽपि विषया विद्यावस्थायामन्वयव्यतिरेकाभ्यां परिहाय विशेषाकारं सन्मात्रत्वमेव प्राप्नुवन्तीति तत्सत्यत्वमविरुद्धमित्यर्थः ॥४॥

इत्यष्टमाध्यायस्य पञ्चमः खण्डः ॥५॥

हैं, वस्तुतः स्वयं में तो सन्मात्रात्मक होने से सत्य है। सत्तत्त्व का सम्यक् ज्ञान होने से पूर्व आत्मविषय में भी सभी कुछ स्वप्नदृश्यों की तरह सत्य ही है, इसमें विरोध का प्रसङ्ग नहीं आएगा। प्रथम और द्वितीय पक्ष में दोषाभाव होने से सिद्ध हो गया कि ब्रह्म लोक के अरण्यादि संकल्प से होने वाले पदार्थ एवं पित्रादि कामनाएँ मानसिक हैं। ब्रह्मलोक के विषय सांसारिक विषय भोगों की तरह अशुद्धि रहित होने से शुद्धसत्त्व संकल्प से होते हैं, क्योंकि सर्वसमर्थ महाभाग्यशाली ईश्वरों के विषय अत्यन्त सुख देने वाले एवं सत्य होते हैं। जिस प्रकार रज्जु में कल्पित सर्पादि रज्जु के वास्तविक ज्ञान होने पर तदाकारता को प्राप्त हो जाते हैं इसी प्रकार विचार मन्थन से यही निष्कर्ष निकला कि सभी विषय विद्यावस्था में अन्वय व्यतिरिक्त से विशेषाकार का त्यागकर सन्मात्रत्व को प्राप्त हो जाते हैं, उस सदात्मा से सत्य स्वरूप ही हो जाते हैं ॥ ४ ॥

---

१. प्रकृतायाः तद्य एवैता वरं च ण्यं चेत्यादिरूपाया इत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वा आदित्यः पिङ्गल एष शुक्ल एष नील एष पीत एष लोहितः ॥१॥

लोहित रस से भी पूर्ण हैं, क्योंकि यह आदित्य पिंगलवर्ण वाला है, यह शुक्ल है, यह नील है, यह पीत है और यह लाल वर्ण हैं (आदित्य से सम्बद्ध होने के कारण ये नाड़ियाँ भी वैसे ही वर्ण विशेष वाली हो जाती हैं) ॥ १ ॥

यस्तु हृदयपुण्डरीकगतं यथोक्तगुणविषिष्टं ब्रह्मचर्यादिसाधनसंपन्नस्त्यक्तबाह्यविषयानृततृष्णः सन्नुपास्ते तस्येयं मूर्धन्यया नाड्या गतिर्वक्तव्येति नाडीखण्ड आरभ्यते—

अथ या एता वक्ष्यमाणा हृदयस्य पुण्डरीकाकारस्य ब्रह्मोपासनस्थानस्य संबन्धिन्यो नाड्यो हृदयमांसपिण्डात्सर्वतो विनिःसृता आदित्यमण्डलादिव रश्मयस्ताश्चैताः पिङ्गलस्य वर्णविशेषविशिष्टस्याणिम्नः सूक्ष्मरसस्य रसेन पूर्णास्तदाकारा एव तिष्ठन्ति वर्तन्त इत्यर्थः। तथा शुक्लस्य नीलस्य पीतस्य लोहितस्य च रसस्य पूर्णा इति सर्वत्राध्याहार्यम्। सौरेण तेजसा पित्ताख्येन पाकाभिनिर्वृत्तेन कफेनाल्पेन संपर्कात्पिङ्गलं

सगुणविद्याफलस्वरूपमित्थमुपपाद्य तत्प्राप्तये गतिर्वक्तव्येति नाडीखण्डमवतारयति—यस्त्विति। यथोक्तो गुणः सत्यकामत्वादिः। ब्रह्मचर्यादीत्यादिशब्दः शमदमादिसंग्रहार्थः। तमेवाऽऽदिशब्दार्थं स्पष्टयति—त्यक्तेति। अधिकारिणः सफलोपास्तिविध्यानन्तर्यमथशब्दार्थः। रसेनान्नस्येति शेषः। तदाकारा इति तच्छब्दोऽन्नरसविषयः। शुक्लस्येत्यादिषष्ठी[1] पूर्ववत्। श्रुताविविति शब्दोऽध्याहारद्योतनार्थः। कथं पुनरन्नरसस्य पिङ्गलादिविचित्रो वर्णविशेषः सिध्यतीत्याशङ्क्याऽऽह—सौरेणेति। यत्पित्ताख्यं सौरं तेजस्तेन पाकोऽशितस्य पीतस्य च जायते तेनाभिनिर्वृत्तेनाल्पेन कफेन संपर्कात्तदेव

सत्यकामत्वादि-गुणविशिष्ट हृदय कमल में प्रतिष्ठित ब्रह्म की जो ब्रह्मचर्य, शम-दमादि साधन सम्पन्न बाह्य विषयों की मिथ्या तृष्णा रहित हुआ उपासना करता है उसे मूर्धन्या नाडी के द्वारा यह जो गति होती है, वह बतलानी चाहिए, इसलिए नाडी खण्ड का आरम्भ किया जाता है।

आगे कही जाने वाली ब्रह्मोपासना के स्थान कमल के आकार वाले हृदय की नाडियाँ, उसी प्रकार मांस पिण्ड से चारों ओर निकली हुई हैं जिस प्रकार सूर्यमण्डल से उसकी किरणें निकलती हैं। यह पिङ्गलवर्ण से युक्त, अन्न के सूक्ष्म रस से पूर्ण अन्न रस के आकार में ही स्थित रहती हैं। अन्न के शुक्ल, नील, पीत एवं लोहित रस से पूर्ण हैं, ऐसा सर्वत्र अध्याहार कर लेना चाहिए। पित्ताख्य सौर तेज के द्वारा खाए एवं पीए हुए पदार्थ पचते हैं, उससे अभिनिष्पन्न अल्प कफ के संपर्क

---

१. पूर्ववदिति—तृतीयार्थं इति यावत्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भवति सौरं तेजः पित्ताख्यम् । तदेव च वातभूयस्त्वान्नीलं भवति । तदेव च कफभूयस्त्वाच्छुक्लम् । कफेन समतायां पीतम् । शोणितबाहुल्येन लोहितम् । वैद्यकाद्वा वर्णविशेषा अन्वेष्टव्याः कथं भवन्तीति । श्रुतिस्त्वाहाऽऽदित्यसंबन्धादेव तत्तेजसो नाडीष्वनुगतस्यैते वर्णविशेषा इति । कथम् । असौ वा आदित्यः पिङ्गलो वर्णत एष आदित्यः शुक्लोऽप्येष नील एष पीत एष लोहित आदित्य एव ॥ १ ॥

पित्ताख्यं सौरं तेजो भवति पिङ्गलं तेन संपर्काद्रसस्य नाडीनां च जायते पिङ्गलत्वमित्यर्थः । तदेव च पित्ताख्यं सौरं तेजो यथोक्तपाकाभिनिर्वृत्तेन प्रभूतेन वातेन संबन्धात्तद्भूयस्त्वाद्भवति नीलं तेन च संपर्कादन्नरसस्य नाडीनां च जायते नैल्यमित्याह—तदेवेति । प्रकृतमेव पित्ताख्यं सौरं तेजो यथोक्तपाकवशादभिनिर्वृत्तकफस्य स्वसंबन्धिनो भूयस्त्वाद्भवति शुक्लं तेन च संपर्कादन्नरसस्य नाडीनां च शौक्ल्यं भवतीत्याह—तदेव चेति । उक्तपाकाभिनिर्वृत्तेन कफेन तदभिनिर्वृत्तस्यैव वातस्य समतायां तदेव तेजस्तत्संबन्धि पीतं जायते तत्संबन्धाच्चान्नरसस्य च नाडीनां च पीतत्वं भवतीत्याह—कफेनेति । यदा तु यथोक्तपाकाभिनिष्पन्नं शोणितं बहुलं भवति तदा [1]तस्य नाडीनां च लौहित्यं भवतीत्याह—शोणितेति । [2]पक्षान्तरमाह—वैद्यकाद्वेति । अन्वेषणप्रकारमाह—कथमिति । नाभेरूर्ध्वं हृदयादधस्तादामाशयमाचक्षते । तद्गतं तेजः सौरं पित्तमित्युच्यते । तच्चान्नरसस्य धात्वन्तरसहकारिवशाद्वर्णविशेष कारणम् "आमाशयगतं पित्तं रञ्जकं [3]रसरञ्जनात्" इत्यादिवचनादित्यर्थः । कथं तर्हि पिङ्गलस्येत्याद्या श्रुतिरित्याशङ्क्याऽऽह—श्रुतिस्त्विति । उक्तमर्थमाकाङ्क्षाद्वारा स्फोरयति—कथमित्यादिना । आदित्यस्य पैङ्गल्यादयो वर्णविशेषाः शास्त्रप्रामाण्यादेव प्रत्येतव्याः ॥१॥

से वह पित्ताख्य सौर तेज पिङ्गलवर्ण का हो जाता है । उसके संबन्ध से नाडी का रस भी पिङ्गल हो जाता है । वही पित्ताख्य सौर तेज पाचन क्रिया से निष्पन्न हो अधिक वायु के सम्पर्क से नील हो जाता है उसके संबन्ध से नाड़ियों के अन्नरस का नीलवर्ण हो जाता है । वही पित्ताख्य सौर तेज पाचन क्रिया से निष्पन्न हो कफ की बहुलता से शुक्ल वर्ण का हो जाता है, उसके सम्पर्क से नाडियों के अन्न रस का नील वर्ण हो जाता है । कफ की समता से वही सौर तेज पीला हो जाता है, उसके सम्पर्क से नाड़ियों के अन्नरस का पीला रङ्ग होता है । जब उपरोक्त पाचन क्रिया से निष्पन्न रक्त की बहुलता होती है; तब पित्ताख्य सौर तेज लाल रङ्ग का होता है अथवा आयुर्वेद शास्त्रों से इन वर्ण विशेषों के कारण का अनुसन्धान कर लेना चाहिए कि रस धात्वन्तर में किस प्रकार परिणत होते हैं । श्रुति तो कहती है कि पिङ्गलादि ये वर्णविशेष सूर्य के तेज के संबन्ध से नाडियों में व्याप्त होने के कारण होते हैं । किस प्रकार यह क्रिया होती है ? शास्त्र प्रमाण से यह विश्वास कर लेना चाहिए कि आदित्य ही पिङ्गल वर्ण वाला होता है, यही आदित्य शुक्ल वर्ण वाला होता है यही नीला, पीला एवं लाल वर्ण का होता है ॥ १ ॥

---

१. तस्य पित्तस्यान्नरसस्य चेत्यर्थः । २. पक्षान्तरेति—पक्षान्तरत्वं चास्य पित्तसहकारि धात्वन्तरापेक्षयाऽवगन्तव्यम् । ३. रसरञ्जनात्—रसो धात्वन्तरं तदुपरागादित्यर्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तद्यथा महापथ आतत उभौ ग्रामौ गच्छतीमं चामुं चैवमेवैता आदित्यस्य रश्मय उभौ लोकौ गच्छन्तीमं चामुं चामुष्मादादित्यात्प्रतायन्ते ता आसु नाडीषु सृप्ता आभ्यो नाडीभ्यः प्रतायन्ते तेऽमुष्मिन्नादित्ये सृप्ताः ॥२॥

उस विषय में यह दृष्टान्त समझना चाहिए, जैसे लोक में कोई विस्तीर्ण मार्ग इस समीपस्थ और उस दूरस्थ दोनों ग्रामों को जाता है। वैसे ही ये आदित्य किरणें इस पुरुष में और उस आदित्य मण्डल में दोनों ही लोकों में जाती हैं। वे निरन्तर इस आदित्य से ही निकलती हैं और इन शरीरस्थ नाड़ियों में व्याप्त हैं। ऐसे ही जो इन नाड़ियों से निकलकर फैलती हैं, वे इस आदित्य मण्डल में प्रवेश करती हैं ॥ २ ॥

तस्याध्यात्मं नाडीभिः कथं संबन्ध इत्यत्र दृष्टान्तमाह—तत्तत्र यथा लोके महान्विस्तीर्णः पन्था महापथ आततो व्याप्त उभौ ग्रामौ गच्छतीमं च संनिहितममुं च विप्रकृष्टं दूरस्थमेवं यथा दृष्टान्तो महापथ उभौ ग्रामौ प्रविष्ट एवमेवैता आदित्यस्य रश्मय उभौ लोकावमुं चाऽऽदित्यमण्डलमिमं च पुरुषं गच्छन्त्युभयत्र प्रविष्टाः। यथा महापथः। कथम्। अमुष्मादादित्यमण्डलात्प्रतायन्ते संतता भवन्ति। ता अध्यात्ममासु पिङ्गलादिवर्णासु यथोक्तासु नाडीषु सृप्ता गताः प्रविष्टा इत्यर्थः। आभ्यो नाडीभ्यः प्रता-

---

आदित्यस्य तेजसो नाडीष्वनुगतस्य पैङ्गल्यादयो वर्णविशेषा भवन्तीत्युक्तं तदेव प्रश्नद्वारा दृष्टान्तावष्टम्भेन स्पष्टयति—तस्येत्यादिना। उभयत्राऽऽदित्यमण्डले पुरुषे चेत्यर्थः। तत्र पूर्वोक्तमेव दृष्टान्तमनुवदति—यथेति। उभौ ग्रामौ महापथो यथा गच्छति तथोभयत्राऽऽदित्यस्य रश्मयः प्रविष्टा इत्यर्थः। तमेव प्रवेशं प्रश्नद्वारा प्रकटयति—कथमित्यादिना। कथं नाडीनां पिङ्गलादिवर्णत्वमित्याशङ्क्य सौरेण तेजसेत्यादिनोक्तं स्मारयति—यथोक्तास्विति। अमुष्मिन्नादित्ये सृप्ता इति संबन्धः।

आदित्य के तेज का शरीरस्थ नाड़ियों में व्याप्त पिङ्गलादि वर्ण कैसे हो जाता है, इस पर श्रुति दृष्टान्त कहती है—जिस प्रकार लोक व्यवहार में अत्यन्त विस्तीर्ण राजपथ में यह विशिष्टता होती है, कि वह समीपस्थ एवं दूरस्थ ग्राम को अपने से जोड़ता रहता है उसी प्रकार सूर्य की किरणें दोनों लोकों में प्रविष्ट रहती हैं अर्थात् आदित्य मण्डल एवं आदित्य मण्डलस्थ पुरुष में उसी प्रकार प्रविष्ट रहती हैं जैसे राजपथ (महापथ) दोनों ग्रामों में जाता है। महापथ का दृष्टान्त आदित्य की रश्मियों में कैसे संभव है। क्योंकि आदित्य की किरणें इस आदित्य मण्डल से फैलती हैं। सूर्य की वही किरणें सौर तेज से शरीरस्थ 'पिङ्गलादि वर्ण की नाड़ियों में प्रविष्ट हो जाती हैं एवं जो इन नाड़ियों से

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तद्यत्रैतत्सुप्तः समस्तः संप्रसन्नः स्वप्नं न विजानात्यासु तदा नाडीषु सृप्तो भवति तं न कश्चन पाप्मा स्पृशति तेजसा हि तदा संपन्नो भवति ॥३॥

ऐसा होने से जिस समय यह जीव सोया हुआ संप्रसन्न (सम्यक् प्रकार से प्रसन्न) हो स्वप्न नहीं देखता, उस समय (सूर्य के तेज से पूर्ण हुई) इन पूर्वोक्त नाड़ियों में प्रविष्ट हो जाता है, तब इस जीव को कोई पाप स्पर्श नहीं करता, क्योंकि उस समय यह जीव आदित्य तेज से व्याप्त हो जाता है ॥ ३ ॥

यन्ते प्रवृत्ताः संतानभूताः सत्यस्तेऽमुष्मिन् । रश्मीनामुभयलिङ्गत्वात्त इत्युच्यन्ते ॥ २ ॥

तत्त्रैवं सति यत्र यस्मिन्काल एतत्स्वपनमयं जीवः सुप्तो भवति । स्वापस्य द्विप्रकारत्वाद्विशेषणं समस्त इति । उपसंहृतसर्वकरणवृत्तिरित्येतत् । अतो बाह्यविषयसंपर्कजनितकालुष्याभावात्सम्यक् प्रसन्नः संप्रसन्नो भवति । अत एव स्वप्नं विषयाकारभासं मानसं प्रत्ययं न विजानाति नानुभवतीत्यर्थः । यदैवं सुप्तो भवत्यासु

कथं स्त्रीलिङ्गेन निर्दिष्टानां रश्मीनां पुंलिङ्गेन निर्देशस्तत्राऽऽह—रश्मीनामिति ॥२॥

नाडीस्वरूपमुक्त्वा विज्ञानात्मस्वापाधिकरणत्वेन ताः स्तोतुमादौ स्वापं प्रस्तौति—तत्त्रेति। सप्तम्यर्थमेव स्फुटयति—एवं सतीति । नाडीस्वरूपे पूर्वोक्तरीत्या निरूपिते सतीत्यर्थः । एतत्स्वपनमिति क्रियाविशेषणम् । समस्तविशेषणस्यार्थवत्त्वमाह–स्वापस्येति । 'दर्शनवृत्तिरदर्शनवृत्तिश्चेति द्विप्रकारत्वं स्वापस्येष्टम् । तत्र दर्शनवृत्तेः स्वापस्य व्यावृत्त्यर्थं समस्त इति विशेषणम् । तस्य संपिण्डितमर्थमाह–उपसंहृतेति । विशेषणान्तरमुत्थाप्य व्याकरोति—अत इति । उपसंहृतसर्वकरणत्वादिति यावत्। उक्तं विशेषणद्वयमुपजीव्य स्वप्नमित्यादि व्याचष्टे—अत एवेति । नाडीषु प्रविष्टो भवतीति यदुक्तं

निकल कर सन्तति परम्परा से फैलती हैं वे इस सौर मण्डल में प्रवेश करती हैं। मन्त्र में स्त्रीलिङ्ग रश्मि शब्द को 'ते' पुल्लिङ्ग प्रयोग कर दिया गया है क्योंकि रश्मि शब्द का दोनों लिङ्गों में प्रयोग देखा जाता है ।।२।।

नाड़ी स्वरूप का सम्यक् निरूपण हुआ । जिस समय यह जीव लेटा हुआ सो जाता है। शयन दो प्रकार का होने से पूर्ण रूप से सोने के लिए मन्त्र में 'समस्त' विशेषण दिया गया है। यह वो अवस्था है जब इस जीव की समस्त इन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों से हटकर अपने में केन्द्रित हो जाती हैं, उस समय बाह्य विषयों के संसर्ग से होने वाली मलिनताओं का उसमें सर्वथा अभाव होने से वह अत्यन्त प्रसन्न होता है, अतः विषयाकार की तरह भासने वाले मानसिक प्रत्यय रूप स्वप्न को नहीं अनुभव

---

१. दर्शनमेव वृत्तिर्व्यापारो यस्मिन्स दर्शनवृत्तिस्तद्भिन्नोऽदर्शनवृत्तिः स्वापः । स्वप्नः सुषुप्तिश्चेत्यर्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सौरतेजःपूर्णासु यथोक्तासु नाडीषु तदा सुप्तः प्रविष्टो नाडीभिर्द्वारभूताभिर्हृदयाकाशं गतो भवतीत्यर्थः। न ह्यन्यत्र सत्संपत्तेः स्वप्नादर्शनमस्तीति सामर्थ्यान्नाडीष्विति सप्तमी तृतीयया परिणम्यते। तं सता संपन्नं कश्चन न कश्चिदपि धर्माधर्मरूपः पाप्मा स्पृशतीति स्वरूपावस्थितत्वात्तदाऽऽत्मनः। देहेन्द्रियविशिष्टं हि सुखदुःखकार्यप्रदानेन पाप्मा स्पृशति नतु सत्संपन्नं स्वरूपावस्थं कश्चिदपि पाप्मा स्प्रष्टुमुत्सहते। अविषयत्वात्। अन्यो ह्यन्यस्य विषयो भवति न त्वन्यत्वं [1]केनचित्कुतश्चिदपि सत्संपन्नस्य। स्वरूपप्रच्यवनं त्वात्मनो जाग्रत्स्वप्नावस्थां प्रति गमनं बाह्यविषयप्रतिबोधोऽविद्याकामकर्मबीजस्य ब्रह्मविद्याहुताशादाहननिमित्तमित्यवोचाम षष्ठ एव तदिहापि प्रत्येतव्यम्। यदैवं सुप्तः सौरेण तेजसा हि नाड्यन्तर्गतेन सर्वतः संपन्नो व्याप्तो भवति। अतो

तदयुक्तं [2]'य एषोऽन्तर्हृदय [3]आकाशस्तस्मिञ्शेत इत्यङ्गीकारादित्याशङ्क्याऽऽह—नाडीभिरिति। नाडीष्विति श्रुता सप्तमी कथं नाडीभिरिति तृतीयया व्याख्यायते तत्राऽऽह—न हीति। तदेति सुषुप्त्यवस्थोच्यते। तस्यामवस्थायां कर्माभावे कथं पुनरुत्थानमित्याशङ्क्याऽऽह—देहेति। सुखदुःखानुभवाभावात्पाप्मासंस्पर्शोऽत्र विवक्षितो न तु कर्माभावादित्यर्थः। अविषयत्वं साधयति—अन्यो हीति। सुषुप्ते स्वरूपावस्थस्य कथं प्रच्यवनमित्याशङ्क्याऽऽह—स्वरूपेति। अविद्याकामकर्मणां बीजमनाद्यज्ञानं तस्य ब्रह्मविद्याख्येनाग्निना न स्वापे दाहस्तन्निमित्तं सुषुप्तस्य पुनः स्वरूपप्रच्यवनमिति संबन्धः। तदेव व्याचष्टे—जाग्रदिति। कीदृग्गमनमित्यपेक्षायामाह—बाह्येति। एतच्च सति [4]'सपद्य न विदुरित्यांदावुदितमित्याह—इत्यवोचामेति। तेजसा हीति [5]'पाप्मास्पर्शे श्रौतो हेतुस्त हेतुं व्याचष्टे—यदेति।

करता। इस प्रकार शयनावस्था से सौर मण्डल के तेज से पूर्ण रञ्जित नाड़ियों में प्रवेश करता है अथवा द्वार के समान नाड़ियों के द्वारा हृदयाकाश में चला जाता है। मन्त्र में 'नाडीषु' में सप्तमी है, भाष्य में "नाडिभिः" तृतीया प्रयोग करने का प्रयोजन यह है कि नाड़ियों की यह सामर्थ्य है जो सत्तत्त्व उपलब्धि को छोड़कर सर्वत्र स्वप्न दर्शन होता है। सत्तत्त्व से परिपूर्ण इस जीव को कोई भी धर्माधर्म रूप पाप स्पर्श नहीं करता क्योंकि उस समय आत्मा स्वरूप में स्थित रहती है। देह और इन्द्रियों से विशिष्ट जीव को सुख-दुःख रूप कार्य प्रदान कर पाप स्पर्श करता है, सत्तत्त्व से परिपूर्ण स्वरूप में प्रतिष्ठित को कोई भी पाप स्पर्श करने का उत्साह नहीं करता क्योंकि पाप स्वरूपस्थिति का विषय नहीं है। कोई दूसरा ही किसी दूसरे का विषय हुआ करता है किन्तु सत्तत्त्व स्वरूप लाभ वालें के लिए किसी तरह कहीं भी दूसरा नहीं रह जाता। अपने स्वरूप से तभी गिरता है जब जाग्रत् एवं स्वप्न अवस्था की ओर जाता है, जहाँ बाह्य विषयों की चेष्टा रहती है जो अविद्या, काम एवं कर्म के बीज का कारण अनादि अज्ञान है उस अज्ञान का ब्रह्मविद्या सञ्ज्ञक अग्नि से स्वप्न में दाह नहीं हो पाता इसे हम षष्ठ अध्याय में कह आये है, उसे यहाँ भी समझ लेना चाहिए। इसीलिए सोया हुआ जीव सौर मण्डल के तेज के द्वारा नाड़ियों के अन्तर्गत पूर्णरूप से व्याप्त रहता है। इस व्याप्ति से विशेषतया

---

१. केनचित्प्रकारेण। २. बृ० उ० २।१।१७। ३. बृ० उ० ४।४।२२। ४. छा० उ० ६।६।२।
५. पाप्मास्पर्शे—तत्कार्यानुत्पादे इत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ यत्रैतदबलिमानं नीतो भवति तमभित आसीना आहुर्जानासि मां जानासि मामिति स यावदस्माच्छरीरादनुत्क्रान्तो भवति तावज्जानाति ॥४॥

और जिस समय यह जीव (रोगादि तथा जरादि के कारण) देह की दुर्बलता को प्राप्त होता है उस समय उसके चारों ओर बैठे हुए सगे सम्बन्धी कहते हैं क्या तुम मुझ अपने पुत्र को जानते हो? क्या तुम मुझ अपने पिता को पहचानते हो ? वह मुमुर्षु जीव जब तक इस शरीर से निकलकर बाहर नहीं जाता, तब तक उन्हें पहचानता रहता है ॥ ४ ॥

विशेषेण चक्षुरादिनाडीद्वारैर्बाह्यविषयभोगायाप्रसृतानि करणान्यस्य तदा भवन्ति। तस्मादयं करणानां निरोधात्स्वात्मन्येवावस्थितः स्वप्नं न विजानातीति युक्तम् ॥ ३ ॥

तत्रैवं सत्यथ यत्र यस्मिन्कालेऽबलिमानमबलभावं देहस्य रोगादिनिमित्तं जरादिनिमित्तं वा कृशीभावमेतन्नयनं नीतः प्रापितो देवदत्तो भवति मुमूर्षुर्यदा भवतीत्यर्थः। तमभितः सर्वतो वेष्टयित्वाऽऽसीना ज्ञातय आहुर्जानासि मां तव पुत्र जानासि मां पितरं वेत्यादि । स मुमूर्षुर्यावदस्माच्छरीरादनुत्क्रान्तोऽनिर्गतो भवति तावत्पुत्रादीञ्जानाति ॥ ४ ॥

तद्व्याप्तिकार्यमाह—अत इति । कार्यकरणसंस्पर्शाभावफलं दर्शयति—तस्मादिति ॥३॥

नाडीरेवं स्तुत्वा ताभिरूर्ध्वगमनं प्रदर्शयितुं मरणकालं प्रसञ्जयति—तत्रेति । तस्यैवार्थमाह-एवं सतीति । नाडीनामुक्तरीत्या प्राशस्त्ये सतीत्यर्थः । ताभिरूर्ध्वगमनप्रदर्शनप्रारम्भार्थोऽथशब्दः। रोगादित्यादिपदमागन्तुकसर्वनिमित्तसंग्रहार्थम् । जरादीत्यादिपदं तु नैसर्गिकसर्वनिमित्तद्योतनार्थमिति भेदः । एतन्नयनमिति क्रियाविशेषणम् ॥ ४ ॥

चक्षु आदि नाड़ी द्वारों से बाह्य विषयों के भोग से पराङ्मुख हुई इन्द्रियाँ उस समय इस जीव की हो जाती हैं। कार्य और करण के आपस में न मिल पाने के कारण इन्द्रियों के निरोध से अपने स्वरूप में स्थित हुआ यह जीव स्वप्न नहीं देखता; यह कहना युक्तिसंगत है ॥३॥

नाड़ी की इस प्रकार स्तुति करके, उनके द्वारा ऊर्ध्वगति प्रदर्शित करने के लिए मरणकाल को प्रस्तुत किया जाता है—जब देवदत्त संज्ञक जीव देह के रोगादि के कारण अथवा स्वाभाविक बुढ़ापे आदि के कारण शक्ति विहीन हो कृशता को प्राप्त हो मरणासन्न हो जाता है, उस समय उसके सगे सम्बन्धी उसे चारों ओर से घेर कर पूछते हैं—मुझे जानते हो मैं आपका पुत्र हूँ अथवा मुझे जानते हो मैं तुम्हारा पिता हूँ…इत्यादि । मरणासन्न व्यक्ति तब तक पुत्र-पितादि को पहचानता रहता है, जब तक इस शरीर से उत्क्रमण नहीं हो जाता ॥४॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ यत्रैतदस्माच्छरीरादुत्क्रामत्यथैतैरेव रश्मिभि-रूर्ध्वमाक्रमते स ओमिति वा होद्वा मीयते स याव-त्क्षिप्येन्मनस्तावदादित्यं गच्छत्येतद्वै खलु लोकद्वारं विदुषां प्रपदनं निरोधोऽविदुषाम् ॥५॥

फिर जब यह इस शरीर से निकल जाता है तब वह उन्हीं आदित्य रश्मियों से ऊपर की ओर जाता है। वह 'ओं' ऐसा स्मरण कर ऊर्ध्वलोक अथवा अधोलोक को जाता है। जितने देर में वह मन जाता है, उतनी ही देर में वह उपासक आदित्य लोक में पहुँच जाता है। निःसन्देह आदित्य ही लोकद्वार है, यह ब्रह्मोपासकों के लिए ब्रह्मलोक प्राप्ति का प्रशस्त द्वार है और अज्ञानियों के लिए यह निरोध स्थान है ॥ ५ ॥

अथ यत्र यदैतत्क्रियाविशेषणमित्यस्माच्छरीरादुत्क्रामति । अथ तदैतैरेव यथोक्ताभी रश्मिभिरूर्ध्वमाक्रमते यथाकर्मजितं(त) लोकं प्रत्यविद्वान् । इतरस्तु विद्वा-न्यथोक्तसाधनसंपन्नः स ओमित्योंकारेणाऽऽत्मानं ध्यायन्यथापूर्वं वा हैव, उद्वोर्ध्वं वा विद्वांश्चेदितरस्तिर्यङ्वेत्यभिप्रायः । मीयते प्रमीयते गच्छतीत्यर्थः । स विद्वानुत्क्रमिष्य-न्यावत्क्षिप्येन्मनो यावता कालेन मनसः क्षेपः स्यात्तावता कालेनाऽऽदित्यं गच्छति

प्रारब्धकर्मावसानार्थोऽथशब्दः । एतदिति क्रियाविशेषणमेतदुत्क्रमणं यथा स्यात्तथेत्यर्थः । यथोक्ताभिर्नाडीषु प्रसृताभिरादित्यमण्डलादागताभिरिति यावत् । कर्मणा जितं वशीकृतं स्वात्म-संबन्धितामापादितं लोकमनतिक्रम्य तं प्रत्यविद्वान्केवलकर्मवान्गच्छतीत्यर्थः । दहरविद्यावतो गतिं दर्शयति—इतरस्त्विति । यथोक्तसाधनं दहरविज्ञानं तेन संपन्नो विशिष्ट इत्यर्थः । स ध्यायन्गच्छती-त्युत्तरत्र संबन्धः । यथापूर्वं स्वस्थावस्थायामिव मरणावस्थायामपीत्यर्थः । वा हेतिनिपातद्वयस्याव-धारणरूपमर्थं कथयति—एवेति । उच्छब्दार्थमाह—ऊर्ध्वमिति । वाशब्देन द्योतितं विकल्पं दर्शयति—विद्वांश्चेदिति । यदि विद्वान्प्रमीयते तदोर्ध्वमेव गच्छति । यदि त्वविद्वान्प्रमीयते तदा तिर्यगेव गच्छतीति विभागः । विदुषस्त्यक्तदेहस्याऽऽदित्यप्राप्तावत्यन्तशैघ्र्यं दर्शयितुमनन्तरवाक्यमादत्ते—स विद्वानिति ।

इसके पश्चात् जब इसके प्रारब्ध कर्मों का अन्त हो जाता है तो इस शरीर से उत्क्रमण करता है। मन्त्र में 'एतद्' शब्द उत्क्रमण क्रिया का विशेषण है। तब कर्म के वशीभूत वह अविद्वान् नाड़ियों में व्याप्त आदित्य मण्डल से आई हुई किरणों से कर्मों से प्राप्त होने वाले लोकों में ऊपर जाता है। दहरविद्या का उपासक विद्वान् तो दहरविद्या के विज्ञान से सम्पन्न हुआ 'ॐ' इस प्रकार अपनी आत्मा का ध्यान करता हुआ स्वस्थावस्था के समान मरणावस्था में भी ऊर्ध्व उत्क्रमण करता है, दहरविद्या को न जानने वाले का तो अधःपतन होता है। वह विद्वान् आदित्य को अत्यन्त शीघ्रता से प्राप्त करता है. जितनी देर में मन आदित्य में जाता है, उतनी देर में पहुँच जाता है। आदित्य को क्यों प्राप्त करता है—इस पर श्रुति कहती है। यह आदित्य ब्रह्मलोक का प्रसिद्ध द्वार है, उस द्वारभूत आदित्य से

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तदेष श्लोकः ॥ शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका ॥ तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्त्युत्क्रमणे भवन्ति ॥६॥

इत्यष्टमाध्यायस्य षष्ठः खण्डः ॥६॥

इस विषय में यह मन्त्र है। माँस के पिण्डरूप हृदय से सम्बन्धित एक सौ एक नाड़ियां है, उनमें से एक नाड़ी ऊपर की ओर जाने वाली है, जीव उसके द्वारा जाकर अमृतत्व को प्राप्त करता है और इधर-उधर जाने वाली अन्य नाड़ियाँ केवल उत्क्रमण का कारण मात्र हैं अर्थात् उनके द्वारा निकलने पर जीव फिर से जन्म धारण कर लेता है॥ ६ ॥

॥ इति षष्ठ: खण्ड: ॥

प्राप्नोति क्षिप्रं गच्छतीत्यर्थो न तु तावतैव कालेनेति विवक्षितम्। किमर्थमादित्यं गच्छतीत्युच्यते—एतद्वै खलु प्रसिद्धं ब्रह्मलोकस्य द्वारं य आदित्यस्तेन द्वारभूतेन ब्रह्मलोकं गच्छति विद्वान्। अतो विदुषां प्रपदनं प्रपद्यते ब्रह्मलोकमनेन द्वारेणेति प्रपदनम्। निरोधनं निरोधोऽस्मादादित्यादविदुषां भवतीति निरोधः। सौरेण तेजसा देह एव निरुद्धाः सन्तो मूर्धन्यया नाड्या नोत्क्रमन्त एवेत्यर्थः। विष्वङ्ङन्या इति श्लोकात् ॥ ५ ॥

तदेतस्मिन्यथोक्तेऽर्थ एष श्लोको मन्त्रो भवति। शतं चैका चैकोत्तरशतं नाड्यो हृदयस्य मांसपिण्डभूतस्य संबन्धिन्यः प्रधानतो भवन्ति। आनन्त्याद्देहनाडीनाम्।

तद्व्याचष्टे—यावतेति। आदित्यप्राप्तौ किं स्यादित्यत आह—प्रत इति। अविदुषामपि तर्हि प्राप्तानामादित्यं ततो निरुद्धानां पुनर्ब्रह्मलोकाप्राप्तिरित्याशङ्क्याऽऽह—सौरेणेति। देहे निरुद्धानां मूर्धन्यया नाड्या नोत्क्रमणमविदुषामित्यत्र लिङ्गं दर्शयति—विष्वङ्ङिति ॥५॥

यथोक्तोऽर्थो नाडीविभागलक्षणः। प्रधानत इति विशेषणतात्पर्यमाह—आनन्त्यादिति।

दहरविद्या का उपासक विद्वान् ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। मन्त्र में आदित्य को विद्वानों का 'प्रपदन' इसलिए कहा क्योंकि इसी द्वार से ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है किन्तु जो अविद्वान् होते हैं, उनके लिए यहाँ से आगे जाने का द्वार बन्द हो जाता है। सौर तेज के द्वारा शरीर में निरोध हो जाने पर मूर्धन्या नाड़ी से अविद्वान् का उत्क्रमण नहीं होता, यही इसका अर्थ है। आगे श्लोक में कहा है—इधर-उधर जाने वाली अन्य नाड़ियाँ केवल उत्क्रमण का कारण मात्र हैं ॥ ५ ॥

मूर्धन्या नाडी से उत्क्रमण होने के अर्थ में यह श्लोक है। वैसे तो इस शरीर में असंख्य नाड़ियाँ हैं उनमें से हृदय के मांस पिण्ड से संबन्धित मुख्यत: एक सौ एक नाड़ियाँ हैं। उन एक सौ एक नाड़ियों में से एक नाड़ी मस्तिष्क की ओर निकली हुई है, उससे ऊपर गया हुआ जीव अमृतत्व को

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तासामेका मूर्धानमभिनिःसृता विनिर्गता तयोर्ध्वमायन्गच्छन्नमृतत्वममृतभावमेति विष्वङ्नानागतयस्तिर्यग्विसर्पिण्य ऊर्ध्वगाश्चान्या नाड्यो भवन्ति संसारगमनद्वारभूता न त्वमृतत्वाय किं तर्ह्युत्क्रमण एवोत्क्रान्त्यर्थमेव भवन्तीत्यर्थः। द्विरभ्यासः प्रकरणसमाप्त्यर्थः॥ ६ ॥

इत्याष्टमाध्यायस्य षष्ठः खण्डः ॥ ६ ॥

(अथाष्टमाध्यायस्य सप्तमः खण्डः।)

"अथ य एष संप्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्म" इत्युक्तम्। तत्र कोऽसौ संप्रसादः, कथं वा तस्याधिगमो यथा सोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते। येन स्वरूपेणाभिनिष्पद्यते स किंलक्षण आत्मा। संप्रसादस्य

प्रकरणं नाडीविषयं दहरविद्याविषयं वा ॥६॥

इत्यष्टमाध्यायस्य षष्ठः खण्डः ॥६॥

दहरविद्यायामुपास्यस्तुत्यर्थमुक्तमनुवदति—अथेति। [1]विवेकानन्तर्यमथशब्दार्थो [2]व्याख्यातः। शरीरात्समुत्थानं तस्मिन्नहंममाभिमानत्यागः। स्वरूपं विशिनष्टि—एष इति। उक्तकर्तृत्वमाचार्यस्य दर्शितमेव। प्राणो वा संप्रसादो विज्ञात्मा वेति संशयात्पृच्छति—तत्रेति। प्रकृतं वाक्यं सप्तम्यर्थः। तस्य च संप्रसादस्य परमात्मविषयं ज्ञानं केनोपायेन भवतीति प्रश्नान्तरमाह—कथं वेति। किं तस्य परमात्माधिगमेनेत्याशङ्क्याऽऽह—यथेति। तथा तस्याधिगमः कथमिति संबन्धः। अभिनिष्पद्यमानरूपश्चाऽऽत्मा सविशेषो निर्विशेषो वेति प्रश्नान्तरं करोति—येनेति। आत्मनो हि सच्चिदानन्दैकतानादर्थान्तराणि रूपाणि दृश्यमानानि शरीरसंबन्धप्रयुक्तानि। तथा च ततः शरीरादुपाधेर्यदन्यत्तस्य स्वरूपं तत्कथं सर्वप्रमाणाप्रतिपन्नमस्तीति प्रश्नान्तरमाह—संप्रसादस्य चेति। एतेषां प्रश्नानामुत्तर-

---

प्राप्ति कर लेता है। नाना और गतिशील, टेढ़ी-मेढ़ी ऊपर जाने वाली दूसरी नाड़ियाँ भी हैं, वे संसार प्राप्ति की मार्गभूता हैं, अमृतत्व प्राप्ति की साधिका नहीं। वे केवल उत्क्रमण की कारण भूता हैं, उनसे जन्म-मरण का चक्र मिटना संभव नहीं। "उत्क्रमणे भवन्ति" की मन्त्र में दो बार आवृत्ति दहरविद्या विषय अथवा नाड़ी विषय रूप प्रकरण की समाप्ति का सूचक है॥ ६ ॥

तृतीय खण्ड में दहरविद्या की स्तुति में कहा गया था "यह जो (सुषुप्ति अवस्था रूप) सम्प्रसाद है, इस सम्प्रसाद से उपलक्षित वह आत्मा इस शरीर से आत्म बुद्धि का परित्याग करके परम ज्योति को प्राप्त हो निज रूप से अभिसम्पन्न हो जाता है। यह आत्मा है, यही अमृत एवं अभय है और यही ब्रह्म है" ऐसा गुरु ने कहा। यहाँ प्राण सम्प्रसाद है अथवा विज्ञानत्मा सम्प्रसाद है, उस सम्प्रसाद का परमात्म विषयक ज्ञान किस उपाय से होता है जब श्रुति तो कहती है "वह आत्मा इस शरीर से उत्क्रमण कर परम ज्योति को प्राप्त हो निज स्वरूप से अभिसम्पन्न हो जाता है"। जिस स्वरूप से अभिसम्पन्न होता है, वह आत्मा किस लक्षण वाला है? सम्प्रसाद रूप आत्मा तो सच्चिदानन्द

---

१. छा० उ० ८।३।४। २. संप्रसादशब्देन विद्वानेव गृह्यते न त्वविद्वानिति विद्वदविद्वद्विषयको विवेकः।
३. ६०८ पृष्ठे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

य आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः सोऽन्वेष्टव्यः

आत्मतत्त्व की जिज्ञासा से इन्द्र और विरोचन का प्रजापति के पास जाना

जो आत्मा धर्माधर्मादिरूप पाप से रहित, बुढ़ापे से रहित, मृत्यु से रहित, शोकरहित, भूख-प्यास से रहित, सत्यकाम और सत्य संकल्प है, उसकी (शास्त्र और आचार्य के उपदेशों से) खोजकर

च देहसंबन्धीनि पररूपाणि ततो यदन्यत्कथं स्वरूपमित्येतेऽर्था वक्तव्या इत्युत्तरो ग्रन्थ आरभ्यते। आख्यायिका तु विद्याग्रहणसंप्रदानविधिप्रदर्शनार्था विद्यास्तुत्यर्था च राजसेवितं पानीयमितिवत्।

या आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः। यस्योपासनायोपलब्ध्यर्थं हृदयपुण्डरीकमभिहितं यस्मिन्कामाः समाहिताः सत्या अनृतापिधाना यदुपासनसहभावि ब्रह्मचर्यं साधनमुक्तमुपासनफलभूतकामप्रतिपत्तये

त्वेनोत्तरग्रन्थमवतारयति—इत्येत इति। प्रजापतेरिन्द्रविरोचनयोश्च संवादरूपा याऽत्राऽऽख्यायिका दृश्यते सा किमर्थेत्याशङ्क्याऽऽह—आख्यायिका त्विति। शिष्यस्य विद्यया ग्रहणे गुरोस्तस्याः सम्यक्प्रदाने च यो विधिः श्रद्धालुत्वा[1]दिप्रकारस्तत्प्रदर्शनार्थेति यावत्। यद्वा विद्याया ग्रहणं स्वीकरणं यत्र संप्रदाने तद्दानपात्रे शिष्ये दृश्यते तस्य विधिर्ब्रह्मचर्यादिस्तत्प्रदर्शनार्थेत्यर्थः। आख्यायिकायास्तात्पर्यान्तरमाह—विद्येति। प्रजापतिना प्रोक्ता देवैरसुरैश्च प्रार्थितेन्द्रविरोचनाभ्यां देवासुराधिपतिभ्यामायासेन महता प्रेप्सिता देवराजेन च कथंचित्प्राप्ता तस्मान्महार्हेयं विद्येति तस्याः स्तुत्यर्थाऽऽख्यायिकेत्यर्थः। महद्भिरुपासितस्य महार्हत्वे दृष्टान्तमाह—राजसेवितमिति।

यन्मायोपाधि सविशेषं चैतन्यं तदेव निरुपाधि निर्विशेषमिति सविशेषनिर्विशेषयोरभेदाभिप्रायेण प्रजापतिवाक्यं व्याकर्तुमादत्ते—य आत्मेति। तत्र सोऽन्वेष्टव्य इति वाक्ये सशब्दार्थमाह—यस्येति। उपासनमपि किमर्थमित्यपेक्षायामाह—उपलब्ध्यर्थमिति। तस्यैतत्फलमिति संबन्धः। कथं

अद्वितीय है उससे भिन्न जो दृश्यमान रूप हैं, वे शरीर के संबन्ध को लेकर प्रयुक्त हुए हैं, शरीर उपाधि से भिन्न स्वरूप कैसा है? इन्हीं प्रश्नों का उत्तर देने के लिए आगे का ग्रन्थ प्रारम्भ किया जाता है, यहाँ प्रजापति और इन्द्र विरोचन की संवाद रूप जो आख्यायिका है, वह शिष्य द्वारा विद्या ग्रहण एवं गुरु जी द्वारा विद्या प्रदान की जो विधि है उसके प्रदर्शन के लिए है। बहुत प्रयत्न करने पर भी देवराज इन्द्र को पूर्णतः प्राप्त न हो सकने वाली इस बहुमूल्य विद्या की स्तुति भी इस आख्यायिका से ध्वनित होती है, जिस प्रकार राजा के द्वारा सेवित पेय बहुमूल्य हुआ करता है।

आत्मा पापरहित, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, क्षुधारहित, पिपासारहित, सत्यकाम सत्यसंकल्प है, जिसकी उपासना के लिए प्राप्ति के लिए हृदयकमल का वर्णन किया गया, जिसमें सत्य अनृत समस्त काम विलीन हो जाते हैं, जिसकी उपसना के साथ-साथ ब्रह्मचर्य साधन का निरूपण

---

१. आदिना—कृपालुत्वादिग्रहः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स विजिज्ञासितव्यः स सर्वाꣳश्च लोकानाप्नोति सर्वाꣳश्च कामान्यस्तमात्मानमनुविद्य विजानातीति ह प्रजापतिरुवाच ॥१॥

ज्ञान प्राप्त करना चाहिये, वह विशेष रूप से जानने योग्य है। जो उस आत्मतत्त्व को शास्त्र एवं गुरु के उपदेश के द्वारा खोजकर विशेष रूप से जान लेता है, वह सम्पूर्ण लोकों को और सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त कर लेता हैं, ऐसी घोषणा प्रजापति ने की॥ १॥

च मूर्धन्यया नाड्या गतिरभिहिता सोऽन्वेष्टव्यः शास्त्राचार्योपदेशैर्ज्ञातव्यः स विशेषेण ज्ञातुमेष्टव्यो विजिज्ञासितव्यः स्वसंवेद्यतामापादयितव्यः। किं तस्यान्वेषणाद्विजिज्ञासनाच्च स्यादित्युच्यते—स सर्वांश्च लोकानाप्नोति सर्वांश्च कामान्यस्तमात्मानं यथोक्तेन प्रकारेण शास्त्राचार्योपदेशेनान्विष्य विजानाति स्वसंवेद्यतामापादयति तस्यैतत्सर्वलोककामावाप्तिः सर्वात्मता फलं भवतीति ह किल प्रजापतिरुवाच। अन्वेष्टव्यो विजिज्ञासितव्य इति चैष नियमविधिरेव नापूर्वविधिः। 'एवमन्वेष्टव्यो विजिज्ञासितव्य इत्यर्थः। दृष्टार्थत्वादन्वेषण-

---

निर्गुणविद्यायाः सर्वलोककामावाप्तिः फलमित्याशङ्क्याऽऽह—सर्वात्मतेति। परिच्छेदभ्रमव्यावृत्त्या पूर्णस्वरूपेणावस्थितिरित्यर्थः। प्रजापतिवाक्यात्प्रतीयमानविधिस्वरूपमाह—अन्वेष्टव्य इति। एवकारव्यावर्त्यं दर्शयति—नापूर्वविधिरिति। शब्दादेव विद्योदये तदुत्पत्त्यर्थोऽपूर्वविधिरग्निहोत्रादि-विधिवन्न संभवतीत्यर्थः। 'कथमिह नियमविधिरपि स्यादवघात विधिवदित्याशङ्क्याऽऽह—एवमिति। 'मिथ्याज्ञानसंस्कारप्राबल्यादनात्माभिनिवेशस्य पक्षे प्राप्तौ शास्त्राचार्याभ्यामात्मान्वेषणमेव कार्यमिति नियम इत्यर्थः। इतश्च नियमविधिरेव नापूर्वविधिरित्याह—दृष्टार्थत्वादिति। अन्वेषणविजिज्ञासना-

---

किया गया, उपासना के फलस्वरूप अभीष्ट सिद्धि के लिए मूर्धन्या नाड़ी से गति का भी प्रतिपादन किया गया। उनका अन्वेषण करे, शास्त्र एवं आचार्य के उपदेश से उसे विशेष रूप से जानने की इच्छा करनी चाहिए स्वसंवेद्य रूप से उसकी उपलब्धि करनी चाहिए। उसका अन्वेषण करने एवं उसको भली भाँति जानने से क्या फल मिलेगा, इसे श्रुति कहती है। जो उस आत्मा को शास्त्र तथा आचार्य के उपदेश से खोज करके जानता है, स्वसंवेद्यता को प्राप्त करता है, उसकी समस्त लोकों में गति हो जाती है, उसकी सभी कामनाएँ पूरी हो जाती हैं। उस उपासक के लिए सब लोकों के पदार्थ सुलभ हैं, वह सर्वात्मा होने से पूर्ण स्वरूप में प्रतिष्ठित होता है, ऐसा फल है जिसका उपदेश प्रजापति ने किया। प्रजापति के वाक्य होने पर भी "अन्वेषण करना चाहिए, भली भाँति जानना चाहिए" यह नियम का विधान है, अपूर्व विधान नहीं है अर्थात् शास्त्र से ही ज्ञान हो जाने पर उसके लिए

---

१. एवमिति—शास्त्राचार्योपदेशद्वारैव न तु स्वबुद्ध्यैव केवलेन वा तर्केणेत्यर्थः। २. वस्तुतस्तु शास्त्राचार्योपदेशमन्तरेणात्मान्वेषणे स्वतन्त्रोपायान्तराभावादेवाभिप्रेतं नियमस्वरूपं दर्शयति—मिथ्येत्यादिना।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

